५. धारिणीदेवी।

५. राजा की रानी का नाम धारिणी देवी था।

5. His wife was Dharini.

६. सामी समोसढे परिसा निग्गया जाव–राया पज्जुवासइ।

६. भगवान महावीर स्वामी पधारे। वन्दना करने और धर्म–श्रवण करने के लिए परिषदा (जनता) निकली, यावत् राजा भी निकला और पर्युपासना–सेवा करने लगा।

6. Once Bhagavan Mahavir came there. People came to greet him and to listen to his spiritual discourse. The king also came there. He greeted the Lord and started serving him.

विवेचन–प्रस्तुत सूत्र मे 'आमलकप्पा' नगरी का उल्लेख है। भगवान महावीर के प्रसिद्ध वर्णको मे आमलकप्पां नगरी का कोई उल्लेख प्राप्त नही होता है, न ही उनके विहार–क्षेत्रो की सूची मे ही आमलकप्पा का नाम मिलता है। इससे प्रतीत होता है तीर्थ प्रवर्तन के पश्चात् भगवान महावीर वहाँ पधारे है।

वर्तमान मे आमलकप्पा कहाँ है इस विषय मे कोई निश्चित तथ्य तो उपलब्ध नही है, किन्तु इतिहासकारो का अनुमान है–यह नगरी पश्चिम विदेह राज्य मे श्वेताम्बिका नगरी के समीप ही होनी चाहिए। बौद्ध ग्रन्थो मे वुल्लिम राज्य की राजधानी 'अल्लकप्पा' का उल्लेख है। इससे अनुमान होता है, 'अल्लकप्पा' ही आमलकप्पा नाम से प्रसिद्ध रही हो। यह स्थान शाहाबाद जिले के मसार और वैशाली के बीच अवस्थित था। (रायपसेणियसूत्र की प्रस्तावना · आचार्य देवेन्द्र मुनि जी)

नगरी के वर्णन मे औपपातिकसूत्र की तरह वर्णन जानने का सकेत है।

औपपातिकसूत्र के वर्णन से पता चलता है, नगर के बाहर चारो ओर खूब कृषि भूमि थी। लाखो हल चलने से जहाँ की मिट्टी भुरभुरी, मुलायम और उपजाऊ हो गई थी। वहाँ के किसान कृषि विद्या मे निपुण थे। नालियो व क्यारियो से भूमि की सिचाई करने मे दक्ष थे। खेत–खलिहानो मे धान के ढेर लगे रहते थे। गाय–भैस, भेडो के टोले के टोले खेतो मे पलते थे।

नगरी के बाहर एक बहुत प्राचीन अम्बसालवन नाम का चैत्य था। 'चैत्य' शब्द से उद्यान और यक्षायतन दोनो ही अर्थ सूचित होते है। अम्बसालवन चैत्य का वर्णन औपपातिकसूत्र मे आता है। उसका सार है–

"यह चैत्य बहुत प्राचीन था। दूर–दूर तक प्रसिद्ध था। वह छत्र, ध्वजा, घंटा और पताकाओ से मण्डित था। उसकी वेदियाँ ऊँची बनी हुई थी। दीवारे सफेद मिट्टी से पुती हुई थी। उन पर गोरोचन और चन्दन के थापे लगे हुए थे। जगह–जगह चन्दन के बने कलश रखे थे। दरवाजे पर तोरण सुशोभित थे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धूपदानो मे अगर लोबान-धूप जलने से महक फूट रही थी। वहाँ दूर-दूर से लोग आते, यज्ञ होता, आहुतियाँ देते, मनौती करते, सेवा करते, दान-दक्षिणा देते और इस आम्रशालवन चैत्य की जय-जयकार करते थे।''

उक्त वर्णन से प्रतीत होता है, आमो के उद्यान मे ही अशोक वृक्ष के नीचे कोई बहुत प्राचीन और विशाल यक्षायतन-यक्ष का प्राचीन स्थान होगा, जहाँ यह सब पूजा-अर्चा होती थी।

अशोक वृक्ष के नीचे जडों से लगा **पृथ्वीशिलापट्टक**-शिला जैसा लम्बा-चौडा पत्थर का पट्ट-पाट या चौकी (चबूतरा) बनी हुई थी, जहाँ भक्तजन पूजा-अर्चा, यज्ञ या प्रसाद चढाना आदि क्रियाएँ करते थे। इस उद्यान मे आम, अनार, अर्जुन, कदम्ब, शाल आदि उत्तम जाति के तरह-तरह के वृक्ष थे। जहाँ पक्षीगण क्रीडाएँ करते रहते, कलरव से गुँजाते रहते और बाहर से आने वाले दर्शक मनोरजन, विश्राम और आरोग्य लाभ प्राप्त करते रहते थे।

इस वर्णन से उस समय की नगर सस्कृति का एक सुन्दर चित्र सामने आता है। जहाँ प्रत्येक बडे नगर या राजधानी के बाहर इस प्रकार के विशाल उद्यान होते थे, जहाँ लोगो को धार्मिक आस्था के साथ ही आरोग्य लाभ की प्राप्ति होती थी। इससे नगरो का पर्यावरण शुद्ध रहता और जनता को निःशुल्क मनोरजन व स्वास्थ्य लाभ मिलता था।

नगर के राजा का नाम 'सेय' था। स्थानागसूत्र (अ ८) मे भगवान महावीर के पास आठ राजाओ के दीक्षा लेने का वर्णन है। उनमे एक नाम 'सेय' है। इससे पता चलता है-'सेय' राजा ने भगवान महावीर के पास दीक्षा भी ग्रहण की। आचार्य मलयगिरि ने इसका सस्कृत रूप 'श्वेत' किया है। रानी का मूल नाम क्या था, यह यहाँ स्पष्ट नहीं है। 'धारिणी' नाम एक सामान्य विशेषण प्रतीत होता है, जो प्रत्येक माता के लिए प्रयुक्त हो सकता है। यह शब्द मातृत्व के प्रति आदरभाव का सूचक है।

औपपातिकसूत्र के अनुसार 'सेय' राजा भगवान का आगमन सुनकर अत्यन्त प्रसन्न हुआ और हजारो नागरिको के साथ हाथी, घोडे, सेना लेकर दर्शन करने निकला। आम्रशालवन के निकट पहुँचने पर उसने भगवान को समवसरण मे विराजमान देखा तो दूर से ही अपने हाथी से नीचे उतरा, उतरकर पाँच राज-चिन्हो को उतारकर रख दिया, जैसे-(१) तलवार, (२) छत्र, (३) मुकुट, (४) जूता, और (५) चामर। इस वर्णन से महापुरुषो, तीर्थकरो व साधु-सन्तो के निकट जाने की सभ्यता सूचित होती है कि त्यागी पुरुषो के समक्ष बडे से बडा राजा भी अपने अहकार व गौरव के सूचक चिन्हो का त्याग कर नम्रता धारण करके जाता है। धर्मस्थलो में जूता उतारकर जाने की भारत की सस्कृति अत्यन्त प्राचीन है।

इसके अलावा पाँच अभिगम करके तीर्थकरो की सभा मे प्रवेश किया जाता है। वे अभिगम इस प्रकार है-

(१) सचित्त-पुष्पमाला आदि का त्याग।

(२) अचित्त-वस्त्र आदि को व्यवस्थित धारण करना।

(३) एक शाटिका (दुपट्टा) का उत्तरासग करना-मुख पर रखना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४) भगवान को देखते ही दोनो हाथ जोडकर मस्तक झुकाना।

(५) भगवान के चरणो मे मन को एकाग्र करना।

ये पॉच अभिगम करके सेय राजा भगवान के दाहिने आकर तीन बार प्रदक्षिणा करता है। तीन प्रदक्षिणा करके वन्दना करता है, तीन प्रकार की पर्युपासना करता है। तीन प्रकार की पर्युपासना इस प्रकार है–

(१) **कायिक उपासना**–शरीर के अग-प्रत्यगो को सयत करके सभा मे सभ्यतापूर्वक बैठना।

(२) **वाचिक पर्युपासना**–वचन से भगवान की स्तुति करना। उनके वचनो का आदर करना।

(३) **मानसिक उपासना**–भगवान की वाणी को मन में धारण कर अनुमोदना करते हुए यथा शक्ति स्वीकार करना।

यह तीन प्रकार की उपासना/पर्युपासना करके यथा योग्य स्थान पर बैठता है।

Elaboration—In the present Sutra, there is a mention of Aamal-kappa city. But there is no mention of Aamal-kappa in other important works about Bhagavan Mahavir or in list of areas of his wanderings. It shows that Bhagavan Mahavir came there only after establishing the order.

No definite evidence is available to trace the spot where Aamal-kappa existed, but the historians are of the view that this city must have been near Shvetambika town in the kingdom of Western Videh. In Buddhist scriptures there is mention of Alla-kappa as capital of Vullim kingdom. Thus it is presumed that Alla-kappa might have been famous as Aamal-kappa. This place is located between Masaar and Vaishali in Shahabad district. (Introduction of Rai-paseniya Sutra : Devendra Muni).

Regarding the description of this city, it is pointed out that it is similar to the one mentioned in Aupapatik Sutra.

From the description in Aupapatik Sutra, it is evident that outside the city there was rich cultivation all around. The soil had become soft, porous and fertile due to numerous ploughings The farmers were expert in agriculture techniques. They were adept at irrigating the fields by drains and edge-plantations. There were heaps of paddy in fields and thrashing zones. Herds of cows, buffaloes and sheep were reared on these fields.

There was a very ancient Chaitya named Ambsalvan outside the city. The word Chaitya has two meanings—garden and abode of Yaksha. Ambsalvan Chaitya has been described in detail in Aupapatik Sutra. In brief it is as follows—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"This Chaitya was very old. It was famous far and wide. It was decorated with canopy, flag, dumble-bell and buntings. Its padestals were high. Its walls were white washed. They were bearing prints of Go-rochan and sandal paste. At various points, there were urns of sandal wood. The torana (ornamental entrance) was grand. The incense-pots were spreading fragrance. People used to come from distant places. Ceremonial fires were lit and offerings were made. Fulfilment of wishes were asked. Services were performed. Charity was undertaken. They hailed this Aamrashalvan Chaitya."

The above description indicates that here in a mango orchard, under an Ashok tree there must have been a very ancient spacious and grand abode of Yaksha where all such worship and rituals were performed.

Under the Ashok tree, touching the roots there was a long and wide stone platform where the worshippers used to perform worship, sacrifice or offering of articles of worship including sweets. There were many types of trees in this garden viz. mango, pomegranate, Kadamb, Saal and others. Birds used to enjoy there, making noise, fluttering hither and thither, visitors used to take rest there and enjoy the surroundings that were beneficial for their health.

This description presents a beautiful account of the culture of that period. Such spacious gardens were at the outskirts of every large town or capital city where the visitors could be benefitted with both the moral values and physical health. Further, such gardens maintained environment free from pollution. Simultaneously they were sources of enjoyment and health for people without any cost.

The ruler of the city was Seya. According to Sthananga Sutra (Ch. 8), eight kings had accepted renunciation at the feet of Bhagavan Mahavir One of them was Seya. It shows that king Seya accepted monkhood from Bhagavan Mahavir. Acharya Malaygiri has translated Seya as 'Shvet'. It is not clear what was the name of the queen The name Dharini appears to be a qualifying name, that can be attributed to every mother This word Dharini represents respect for motherhood.

According to Aupapatik Sutra, king Seya felt overjoyed to learn the arrival of Bhagavan Mahavir, he came out of his palace and set out with thousands of citizens, infantry and other army divisions to greet the Lord. When he reached near Aamrashalvan and saw the Lord present in the congregation (Samavasaran), he got down the elephant and placed

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

aside five symbols of kinghood namely—the sword, the umbrella, the crown, the shoes and the broom This description depicts the sacred practice followed while approaching sages, the Tirthankar and monks. At the feet of the detached saints, even the greatest of all the kings, removes the symbols representing his ego and fame. The Indian practice of removing shoes before entering a religious zone is a fairly ancient one.

In addition, one enters the spiritual congregation of the Tirthankar after following five Abhigam (code of approach). They are as follows—

(1) Removal of garland having Sachitt (fresh) flowers.

(2) Wearing material objects such as clothes in a proper manner.

(3) Covering the mouth with a piece of cloth.

(4) To clasp the hands and bow the head immediately at the sight of the Lord.

(5) To concentrate the mind at the feet of the Lord.

Adopting the above said code, king Seya circumabulates Bhagavan three times starting from the right He then greets the Lord three times. He then follows the three rules of Paryupasana (offer reverence). They are as under—

(1) **Kayik Paryupasana (offering reverence physically)**—To sit in the congregation in a civilized manner properly restraining movement of limbs of his body

(2) **Vaachik Paryupasana (depicting respect verbally)**—To praise the Lord. To greet the words of the Lord with respect.

(3) **Maansik Upasana (offering reverence mentally)**—To accept the word of the Lord in the mind, to appreciate it and to adopt it in daily life according to one's capacity.

After following the above said rules he takes his place in the congregation.

सूर्याभदेव की स्थिति

७. तेणं कालेणं, तेणं समएणं सूरियाभे देवे सोहम्मे कप्पे, सूरियाभे विमाणे, सभाए सुहम्माए, सूरियाभंसि सिंहासणंसि चउहिं सामाणिय-साहस्सीहिं, चउहिं अग्गमहिसीहिं सपरिवाराहिं, तिहिं परिसाहिं, सत्तहिं अणिएहिं, सत्तहिं अणियाहिवईहिं, सोलसहिं आयरक्खदेव-साहस्सीहिं, अन्नेहिं बहूहिं सूरियाभ-विमाण-वासीहिं वेमाणिएहिं देवेहिं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

य देवीहि य सद्धिं संपरिवुडे, महयाऽऽहय-नट्ट गीय-वाइय-तंती-ताल-तुडिय-घण-मुइंग पडुप्पवाइय-रवेणं दिव्वाइं भोग-भोगाइं भुंजमाणे विहरइ।

इमं च णं केवलकप्पं जम्बुद्दीवं दीवं विउलेणं ओहिणा आभोएमाणे आभोएमाणे पासइ।

७. उस काल और उस समय में सौधर्मकल्प के सूर्याभ विमान की सुधर्मा नामक सभा में सूर्याभ सिहासन पर आसीन सूर्याभदेव चार हजार सामानिक देवों, अपने-अपने परिवार सहित चार अग्रमहिषियों-पटरानियों, तीन परिषदाओ, सात सेनाओं, सात सेनापतियों, सोलह हजार आत्मरक्षक देवों एवं और दूसरे भी सूर्याभ विमानवासी देवों एवं देवियों से परिवृत दक्षपुरुषो द्वारा जोर-जोर से बजाये जा रहे-किये जा रहे नाट्य, गीत, वाद्य, तन्त्री, तल, ताल त्रुटित, घन मृदंग के स्वरों को सुनते हुए दिव्य भोगों को भोग रहा था।

तब उसने इस केवलकल्प (सम्पूर्ण) जम्बूद्वीप नामक द्वीप को विपुल-विमल अवधिज्ञान से निहारते-निहारते देखा।

THE LOCATION OF SURYABH DEV

7. At that time, during that period, Suryabh Dev was in Sudharma assembly in Suryabh Viman of Saudharm-kalp (the first Devlok). He was seated on Suryabh throne, four thousand Samanik Dev (celestial beings of the same status) along with their families, the four chief queens, the three assemblies, seven armies, their seven chiefs, sixteen thousand angels serving as body guard and other gods and goddesses in Suryabh Viman were also near him. The angels expert in dancing, singing, drumming and playing other musical instruments were exhibiting there skills. Suryabh Dev was thus enjoying the music and theatrical performances of celestial order.

He then with his far-reaching and pure extra-sensory knowledge saw the entire Jambu Dveep.

विवेचन–इस सूत्र में सूर्याभदेव के सभा-वैभव का वर्णन है। जैसे-

सामानिक देव–ये सभी देव विमानाधिपति देव के आज्ञाधीन रहते हुए समान द्युति, वैभव आदि से सम्पन्न होते है, इसलिए सामानिक कहलाते है। इनको भाई आदि के तुल्य आदर-सम्मान दिया जाता है।

अग्रमहिषी–राजतिलक-सम्पन्न राजा की पत्नी महिषी और शेष अन्य स्त्रियॉ भोगिनी कहलाती है। अपने परिवार की अन्य सभी पत्नियो मे उसकी प्रधानता बताने के लिए महिषी के साथ 'अग्र' विशेषण का प्रयोग किया जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तीन परिषदा–सभी विमानाधिपति देवो की तीन परिषदाये होती है–आभ्यन्तर, मध्यम और बाह्य।

(१) जिनसे अपने अन्तरग, गुप्त, गूढ रहस्यो के विषय मे विचार किया जाता है, ऐसे परम विश्वसनीय समवयस्क मित्र समुदाय को आभ्यन्तर परिषद्।

(२) आभ्यन्तर परिषद् मे चर्चित एव निर्णीत विचारो के लिए जिसकी सम्मति ली जाती है, उसे मध्यम परिषद्।

(३) आभ्यन्तर तथा मध्यम परिषद् द्वारा विचारित, निर्णीत एव सम्मत कार्य को क्रियान्वित करने का दायित्व जिसे सौपा जाता है, उसे बाह्य परिषद् कहा जाता है।

सात सेनायें–(१) अश्व, (२) गज, (३) रथ, (४) पदाति, (५) वृषभ, (६) गधर्व (गायक), और (७) नाट्य (नृत्य करने वाले)। ये सेनाओं के सात अग है। इनमे से आदि की पॉच सेना का युद्ध के लिए और अन्तिम दो का आमोद-प्रमोद के लिए उपयोग किया जाता है। ये सभी अपने-अपने अधिपति के नेतृत्व मे कार्य सम्पादित करने मे सक्षम होने के कारण इनके सात सेनापति अनीकाधिपति कहलाते है।

आत्मरक्षकदेव–ये देव अस्त्र-शस्त्रो से सुसज्जित होकर अपने अधिपतिदेव की रक्षा करने मे तत्पर रहते है। यद्यपि इन्द्र आदि देवो को किसी का भय नहीं होता कि आत्मरक्षको की आवश्यकता हो, परन्तु यह भी इन्द्र का एक प्रकार का ऐश्वर्य वैभव है।

Elaboration—This Sutra narrates the grandeur of Suryabh Dev and his cabinet.

Samanik Dev—All these gods are equal in radiance and grandeur in comparison with their king, so they are called Samanik gods. But they obey the order of the head of the Viman. They are treated by the chief like brothers.

Agra-mahishi (The Head Queen)—The wife of the king decorated with the royal symbol is called Mahishi. All the other wives are called Bhogini In order to indicate the greatest importance of the head queen amongst all the wives of the king in the royal family, the word 'agra' is used as an adjective with Mahishi.

Three Cabinets (Parishad)—All the Vaimanic celestial gods have three assemblies or cabinets. They are the inner cabinet, the middle cabinet and the outer cabinet.

(1) The inner cabinet comprises of the most trust-worthy friends who are of same age-group. The topics of intricate and secret nature are discussed with them.

(2) The middle cabinet is that assembly whose view-point is considered about the matters discussed and decided in the inner cabinet.

(3) The outer cabinet or assembly is given the responsibility of executing the decision taken by the inner and the middle cabinet.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Seven Armies—(1) Army of horse-men, (2) Army of riding elephants, (3) Army in chariots, (4) Infantry, (5) Army on oxes, (6) Army of musicians, and (7) Army of dancers. These are the seven divisions. The first five divisions are for the battle-field while the last two are for providing entertainment. These divisions execute their duties strictly under the command of their respective heads, so the seven heads of the divisions are called Aneekadhipati.

The Atma-rakshak Dev (The Body-guard—The Security Force)—These gods are always ready for the security of their chief god and are always fully armed. Although god Indra and other gods of his status are not afraid of any one and, therefore, they do not need any body-guard, yet it is a type of grandeur depicting their greatness.

सूर्याभदेव द्वारा भगवान की स्तुति

८. तत्थ समणं भगवं महावीरं जंबुद्दीवे भारहे वासे आमलकप्पाए नयरीए बहिया अंबसालवणे चेइए अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणं पासइ। पासित्ता हट्ठ-तुट्ठ-चित्तमाणंदिए पीइमणे परम-सोमणस्सिए हरिसवस-विसप्पमाणहियए विकसिय-वरकमल-णयणे पयलियवरकडग-तुडिय-केऊर-मउड-कुंडलहारविरायंतरइयवच्छे, पालंब-पलंबमाण-घोलंत-भूसणधरे-ससंभमं तुरियं चवलं सुरवरे सीहासणाओ अब्भुट्ठेइ।

अब्भुट्ठित्ता पायपीढाओ पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता पाउयाओ ओमुयइ, ओमुइत्ता एगसाडियं उत्तरासंगं करेइ, करित्ता तित्थयराभिमुहे सत्तट्ठपयाइं अणुगच्छइ, अणुगच्छित्ता वामं जाणुं अंचेइ, दाहिणं जाणुं धरणि-तलंसि निहट्टु तिक्खुत्तो मुद्धाणं धरणितलंसि निमेइ, निमित्ता ईसिं पच्चुन्नमइ पच्चुन्नमित्ता कडय-तुडियथंभिभुयाओ साहरइ, साहरित्ता करयलपरिग्गहियं दसणहं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वयासी-

८. उस समय (विपुल अवधिज्ञानोपयोग द्वारा जम्बूद्वीप को देखते समय) सूर्याभदेव ने जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में आमलकल्पा नगरी के बाहर आम्रशालवन चैत्य में यथाप्रतिरूप अवग्रह ग्रहण कर-(साधु के लिए अनुकूल उचित स्थान की याचना करके) संयम और तप से आत्मा को भावित करते हुए श्रमण भगवान महावीर को देखा। देखकर हर्षित और अत्यन्त सन्तुष्ट हुआ, उसका चित्त आनंदित हो उठा। मन में प्रीति उत्पन्न हुई, अतीव प्रसन्नता को प्राप्त हुआ, हर्षातिरेक से उसका हृदय फूल गया, नेत्र और मुख कमल जैसे विकसित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हो गये। अपार हर्ष के कारण पहने हुए कटक (कंगन जैसे कडे), त्रुटित, केयूर (भुजा पर पहनने के गहने-बाजूबद), मुकुट और कुण्डल चंचल हो उठे, वक्षस्थल हार से चमचमाने लगा, पैरों तक लटकते लम्बे आभूषण झुमके आदि विशेष चंचल हो उठे और उत्सुकता व तीव्र अभिलाषा से प्रेरित हो वह देवों में श्रेष्ठ सूर्याभदेव शीघ्र ही सिंहासन से उठा।

उठकर पादपीठ पर पैर रखकर नीचे उतरकर पादुकाये उतारीं। पादुकाये उतारकर एकशाटिक उत्तरासंग किया। उत्तरासंग करके तीर्थंकर के अभिमुख सात-आठ कदम चला, अभिमुख चलकर बायॉ घुटना ऊँचा रखा और दाहिने घुटने को नीचे भूमि पर टेककर तीन बार मस्तक को पृथ्वी पर नमाया-झुकाया, फिर मस्तक कुछ ऊँचा उठाया। तत्पश्चात् कटक त्रुटित-बाजूबंद से स्तम्भित दोनो भुजाओं को मिलाया। मिलाकर दोनों हाथ जोडकर दसों नखों को परस्पर मिलाकर आवर्त्तपूर्वक मस्तक पर अंजलि करके उसने इस प्रकार कहा-

THE APPRECIATION OF BHAGAVAN BY SURYABH DEV

8. At that time, while looking at Jambu Dveep through his abundant transcendental knowledge, Suryabh Dev saw Aamal-kappa city in the Bharat area of Jambu Dveep. He further saw, in Aamrashalvan Chaitya at the outskirts of Aamal-kappa city. Shraman Bhagavan Mahavir observing restraints and austerities after seeking permission of proper place for use of monks as pre-determined in his mind. He felt extremely pleased and fully satisfied at this sight. He felt attracted and in extremely ecstatic state, his heart became completely contented. His eyes kept on staring and his face brightened. Due to extreme happiness, the ornaments that he was wearing at his wrist, waist, shoulders, ears and head started moving. The garland at his chest gave a dazzling look. The long dangling ornaments touching his feet swayed prominently. Out of curiosity and burning desire, Suryabh Dev who was best among gods, got up from his celestial seat in a hurry.

The god then placed his feet on a platform and removed his shoes. He then flung his shawl over his left shoulder (Uttarasang). He then moved ahead seven or eight steps. He then touched the ground with his right knee and keeping the left knee high, bowed to the Lord three times. He then raised his head, joined his adorned arms, clasped his hands, all fingers touching, and touching the clasped hands with his forehead, uttered as under—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९. नमोऽत्थु णं अरिहंताणं भगवंताणं आदिगराणं तित्थगराणं सयंसंबुद्धाणं पुरिसुत्तमाणं पुरिससीहाणं पुरिसवरपुण्डरीयाणं पुरिसवरगंधहत्थीणं लोगुत्तमाणं लोगनाहाणं लोगहिआणं लोगपईवाणं लोगपज्जोयगराणं अभयदयाणं चक्खुदयाणं मग्गदयाणं जीवदयाणं सरणदयाणं दीवो ताणं बोहिदयाणं धम्मदयाणं धम्मदेसयाणं धम्मनायगाणं धम्मसारहीणं धम्मवरचाउरंतचक्कवट्टीणं अप्पडिहयवरनाण दंसणधराणं वियट्टछउमाणं जिणाणं जावयाणं तिण्णाणं तारयाणं बुद्धाणं बोहयाणं मुत्ताणं मोयगाणं सव्वन्नूणं सव्वदरिसीणं सिवं अयलं अरुयं अणंतं अक्खयं अव्वाबाहं अपुणरावत्तियं सिद्धिगइनामधेयं ठाणं संपत्ताणं।

नमोऽत्थु णं समणस्स भगवओ महावीरस्स आदिगरस्स तित्थयरस्स जाव संपाविउकामस्स।

वंदामि णं भगवंतं तत्थगयं इहगए, पासइ मे भगवं तत्थगए इहगये ति कट्टु वंदंति णमंसति, वंदित्ता णमंसित्ता सीहासणवरगए पुव्वाभिमुहं सण्णिसण्णे।

९. अरिहंत भगवन्तों को नमस्कार हो, श्रुत-चारित्रधर्म की आदि करने वाले, तीर्थ की स्थापना करने वाले, स्वयं ही बोध को प्राप्त, पुरुषो में उत्तम, कर्मशत्रुओ का विनाश करने मे पराक्रमी होने के कारण पुरुषो में सिह के समान, सौम्य होने से पुरुषों में श्रेष्ठ कमल के समान-(सदा प्रफुल्लित और सुषमा से युक्त), पुरुषों मे उत्तम गंधहस्ती के समान (जैसे गधहस्ती की गध से अन्य हाथी भाग जाते हैं उसी प्रकार जिनके पुण्य प्रभाव से ही ईति, भीति आदि का विनाश हो जाता है, ऐसे) लोक मे उत्तम, लोक के नाथ, लोक का हित करने वाले, लोक में प्रदीप के समान, लोक में विशेष उद्योत करने वाले अथवा लोक स्वरूप को प्रकाशित करने वाले-बताने वाले, सबको अभय देने वाले, श्रद्धा-ज्ञान-रूप नेत्र के दाता, धर्ममार्ग के दाता, धर्म के उपदेशक, धर्म के नायक, धर्म के सारथी, चतुर्गति रूप संसार का अन्त करने वाले धर्म चक्रवर्ती, अव्याघात (अवरोधरहित) केवलज्ञान-दर्शन के धारक, घातिकर्म रूपी छद्म के नाशक, रागादि शत्रुओं को जीतने वाले, कर्मशत्रुओं को जीतने के लिए अन्य जीवों को प्रेरित करने वाले, संसार-सागर से स्वयं तिरे हुए और दूसरों को तिरने का उपदेश देने वाले, बोध (केवलज्ञान) को प्राप्त करने वाले और उपदेश द्वारा दूसरों को बोध प्राप्त कराने वाले, स्वयं कर्मबधन से मुक्त और उपदेश द्वारा दूसरों को मुक्त कराने वाले, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी शिव-उपद्रवरहित, कल्याण रूप, अचल-अचल स्थान (सिद्धिस्थान) को प्राप्त हुए, अरुज-शारीरिक व्याधि वेदना से रहित, अनन्त, अक्षय,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अव्याबाध, **अपुनरावृत्ति**–जिसको प्राप्त कर लेने पर पुनः संसार में जन्म नही होता, ऐसे पुनरागमन से रहित–सिद्धि गति नामक स्थान में स्थित सिद्ध भगवन्तों को नमस्कार हो।

धर्म की आदि करने वाले, तीर्थंकर–यावत् सिद्ध गति नामक स्थान को प्राप्त करने को तत्पर श्रमण भगवान महावीर को मेरा नमस्कार हो।

'तत्रस्थ' अर्थात् जम्बूद्वीप नामक द्वीप के भरत क्षेत्र में स्थित आमलकप्पा नगरी के आम्रशालवन चैत्य में विराजमान भगवान को यहाँ रहा हुआ मैं वंदना करता हूँ। वहाँ पर रहे हुए वे भगवान यहाँ रहे हुए मुझे देखते हैं। इस प्रकार स्तुति करके वन्दन–नमस्कार किया। वन्दन–नमस्कार करके फिर पूर्व दिशा की ओर मुख करके सिंहासन पर बैठ गया।

9. I offer my prayers to Arihantas, the super souls who have achieved perfection of knowledge and understanding, who are prime founders of religious order composed of four Tirthas. They are self-enlightened, supreme human-beings, as brave as lions among all human-beings since they have sub-dued mighty Karmas. They are as good as Pundarik lotuses among all human-beings in their tranquility and ecstatic appearance. They are like Gandh-Hasti elephant amongst all human-beings (Just as at the very fragrance of Gandh-Hasti, the other elephants run away, the evil namely famine and other natural calamities disappear as a consequence of their noble appearance). They are supreme in the universe, masters of the universe, beneficent ones to one and all in the universe. They are like source of light in the universe, instrument of enlightenment in the universe. They are blessed givers of fearlessness to all, bestowers of right vision and right knowledge, guides to the path of serenity, teachers of Dharma the true knowledge. Charioteer of the Dharma chariot, guides of religious path, the king emperor in subduing the entire birth-cycle in universe wherein living-beings transmigrate in four states of bodily existence. They possess indestructible perfect knowledge and perception. They have overcome all the ignorance that pollutes the soul. They are conquerors of worldly attachment and hatred and they cause others also to do so. They themselves have come out successful in the swim-fete over the ocean of transmigration and they cause others to win the swim-fete. They are self-enlightened ones and are inspirors of the same enlightenment to others. They are self liberated and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-१

Illustration No. 1

भगवान महावीर को वन्दना

सौधर्मकल्प के सूर्याभ विमान मे उत्पन्न होने के अनन्तर सूर्याभदेव सुधर्मा सभा के सूर्याभ सिहासन पर आसीन होता है। उसके परिपार्श्व मे अग्रमहिषियॉ तथा सामानिक देव आदि बैठे है। नृत्य, गायन आदि उत्सव के रगारग वातावरण मे उसने अवधिज्ञान का उपयोग करके देखा-''भरत-क्षेत्र की आमलकप्पा नगरी के उद्यान मे भगवान महावीर का दिव्य समवसरण लगा है।'' यह दृश्य देखकर वह अत्यन्त आनन्दित हो उठा। रोम-रोम हर्ष से पुलकित हो गया। शीघ्र ही सिहासन से उठा, पादुकाएँ उतारीं, एकशाटिक उत्तरासग करके वन्दना कर पुन सिहासन पर बैठ गया। दोनो हाथ जोडे, विनयपूर्वक बोला-''आमलकप्पा नगरी के उद्यान मे विराजमान श्रमण भगवान महावीर को मै वन्दना करता हूँ। वहॉ स्थित भगवान मुझे यहॉ देख रहे है।''

-सूत्र ७-९, पृष्ठ १३

SALUTATIONS TO BHAGAVAN MAHAVIR

After incarnating in the Suryabh Viman of Saudharm-kalp, Suryabh Dev sits on the Suryabh throne in the Sudharma assembly He is surrounded by his chief-queens, Samanik gods and other gods In the festive atmosphere of music and dance performances he employed his Avadhi Jnana and saw—"The divine Samavasaran of Bhagavan Mahavir is in progress in the garden of Aamal-kappa city in Bharat area " He got extremely pleased to witness this scene Every pore of his body elated with joy He at once got up from his throne, removed his slippers, covered his mouth with his scarf, offered salutations and returned to his throne He joined his palms and uttered with modesty—"I bow and offer my salutations to Shraman Bhagavan Mahavir stationed in the garden of Aamal-kappa city Although stationed there, Bhagavan sees me here."

—Sutras 7-9, p 13

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

cause others to liberate so. They are omniscient, possessing perfect wisdom. They have reached the absolute state free from transmigration and are disease free. They are infinite, imperishable and free from all hurdles. Apunaravritti—non-revivability of birth-cycle. They are acquirors of total liberation—the abode of Siddhas. I offer my obeisance to Siddhas—the completely liberated souls.

I offer my salutation to Shraman Bhagavan Mahavir who is destined to reach the abode of liberated souls, the Siddhas (for full text see Illustrated Kalpa Sutra, pp. 24).

I offer salutation to Bhagavan Mahavir who is at present staying in Aamrashalvan Chaitya of Aamal-kappa city located in Bharat area of Jambu Dveep. Bhagavan Mahavir staying there is seeing me. Thus he greeted the Lord, praised him and then occupied the celestial seat facing east.

आभियोगिक देवों को सूर्याभदेव की आज्ञा

१०. तए णं तस्स सूरियाभस्स इमे एयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए पत्थिए मणोगए संकप्पे समुपज्जित्था।

१०. तत्पश्चात् सूर्याभदेव के मन मे इस प्रकार का यह आन्तरिक, चिन्तित, प्रार्थित–प्राप्त करने योग्य, इष्ट और मनोगत–मन में रहा हुआ (मानसिक) संकल्प समुत्पन्न हुआ।

INSTRUCTIONS TO SUBORDINATE GODS

10. Thereafter, Suryabh Dev thought in his mind, brooded and deeply contemplated upon the reflections appearing in his mind.

११. सेयं खलु मे समणे भगवं महावीरे जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे आमलकप्पाए णयरीए बहिया अम्बसालवणे चेइए अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ। तं महाफलं खलु तहारूवाणं भगवन्ताणं णाम–गोयस्स वि सवणयाए किमंग पुण अभिगमणवंदणं णमंसणं–पज्जुवासणाए ?

एगस्स वि आरियस्स धम्मियस्स, सुवयणस्स सवणयाए किमंग पुण विउलस्स अट्ठस्स गहणयाए ?

तं गच्छामि णं समणं भगवं महावीरं वन्दामि णमंसामि सक्कारेमि सम्माणेमि कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं पज्जुवासामि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एयं मे पेच्चा हियाए सुहाए खमाए णिस्सेयसाए आणुगामियत्ताए भविस्सइ त्ति कट्टु एवं संपेहेइ, एवं संपेहित्ता, आभिओगे देव सद्दावेइ सद्दावित्ता एवं वयासी–

११. जम्बूद्वीप के भारतवर्ष में स्थित आमलकल्पा नगरी के बाहर आम्रशालवन चैत्य मे यथाप्रतिरूप–अवग्रह को लेकर संयम और तप से आत्मा को भावित करते हुए श्रमण भगवान महावीर विराजमान है। मेरे लिए श्रेय रूप है। जब तथारूप भगवन्तों के केवल नाम और गोत्र को श्रवण करने का ही महाफल है तो फिर उनके समक्ष जाने का, उनको वंदना करने का, नमस्कार करने का, उनसे प्रश्न पूछने का और उनकी उपासना करने का प्रसंग मिले तो उसके विषय में कहना ही क्या।

आर्य पुरुष के मुख से एक भी धार्मिक सुवचन सुनने का ही जब महाफल होता है तब उनके पास से विपुल अर्थ–उपदेश ग्रहण करने के महान् फल की तो बात ही क्या है।

इसलिए मैं जाऊँ और श्रमण भगवान महावीर को वन्दना करूँ, नमस्कार करूँ, उनका सत्कार–सम्मान करूँ और कल्याणकारी होने से कल्याणरूप, सब अनिष्टों का उपशमन करने वाले होने से मंगलरूप, त्रैलोक्याधिपति होने से देवरूप और केवलज्ञानी होने से चैत्य स्वरूप उन भगवान की पर्युपासना करूँ।

श्रमण भगवान महावीर की यह पर्युपासना मेरे लिए अनुगामी होने के कारण परलोक में हितकारी, सुखकारी, क्षेम–शान्ति करने वाली, निःश्रेयस्कर, कल्याणकारी, मोक्ष प्राप्त कराने वाली होगी, ऐसा उस सूर्याभदेव ने विचार किया। विचार करके अपने आभियोगिक (आज्ञानुसार काम करने वाले) देवो को बुलाया और बुलाकर इस प्रकार कहा–

11. In Jambu Dveep, there is Bharat area. In it there is Aamrashalvan Chaitya at the outskirts of Aamal-kappa city. In the said city Bhagavan Mahavir is staying following his inner self-imposed restraints observing the code and austerities. His presence is a boon for me. To listen the very name and clan of such great men is said to be highly beneficial. Therefore, to get a chance to go to them, to greet them, to bow to them, to seek clarifications about inner doubts from them and to serve them must be of extreme benefit.

When even a word of such a great spiritual master if properly listened to results in a great light, the result of spiritual meaningful discourse is indescribable.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

So I must go to Shraman Bhagavan Mahavir, greet him, bow to him, welcome and honour him. I should serve him as his service is auspicious and destroys all evils. His service is god like since he is master of all the three worlds. It is resourceful and knowledgeable one since he possesses complete knowledge.

For me it is advantageous, auspicious blessed even in the next life-span (life after death) and is going to lead to the final goal of liberation. Such were the thoughts arising in the mind of Suryabh Dev. He then called the celestial angels who were at his command and ordered them as follows—

१२. एवं खुल देवाणुप्पिया ! समणे भगवं महावीरे जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे आमलकप्पाए नगरीए बहिया अंबसालवणे चेइए अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

तं गच्छह णं तुम्हे देवाणुप्पिया ! जंबुद्दीवं दीवं भारहं वासं आमलकप्पं णयरिं अंबसालवणं चेइयं समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिणं करेह, करेत्ता वंदह णमंसह, वंदित्ता णमंसित्ता साइं साइं नामगोयाइं साहेह, साहित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स सव्वओ समंता जोयणपरिमंडलं जं किंचि तणं वा पत्तं वा कट्ठं वा सक्करं वा असुइं वा अचोक्खं वा पूइअं दुब्भिगन्धं तं सव्वं आहुणिय आहुणिय एगंते एडेह, एडेत्ता–णच्चोदगं णाइमट्टियं पविरल–पप्फुसियं रय–रेणु–विणासणं दिव्वं सुरभिगंधोदयवासं वासह, वासित्ता णिहयरयं णट्ठरयं भट्ठरयं उवसंतरयं पसंतरयं करेह।

करित्ता कुसुमस्स जाणुस्सेह–पमाणमित्तं ओहिं वासं वासह, वासित्ता जलय–थलय–भासुरप्पभूयस्स बिंटट्ठाइस्स दसद्धवण्णस्स।

कालागुरु–पवरकुन्दरुक्क–तुरुक्क–धूव–मघमघंत–गंधुद्धयाभिरामं सुगंधवरगंधियं गंधवट्टिभूयं दिव्वं सुरवराभिगमणजोग्गं करेह कारवेह, करित्ता य कारवेत्ता य खिप्पामेव एअमाणत्तियं पच्चप्पिणह।

१२. हे देवानुप्रियो ! श्रमण भगवान महावीर जम्बूद्वीप नामक द्वीप के भरत क्षेत्रवर्ती आमलकप्पा नगरी के बाहर आम्रशालवन चैत्य में यथाप्रतिरूप अवग्रह को ग्रहण करके सयम और तपं से आत्मा को भावित करते हुए विराजमान हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अतएव देवानुप्रियो ! तुम वहाँ जाओ और जम्बूद्वीप नामक द्वीप के भरत क्षेत्र में स्थित आमलकप्पा चैत्य मे विराजमान श्रमण भगवान महावीर की दायें से बायें आवर्त्त करके तीन बार प्रदक्षिणा करो। प्रदक्षिणा करके वदना-नमस्कार करो। वंदना-नमस्कार करके तुम उनको अपने-अपने नाम और गोत्र का परिचय दो। उसके पश्चात् श्रमण भगवान महावीर के विराजने के आसपास चारो ओर एक योजन प्रमाण गोलाकार भूमि में घास, पत्ते, काष्ठ, ककड-पत्थर, अपवित्र, मलिन, सडी-गली दुर्गन्धित वस्तुओं को अच्छी तरह से साफ कर दूर एकान्त स्थान मे ले जाकर फेक दो। यों उस भूमि को पूरी तरह से साफ-स्वच्छ करके इस प्रकार से दिव्य सुरभि-सुगंधित गधोदक की वर्षा करो कि जिसमे जल अधिक न बरसे, कीचड न हो। रिमझिम-रिमझिम विरल रूप में नन्हीं-नन्हीं बूँदें बरसें और धूल-मिट्टी जम जाये। इस प्रकार की वर्षा करके उस स्थान को निहितरज, नष्टरज, भ्रष्टरज, उपशातरज, प्रशांतरज (धूल-मिट्टी से रहित) बना दो।

जल वर्षा करने के पश्चात् उस स्थान पर सर्वत्र एक हाथ ऊँचाई प्रमाण, **भास्वर**-चमकीले जल और स्थल में उत्पन्न हुए पंचरंगे-रग-बिरगे सुगधित पुष्पो की प्रचुर परिमाण में इस प्रकार से बरसा करो कि उनके वृन्त (डण्डियाँ) नीचे की ओर और पँखुडियाँ ऊपर की ओर रहें।

पुष्प वर्षा करने के बाद उस भूमि पर अपनी सुगंध से मन को आकृष्ट करने वाले काले अगर, श्रेष्ठ कुन्दरुष्क, तुरुष्क (लोभान) और धूप को जलाओ कि जिसकी सुगंध से सारा वातावरण महक जाये, श्रेष्ठ सुगंध-समूह के कारण वह स्थान गंधवट्टिका-गध की बत्ती के समान बन जाये, दिव्य सुरवरो-उत्तम देवों के जाने योग्य हो जाये, ऐसा तुम स्वय करो और दूसरो से करवाओ। यह कार्य करके और करवाकर शीघ्र मेरी आज्ञा वापस मुझे लौटाओ अर्थात् आज्ञानुसार कार्य हो जाने की सूचना दो।

12. O the blessed one's ! Shraman Bhagavan Mahavir is present in Aamrashalvan Chaitya at the outskirts of Aamal-kappa city of Bharat area in Jambu Dveep. He is observing his self-imposed restraints and austerities.

So, O the blessed ! You go there and greet Shraman Bhagavan three times as specified in the code. You greet him, bow to him and tell him your respective names and gotra (status). Thereafter, you clean an area upto one yojan all around from his seat. You remove grass, leaves, wood, stones, shingal, rotten material and throw that matter in a corner at a distance. After properly cleaning that area

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

you provide fragrant rain at that cleaned area. This rain should be within the limit and should not make the area muddy. The shower should be in the same shape of drizzle so that the dust settles down. By causing rain in this manner you destroy, remove and settle down the dust completely.

Thereafter, you shower bright, fragrant flowers of five different colours grown in land and water in sufficient quantity upto a height of one haath (a measure). The stalks of the flowers should be downwards and petals upwards.

Thereafter, you burn heart-pleasing incense and fill the entire environment with fragrance of black agar, pure kundrushk, lobhan and incense. Due to the fragrance that place should become a treasure of fragrance and worthy of visits by gods. You should do it yourself and also get done from others. After completing this entire assignment you inform me soon.

आभियोगिक देवों द्वारा आज्ञापालन

१३. तए णं ते आभिओगिआ देवा सूरियाभेणं देवेणं एवं वुत्ता समाणा हट्ठतुट्ठ जाव हियया करयलपरग्गहियं दसनहं सिरसावत्तं मत्थए अञ्जलिं कट्टु 'एवं देवो ! तहत्ति' आणाए विणएणं वयणं पडिसुणंति, 'एवं देवो ! तहत्ति' आणाए विणएणं वयणं पडिसुणेत्ता उत्तरपुरत्थिमं दिसिभागं अवक्कमंति।

उत्तरपुरत्थिमं दिसिभागं अवक्कमित्ता वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणंति, समोहणित्ता संखेज्जाइं जोयणाइं दंडं निसिरंति, तं जहा–रयणाणं वयराणं वेरुलियाणं लोहियक्खाणं मसारगल्लाणं हंसगब्भाणं पुलगाणं सोगंधियाणं जोईरसाणं अंजणाणं अंजणपुलगाणं रययाणं जायरूवाणं अंकाणं फलिहाणं रिट्ठाणं अहाबायरे पुग्गले परिसाडंति, परिसाडित्ता अहासुहुमे पुग्गले परियायंति, परियाइत्ता दोच्चं पि वेउव्विय–समुग्घाएणं समोहणंति, समोहणित्ता उत्तरवेउव्वियाइं रूवाइं विउव्वंति।

विउव्वित्ता ताए उक्किट्ठाए तुरियाए चवलाए चंडाए जवणाए सिग्घाए उद्धूयाए दिव्वाए देवगईए तिरियं असंखेज्जाणं दीवसमुद्दाणं मज्झंमज्झेणं वीईवयमाणे जेणेव जंबुद्दीवे दीवे, जेणेव भारहे वासे, जेणेव आमलकप्पा णयरी, जेणेव अंबसालवणे चेइए, जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेणेव उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिण-पयाहिणं करेंति, वंदंति नमंसंति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी-

'अम्हे णं भंते ! सूरियाभस्स देवस्स आभियोगा देवा देवाणुप्पियाणं वंदामो णमंसामो सक्कारेमो सम्माणेमो कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं पज्जुवासामो।'

१३. तत्पश्चात् वे आभियोगिक देव सूर्याभदेव की आज्ञा को सुनकर हर्षित हुए, सन्तुष्ट हुए यावत् हृदय विकसित हो गया। दोनों हाथ जोडकर आवर्त्तपूर्वक मस्तक पर अंजलि करके "हे देव-स्वामिन् ! आपने जो कहा वह उचित है।" ऐसा कहकर विनयपूर्वक आज्ञा स्वीकार की। "हे देव ! ऐसा ही करेगे" इस प्रकार से सविनय आज्ञा स्वीकार करके उत्तर-पूर्व दिशा मे गये।

उधर जाकर वैक्रिय समुद्घात किया। वैक्रिय समुद्घात करके सख्यात योजन का रत्नमय दण्ड बनाया। उन रत्नो के नाम इस प्रकार है-(१) कर्केतन रत्न, (२) वज्र रत्न, (३) वैडूर्य रत्न, (४) लोहिताक्ष रत्न, (५) मसारगल्ल रत्न, (६) हंसगर्भ रत्न, (७) पुलक रत्न, (८) सौगन्धिक रत्न, (९) ज्योति रत्न, (१०) अजन रत्न, (११) अंजन पुलक रत्न, (१२) रजत रत्न, (१३) जातरूप रत्न, (१४) अंक रत्न, (१५) स्फटिक रत्न, (१६) रिष्ठ रत्न। इन रत्नों के यथा बादर-(असार-अयोग्य) पुद्गलों को अलग किया और फिर यथा सूक्ष्म (सारभूत) पुद्गलो को ग्रहण किया, ग्रहण करके पुनः दूसरी बार वैक्रिय समुद्घात करके उत्तरवैक्रिय रूपो की विकुर्वणा की।

उत्तरवैक्रिय रूपों की विकुर्वणा करके अर्थात् अपना-अपना वैक्रियलब्धिजन्य उत्तरवैक्रिय शरीर बनाकर वे उत्कृष्ट त्वरा वाली, चपल, अत्यन्त तीव्र, चण्ड, जवन, वेगयुक्त ऑधी जैसी तेज दिव्य गति से तिरछे-तिरछे असख्यात द्वीप समुद्रों को पार करते हुए जहॉ जम्बूद्वीपवर्ती भारतवर्ष की आमलकप्पा नगरी थी, आम्रशालवन चैत्य था और उसमें जहॉ श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, वहॉ आये।

वहॉ आकर श्रमण भगवान महावीर की तीन बार आदक्षिणा-प्रदक्षिणा की, उनको वंदन-नमस्कार किया और वन्दन-नमस्कार करके इस प्रकार कहा-

"हे भदन्त ! हम सूर्याभदेव के आभियोगिक देव आप देवानुप्रिय को वदन करते है, नमस्कार करते है, आप का सत्कार-सम्मान करते है एवं कल्याणरूप, मगलरूप, देवरूप और चैत्यरूप आपकी पर्युपासना करते हैं।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ACCEPTANCE OF ORDERS BY SERVING GODS

13. At this order from Suryabh Dev the serving gods (Abhiyogic Dev) became happy and cheerful. They clasped their hands and touching their head said—"O the respected master ! Whatever you have ordered is proper." Accepting the order they uttered that "They shall perform the assignment accordingly." They then went away in north-east direction.

They then spread the pradeshas beyond their fluid body (Vaikriya Samudghat). Then they created a jewel-studded thick rod numerable yojans long. The said jewels were—(1) Karketan, (2) Vajra, (3) Vaidurya, (4) Lohitaksh, (5) Masaargalla, (6) Hansgarbh, (7) Pulak, (8) Saugandhik, (9) Jyoti, (10) Anjan, (11) Anjan pullak, (12) Rajat, (13) Jaatroop, (14) Ank, (15) Sphatik, and (16) Rishth jewels. They removed the gross useless atoms of the said jewels and added subtle useful atoms. Later, they again spread the pradeshas of soul beyond their fluid body (Vaikriya Samudghat).

After performing the Samudghat of fluid body and thus creating respective fluid bodies of the best type they moved at an extremely high speed like a dreadful storm of a very great velocity. They crossed innumerable continents and oceans and Aamal-kappa city in Bharat area of Jambu Dveep. Then they came to the place in Aamrashalvan where Bhagavan Mahavir was seated.

After arriving there, they went round the Lord three times, greeted him, bowed before him and said—

"O the reverend ! We, the gods in service of our master Suryabh Dev honour you, greet you and bow to you. You are auspicious, godlike and fountain of knowledge we pay our respects to thee."

विवेचन–अपने मूल शरीर मे रहते हुए जीव-प्रदेशो को शरीर से बाहर निकलने की क्रिया को समुद्घात कहते है। सात कारणों से जीव-प्रदेशो के शरीर से बाहर निकलने के कारण समुद्घात के भी सात भेद है। उनमे से यहॉ वैक्रिय समुद्घात का उल्लेख है। यह वैक्रियशरीर नामकर्म के कारण होती है। वैक्रियलब्धि वाला जीव विक्रिया करते समय अपने आत्म-प्रदेशो को विस्तार मे शरीर परिमाण और ऊँचाई मे संख्यात योजन प्रमाण दडाकार रूप मे शरीर से बाहर निकालता है।

वैक्रियलब्धि से दो प्रकार की विक्रिया होती है -पृथक् विक्रिया और अपृथक् विक्रिया। आभियोगिक देवो ने पहले पृथक् विक्रिया द्वारा दड बनाया और उसके पश्चात् दूसरी बार अपने-अपने उत्तर रूप की विकुर्वणा की। इसीलिए यहॉ दो बार वैक्रिय समुद्घात करने का उल्लेख किया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गति की अत्यन्त तीव्रता बताने के लिए यहाँ त्वरा, चपल, तीव्र, चण्ड आदि अनेक समानार्थक शब्दो का प्रयोग किया है।

Elaboration—The process of spreading soul-atoms beyond the original body while still linked to it is called Samudghat. The soul-atoms are spread beyond the original body due to seven reasons. As such Samudghat is also of seven types. Here we are concerned with the fluid Samudghat. This is done when one possesses fluid body. A person possessing skill of fluid blessing (Labdhi) while engaging in this process, spreads his soul-atoms upto his body and then emits them beyond it creating a numerable yojans long rod with his soul-atoms.

The fluid process is of two types which is done by those having such skill. They are Prithak kriya and Aprithak kriya. The serving gods performed Prithak kriya first of all and thus created a rod of soul-atoms in this kriya Thereafter each one did fluid process second time in order to transform their body to the maximum.

Many words having similar meaning (Synonyms) have been used to show extremely high speed.

१४. 'देवा' इ समणे भगवं महावीरे ते देवे एवं वयासी—पोराणमेयं देवा ! जीयमेयं देवा ! किच्चमेयं देवा ! करणिज्जमेयं देवा ! आचिन्नमेयं देवा ! अब्भणुण्णायमेयं देवा ! जं णं भवणवइ—वाणमंतर—जोइसिय—वेमाणिया देवा अरहंते भगवंते वंदंति नमंसंति, वंदित्ता नमंसित्ता तओ साइं साइं णाम—गोयाइं साहिंति, तं पोराणमेयं देव ! जाव अब्भणुण्णायमेयं देवा !

१४. तब उन आभियोगिक देवों को सम्बोधित कर श्रमण भगवान महावीर ने इस प्रकार कहा—"हे देवो ! यह पुरातन है अर्थात् प्राचीनकाल से देवो में परम्परा से चला आ रहा है। हे देवो ! यह करणीय है अर्थात् देवो को करना ही चाहिए। हे देवो ! यह आचीर्ण है अर्थात् देवों द्वारा पहले भी इसी प्रकार आचरण किया जाता रहा है। हे देवो ! यह अनुज्ञात है अर्थात् पूर्व के सब देवेन्द्रों ने संगत माना है कि भवनवासी, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देव अरिहत भगवन्तो को वन्दन-नमस्कार करते हैं और वन्दन-नमस्कार करके अपने-अपने नामगोत्र कहते हैं (अपना परिचय देते हैं)। यह पुरातन है यावत् हे देवो ! यह अभ्यनुज्ञात—सर्वसम्मत पद्धति है।"

14. Then Bhagavan Mahavir addressed to the said Abhiyogik gods as follows—"O the celestial ones ! This is an age-old tradition

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

prevalent among the celestial gods. The gods should observe it. This was followed by the gods earlier also. It is known to celestial beings and they have accepted it. So the residential gods (Bhavanvasi), the peripatetic gods (Vanavyantar), the stellar gods (Jyotishka) and heavenly gods (Vaimanik) follow it and they honour, greet and bow to omniscients (Arihants). They than mention their names and status (gotra). So, O gods ! This is an age-old tradition."

संवर्तक वायु की विकुर्वणा

१५. तए णं ते आभिओगिया देवा समणेणं भगवया महावीरेणं एवं वुत्ता समाणा हट्ठ जाव हियया समणं भगवं महावीरं वंदंति णमंसंति, वंदित्ता णमंसित्ता उत्तरपुरित्थमं दिसीभागं अवक्कमंति, अवक्कमित्ता वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणंति, समोहणित्ता संखेज्जाइं जोयणाइं दंडं निसिरंति तं जहा–रयणाणं जाव रिट्ठाणं अहाबायरे पोग्गले परिसाडंति, अहाबायरे पोग्गले परिसाडित्ता दोच्चं पि वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणंति, समोहणित्ता संवट्टयवाए विउव्वंति।

से जहा नामए भइयदारए सिया तरुणे बलवं जुगवं जुवाणे अप्पायंके थिरग्गहत्थे दढ–पाणि–पायपिट्ठं तरोरु–संघाय–परिणए, घण–निचिय–वट्टवलिय–खंधे, चम्मेट्ठग–दुघण–मुट्ठिसमाहयगत्ते, उरस्स बलसमन्नागए, तल–जमल–जुयल–बाहू लंघण–पवण–जवण–पमद्दणसमत्थे छेए दक्खे पट्ठे कुसले मेधावी णिउणसिप्पोवगए एगं महं सलागाहत्थगं वा दंडसंपुच्छणिं वा वेणुसलागिगं वा गहाय रायं णं वा रायंतेपुरं वा देवकुलं वा सभं वा पवं वा आरामं वा उज्जाणं वा अतुरियं अचवलं असंभतं निरंत सुनिउणं सव्वतो समंता संपमज्जेज्जा।

एवामेव तेऽवि सूरियाभस्स देवस्स आभिओगिया देवा संवट्टयवाए विउव्वंति, विउव्वित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स सव्वतो समंता जोयणपरिमंडलं जं किंचि तणं वा पत्तं वा तहेव सव्वं आहुणिय आहुणिय एगंते एडेंति, एडित्ता खिप्पामेव उवसमंति।

१५. तत्पश्चात् श्रमण भगवान महावीर द्वारा ऐसा कहने पर उन आभियोगिक देवो ने हर्षित यावत् विकसित हृदय होकर श्रमण भगवान महावीर को वन्दन-नमस्कार किया। वन्दन-नमस्कार करके उत्तर-पूर्व दिग्भाग में गये। वहाँ जाकर उन्होंने वैक्रिय समुद्घात किया और वैक्रिय समुद्घात करके संख्यात योजन का दण्ड बनाया जो कर्केतन यावत्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रिष्टरत्नमय था और उन रत्नो के यथा बादर (असारभूत) पुद्गलों को अलग किया। यथा बादर पुद्गलो को हटाकर दुबारा वैक्रिय समुद्घात करके संवर्तक वायु (तूफानी हवा) की रचना की। जैसे–

कोई तरुण, बलवान, युगवान्–(समय–असमय होने वाली शारीरिक पीडा से रहित), युवावस्था वाला, रोगरहित–स्थिर पजे वाला–जिसके हाथ का अग्र भाग कॉपता न हो, पूर्ण रूप से दृढ पुष्ट हाथ, पैर, पीठ एवं पसलियों और जघाओं वाला, अतिशय निचित–परिपुष्ट मॉसल गोल कधो वाला, चर्मेष्टक (चमडे से वेष्टित पत्थर से बना अस्त्र विशेष), मुद्गर और मुक्कों की मार से सघन, पुष्ट सुगठित शरीर वाला, बल, वीर्य और पराक्रम–आत्मशक्ति–सम्पन्न, एक साथ तालवृक्षयुगल (सीध में खडे दो ताल वृक्ष) के समान सीधी, लम्बी और पुष्ट भुजाओं वाला, लॉघने, कूदने, वेगपूर्वक गमन एव मर्दन करने मे समर्थ, कलाविज्ञ, दक्ष, पटु, कुशल, मेधावी एव कार्यनिपुण सेवक का युवा पुत्र सींकों से बनी अथवा मूठ वाली अथवा बॉस की सींकों से बनी बुहारी को लेकर राजप्रागण, अन्तःपुर, देवकुल, सभा, प्याऊ, आराम अथवा उद्यान को बिना किसी घबराहट, चपलता, सम्भ्रम और आकुलता के निपुणतापूर्वक चारों तरफ से प्रमार्जित करता है–बुहारता है।

वैसे ही सूर्याभदेव के उन आभियोगिक देवो ने भी संवर्तक वायु की विकुर्वणा करके श्रमण भगवान महावीर के आसपास चारो ओर एक योजन–चार कोस के भू–भाग में जो कुछ भी घास, पत्ते आदि थे उन सभी को चुन–चुनकर एकान्त स्थान मे ले जाकर फेक दिया और फेककर शीघ्र उस भूमण्डल को स्वच्छ, उपशात, रजरहित बना दिया।

MAKING HURRICANE THROUGH VAIKRIYA POWERS

15. The Abhiyogic (serving) gods felt pleased at this talk of Bhagavan Mahavir. They honoured him, bowed to him and then went in north-east direction. There they performed Vaikriya Samudghat and created a rod which was numerable yojans long. It was studded with sixteen types of jewels namely Karketan upto Risht. Then they separated the gross undesirable atoms of those jewels and after removing them, performed Vaikriya Samudghat second time and created whirl wind.

Consider a young, well-built, healthy (one who is not suffering from any disease or calamity), youthful, non-paralytic person. He has strong hand and feet, ribs and hips. He has fleshy round shoulders. His body is proportionate and thick like a weapon made

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

thick and hard by beating with hammers and blows. He has extreme courage, strength and inner conviction. His arms are long, straight and well-built like a pair of Taal trees (Euclyptus). He is capable of jumping, crossing, running, massaging and pressing hard. He is deft in activities, is quick and intelligent. He is a genius and fully able to perform duties assigned to him. Further consider that a young son of such a person holds a broom made of bamboo-sticks and thoroughly cleans the courtyard of the palace, the drawing room, the abode of celestial beings, the assembly hall, the meeting place, the place to serve water, the gardens and all suchlike quickly and without any lethargy or fear in a discreet manner.

The Abhiyogic gods of Suryabh Dev in the same manner created the whirl wind and cleaned one yojan (eight miles) of area in each of the four directions around Bhagavan Mahavir, removed grass and leaves discreetly and threw them at one place in a distant corner. Thus they turned that area completely dust-free, quiet and levelled.

बादलों की विकुर्वणा

१६. दोच्चं पि वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणंति, समोहणित्ता अब्भवद्दलए विउव्वंति।

से जहाणामए भइगदारगे सिया तरुणे जाव सिप्पोवगए एगं महं दगवारगं वा, दगकुम्भगं वा, दगथालगं वा, दगकलसगं वा गहाय आरामं वा जाव पवं वा अतुरियं जाव सव्वतो समंता आवरिसेज्जा, एवामेव तेऽवि सूरियाभस्स देवस्स आभियोगिया देवा अब्भवद्दलए विउव्वंति, विउव्वित्ता खिप्पामेव पतणतणायंति, पतणतणाइत्ता खिप्पामेव विज्जुयायंति, विज्जुयाइत्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स सव्वओ समंता जोयणपरिमंडलं णच्चोदगं णातिमट्टियं तं पविरल-पप्फुसियं रयरेणुविणासणं दिव्वं सुरभिगंधोदगं वासं वासंति, वासेत्ता णिहयरयं, णट्ठरयं, भट्ठरयं, उवसंतरयं, पसंतरयं, करेंति, करित्ता खिप्पामेव उवसामंति।

१६. इसके पश्चात् उन आभियोगिक देवो ने दुबारा वैक्रिय समुद्घात किया और उसके द्वारा जल से भरे बादलों की रचना की।

जैसे कोई तरुण कार्यकुशल भृत्यदारक-जल सीचने वाला भिश्ती, जल से भरे एक बडे घडे अथवा जल-कुम्भ अथवा जल-स्थालक अथवा जल-कलश को लेकर बगीचे को, परव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(प्याऊ) को बिना किसी उतावली के चतुरता से सब तरफ से सींचता है, इसी प्रकार से सूर्याभदेव के उन आभियोगिक देवो ने आकाश में घुमड-घुमडकर गरजने वाले और बिजलियो की चमचमाहट से युक्त मेघों की विक्रिया करके श्रमण भगवान महावीर के विराजने के स्थान के आसपास चारों ओर एक योजन गोलाकार भूमि में इस प्रकार से सुगन्धित गधोदक बरसाया कि जिससे भूमि न जल-मग्न हुई, न कीचड़ हुआ किन्तु रिमझिम-रिमझिम विरल रूप से बूँदाबाँदी होने से उडते हुए रजकण दब गये। इस प्रकार की मेघ वर्षा करके उस स्थान को निहितरज, नष्टरज, भ्रष्टरज, उपशान्तरज, प्रशांतरज-(अर्थात् सर्वथा धूलरहित) बना दिया। फिर शीघ्र ही मेघ वर्षा को समेट लिया।

CREATING CLOUDS THROUGH VAIKRIYA POWER

16. Thereafter, the said gods did Vaikriya Samudghat second time and created clouds containing water.

Consider a young, expert water-carrier. He picks up a big pot full of water, a water tank or a water container. He then irrigates an orchard deftly from all sides without any undue haste. In the same manner, the Abhiyogic gods created the thundering, whirling clouds in the sky. They moved around and showered fragrant water (gandhodak) in an area upto one yojan in circular shape all around the seat of Bhagavan Mahavir, the area neither became flooded nor muddy. But the dust settled down with these showers. With this rain they made that area clean, dust-free and levelled. All the dust had settled nicely. Then the rain was stopped.

पुष्प-मेघों की रचना

१७. तच्चं पि वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणंति पुप्फ-वद्दलए विउव्वंति, से जहाणामए मालागारदारए सिया तरुणे जाव सिप्पोवगए एगं महं पुप्फ-छज्जियं वा पुप्फ-पडलगं वा पुप्फचंगेरियं वा गहाय रायंगणं वा जाव सव्वतो समंता कयग्गह-गहिय-करयल-पब्भट्ठ-विप्पमुक्केणं दसद्धवन्नेणं कुसुमेणं मुक्क-पुप्फपुंजोवयारकलियं करेज्जा।

एवामेव ते सूरियाभस्स देवस्स आभिओगिया देवा पुप्फवद्दलए विउव्वंति। खिप्पामेव पतणतणायंति जाव जोयणपरिमंडलं जलय-थलय-भासुरप्पभूयस्स बिंटट्ठाइस्स दसद्धवन्नकुसुमस्स जाणुस्सेहपमाणमेत्तिं ओहिं वासंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वासित्ता कालागुरु–वर–कुंदरुक्क–तुरुक्क–धूव–मघमघंतगंधुद्धुयाभिरामं सुगंधवरगंधियं गंधवट्टिभूयं दिव्वं सुरवराभिगमणजोग्गं करेंति य कारवेंति य, करेत्ता य कारवेत्ता य खिप्पामेव उवसामंति।

१७. मेघ वर्षा से धूल को शान्त करने के पश्चात् उन आभियोगिक देवों ने तीसरी बार पुनः वैक्रिय समुद्घात करके पुष्प बादलों की रचना की–जैसे कोई तरुण, कार्यकुशल मालाकारपुत्र (माली) एक बडी फूलों से भरी टोकरी पुष्पपटलक–(फूलों की पोटली) अथवा पुष्पचंगेरिका (फूलों से भरी डलिया) के, वैसे फूलों को हाथ में लेकर पंचरंगे पुष्प–पुँजों को बिखेरकर राज–प्रांगण यावत् प्याऊ को सब तरफ से समलंकृत कर देता है।

उसी प्रकार सूर्याभदेव के आभियोगिक देवों ने पुष्प बादलों की रचना करके योजन प्रमाण गोलाकार भूभाग में दीप्तिमान जलज और स्थलज पंचरंगे पुष्पों को जमीन से ऊपर एक हाथ प्रमाण खचाखच भर दिया।

पुष्प वर्षा करने के पश्चात् मनमोहक सुगन्ध वाले काले अगर, श्रेष्ठ कुन्दरुष्क, तुरुष्क–लोभान की सुगन्धित धूप जलाकर महका दिया। उनकी उडती मनमोहक सुगन्ध से सारा प्रदेश महक उठा। श्रेष्ठ सुगन्ध के कारण सुगन्ध की गुटिका जैसा बन गया। देवों के आगमन योग्य बना दिया। इस प्रकार फिर पुष्प मेघों को शमित कर दिया–समेट लिया।

MAKING CLOUDS OF FLOWERS

17. After settling down the dust by rain bearing clouds, the Abhiyogic gods performed Vaikriya Samudghat for the third time. Now they created flower-bearing clouds, consider a young, expert gardener He holds in his hands a large basket full of flowers (pushp-patalak) or a vase containing flowers (pushp-changerika). He spreads the flowers of five different colours all around in the royal courtyard and thus decorates it.

In the same manner the Abhiyogic gods of Suryabh Dev created flower-bearing clouds and filled a circular area of one yojan upto a height of one haath (eighteen inches) with flowers grown on land and in water.

After the flower-bearing showers, they made the area fragrant by burning incense. The fragrance filled the entire area. Due to this extremely pleasant fragrance, the area became like a vase full of fragrance. It became fit for welcome of the gods. Thereafter, the flower-bearing clouds were removed.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आभियोगिक देवों का वापस आगमन

१८. जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छंति, तेणेव उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो जाव वंदित्ता नमंसित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियाओ अंबसालवणाओ चेइयाओ पडिनिक्खमंति, पडिनिक्खमित्ता ताए उक्किट्ठाए जाव वीइवयमाणा वीइवयमाणा जेणेव सोहम्मे कप्पे जेणेव सूरियाभे विमाणे जेणेव सभा सुहम्मा जेणेव सूरियाभे देवे तेणेव उवागच्छंति। सूरियाभं देवं करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु जएणं विजएणं वद्धावेंति वद्धावेत्ता तमाणत्तियं पच्चप्पिणंति।

१८. तत्पश्चात् वे देव श्रमण भगवान महावीर के पास आये। श्रमण भगवान महावीर को तीन बार वदन-नमस्कार करके श्रमण भगवान महावीर के पास से, आम्रशालवन चैत्य से निकले। निकलकर उत्कृष्ट गति से चलते-चलते जहाँ सौधर्म स्वर्ग था, जहाँ सूर्याभ विमान था, जहाँ सुधर्मा सभा थी और उसमे भी जहाँ सूर्याभदेव था, वहाँ आये। सूर्याभदेव के सामने दोनों हाथ जोड आवर्त्तपूर्वक मस्तक पर अजलि करके जय-विजय घोष से बधाया, बधाकर आज्ञापालन की सूचना दी।

RETURN OF ABHIYOGIC GODS AFTER COMPLIANCE

18. After this, the said gods came to Shraman Bhagavan Mahavir, honoured him and greeted him three times. Then they came out from Aamrashalvan Chaitya. Then at a tremendous speed, they came to Saudharm heaven. Thereafter, they came to the place where Suryabh Dev was present in Saudharm assembly of Suryabh Viman. They clasped their hands, bowed to him, honoured him and informed him that his orders have been executed in letter and spirit.

सूर्याभदेव की उद्घोषणा एवं आदेश

१९. तए णं सूरियाभे देवे तेसिं आभियोगियाणं देवाणं अंतिए एयमट्ठं सोचा निसम्म हट्ठतुट्ठ जाव हियए पायत्ताणियाहिवइं देवं सद्दावेति, सद्दावेत्ता एवं वयासी-

खिप्पामेव भो ! देवाणुप्पिया ! सूरियाभे विमाणे सभाए सुहम्माए मेघोघ-रसिय-गंभीर-महुर-सद्दं जोयणपरिमंडलं सूसरं घंटं तिक्खुत्तो उल्लालेमाणे महया महया सद्देणं उग्घोसेमाणे उग्घोसेमाणे एवं वयाहि-

आणवेति णं भो ! सूरियाभे देवे, गच्छति णं भो ! सूरियाभे देवे जंबुद्दीवे दीवे भारहेवासे आमलकप्पाए णयरीए अंबसालवणे चेइए समणं भगवं महावीरं अभिवंदए,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तुब्भेऽवि णं भो ! देवाणुप्पिया ! सव्विड्ढीए जाव नाइत-रवेण णियग-परिवालसद्धिं संपरिवुडा साइं साइं जाणविमाणाइं दुरूढा समाणा अकालपरिहीणा चेव सूरियाभस्स देवस्स अंतिए पाउब्भवह।

१९. आभियोगिक देवों द्वारा कार्य संपूर्ति की सूचना पाकर सूर्याभदेव ने हर्षित, सन्तुष्ट हर्षातिरेक से प्रफुल्ल-हृदय हो पदाति अनीकाधिपति-स्थल-सेनापति को बुलाया और बुलाकर कहा-

"हे देवानुप्रिय ! तुम शीघ्र ही सूर्याभ विमान की सुधर्मा सभा में स्थित मेघ गर्जना जैसी गम्भीर मधुर झंकार करने वाली एक योजन विस्तार वाली सुस्वर घटा को तीन बार बजा-बजाकर उच्च स्वर में उद्घोषणा करते हुए इस प्रकार कहो-

हे देवो और देवियो ! सुनो ! सूर्याभदेव आज्ञा देता है कि हे देवो ! जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में स्थित आमलकप्पा नगरी के आम्रशालवन चैत्य में विराजमान श्रमण भगवान महावीर की वदना करने के लिए सूर्याभदेव जा रहे है। इसलिए हे देवानुप्रियो ! आप लोग समस्त ऋद्धि के साथ यावत् समस्त दिव्य वाद्यों को ढोलक पटह (नगाडा) बजाते हुए अपने-अपने परिवार सहित अपने-अपने यान-विमानो में बैठकर अविलम्ब, समय नष्ट किये बिना सूर्याभदेव के समक्ष उपस्थित हो जाओ।"

DIRECTION AND PROCLAMATION OF SURYABH DEV

19. On hearing that Abhiyogic Devas have executed his orders, Suryabh Dev became happy and satisfied. He felt well-pleased. He then called the army chiefs and said—

"O the blessed ones ! You ring the dumble bell lying in Saudharma assembly of Suryabh Viman that emits upto one yojan a serene sweet thunder like sound. You ring the bell three times and then proclaim loudly as under—

O gods and goddesses ! It is the order of Suryabh Dev that O gods ! Suryabh Dev is going to Aamrashalvan Chaitya in Aamal-kappa city of Bharat area in Jambu Dveep, where Shraman Bhagavan Mahavir is present, in order to honour and greet him and bow to him. So, O the blessed ones ! You all along with your entire grandeur, playing all musical instruments including drums and with your entire family present yourself in your respective Vimans before Suryabh Dev without any further delay and without losing any time."

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२०. तए णं से पायत्ताणियाहिवइ देवे सूरियाभेणं देवेणं एवं वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठ जाव हियए एवं देवा ! तहत्ति आणाए विणएणं वयणं पडिसुणेइ पडिसुणित्ता जेणेव सूरियाभे विमाणे जेणेव सभा सुहम्मा, जेणेव मेघोघ-रसियगंभीर-महुरसद्धा जोयणपरिमंडला सुस्सरा घंटा तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता तं मेघोघरसित-गंभीर-महुरसद्दाए-जोयणपरिमंडलाए सुस्सराए घंटाए तिक्खुत्तो उल्लालेइ।

तए णं तीसे मेघोघ-रसित-गंभीर-महुरसद्दाए जोयणपरिमंडलाए सुस्सराए घंटाए तिक्खुत्तो उल्लालियाए समाणीए से सूरियाभे विमाणे पासायविमाणणिक्खुडावडिय-सद्दघंटापडिसुया-सयसहस्ससंकुले जाए याऽवि होत्था।

२०. तदनन्तर सूर्याभदेव की आज्ञा पाकर वह स्थल-सेनाधिपति देव हृष्ट-तुष्ट यावत् प्रसन्न हृदय हुआ और-"हे देव ! ऐसा ही होगा।" कहकर विनयपूर्वक आज्ञावचनों को स्वीकार किया। फिर सूर्याभ विमान मे जहाँ सुधर्मा सभा थी और उसमें भी जहाँ मेघगर्जनावत् गम्भीर मधुर ध्वनि करने वाली एक योजन विस्तार वाली गोल सुस्वर घटा थी, वहाँ आया। आकर मेघगर्जना के समान गम्भीर और मधुर ध्वनि करने वाली उस सुस्वर घंटा को तीन बार बजाया।

तब वह गम्भीर मधुर ध्वनि करने वाला सुस्वर घंटा तीन बार बजाये जाने पर उसकी ध्वनि से सूर्याभ विमान के प्रासादविमानों का कोना-कोना लाखों प्रतिध्वनियो से गूँज उठा।

20. After hearing the orders of Suryabh Dev, the commanding god of land forces felt pleased and assuring his master that "The work shall be done accordingly", he accepted his orders humbly. He then came to the place in Suryabh Viman where there was the dumble bell whose serene sweet sound could reach upto one yojan. He then rang that bell thrice.

At the ringing of the dumble bell thrice, every corner of the palace-like abodes was filled with its echo.

२१. तए णं तेसिं सूरियाभ-विमाणवासीणं बहूणं वेमाणियाणं देवाण य देवीण य एगंतरइ-पसत्त-निच्चप्पमत्ता-विसयसुह-मुच्छियाणं सुस्सरघंटारव-विउलबोल-तुरिय-चवल-पडिबोहणे कए समाणे घोसण-कोउहल-दिन्नकन्न-एगग्गचित्त-उवउत्तमाणसाणं से पायत्ताणीयाहिवई देवे तंसि घंटारवंसि णिसंतपसंतंसि महया महया सद्देणं उग्घोसेमाणे उग्घोसेमाणे एवं वयासी-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हंद ! सुणंतु भवंतो सूरियाभविमाणवासिणो बहवे वेमाणिया देवा य देवीओ य सूरियाभ–विमाणवइणो वयणं हियसुहत्थं–

आणवेइ णं भो ! सूरियाभे देवे, गच्छइ णं भो ! सूरियाभे देवे जंबुद्दीवं दीवं भारहं वासं आमलकप्पं नगरिं अंबसालवणं चेइयं समणं भगवं महावीरं अभिवंदए। तं तुब्भेऽवि णं देवाणुप्पिया ! सव्विड्ढीए अकालपरिहीणा चेव सूरियाभस्स देवस्स अंतियं पाउब्भवह।

२१. तब वे सूर्याभ विमानवासी बहुत से वैमानिक देव और देवियाँ, जो एकान्त रति क्रीड़ा में लीन थे, सदा प्रमत्त और विषय-सुख में मूर्च्छित रहते थे, उन्होंने सुस्वर घंटारव सुना तो तुरन्त सावधान हो गये, कान और मन को केन्द्रित करके घंटारव को सुनने में दत्तचित्त हो गये। तब घंटारव के विषय मे उत्पन्न कुतूहल को शान्त करने के लिए, घंटा की गूँज एकदम शान्त हो जाने पर उस पदातिसेना के अधिपति देव ने जोर-जोर से उद्घोषणा करते हुए इस प्रकार कहा–

"आप सभी सूर्याभ विमानवासी वैमानिक देव और देवियॉ सूर्याभ विमानाधिपति की इस हितकारी सुखप्रद घोषणा को प्रसन्न होकर सुनिए–

हे देवानुप्रियो ! सूर्याभदेव ने आप सबको आज्ञा दी है कि सूर्याभदेव जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में स्थित आमलकप्पा नगरी के आम्रशालवन चैत्य में विराजमान श्रमण भगवान महावीर की वन्दना करने के लिए जा रहे हैं। इसलिए हे देवानुप्रियो ! आप सभी अपनी समस्त ऋद्धि से सुसज्जित होकर अविलम्ब सूर्याभदेव के समक्ष उपस्थित हो जायें।"

21. Then many gods and goddesses who were residing in Suryabh Viman (abode) and who were engrossed in amorous pleasures and were completely absorbed in sensual enjoyment, heard the sound of the dumble-bell. They at once became alert and attentively listened to the sound of the bell. Then, in order to cool down the curiosity caused by that sound, when the said sound died down, the god controlling the army proclaimed in a loud voice as under—

"All the gods and goddesses of Suryabh abode (Viman) should discretely listen to the message of Suryabh Dev which is beneficial and pleasent. He then said—

O the blessed ! Suryabh Dev has ordered you all that he is going to Aamrashalvan Chaitya in Aamal-kappa city located in Bharat area of Jambu Dveep in order to show his respect and bow to

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Bhagavan Mahavir who is present there so, all of you, should properly dress up and present yourself before Suryabh Dev along with your entire grandeur."

घोषणा की प्रतिक्रिया

२२. तए णं ते सूरियाभविमाणवासिणो बहवे वेमाणिया देवा देवीओ य पायत्ताणियाहिवइस्स देवस्स अंतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म हट्ठतुट्ठ जाव हियया।

अप्पेगइया वंदणवत्तियाए, अप्पेगइया पूयणवत्तियाए, अप्पेगइया सक्कारवत्तियाए, अप्पेगइया संमाणवत्तियाए, अप्पेगइया कोऊहल-जिणभत्तिरागेणं, अप्पेगइया सूरियाभस्स देवस्स वयणमणुयत्तेमाणा, अप्पेगइया अस्सुयाइं सुणेस्सामो, अप्पेगइया सुयाइं निस्संकियाइं करिस्सामो, अप्पेगतिया अन्नमन्नमणुयत्तमाणा, अप्पेगइया जिणभत्ति-रागेणं, अप्पेगइया 'धम्मो' त्ति, अप्पेगइया 'जीयमेयं' ति कट्टु सव्विड्ढीए जाव अकालपरिहीणा चेव सूरियाभस्स देवस्स अंतियं पाउब्भवंति।

२२. इसके पश्चात् स्थल-सेनाधिपति देव की इस घोषणा (सूर्याभदेव की आज्ञा) को सुनकर सूर्याभ विमानवासी सभी वैमानिक देव और देवियाँ हर्षित, सन्तुष्ट यावत् प्रफुल्ल हृदय हो गये।

कितने ही देव भगवान की वन्दना करने के विचार से, कितने ही पर्युपासना करने की आकांक्षा से, कितने ही सत्कार करने की भावना से, कितने ही सम्मान करने की इच्छा से, कितने ही जिनेन्द्र भगवान के प्रति कुतूहलजनित भक्ति-अनुराग से, कितने ही सूर्याभदेव की आज्ञापालन करने के लिए, कितने ही अश्रुतपूर्व (जो पहले नही सुना) वह सुनने की उत्सुकता लिए, कितने ही सुने हुए अर्थविषयक शंकाओं का समाधान करके निःशक होने के अभिप्राय से, कितने ही एक-दूसरे का अनुसरण करते हुए, कितने ही जिनभक्ति के अनुराग से, कितने ही अपना धर्म (कर्त्तव्य) मानकर और कितने ही अपना परम्परागत आचार-व्यवहार समझकर सर्व ऋद्धि के साथ यावत् बिना किसी विलम्ब के तत्काल सूर्याभदेव के समक्ष उपस्थित हो गये।

RESPONSE TO THE PROCLAMATION

22. At the proclamation of the chief of land forces of gods, the heavenly gods and goddesses residing in Suryabh Viman felt overjoyed and well pleased to the very core of their heart.

Many gods came there to greet the Lord, some came to serve him, some came to honour him, some came to respect him, some

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

came out of curiosity, some came to obey the command of Suryabh Dev, some came to listen to his spiritual discourse that had not been heard earlier, some came to seek clarifications relating to spiritual discourses heard by them earlier, some came just to follow others, some came as a matter of faith in the Jina, some came as a mark of religious duty, some came considering it to be a family tradition. Then they all presented themselves before Suryabh Dev with their full grandeur immediately and without any undue delay.

विमान-निर्माण का आदेश

२३. तए णं से सूरियाभे देवे ते सूरियाभविमाणवासिणो बहवे वेमाणिया देवा य देवीओ य अकालपरिहीणा चेव अंतियं पाउब्भवमाणे पासति, पासित्ता हट्ठतुट्ठ जाव हियए आभिओगियं देवं सद्दावेति, सद्दावित्ता एवं वयासी-

खिप्पामेव भो ! देवाणुप्पिया ! अणेगखंभसयसंनिविट्ठं लीलट्ठियसालभंजियागं, ईहामिय-उसभ-तुरग-नर-मगर-विहग-वालग-किंनर-रुरु-सरभ-चमर-कुञ्जर-वणलय-पउमलय-भत्तिचित्तं खंभुग्गय-वइरवेइयापरिगयाभिरामं विज्जाहर-जमल-जुयलजंतजुत्तं पिव अच्चीसहस्समालणीयं रूवगसहस्सकलियं भिसमाणं भिब्भिसमाणं चक्खुल्लोयणलेसं सुहफासं सस्सिरीयरूवं घंटावलिचलियमहुरमणहरसरं सुहं कंतं दरिसणिज्जं णिउण-उचियभिसिभिसिंतमणिरयण-घण्टियाजालपरिक्खित्तं जोयणसयसहस्सवित्थिण्णं दिव्वं गमणसज्जं सिग्घगमणं णाम जाणविमाणं विउव्वाहि, खिप्पामेव एयमाणत्तियं पच्चप्पिणाहि।

२३. तत्पश्चात् सूर्याभदेव ने उन सभी सूर्याभ विमानवासी देवों और देवियों को शीघ्र अपने सामने उपस्थित देखकर हृष्ट-तुष्ट प्रफुल्ल हृदय हो, अपने आभियोगिक देव को बुलाया और बुलाकर इस प्रकार कहा-

"हे देवानुप्रिय ! तुम शीघ्र ही एक लाख योजन विस्तार वाला, सैकड़ों स्तम्भों वाला एक विशाल यान तैयार करो, जिसमें स्थान-स्थान पर हावभाव-विलास लीलायुक्त अनेक पुतलियाँ बनी हों। ईहामृग, वृषभ, तुरग, नर, मगर, विहग (पक्षी), सर्प, किन्नर, रुरु (बारहसिगा), सरभ (अष्टापद), चमरी गाय, हाथी, वनलता, पद्मलता आदि के चित्र अंकित हो। जो स्तम्भो पर बनी वज्र रत्नों की वेदिका से युक्त होने के कारण रमणीय दिखलाई दें। जिसमे बने हुए विद्याधरों के युगल यंत्रचालित-जैसे दिखाई देते हो। अपनी हजारों किरणों से जगमगाहट करते, हजारों रूपकों-चित्रों से युक्त होने से जो देदीप्यमान प्रतीत हो। दर्शकों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के नयनों को आकर्षित करने वाला हो। जिसका स्पर्श सुखप्रद और रूप शोभा-सम्पन्न हो। हिलने-डुलने पर जिसमे लगी हुई घंटावलि से मधुर और मनोहर शब्द-ध्वनि हो रही हो। जो वास्तुकला से युक्त होने के कारण शुभ, कान्त-कमनीय और दर्शनीय लगता हो। निपुण शिल्पियों द्वारा निर्मित, देदीप्यमान चमचमाती मणियों और रत्नों की मालाओ से व्याप्त हो, दिव्य तीव्र गति से चलने की शक्ति-सामर्थ्य-सम्पन्न हो। जो एक लाख योजन विस्तार वाला हो। इस प्रकार के यान-विमान की विकुर्वणा-रचना करके मुझे शीघ्र ही सूचित करो।"

[यह वर्णन विमान-निर्माण की एक परम्परागत विशिष्ट शैली का सूचक है। जहॉ-जहॉ भी विमान का वर्णन आता है, इसका अनुसरण किया जाता है-संपादक]

ORDERS FOR SETTING UP VIMAN

23. After seeing the resident gods and goddesses before him, Suryabh Dev felt satisfied and pleased. He then called the Abhiyogic gods and ordered as under—

"O the blessed ! You prepare immediately a spacious plane of one Lakh yojans and having hundreds of pillars. It should have dancing dolls at various points. It should be studded with pictures of iha deer, bullock, turag, man, crocodile, bird, snake, kinnar, ruru, sarabh, chamri cow, elephant, forest creeper, lotus creeper and others. It should look grand due to jewel-studded family at the pillars. The machines of Vidyadhars carved on them should appear to be in motion. It should look glamorous as thousands of rays would be emitting from it and because it is embossed with thousands of pictures and paintings. It should be attractive to the eye. Its touch should be pleasant and its appearance should be magnificent. At their movement, sweet and pleasant sound should come out from the chain of bells studded on it As it is according to the architectural design, it should be good beautiful, grand and worth seeing. It should be built by expert workers and should have shining rosaries of bright pearls and jewels. It (the Viman) should possess capability of movement at a tremendous speed. It should have a spread of one Lakh yojans. After preparing such a Viman, inform me immediately."

[This account indicates the tradition of preparing such a Viman-editing.]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२४. तए णं से आभिओगिए देवे सूरियाभेणं देवेणं एवं वुत्ते समाणे हट्ठ जाव हियए करयल-परिग्गहियं जाव पडिसुणेइ जाव पडिसुणेत्ता उत्तरपुरत्थिमं दिसीभागं अवक्कमति, अवक्कमित्ता वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणइ, समोहणित्ता संखेज्जाइं जोयणाइं जाव अहाबायरे पोग्गले परिसाडति परिसाडित्ता अहासुहुमे पोग्गले परियाएइ परियाइत्ता दोच्चं पि वेउव्विय समुग्घाएणं समोहणित्ता अणेगखंभसयसन्निविट्ठं जाव दिव्वं जाणविमाणं विउव्विउं पवत्ते यावि होत्था।

२४. तत्पश्चात् उस आभियोगिक देव ने सूर्याभदेव के आदेश को सुनकर हर्ष और प्रसन्नता प्रकट की। प्रफुल्ल हृदय हो दोनों हाथ जोड आज्ञा को स्वीकार करके उत्तर-पूर्व दिशा में आया। वहाँ आकर वैक्रिय समुद्घात किया और समुद्घात करके संख्यात योजन विस्तार वाला ऊपर-नीचे लम्बा दण्ड बनाया यावत् स्थूल बादर (असार) पुद्गलों को अलग हटाकर सारभूत सूक्ष्म पुद्गलो को ग्रहण किया, ग्रहण करके दूसरी बार पुनः वैक्रिय समुद्घात करके अनेक सैकडों स्तम्भों पर सन्निविष्ट आधारित दिव्य यान-विमान की विकुर्वणा करने मे प्रवृत्त हो गया।

24. After hearing the orders of Suryabh Dev, the Abhiyogic Dev felt happy. He then clasped his hands indicating that he had accepted the orders in a pleasant manner. He then went in north-east direction. He then performed fluid Samudghat and thus created a rod numerous yojans wide and very long. He then separated gross undesirable atoms and replaced them with subtle useful atoms. Thereafter he did fluid Samudghat again and engaged himself in preparing exquisite Viman standing on hundreds of pillars.

अद्भुत विमान रचना (सोपान रचना)

२५. तए णं से आभिओगिए देवे तस्स दिव्वस्स जाणविमाणस्स तिदिसिं तिसोवाणपडिरूवए विउव्वति, तं जहा-पुरत्थिमेणं, दाहिणेणं, उत्तरेणं, तेसिं तिसोवाणपडिरूवगाणं इमे एयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा-

वइरामया णिम्मा, रिट्ठामय पतिट्ठाणा, वेरुलियामया खंभा, सुवण्ण-रुप्पमया फलगा, लोहितक्खमइयाओ सूईओ, वयरामया संधी, णाणामणिमया अवलंबणा, अवलंबणबाहाओ य, पासादीया जाव पडिरूवा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२५. इसके पश्चात् आभियोगिक देवो ने सर्वप्रथम उस दिव्य यान-विमान की तीन दिशाओं-पूर्व, दक्षिण और उत्तर मे विशिष्ट शोभा-संपन्न तीन सोपानों-(सीढियों) की रचना की। वे रूपशोभा-सम्पन्न सोपान पंक्तियॉ इस प्रकार की थीं-

"इनकी नेम (नींव अथवा भूमि से ऊपर निकला प्रदेश, वेदिका) वज्र रत्नों से बनी हुई थी। इनके प्रतिष्ठान (पगथिया) रिष्ट रत्नमय और स्तम्भ सोने-चाँदी के बने थे। इनमें लोहिताक्ष रत्नमयी सूचियॉ-कीलें लगी थीं। वज्र रत्नों से इनकी संधियॉ (साँधें) भरी हुई थीं। चढ़ने-उतरने में अवलम्बन के लिए अनेक प्रकार के मणिरत्नों से बनी इनकी अवलम्बनवाहा-कठहरा (रेलिंग) थीं तथा ये सोपान पंक्तियाँ मन को प्रसन्न करने वाली यावत् असाधारण सुन्दर थीं।"

CREATION OF VIMAN (AERIAL VEHICLE)

25. Thereafter, the Abhiyogic gods, first of all constructed three beautiful stairs of the Viman in the east, the south and the north. Those stair-cases were magnificent and their detailed description is as under—

"Their foundation was of hard jewels. Their steps were of Risht jewels and the pillars were of silver and gold. They were fixed with nails of Lohitaksh jewels. The joints were filled with Vajra jewels. The railing to assist in going up or coming down was of Pearls. Thus these steps were very pleasant and unique."

२६. तेसि णं तिसोवाणपडिरूवगाणं पुरओ पत्तेयं पत्तेयं तोरणं पण्णत्तं, तेसि णं तोरणाणं इमे एयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा-

तोरणा णाणामणिमया णाणामणिमएसु थंभेसु उवनिविट्ठसंनिविट्ठा विविह-मुत्तन्तरारूवोवचिया विविह-तारारूवोवचिया जाव पासाइया दरिसणिज्जा, अभिरूवा पडिरूवा।

२६. इन दर्शनीय मनमोहक प्रत्येक त्रिसोपान-पक्तियों के आगे तोरण बॅधे हुए थे। उन तोरणों का वर्णन इस प्रकार है-

"वे तोरण अनेक प्रकार की मणियों से बने हुए थे। विविध प्रकार के मणिमय स्तम्भों के ऊपर भलीभाँति निश्चल रूप से बॉधे गये थे कि वे हिल न सकें, निश्चल थे। विविध प्रकार के मोतियो से और सलमा सितारों आदि से भॉति-भॉति के तारा-रूपकों, बेल-बूटों से शोभित हो रहे थे। अतीव मनोहर लगते थे।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

26. There were festoons in front of the said three worth-seeing stair-cases. The said festoons have been described as under—

"Those festoons were studded with gems of various types. They were tightly tied directly on jewelled pillars of several types so that they may not move. They were fixed. They were decorated with different types of pearls, stars and suchlike embroidery. They were looking very attractive."

२७. तेसि णं तोरणाणं उप्पिं अट्ठट्ठ मंगलगा पण्णत्ता, तं जहा–सोत्थय–सिरिवच्छ–नन्दियावत्त–वद्धमाणग–भद्दासण–कलस–मच्छ–दप्पणा जाव पडिरूवा।

२७. उन तोरणों के ऊपर ये अष्ट मगल बने हुए थे। जैसे–(१) स्वस्तिक, (२) श्रीवत्स, (३) नन्दिकावर्त, (४) वर्द्धमानक, (५) भद्रासन, (६) कलश, (७) मत्स्ययुगल, और (८) दर्पण। ये सब दर्शनीय, अभिरूप और प्रतिरूप थे।

27. Eight auspicious symbols on those festoons were as under—(1) Swastik, (2) Shrivats, (3) Nandikavart, (4) Vardhmanak, (5) Bhadrasan (beautiful piece of cloth used for sitting), (6) Kalash (pitcher), (7) Matsya-yugal (pair of fish), and (8) Darpan (mirror). All these were beautiful and worth-seeing.

२८. तेसिं च णं तोरणाणं उप्पिं बहवे किण्ह–चामरज्झया जाव सुक्किल्लचामरज्झया अच्छे जाव पडिरूवे विउव्वइ।

२८. उन तोरणों के ऊपर स्वच्छ, निर्मल, सलौनी, रजतमय पट्ट से शोभित वज्र निर्मित डडियों वाली, कमलों जैसी सुरभिगंध से सुगंधित, रमणीय, आह्लादकारी, दर्शनीय मनोहर बहुत-सी कृष्ण चामर ध्वजाएँ यावत् श्वेत चामर ध्वजाएँ लटकाई हुई थीं।

28. On the said festoons many broom like flags of black and other different colours including white colour were hanging. They were decorated with pure, clean, beautiful, silvery cloth. They were having attractive strong Vajra like stalks. They were emitting lotus like fragrance. They were grand, heart-pleasing and attractive to the eye.

२९. तेसिं णं तोरणाणं उप्पिं बहवे छत्ताइछत्ते, पडागाइपडागे, घंटाजुगले, उप्पलहत्थए, कुमुद–णलिण–सुभग–सोगंधिय–पोंडरीय–महापोंडरीय–सतपत्त–सहस्सपत्तहत्थए, सव्वरयणामए अच्छे जाव पडिरूवे विउव्वइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२९. उन तोरणो के ऊपर निर्मल यावत् अत्यन्त शोभनीय रत्नों से बने हुए अनेक छत्रातिछत्रो (छत्र के ऊपर दूसरा छत्र), पताका पर पताकाएँ, घंटायुगल, श्वेतकमल कुमुद, नलिन, सुभग, सौगन्धिक, पुंडरीक, महापुंडरीक, शतपत्र, सहस्रपत्र कमलों के झुमके लटकाये गये थे।

29. Up above the festoons, there were clean umbrellas one above the other, flags one above the other, bells, white lotus including kumud, nalin, subhag, saugandhik, white lotus, the giganitic white lotus, the lotus having hundred leaves, the lotus having a thousand leaves. They were made of extremely attractive gems.

विमान का अन्तर भाग

३०. तए णं से आभिओगिए देवे तस्स दिव्वस्स जाणविमाणस्स अंतो बहुसमरमणिज्जं भूमिभागं विउव्वइ। से जहाणामए आलिंगपुक्खरे इ वा, मुइंगपुक्खरे इ वा, परिपुण्णे सरतले इ वा, करतले इ वा, चंदमंडले इ वा, सूरमंडले इ वा, आयंसमंडले इ वा, उरब्भचम्मे इ वा, वसहचम्मे इ वा, वराहचम्मे इ वा, वग्घचम्मे इ वा, छगलचम्मे इ वा, दीवियचम्मे इ वा, अणेगसंकुकीलगसहस्सवितते।

णाणाविह पंचवन्नेहिं मणीहिं उवसोभिए आवड-पच्चावड-सेढि-पसेढि-सोत्थिय-सोवत्थिय-पूसमाणव-वद्धमाणग-मच्छंडग-मगरंडग-जार-मार-फुल्लावलि-पउमपत्त-सागर-तरंग-वसंतलय-पउमलय-भत्तिचित्तेहिं सच्छाएहिं सप्पभेहिं समरीइएहिं सउज्जोएहिं णाणाविह-पंचवण्णेहिं मणीहिं उवसोभिए तं जहा-किण्हेहिं णीलेहिं लोहिएहिं हालिद्देहिं सुक्किलेहिं।

३०. सोपानो आदि की बाह्य रचना करने के पश्चात् उस आभियोगिक देव ने उस दिव्य यान-विमान के अन्दर एकदम समतल रमणीय भूमिभाग-स्थान की रचना की। वह भूभाग ऐसा समतल और रमणीय था, जैसे-आलिंगपुष्कर (मुरज या किले का बुरज) के ऊपर का भाग हो अथवा मृदंग-पुष्कर (मृदग के ऊपर का भाग) हो, पूर्ण रूप से भरे हुए सरोवर के ऊपर का भाग हो अथवा हथेली का भाग हो, चन्द्रमडल, सूर्यमंडल, दर्पणमंडल के ऊपर का अथवा शकु (छोटे कील-स्माल नेल्स) को ठोक और खींचकर चारों ओर से सम किये गये भेड के, बैल के, सूअर के, सिंह के, बाघ के, बकरी के और भेडिये के चमड़े का ऊपरी भाग हो (ऐसा समतल था)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उस सम भूमिभाग मे काली, नीली, लाल, पीली और श्वेत वर्ण की जो मणियाँ जडी हुई थीं उनमें से कितनी ही आवर्त-(चक्राकार) प्रत्यावर्त्त वाली, श्रेणि-प्रश्रेणि (सीधी पक्तियों जैसी) वाली, स्वस्तिक जैसी, पुष्यमाणव, शरावसंपुट, मछली व मकर के अंडे जैसी आकृति-सी मालूम पडती थी और उनमें कितनी ही मणियों मे पुष्पलताओं, कमल-पत्रों, समुद्र-तरंगों, वसंतलताओं, पद्मलताओं आदि के चित्र बने हुए थे तथा वे सभी मणियाँ निर्मल, चमकदार किरणों वाली उद्योत (शीतल प्रभा) और प्रकाश-तेज प्रभायुक्त थीं।

INNER AREA OF THE VIMAN (AERIAL VEHICLE)

30. After constructing the external part namely stairs etc., the Abhiyogic god, prepared a completely levelled beautiful floor in the Viman. That area was made so much levelled and beautiful that it looked like canopy of a fort, the upper surface of a pond completely filled with water, the surface of palm of a hand, the surface of the moon, the sun, a mirror. Further it was levelled like sheep-skin, ox-skin, pig-skin, lion-skin, wolf-skin, goat-skin tightly tied with small nails at all the four corners.

That levelled ground was studded with black, blue, red, yellow and white jewels. Many of them were circular, straight, swastik-shaped or having special characteristics of jewels such as pushya-manav, sharaav-samput, fish-egged, crocodile-egged in shape. Many of those jewels were bearing designs of flowering creepers, lotus-leaves, ocean waves, spring creepers, lotus creepers. All the said jewels had pure, pleasant cool shine and grand light.

मणियों का वर्णन (कृष्ण वर्ण मणियाँ)

३१. तत्थ णं जे ते किण्हा मणी तेसिं णं मणीणं इमे एआरूवे वण्णावासे पण्णत्ते-

से जहा नामए-जीमूतए इ वा, खंजणे इ वा, अंजणे इ वा, कज्जले इ वा, मसी इ वा, मसीगुलिया इ वा, गवले इ वा, गवलगुलिया इ वा, भमरे इ वा, भमरावलिया इ वा, भमरपतंगसारे ति वा, जंबूफले ति वा, अद्दारिट्ठे इ वा, परपुट्ठे इ वा, गए इ वा, गयकलभे इ वा, किण्हसप्पे इ वा, किण्हकेसरे इ वा, आगासथिग्गले इ वा, किण्हासोए इ वा, किण्हकणवीरे इ वा, किण्हबंधुजीवे इ वा, एयारूवे सिया ?

३१. उनमें जो काले रंग की मणियाँ थी उनका रग इस प्रकार का था-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैसे कि काली मेघ घटाएँ हों, अंजन हो, खजन--(गाडी के पहियों पर लगा काला चिकना मैल) हो, काजल हो, भैंसे का सींग हो, भैंस के सींग से बनाई गई गोली हो, भ्रमर हो, भ्रमरपंक्ति हो, भ्रमरपंख का सार भाग हो, जामुन का फल हो, कौए का बच्चा हो, कोयल हो, हाथी हो, हाथी का बच्चा हो, काला साँप हो, काला बकुल वृक्ष हो, शरद ऋतु का मेघ हो, काला अशोक वृक्ष हो, काली कनेर हो, काला बंधुजीवक (गुल दुपहरिया का फूल) हो, इस प्रकार उन काली मणियों का रंग था। क्या वे काली मणियाँ यथार्थ में ऐसे ही वर्ण की थीं ?

DESCRIPTION OF THE JEWELS (THE BLACK COLOUR JEWELS)

31. The colour of black jewels was as follows—

Consider dark clouds, the sticky black dirt at the wheels of a cart, the collyrium, the horns of a he-buffalo, a pill made from the horn of a buffalo, a bumble-bee, a chain of bees, the feather of a bee, jamun fruit, off-spring of a crow, a nightingale, an elephant, off-spring of an elephant, a black snake, a black bakul tree, a cloud of winter season, a black Ashok tree, a black kaner, a black bandhu-jeevak flower. Were the said black jewels in reality so black ?

३२. णो इणट्ठे समट्ठे, ओवम्मं समणाउसो ! ते णं किण्हा मणी इत्तो इट्ठतराए चेव, कंततराए चेव, मणुण्णतराए चेव, मणामतराए चेव वण्णेणं पण्णत्ता।

३२. हे आयुष्मान् श्रमणो ! ऐसा नहीं है। ये तो मात्र उपमाएँ हैं। वे मणियाँ तो इन उपमाओं से भी अधिक इष्टतर, कांततर, मनोहर और मनोरम कृष्ण वर्ण वाली थीं।

32. O the long-lived Shramans ! It is not so. These are only comparative illustrations. But the said jewels were more good-looking, more shining and were more attractive jewels of black colour than the abovementioned comparative examples.

नील वर्ण मणियाँ

३३. तत्थ णं जे ते नीला मणी तेसि णं मणीणं इमे एयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते–

से जहानामए–भिंगे इ वा, भिंगपत्ते इ वा, सुए इ वा, सुयपिच्छे इ वा, चासे इ वा, चासपिच्छे इ वा, णीली इ वा, णीलीभेदे इ वा, णीलीगुलिया इ वा, सामाए इ वा, उच्चन्तगे इ वा, वणराइ इ वा, हलधरवसणे इ वा, मोरग्गीवा इ वा, पारेवयग्गीवा इ वा, अयसिकुसुमे इ वा, बाणकुसुमे इ वा, अंजणकेसियाकुसुमे इ वा, नीलुप्पले इ वा, नीलासोगे इ वा, णीलकणवीरे इ वा, णीलबंधुजीवे इ वा, भवे एयारूवे सिया ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३३. उनमें जो नील वर्ण की मणियाँ थी, क्या उनका रंग इस प्रकार का था–

जैसे भृग (भँवरा) या भृग के पख का रंग हो, तोते, तोते के पंख , चातक अथवा चातक की पूँछ, नील या नील के अंदर का भाग हो, नील गुटिका, साँवा (धान्य), उच्चन्तक (दाँतों को नीला रगने का चूर्ण), वनराजि, बलदेव के पहनने के वस्त्र, मोर की गर्दन, कबूतर की गर्दन, अलसी के फूल, बाणपुष्प, अंजनकेशी के फूल, नीलकमल या अशोक का रंग हो, नीले कनेर का और नीले बंधुजीवक (नीला कीडा) का रंग होता है। क्या यह अर्थ उनका यथार्थ वर्णन करने में समर्थ है ?

THE BLUE COLOUR JEWELS

33. Is it a fact that the colour of blue jewels was—

Like that of a bee, the feather of a bee, a parrot, feather of parrot, chaas bird, chaas-tail, neel, the inner part of neel, blue box, blue plants, blue powder used for colouring teeth, vanarajee, the dress of Baldev, neck of pea-cock, neck of a pigeon, trussed flower, baan-flower, anjan-keshi flower, blue lotus, Ashok flower, blue kaner flower, blue bandhu-jeevak ants. Are these illustration proper in describing the colour of those jewels ?

३४. णो इणट्ठे समट्ठे, ते णं णीला मणी एत्तो इट्ठतराए चेव जाव वण्णेणं पण्णत्ता।

३४. नहीं, ऐसा नहीं है। वे नीली मणियाँ तो इन उपमा वाले पदार्थों से भी अधिक चमकदार यावत् अतीव मनोहर नील वर्ण वाली थी।

34. No. It is not true. The blue jewels were brighter, more beautiful and so on than the above articles in comparison.

रक्त वर्ण मणियाँ

३५. तत्थ णं जे ते लोहियगा मणी तेसि णं मणीणं इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते–

से जहाणामए सस–रुहिरे इ वा, उरब्भ–रुहिरे इ वा, वराह–रुहिरे इ वा, मणुस्स–रुहिरे इ वा, महिस–रुहिरे इ वा, बालिंदगोवे इ वा, बालदिवाकरे इ वा, संझब्भरागे इ वा, गुंजद्धरागे इ वा, जासुअणकुसुमे इ वा, किंसुयकुसुमे इ वा, पालियायकुसुमे इ वा, जाइहिंगुलए ति वा, सिलप्पवाले ति वा, पवालअंकुरे इ वा, लोहियक्खमणी इ वा, लक्खारसगे ति वा, किमिरागकंबले ति वा, चीणपिट्ठरासी ति वा, रत्तप्पले इ वा, रत्तासोगे ति वा, रत्तकणवीरे ति वा, रत्तबंधुजीवे ति वा, भवे एयारूवे सिया ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३५. इन मणियों में जो लाल वर्ण की मणियाँ थी उनका लाल वर्ण इस प्रकार था–

जैसा कि भेड के रक्त जैसी, खरगोश के खून जैसी, मनुष्य के रक्त जैसी, सूअर के रक्त जैसी, भैंस के रक्त जैसी, बाल इन्द्रगोप (लाल रंग का कीट–इन्द्र बहूटी) जैसी, उदय होते प्रभातकालीन सूर्य जैसी, संध्या के रक्त वर्ण जैसी, गुंजाफल के आधे भाग जैसी, जपा पुष्प जैसी, पलाश पुष्प जैसी, पारिजात पुष्प जैसी, जातिमान श्रेष्ठ हिंगुलुक जैसी, शिलाप्रवाल–मूँगे जैसी, प्रवाल अंकुर जैसी, लोहिताक्ष मणि जैसी, लाख के रस जैसी, कृमि के रंग से रंगे कंबल जैसी, चीण (सिन्दूर अथवा लाल रंग का धान्य) के आटे के ढेर जैसी, रक्तकमल जैसी, लाल अशोक वृक्ष जैसी, रक्त कनेर जैसी, रक्त बंधुजीवक (वर्षा ऋतु में पैदा होने वाला लाल रंग का कीट) जैसी ? क्या वे लाल मणियाँ पूर्वोक्त पदार्थों के रंग जैसी लाल थीं ?

THE RED COLOUR JEWELS

35. In case of the red jewels among them, the red colour was such as that of the following—

Consider the blood of sheep, the blood of a hare, the blood of a human-being, the blood of a pig, the blood of a buffalo, the blood of red insect, the colour of rising sun, the red colour of the setting sun in the evening, part of a gunja-fruit, the colour of japa flower, palaash flower, parijaat flower, vermillion, ruby, lohitaksh gem, lacquer syrup, a blanket turned red with kirmachi colour, the heap of red coloured corn, red lotus, red Ashok tree, red kaner, the red coloured insect appearing in rainy season (bandhu-jeevak). Were those jewels, as red as the said examples ?

३६. णो इणट्ठे समट्ठे, ते णं लोहिया मणी इत्तो इट्ठतराए चेव जाव वण्णेणं पण्णत्ता।

३६. हे आयुष्मान् श्रमणो ! यह अर्थ उन मणियों की लालिमा का वर्णन करने में समर्थ नहीं है। वे रक्त मणियाँ तो इनसे भी इष्टतर यावत् मनोहर लाल वर्ण वाली थीं।

36. O the blessed ! This comparison does not justify their redness. The said red jewels were more attractive and (upto) more beautiful in their redness than the above mentioned illustrations.

पीत वर्ण मणियाँ

३७. तत्थ णं जे ते हालिद्दा मणी तेसि णं मणीणं इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते–

से जहाणामए चंपए ति वा, चंपछल्ली ति वा, चंपगभेए इ वा, हलिद्दा इ वा, हलिद्दाभेदे ति वा, हलिद्दागुलिया ति वा, हरियालिया ति वा, हरियालभेदे ति वा, हरियालगुलिया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ति वा, चिउरे इ वा, चिउरंगराए ति वा, वरकणगनिघसे इ वा, वरपुरिसवसणे इ वा, अल्लकीकुसुमे इ वा, चंपाकुसुमे इ वा, कुहंडियाकुसुमे इ वा, कोरंटकमल्लदामे इ वा, तडवडाकुसुमे इ वा, घोसेडियाकुसुमे इ वा, सुवण्णजूहियाकुसुमे इ वा, सुहिरण्णकुसुमे इ वा, बीययकुसुमे इ वा, पीयासोगे इ वा, पीयकणवीरे इ वा, पीयबंधुजीवे इ वा, भवे एयारूवे सिया ?

३७. इन मणियों में जो पीली मणि थीं क्या उसका वर्ण इस प्रकार का था–

जैसा कि चम्पा का, चम्पा की छाल का, चम्पा वृक्ष के भीतरी भाग का, हल्दी का, हल्दी के अन्दर के भाग का, हल्दी की गोली का, हरताल का, हरताल के भीतरी भाग का, हरतालगुटिका का, चिकुर (गंध द्रव्य) का, चिकुर के रग का, उत्तम शुद्ध स्वर्ण का, उत्तम स्वर्ण की रेखा का (सुनहली घास का), वासुदेव के वस्त्रों का, अल्लकी (वृक्ष) पुष्प का, चम्पा पुष्प का, कद्दू के फूल का, ऑवले के फूल का, घोषातिकी पुष्प (तोरई के फूल) का, सुनहली जूही के फूल का, पीत अशोक वृक्ष का, पीली कनेर का, पीले बंधुजीवक का होता है ? क्या वे पीली मणियॉ पूर्वोक्त पदार्थों के पीले रग जैसी पीत वर्ण की थी ?

THE YELLOW COLOUR JEWELS

37. Is it a fact that the colour of yellow jewels was as under—

Champa plant, the skin of champa, the inner part of champa tree, turmeric, the inner part of turmeric, turmeric pill, yellow orpiment, the inner part of yellow orpiment, orpiment pill, chikur substance, the colour of chikur, purified gold, golden grass, the dress of Vasudev, flowers of allaki vegetation, champa flowers, flowers of gourd plant, flowers of citrus plant, flowers of ghoshatiki creeper, flowers of golden juhi, yellow Ashok tree, yellow kaner, yellow bandhu-jeevak are all yellow. Is it a fact that the yellow jewels were comparable in their colour to the above said yellow substances ?

३८. णो इणट्ठे समट्ठे, ते णं हालिद्दा मणी एत्तो इट्ठतराए चेव जाव वण्णेणं पण्णत्ता।

३८. आयुष्मान् श्रमणो ! ये उपमाएँ उन मणियों के पीत रंग का वर्णन करने में समर्थ नहीं हैं, क्योकि वे पीली मणियॉ इनसे भी इष्टतर यावत् मनोहर पीले वर्ण वाली थीं।

38. O the blessed ! These substances are not capable to illustrate the colour of the yellow jewels since the jewels were still deeper shade of yellow and more magnificent.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३९. तत्थं णं जे ते सुक्किल्ला मणी तेसिं णं मणीणं इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते–

से जहा नामए–अंके ति वा, संखे ति वा, चंदे ति वा, कुमुद–उदक–दयरय–दहि–घणक्खीर–क्खीरपूरे ति वा, कोंचावली ति वा, हारावली ति वा, हंसावली इ वा, बलागावली ति वा, सारतियबलाहए ति वा, धंतधोयरुप्पपट्टे इ वा, सालीपिट्ठरासी ति वा, कुंदपुप्फरासी ति वा, कुमुदरासी ति वा, सुक्कच्छिवाडी ति वा, पिहुणमिंजिया ति वा, भिसे ति वा, मुणालिया ति वा, गयदंते ति वा, लवंगदलए ति वा, पोंडरियदलए ति वा, सेयासोगे ति वा, सेयकणवीरे ति वा, सेयबंधुजीवे ति वा, भवे एयारूवे सिया ?

३९. इन मणियों में जो श्वेत वर्ण की मणियाँ थी, उन मणियों का वर्ण इस प्रकार था–

जैसा कि अंकरत्न का, शंख का, चन्द्र का, कमल के ऊपर के जल का, शुद्ध निर्मल जलबिन्दु का, दही का, कपूर का, गोदुग्ध का, क्रोंच पक्षियों की पंक्ति का, मोतियों के हार का, हंसपंक्ति का, बकपंक्ति का, चन्द्रपंक्ति का, जल मे प्रतिबिम्बित चन्द्रपंक्ति का, शरद ऋतु के मेघो का, अग्नि में तपाकर छाये गये स्वच्छ चाँदी के पतरे का, चावल के आटे के ढेर का, कुन्दपुष्पराशि का, कुमुदराशि का, सेम की सूखी फलियो का, मयूरपिच्छ के अन्दर की सफेद डंडी का, मृणालतंतु का, मृणाल का, हाथी के दाँत का, लवंग फूल के गुच्छे का, पुण्डरीक कमल का, श्वेत अशोक का, श्वेत कनेर का, श्वेत बंधुजीवक का होता है। क्या उन श्वेतमणियों का रंग पूर्वोक्त पदार्थों के वर्ण जैसा धवल–श्वेत था ?

THE WHITE COLOUR JEWELS

39. The jewels that were of white colour are compared in colour to the following—

The white gem (Ank-ratna), conch, the moon, water drops on lotus, pure clean water drops, curd, camphor, cow milk, string of cronch birds, garland of pearls, geese, string of ducks, rays of moon, shadow of moon in water, winter clouds, silver plate purified in fire, heap of rice flowers, heap of kund flowers, heap of kumud flowers, dried sem beans, white branch in fan of peacock feathers, mrinaal threads, mrinaal, ivory tusk, bunch of lavang flowers, pundreek lotus, white Ashok, white kaner, white bandhu-jeevak. Is it a fact that the white jewels were comparable in whiteness to the above said substance ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४०. णो इणट्ठे समट्ठे, ते णं सुक्किल्ला मणी एत्तो इट्ठतराए चेव जाव वन्नेणं पण्णत्ता।

४०. नहीं। यह उपमा उन मणियों के श्वेत रंग का वर्णन करने में समर्थ नहीं है। वे श्वेत मणियाँ तो इनसे भी इष्टतर यावत् श्वेत वर्ण वाली थीं।

40. No. These illustrations are incapable of properly describing the colour of white jewels. The white jewels were more grand and attractive than the said substances.

मणियों का गंध

४१. तेसि णं मणीणं इमेयारूवे गंधे पण्णत्ते।

से जहानामए–कोट्ठपुडाण वा, तगरपुडाण वा, एलापुडाण वा, चोयपुडाण वा, चंपापुडाण वा, दमणापुडाण वा, कुंकुमपुडाण वा, चंदणपुडाण वा, उसीरपुडाण वा, मरुआपुडाण वा, जातिपुडाण वा, जूहियापुडाण वा, मल्लियापुडाण वा, ण्हाणमल्लियापुडाण वा, केतगिपुडाण वा, पाडलिपुडाण वा, णोमालियापुडाण वा, अगुरुपुडाण वा, लवंगपुडाण वा, वासपुडाण वा, कप्पूरपुडाण वा, अणुवायंसि वा, ओभिज्जमाणाण वा, कुट्टिज्जमाणाण वा, भंजिज्जमाणाण वा, उक्किरिज्जमाणाण वा, विक्किरिज्जमाणाण वा, परिभुज्जमाणाण वा, परिभाइज्जमाणाण वा, भण्डाओ वा, भंडं साहरिज्जमाणाण वा, ओराला मणुण्णा मणहरा घाण–मण–निव्वुइकरा सव्वओ समंता गंधा अभिनिस्सरंति, भवे एयारूवे सिया ?

४१. उन मणियों की गध इस प्रकार की थी–

जैसे कि कोष्ठो (कूट नामक सुगंधित वनस्पति) के, तगर के, इलायची के, चोये (एक सुगंधित पदार्थ जो चन्दन और देवदार के बुरादे से बनता है) के, चंपा के, दमनक के, कुंकुम के, चन्दन के, उशीर–खश के, मरुआ के, जाई पुष्प, जूही, मल्लिका, स्नानमल्लिका, केतकी, पटल, नवमल्लिका के पुष्प, अगर, लवग, वासकपूर और कपूर के पुड़ों के। अनुकूल बह रही वायु की दिशा में खोलने, कूटने, तोडने, उत्कीर्ण करने, बिखेरने, उपभोग करने, वितरित करने, एक पात्र से दूसरे पात्र में रखने पर जैसी उदार, आक्रर्षक, मनोज्ञ, मनमोहक, घ्राण और मन को तृप्तिदायक गंध सभी दिशाओं में फैलती है। क्या वह गंध इस प्रकार की थी ?

THE FRAGRANCE OF THE JEWELS

41. The fragrance of the jewels is compared to the fragrance of the following—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Fragrant koot plant, tagar (a fragrant substance), cardamom, mixture of sandal wood and deodar powder, champa plant, damnak plant, kumkum, sandal wood, andropogon muricatus (usheer), marua (a kind of corn), jaaee flowers, jasmine flowers, mallika creeper, snaan-mallika, ketaki, rose, nav-mallika flowers, agar, cloves, camphor, camphor packets. When such packets are opened in the direction of the wind, such substances are grinded, plucked, scattered, consumed, distributed or transferred from one container to an other, a wide-spread, attractive, pleasant, grand fragrance pleasing to the mind spreads all around. Was the fragrance of the jewels comparable to it ?

४२. णो इणट्ठे समट्ठे, तेणं मणी एत्तो इट्ठतराए चेव गंधेणं पन्नत्ता।

४२. नही। यह अर्थ समर्थ नहीं है। ये सब तो मात्र उपमायें हैं। वे मणियॉ तो इनसे भी अधिक इष्टतर सुरभिगंध वाली बताई गई हैं।

42. No. This is no comparison. These are just illustrations of lower category. Those jewels were more attractive and fragrant then these substances.

विवेचन–हीरा, पन्ना, माणिक आदि मणिरत्नो मे प्रकाश, चमचमाहट और अमुक प्रकार का रग आदि तो दिखता है परन्तु मणियो मे अमुक प्रकार की उत्कट गध नहीं होती है। किन्तु ये मणियॉ देव-विक्रिया से निर्मित होने के कारण कुछ विशेषता बतलाने के लिए मणियो की गध का वर्णन किया गया है। देव शक्ति से ऐसा कर पाना सम्भव है। इस वर्णन मे रगो और गध की विशेषता बताने के लिए प्रयुक्त उपमाओ का लालित्य दर्शनीय है।

Elaboration—In diamonds their shine, glamour and particular colour is clearly visible but a particular deep fragrance is not present. But these were created by gods. So in order to tell there special feature, the fragrance is narrated It is possible with the angelic power. In this narration, the examples used to specifically identify the colours and fragrance are worthy of deep study.

मणियों का स्पर्श

४३. तेसि णं मणीणं इमेयारूवे फासे पण्णत्ते, से जहानामए–आइणे ति वा रूए इ वा बूरे इ वा णवणीए इ वा हंसगब्भतूलिया इ वा सिरीसकुसुमनिचये इ वा बालकुमुदपत्तरासी ति वा भवे एयारूवे सिया ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४३. उन मणियों का इस प्रकार का यह स्पर्श कहा गया है–जैसे कि मृगछाला, रुई, बूर (वनस्पति), हसगर्भ नामक रुई, शिरीष पुष्पो का समूह अथवा नवोत्पन्न कुमुदपत्रराशि का होता है। क्या उनका स्पर्श इस प्रकार कोमल है ?

THE TOUCH OF THE JEWELS

43. The soothing touch of the jewels is compared with deer-skin, cotton, the boor plant, hans-garbh cotton, collection of Shireesh flowers or a heap of newly grown kumud flowers. Was the touch of those jewels as soft as that of these flowers ?

४४. णो इणट्ठे समट्ठे, तेणं मणी एत्तो इट्ठतराए चेव जाव फासेणं पन्नत्ता।

४४. नहीं। यह उपमा यथार्थ नहीं हैं। वे मणियॉ तो इससे भी अधिक इष्टतर प्रिय यावत् कोमल स्पर्श वाली बताई गई हैं।

44. No. These comparisons are not realistic. The jewels were more attractive and softer in touch than the said substances.

प्रेक्षागृह–निर्माण

४५. तए णं से आभियोगिए देवे तस्स दिव्वस्स जाणविमाणस्स बहुमज्झदेसभागे एत्थ णं महं पिच्छाघरमंडवं विउव्वइ।

अणेगखंभसय–संनिविट्ठं अब्भुग्गयसुकय–वरवेइया–तोरणवररइयसालभंजियागं सुसिलिट्ठ–विसिट्ठ–लट्ठसंठिय–पसत्थवेरुलिय–विमलखम्भं णाणामणिखचिय–उज्जल बहुसमसुविभत्तभूमिभागं।

ईहामिय–उसभ–तुरग–नर–मगर–विहग–वालग–किंनर–रुरु–सरभ–चमर–कुंजर–वणलय–पउमलय–भत्तिचित्तं।

खंभुग्गय–वइरवेइया–परिगयाभिरामं विज्जाहर–जमल–जुयल–जंतजुत्तं पि व।

अच्चीसहस्समालणीयं, रूवगसहस्सकलियं, भिसमाणं भिब्भिसमाणं चक्खुल्लोयणलेसं सुहफासं सस्सिरीयरूवं कंचणमणियरण–थूभियागं णाणाविहपंचवण्ण–घंटा–पडागा–परिमंडियग्गसिहरं चवलं मरीइकवयं विणिम्मुयंतं।

लाइय–उल्लोइयमहियं गोसीस–सरस–रत्तचंदणं–दद्दरदिन्नपंचंगुलितलं, उवचियचंदणकलसं, चंदणघड–सुकयतोरण–पडिदुवारदेसभागं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आसत्तोसत्तविउल–वट्ट–वग्घारिय–मल्लदामकलावं, पंचवण्णसरस–सुरभि–मुक्कपुप्फपुंजोवयारकलियं।

कालागुरु–पवर–कुंदरुक्क–तुरुक्क धूवमघमघंतगंधुद्धुयाभिरामं सुगंधवरगंधियं गंधवट्टिभूयं।

अच्छरगणसंघसंविकिण्णं दिव्वतुडियसद्दसंपणाइयं अच्छं जाव पडिरूवं।

तस्स णं पिच्छाघरमण्डवस्स अंतो बहुसमरमणिज्जभूमिभागं विउव्वति जाव मणीणं फासो।

तस्स णं पेच्छाघरमण्डवस्स उल्लोयं विउव्वति पउमलयभत्ति–चित्तं जाव पडिरूवं।

४५. तदनन्तर आभियोगिक देवो ने उस दिव्य यान–विमान के अन्दर बीचोंबीच एक विशाल प्रेक्षागृह मण्डप (नाट्यशाला) की रचना की।

वह प्रेक्षागृह मंडप अनेक सैकड़ों स्तम्भों पर स्थित था। अभ्युन्नत–ऊँची एवं सुरचित वेदिकाओं, तोरणों तथा सुन्दर पुतलियों से सजाया गया था। सुन्दर विशिष्ट रमणीय संस्थान–आकार वाली प्रशस्त और विमल वैडूर्य मणियो से निर्मित स्तम्भों से उपशोभित था। उसका भूमिभाग विविध प्रकार की उज्ज्वल मणियों से खचित (जडा हुआ), सुविभक्त (अच्छी तरह बँटा हुआ) एवं अत्यन्त सम था।

उसमें ईहामृग (भेडिया), वृषभ, तुरंग–घोडा, नर, मगर, विहग–पक्षी, सर्प, किन्नर, रुरु (कस्तूरी मृग), सरभ (अष्टापद), चमरी गाय, कुंजर (हाथी), वनलता, पद्मलता आदि के चित्र चित्रित थे।

स्तम्भों के शिरो भाग पर वज्र रत्नो से बनी हुई वेदिकाओं से मनोहर दिखता था। यंत्रचालित–जैसे विद्याधर युगलों से शोभित था।

सूर्य के सदृश हजारों किरणों से सुशोभित एवं हजारों सुन्दर घंटाओं से युक्त था। देदीप्यमान और अतीव देदीप्यमान होने से दर्शकों के नेत्रों को आकृष्ट करने वाला, सुखप्रद स्पर्श और रूप–शोभा से सम्पन्न था। उस पर स्वर्ण, मणि एवं रत्नमय स्तूप बने हुए थे। उसके शिखर का अग्र भाग नाना प्रकार की घंटियों और पंचरगी पताकाओं से परिमंडित–सुशोभित था और अपनी चमचमाहट एवं सभी ओर फैल रही किरणों के कारण चंचल–सा दिखता था।

उसका प्रांगण गोबर से लिपा था और दीवारें सफेद मिट्टी (चूना) से पुती थीं। स्थान–स्थान पर सरस गोशीर्ष रक्तचदन के हाथ लगे हुए थे और चंदनचर्चित कलश रखे थे। प्रत्येक द्वार तोरणों और चन्दन–कलशों से शोभित थे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दीवालो पर ऊपर से लेकर नीचे तक सुगधित गोल मालाएँ लटक रही थीं। सरस सुगन्धित पचरंगे पुष्पों के मॉडने बने हुए थे।

उत्तम कृष्ण अगर, कुन्दरुष्क, तुरुष्क और धूप की मोहक सुगन्ध से महक रहा था और उस उत्तम सुरभिगंध से गंध की वर्तिका (अगरबत्ती, धूपबत्ती) जैसा लगता था।

अप्सराओ के समूह के गमनागमन से भरा था। दिव्य वाद्यों के निनाद में गूँज रहा था। वह स्वच्छ यावत् सलौना, अभिरूप था।

उस प्रेक्षागृह मडप के अन्दर अतीव सम रमणीय भूभाग की रचना की थी। उस भूमिभाग में जडे हुए मणियो के रूप, रंग, गंध आदि का समस्त कथन पूर्ववत् समझना चाहिए।

उस सम और रमणीय प्रेक्षागृह मंडप की छत में पद्मलता आदि के चित्रामों से युक्त यावत् अतीव मनोहर चंदेवा बॉधा था।

CONSTRUCTION OF SPECTATORS HALL (PREKSHA GRIH)

45. Thereafter, the Abhiyogic gods prepared a spacious theatre right in the middle of that magnificent Viman.

That hall for spectators (Preksha grih) was located on many pillars. It was decorated with fine platforms, festoons and attractive dolls. This place was shining due to pillars studded with extremely attractive and beautifully shaped auspicious and pure Vaidurya Mani (gems). Its floor was studded with shining gems and it was properly levelled and divided.

In it, there were paintings of leopard, wolf, ox, horse, human-being, crocodile, vihag bird, snake, kinnar, deer, ashtapad, chamari cow, elephant, forest creeper and lotus creeper.

There were platforms made of hard gems at the top of the pillars adding to the grandeur. It was decorated with mechanised paintings in motion.

It was shining like thousands of sun-rays. It has thousands of beautiful bells, canopies of gold, pearls and jewels were on it. The front part of the top was decorated with many types of bells and buntings of five colours. It was looking dynamic due to its brightness and the rays spreading in all directions.

Its courtyard was plastered with cow-dung. The walls were white-washed. There were hand prints of red sandal paste at many

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

places. The sandal coated pitchers (kalash) were also there. Every gate was decorated with festoons and sandal coated pots.

Fragrant, round rosaries were hanging from top to bottom. The decorations of sweet fragrant five coloured flowers were also prepared thereon.

It was abundantly fragrant with smell of black agar (sandal wood), lotus (power), kundrushk (a fragrant substance), benzoin and incense of the best quality and as such was looking like a palace of fragrance.

The place was filled with movement of group of fairies. It was echoing with the music of celestial instruments. It was pure, beautiful and attractive.

At the ceiling of that level and attractive dancing hall there was an extremely grand canopy painted with pictures of padma-lata and others.

रंगमंच आदि की रचना

४६. तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए एत्थ णं एगं महं वइरामयं अक्खाडगं विउव्वति।

४६. उस प्रेक्षागृह मंडप के अत्यन्त सम रमणीय भूमिभाग के बिलकुल मध्य भाग में वज्र रत्नों से बने एक विशाल अक्षपाट (अखाडा–क्रीडामंच) की रचना की थी।

CONSTRUCTION OF THE STAGE

46. A spacious stage was constructed with vajra ratna in the centre of the level and attractive part of the Preksha grih (the hall for audience).

४७. तस्स णं अक्खाडयस्स बहुमज्झदेसभागे एत्थ णं महेगं मणिपेढियं विउव्वति– अट्ठ जोयणाइं आयाम–विक्खम्भेणं चत्तारि जोयणाइं बाहल्लेणं सव्वमणिमयं अच्छं सण्हं जाव पडिरूवं।

४७. उस क्रीडामंच के ठीक बीचोंबीच आठ योजन लम्बी–चौड़ी और चार योजन मोटी पूर्णतया वज्र रत्नों से बनी हुई निर्मल, चिकनी यावत् प्रतिरूप एक विशाल मणिपीठिका की रचना की थी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

47. A grotesque platform studded with gems was constructed exactly in the middle of the stage. It was eight yojans long, eight yojans wide and four yojans thick. It was clean, slippery and worth seeing.

सिंहासन की रचना

४८. तीसे णं मणिपेढियाए उवरि एत्थ णं महेगं सीहासणं विउव्वइ, तस्स णं सीहासणस्स इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते–

तवणिज्जमया चक्कला, रययामया सीहा, सोवण्णिया पाया, णाणामणिमयाइं पायसीसगाइं, जंबूणयमयाइं गत्ताइं।

वइरामया संधी, णाणामणिमये वेच्चे।

से णं सीहासणे ईहामिय–उसभ–तुरग–नर–मगर–विहग–वालग–किन्नर–रुरु–सरभ–चमर–कुञ्जर–वणलय–पउमलयभत्तिचित्तं।

ससारसारोवचियमणिरयणपायपीढे, अत्थरगमिउमसूरग–णवतयकुसंतलिंबकेसर–पच्चत्थुयाभिरामे।

आईणग–रुय–बूर–तूलफासमउए सुविरइय–रयत्ताणे।

उवचिय–खोमदुगुल्लपट्टपडिच्छायणे रत्तंसुअसंवुडे सुरम्मे पासाइए दरिसणिज्जे अभिरूवे पडिरूवे।

४८. उस मणिपीठिका के ऊपर एक महान् सिंहासन बनाया। वह सिंहासन इस प्रकार का था–

१०५. पूर्वोक्त प्रकार की नाट्यविधियों का प्रदर्शन करने के पश्चात् चरित्र से सम्बन्धित अभिनय किया, जैसे वे सभी देवकुमार और देवकुमारियाँ एक साथ एक स्थान पर एकत्रित हुए यावत् दिव्य देवरमण (देव-क्रीडा) करने लगे।

105. After exhibiting the dancing skills, they depicted their art relating to conduct. They collected at one place and played games of gods and goddesses.

भगवान महावीर के जीवन-प्रसंगों का अभिनय

१०६. तए णं ते बहवे देवकुमारा य देवकुमारीओ य समणस्स भगवओ महावीरस्स १. पुव्वभवचरियणिबद्धं, २. चवणचरियणिबद्धं च, ३. संहरणचरियनिबद्धं च, ४. जम्मणचरियनिबद्धं च, ५. अभिसेअचरियनिबद्धं च, ६. बालभावचरियनिबद्धं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

च, ७. जोव्वणचरियनिबद्धं च, ८. कामभोगचरियनिबद्धं च, ९. निक्खमण-चरियनिबद्धं च, १०. तवचरणचरियनिबद्धं च, ११. णाणुप्पायचरियनिबद्धं च, १२. तित्थपवत्तणचरियं च, १३. परिनिव्वाणचरियनिबद्धं च, १४. चरिमचरियनिबद्धं च णामं दिव्वं णट्टविहिं उवदंसेंति।

१०६. इसके बाद उन सब देवकुमारों एवं देवकुमारियों ने श्रमण भगवान महावीर के (१) पूर्वभवों के चरित्र से जुडे एवं वर्तमान जीवन सम्बन्धी प्रसंग, (२) च्यवनचरित्र (च्यवन से सम्बन्धित), (३) गर्भसंहरण से सम्बन्धित, (४) जन्म, (५) जन्माभिषेक, (६) बाल-क्रीड़ा से सम्बन्धित, (७) यौवनचरित्र (विवाह के प्रसंग), (८) काम-भोगचरित्र (गृहस्थावस्था से सम्बन्धित विवाह आदि का दृश्य), (९) अभिनिष्क्रमणचरित्र निबद्ध (दीक्षा-महोत्सव से सम्बन्धित), (१०) तपश्चरणचरित्र निबद्ध (साधनाकालीन विविध दृश्य और ध्यान मुद्राएँ), (११) केवलज्ञान उत्पत्ति के दृश्य (कैवल्य महोत्सव का दृश्य), (१२) तीर्थ प्रवर्त्तन सम्बन्धी दृश्य, (१३) परिनिर्वाणचरित्र (मोक्ष प्राप्त होने के समय का दृश्य), तथा (१४) चरमचरित्र निबद्ध (निर्वाण प्राप्त हो जाने के पश्चात् देवों आदि द्वारा किये जाने वाले महोत्सव से सम्बन्धित दृश्य) नामक अन्तिम दिव्य नाट्य-अभिनय का प्रदर्शन किया।

DRAMATIC PRESENTATION FROM LIFE OF BHAGAVAN MAHAVIR

106. Thereafter all the said gods and goddesses presented scenes relating to life of Bhagavan Mahavir—(1) both present and earlier life-spans, (2) the scene relating to his entering the womb (of his earlier mother), (3) the removal of foetus for transfer, (4) the scenes relating to his birth, (5) his birth festivities, (6) his play activities, (7) his marriage, (8) his family life with his wife, (9) his renunciation, (10) his austerities, his various poses, and postures in meditation, (11) his attainment of omniscience (celebrations of his attaining omniscience, (12) his founding the four fold religious ford, (13) his salvation, (14) the festivities arranged by gods to celebrate his salvation.

विवेचन–देवो द्वारा श्रमण भगवान महावीर एवं गौतम आदि श्रमण निर्ग्रन्थो के समक्ष प्रदर्शित बत्तीस प्रकार के नाट्य-अभिनयो मे से अन्तिम (बत्तीसवॉ अभिनय) श्रमण भगवानं महावीर की जीवन-घटनाओ के मुख्य-मुख्य प्रसगो से सम्बन्धित है। यह सब पढकर तत्कालीन अभिनय कला की परम प्रकर्षता की कल्पना की जा सकती है।

Elaboration—The last of all the thirty two dramatic presentations by the gods in presence of Shraman Bhagavan Mahavir, Gautam and other Nirgranths was the one relating to major incidents from the life of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Bhagavan Mahavir After going through this account, one can imagine the excellence of dramatic skills of that period

नृत्य-अभिनय की समाप्ति

१०७. तणं णं ते बहवे देवकुमारा य देवकुमारीओ य चउव्विहं वाइत्तं वाएंति, तं जहा–ततं–विततं–घणं–झुसिरं।

१०७. दिव्य नाट्यविधियो को प्रदर्शित करने के पश्चात् वे सभी देवकुमार और देवकुमारियाँ तत–वीणा आदि, वितत–ढोल-नगाडे आदि, घन–झांझ आदि और शुषिर–शंख, बाँसुरी आदि ये चार प्रकार के वादित्र–बजाने लगे।

THE END OF DRAMATIC PERFORMANCE

107. After exhibiting the various dramatic skills, all the gods and goddesses started playing four types of musical instruments namely—lute and others of **'Tat'** category, drums and others of **'Vitat'** category, cymbals and others of **'Ghan'** category and conch, flute and others of **'Shushir'** category.

१०८. तए णं ते बहवे देवकुमारा य देवकुमारियाओ य चउव्विहं गेयं गायंति, तं जहा–उक्खित्तं–पायंतं–मंदायं–रोइयावसाणं च।

१०८. वाद्य बजाने के बाद वे सब देवकुमार और देवकुमारियाँ उत्क्षिप्त, पादान्त (पादवृद्ध), मदक और रोचितावसान नामक चार प्रकार का संगीत गाने लगे।

108. After playing musical instruments, the gods and goddesses started singing four types of vocal music namely—utkshipt (with raised voice), padaant, mandak and rochitavasan.

१०९. तए णं ते बहवे देवकुमारा य देवकुमारियाओ य चउव्विहं णट्टविहिं उवदंसेंति, तं जहा–अंचियं–रिभियं–आरभडं–भसोलं च।

१०९. उसके पश्चात् उन सभी देवकुमार और देवकुमारियों ने अंचित, रिभित, आरभट एव भसोल नामक चार प्रकार की नृत्यविधियों का प्रदर्शन किया।

109. Thereafter they presented four types of dramatic skills namely—anchit, ribhit, aarbhat and bhasol.

११०. तए णं ते बहवे देवकुमारा य देवकुमारियाओ च चउव्विहं अभिणयं अभिणएंति, तं जहा–दिट्ठंतियं–पाडियंतियं–सामन्नओविणिवाइयं–अंतोमज्झावसाणियं च।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११०. तत्पश्चात् उन सभी देवकुमारो और देवकुमारियों ने चार प्रकार के अभिनय प्रदर्शित किये, जैसे–दार्ष्टान्तिक, प्रात्यंतिक, सामान्यतोविनिपातनिक और अन्तर्मध्यावसानिक (लोकमध्यावसानिक)।

110. Thereafter they exhibited four types of acting namely—daarshtantik, pratyantic, samanyatovinipatnik and antar-madhyavasanik.

विवेचन–सूत्र सख्या १०७–११० पर्यन्त नाटको का प्रदर्शन करने के पश्चात् उपसहार रूप चार प्रकार के वाद्यो को बजाने, सगीतो को गाने एव नृत्य और अभिनयो को करने का उल्लेख किया है।

वाद्यादि अभिनय पर्यन्त चार-चार प्रकारो का उल्लेख करने का कारण यह है कि ये उन सगीत आदि के मूल स्रोत है। अर्थात् वाद्यो, राग-रागिनियो व अभिनयो आदि के अलग-अलग नाम होने पर भी वे सभी मुख्य-गौण रूप से इन चार प्रकारो के ही विकसित विविध रूप है।

प्रस्तुत मे तत आदि से वाद्यो के भेद, उत्क्षिप्त आदि से सगीत के प्रकार और अचित आदि से नृत्य के चार-चार प्रकार और उनके सामान्य अर्थ समझ लिए जा सकते है। इसी प्रकार अभिनय के जो चार प्रकार बतलाये है उनमे से शब्दो के अर्थ तो समझे जा सकते है, परन्तु उन अभिनयो की शैली और आकृतियो का रहस्य समझने के लिए सगीत तथा अभिनय विशारदो एव नाट्यशास्त्र से जानकारी प्राप्त करना चाहिए।

Elaboration—After depicting dramatic performances as in aphorisms 107 to 110, there is mention of playing four types of musical instruments, singing four types of music, dancing of four types and acting of four types

The reason for such performances in the end is that these are the main source of music, dance etc. In other words although there are distinct names for various types of music, music tunes, dances and acting, yet these are in fact developed forms of the four types of each mentioned in the end directly or indirectly.

In the present context, Tat and others in this category represent musical sounds, utkshipt and others represent the types of music, anchit etc represent four types of dances. The meaning of words mentioned for four types of acting can be understood but in order to understand the style and postures in such acting and the secret behind it, one has to approach experts in acting and the literature thereof.

१११. तए णं ते बहवे देवकुमारा य देवकुमारियाओ य गोयमादियाणं समणाणं निग्गंथाणं दिव्वं देविड्ढिं दिव्वं देवजुतिं दिव्वं देवाणुभावं दिव्व बत्तीसइबद्धं नाडयं उवदंसित्ता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समणं भगवंतं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिणं करेंति, करित्ता वंदंति नमंसंति, वंदित्ता नमंसित्ता जेणेव सूरियाभेदेवे तेणेव उवागच्छंति।

उवागच्छित्ता सूरियाभं देवं करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु जएणं विजएणं वद्धावेंति वद्धावित्ता एवं आणत्तियं पच्चप्पिणंति।

१११. इसके बाद उन सभी देवकुमारों और देवकुमारियों ने गौतम आदि श्रमण निर्ग्रन्थों के समक्ष अपनी दिव्य देवऋद्धि, दिव्य देवद्युति, दिव्य देवानुभाव प्रदर्शक बत्तीस प्रकार की दिव्य नाट्यविधियों का प्रदर्शन कर श्रमण भगवान महावीर को तीन बार आदक्षिण-प्रदक्षिणा की। प्रदक्षिणा करके वन्दन-नमस्कार करने के पश्चात् सूर्याभदेव के समक्ष आये।

वहाँ आकर दोनों हाथ जोडकर सिर पर आवर्त्तपूर्वक मस्तक पर अंजलि करके 'जय विजय हो' शब्द घोषों के साथ सूर्याभदेव को बधाया और बधाकर आज्ञानुसार बत्तीस प्रकार की नाट्यविधि प्रदर्शित करने की सूचना दी।

111. After performing all the thirty two types of theatrical performances their last depicting celestial wealth, celestial brightness, celestial emotions in excellence, the gods and goddesses went round Bhagavan Mahavir three times, paying their respects. They then bowed to him and thereafter came to Suryabh Dev.

They then folded their hands, placed them at their forehead and praised Suryabh Dev by saying that he may always be successful. They then informed him that they had given presentation of thirty two types of dramatic skills.

सूर्याभदेव का वापस जाना

११२. तए णं से सूरियाभे देवे तं दिव्वं देविड्ढिं, दिव्वं देवजुइं, दिव्वं देवाणुभावं पडिसाहरइ, पडिसाहरेत्ता खणेणं जाते एगे एगभूए।

तए णं से सूरियाभे देवे समणं भगवंतं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिणं करेइ, वंदति नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता नियगपरिवालसद्धिं संपरिवुडे तमेव दिव्वं जाणविमाणं दुरूहति दुरूहित्ता जामेव दिसिं पाब्भूए तामेव दिसिं पडिगए।

११२. तत्पश्चात् सूर्याभदेव ने अपनी सब दिव्य देवऋद्धि, दिव्य देवद्युति और दिव्य देवानुभाव-प्रभाव को समेट लिया (अपने शरीर में प्रविष्ट कर लिया और शरीर में प्रविष्ट करके) क्षणभर में अनेक होने से पूर्व जैसा अकेला था वैसा ही एकाकी बन गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसके बाद सूर्याभदेव ने श्रमण भगवान महावीर को तीन बार प्रदक्षिणा की, वन्दन-नमस्कार किया। वन्दन-नमस्कार करके अपने परिवार सहित जिस यान-विमान से आया था उसी दिव्य यान-विमान पर आरूढ होकर जिस ओर से आया था, उसी ओर लौट गया।

RETURN OF SURYABH DEV

112. Thereafter Suryabh Dev brought back into his body all the celestial wealth, celestial brightness and celestial grandeur that he had emanated earlier. He thus became one again instead of many by this fluid process.

Thereafter Suryabh Dev went round Bhagavan Mahavir three times, bowed to him in respect and went back with his family in the same celestial aerial vehicle in which he had come.

गौतम स्वामी की जिज्ञासा

११३. 'भंते' त्ति भयवं गोयमे समणं भगवंतं महावीरं वंदति नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–

सूरियाभस्स णं भंते ! देवस्स एसा दिव्वा देविड्ढी दिव्वा देवज्जुती दिव्वे देवाणुभावे कहिं गते ? कहिं अणुप्पविट्ठे ?

११३. सूर्याभदेव के वापस चले जाने के पश्चात् गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान महावीर को वन्दन-नमस्कार करके विनयपूर्वक पूछा–

(प्रश्न) "हे भगवन् ! सूर्याभदेव की वह सब पूर्वोक्त दिव्य देवऋद्धि, दिव्य देवद्युति, दिव्य देवानुभाव-कहाँ चला गया ? कहाँ प्रविष्ट हो गया ? कहाँ समा गया ?"

ENQUIRY OF GAUTAM SWAMI

113. After the departure of Suryabh Dev, Gautam Swami bowed to Bhagavan Mahavir and asked humbly.

"Reverend Sir ! Suryabh Dev had grand celestial wealth, celestial brightness, celestial aura—Where has all that gone ? Where has all that entered ? Where has all that disappeared ?

भगवान महावीर का समाधान

११४. गोयमा ! सरीरं गते सरीरं अणुप्पविट्ठे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११४. (उत्तर) "हे गौतम ! सूर्याभदेव द्वारा रचित विक्रिया की हुई वह सब दिव्य देवऋद्धि आदि उसके शरीर मे चली गई, शरीर में प्रविष्ट हो गई–अन्तर्लीन हो गई।"

BHAGAVAN MAHAVIR'S CLARIFICATION

114. "O Gautam ! The celestial wealth and others created by Suryabh Dev from fluid process has all gone into his body. It has absorbed therein."

११५. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ सरीरं गते, सरीरं अणुप्पविट्ठे ?

११५. (प्रश्न) "हे भदन्त ! किस कारण आप ऐसा कहते हैं कि शरीर में चली गई, शरीर में अन्तर्लीन हो गई ?"

115. Gautam said—"Sir ! On what basis you state that it has gone into and absorbed in his body ?"

११६. गोयमा ! से जहानामए कूडागारसाला सिया–दुहतो लित्ता गुत्ता गुत्तदुवारा णिवाया णिवायगंभीरा, तीसे णं कूडागारसालाए अदूरसामंते एत्थ णं महेगे जणसमूहे चिट्ठति, तए णं से जणसमूहे एगं महं अब्भबद्दलगं वा वासबद्दलगं वा महावायं वा एज्जमाणं वा पासति, पासित्ता तं कूडागारसालं अंतो अणुप्पविसित्ता णं चिट्ठइ, से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चति–'सरीरं अणुप्पविट्ठे।'

११६. "हे गौतम ! (कल्पना करें) जैसे कोई एक गहरी, विशाल कूट आकार–पर्वत के शिखर के आकार वाली शाला हो। वह भीतर–बाहर गोबर आदि से लिपी–पुती, बाहर परकोटे–से घिरी हुई, मजबूत किवाडो से युक्त गुप्त द्वार वाली जिसमें वायु का प्रवेश भी कठिन हो, उस कूटाकारशाला के निकट एक विशाल जनसमूह बैठा हो। उस समय वह जनसमूह आकाश में एक बहुत बडे मेघपटल–सघन बादलों के समूह को अथवा जलवृष्टि करने योग्य बादलो को अथवा प्रचण्ड ऑधी को आता हुआ देखे तो जैसे वह उस कूटाकारशाला के भीतर प्रवेश कर जाता है, उसी प्रकार हे गौतम ! सूर्याभदेव की वह सब दिव्य देवऋद्धि (देव माया) आदि उसके शरीर में प्रविष्ट हो गई–अन्तर्लीन हो गई है, इस कारण मैने कहा कि "वह उसके शरीर में ही प्रविष्ट हो गई।"

116. "O Gautam ! Imagine a house situated on the summit of a mountain. On both sides, it is plastered with cow-dung. It is surrounded with boundary wall. It has strong door. It has secret enterance and it is difficult even for the air to enter into it. A huge gathering of people is sitting near it. Imagine that the gathering

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

sees a collection of dark clouds, water bearing dark clouds in the sky; or a dreadful storm is coming in that direction. The gathering then immediately enters that house. Similarly the celestial wealth etc. entered in the body of Suryabh Dev and absorbed therein. So, O Gautam, I have said that it entered in his body."

सूर्याभदेव के विमान का स्थान और स्वरूप

११७. कहि णं भंते ! सूरियाभस्स देवस्स सूरियाभे नामं विमाणे पन्नत्ते ?

११७. "हे भगवन् ! उस सूर्याभदेव का 'सूर्याभ' नामक विमान कहाँ पर बताया है ?"

LOCATION OF THE AERIAL VEHICLE OF SURYABH DEV AND ITS DESCRIPTION

117. (Gautam asked) "Reverend Sir ! Where is 'Suryabh' aerial vehicle of Suryabh Dev located."

११८. गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ उड्ढं चंदिम-सूरिय-गहगण-नक्खत्त-तारारूवाणं बहूइं जोयणसयाइं एवं-सहस्साइं-सयसहस्साइं, बहुईओ जोयणकोडीओ, जोयणसयकोडीओ, जोयणसहस्सकोडीओ, बहुईओ जोयणसयसहस्सकोडीओ बहुईओ जोयण-कोडाकोडीओ उड्ढं दूरं वीईवइत्ता एत्थ णं सोहम्मे नामं कप्पे पन्नत्ते।

पाईण-पडीणायए उदीण-दाहिण-वित्थिण्णे, अद्धचंदसंठाणसंठिए, अच्चिमालि भासरासि वण्णाभे, असंखेज्जाओ जोयणकोडाकोडीओ आयामविक्खंभेणं, असंखेज्जाओ जोयणकोडाकोडीओ परिक्खेवेणं, एत्थ णं सोहम्माणं देवाणं बत्तीसं विमाणावासयसहस्साइं भवंति इति, मक्खायं।

ते णं विमाणा सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा। तेसिं णं विमाणाणं बहुमज्झदेसभाए पंच वडिंसया पन्नत्ता, तं जहा-१. असोगवडिंसए, २. सत्तवण्णवडिंसए, ३. चंपगवडिंसए, ४. चूयवडिंसए, ५. मज्झे सोहम्मवडिंसए। ते णं वडिंसगा सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

तस्स णं सोहम्मवडिंगसगस्स महाविमाणस्स पुरत्थिमेणं तिरियं असंखेज्जाइं जोयणसयसहस्साइं वीइवइत्ता एत्थ णं सूरियाभस्स देवस्स सूरियाभे विमाणे पण्णत्ते। अद्धतेरस जोयणसयसहस्साइं आयामविक्खंभेणं, अउणयालीसं च सयसहस्साइं बावन्नं च सहस्साइं अट्ठ य अडयाल जोयणसए परिक्खेवेणं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११८. (भगवान ने उत्तर दिया) "हे गौतम ! इस जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मन्दर (सुमेरु) पर्वत से दक्षिण दिशा में इस रत्नप्रभा पृथ्वी के रमणीय समतल भूभाग से ऊपर, ऊर्ध्व दिशा में चन्द्र, सूर्य, ग्रहगण नक्षत्र और तारामण्डल से आगे बहुत ऊँचाई में, बहुत से सैकडों योजनों, हजारों योजनों, लाखों, करोडों योजनों और सैकड़ों करोड, हजारो करोड़, लाखों करोड योजनों, करोडों करोड़ योजनों को पार करने के बाद सौधर्मकल्प नाम का कल्प है अर्थात् सौधर्म नामक स्वर्गलोक है।

वह सौधर्मकल्प पूर्व-पश्चिम दिशा में लम्बा और उत्तर-दक्षिण दिशा में विस्तृत-चौडा है। अर्धचन्द्र के समान उसका आकार है। सूर्य किरणों की तरह अपनी द्युति-कान्ति से सदैव चमचमाता रहता है। असंख्यात कोटाकोटि योजन प्रमाण उसकी लम्बाई-चौडाई तथा असंख्यात कोटाकोटि योजन प्रमाण उसकी परिधि है। यहाँ सौधर्म देवों के बत्तीस लाख विमान बताये हैं। वे सभी विमान सम्पूर्ण रूप में रत्नों से बने हुए स्फटिक मणि की भाँति स्वच्छ यावत् अतीव मनोहर हैं।

उन विमानों के मध्य भाग में-ठीक बीचोंबीच-पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर इन चार दिशाओं मे अनुक्रम से (१) अशोक-अवतसक, (२) सप्तपर्ण-अवतंसक, (३) चंपक-अवतंसक, (४) आम्र-अवतसक, तथा (५) मध्य में सौधर्म-अवतंसक, ये पाँच अवतंसक (श्रेष्ठ भवन) बने हुए हैं। ये पाँचों अवतंसक भी रत्नों से निर्मित, निर्मल यावत् प्रतिरूप-अतीव मनोहर हैं।

उस सौधर्म-अवतंसक महाविमान की पूर्व दिशा में तिरछी दिशा में असंख्यात लाख योजन आगे जाने पर सूर्याभदेव का सूर्याभ नामक विमान है। उसका आयाम विष्कभ (लम्बाई-चौडाई) साढे बारह लाख योजन और परिधि उनतालीस लाख बावन हजार आठ सौ अडतालीस योजन की है।"

118. (Bhagavan replied) "O Gautam ! In the southern direction of Sumeru Mountain of this Jambu Dveep, at a high altitude from the roof of this Ratnaprabha earth, there are moon, sun, planets and stars. Further higher and higher, hundreds, thousands, millions, trillions, hundred trillions, thousand trillions, million trillions, trillion trillions yojans higher is Saudharm Devlok.

This Saudharm Devlok is very spacious and is very long in east-west direction and very wide in north-south direction. Its shape is that of semi-circle. It always remains shining due to brightness of its ownself like rays of the sun. Its length and breadth is

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

innumerable million multiplied by 100 million yojans each and its circumference is innumerable million multiplied by 100 million yojans. Thirty two lakh celestial abodes (Viman) of Saudharm gods are located there. All of them are made of jewels. They are clean like Sphatik gems. They are very attractive.

In the centre of the said thirty two lakh (3.2 million) Vimans, there is (1) Asok-avatansak celestial abode in the east, (2) Saptaparn-avatansak in the south, (3) Champak-avatansak in the west, (4) Aamra-avatansak celestial abode in the north of Saudharm heavenly abode, and (5) in the centre is Saudharm-avatansak celestial abode. These are abodes of unique grandeur. All the five abodes are jewel-studded, clean, shining and worth seeing.

At a distance of innumerable yojans towards east of Saudharm-avatansak celestial gigantic abode in the oblique direction is the Suryabh celestial abode of Suryabh Dev. It is 1.25 million yojans long, 1.25 million yojans wide and its circumference is 3.952848 million yojans."

विशेष–प्रस्तुत आगम मे सूर्याभदेव के विमान, वनखण्ड, पद्मवरवेदिका आदि का समस्त वर्णन जीवाभिगमसूत्र प्रतिपत्ति उद्देशक १ मे आये वर्णन से प्राय. मिलता-जुलता है। तुलना के लिए देखे गणितानुयोग–तिर्यक्लोक, खण्ड १२५ से २०० तक।

Elaboration—The description of celestial abode, the piece of land (Vanakhand), Padmavarvedika and others in this scripture concerning Suryabh Dev is almost similar to that in first Uddesak of Jeevabhigam Sutra For comparison see Ganitanuyog—Tiryaklok, Part 125 to 200.

११९. से णं एगेणं पागारेणं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ते। से णं पागारे तिण्णि जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं मूले एगं जोयणसयं विक्खंभेणं, मज्झे पन्नासं जोयणाइं विक्खंभेणं, उप्पिं पणवीसं जोयणाइं विक्खंभेणं। मूले वित्थिण्णे, मज्झे संखित्ते उप्पिं तणुए, गोपुच्छसंठाणसंठिए सव्वरयणामए अच्छे जाव पडिरूवे।

११९. वह सूर्याभ विमान चारों ओर से एक प्राकार–परकोटे से घिरा हुआ है। यह परकोटा तीन सौ योजन ऊँचा है, मूल में इसका विष्कम्भ (चौडाई) एक सौ योजन, मध्य में पचास योजन और ऊपर पच्चीस योजन है। इस तरह यह प्राकार मूल में चौड़ा, मध्य में

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सॅकडा और सबसे ऊपर पतला होने से गोपुच्छ के आकार जैसा बना है। यह परकोटा रत्नो से बना है, स्फटिक मणि के समान निर्मल है यावत् अतिशय मनोहर है।

119. That Suryabh Viman has a boundary wall on all sides which is 300 yojans high. The boundary wall is 100 yojans at the base, 50 yojans in the middle and 25 yojans at the top. So it appears like a cow-tail. It is jewel-studded. It is pure like Sphatik gem and very unique.

१२०. से णं पागारे णाणाविहपंचवण्णेहिं कविसीसएहिं उवसोभिते, तं जहा–कण्हेहि य नीलेहि य लोहितेहिं हालिद्देहिं सुक्किल्लेहिं कविसीसएहिं।

ते णं कविसीसगा एगं जोयणं आयामेणं, अद्धजोयणं विक्खंभेणं, देसूणं जोयणं उड्ढं उच्चत्तेणं सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

१२०. वह परकोटा कृष्ण, नील, लोहित–लाल, हारिद्र–पीले और श्वेत इन पॉच वर्णों वाले कपिशीर्षकों (कंगूरों) से सुशोभित है।

ये प्रत्येक कपिशीर्षक (कगूरे) एक–एक योजन लम्बे, आधे योजन चौड़े और कुछ कम एक योजन ऊँचे हैं तथा ये सब रत्नों से बने हुए, निर्मल यावत् रमणीय हैं।

120. This boundary wall has black, blue, red, yellow and white holes adding to its beauty.

Every hole resembling the head of a monkey is one yojan long, half yojan wide and a little less than one yojan high. All these are made of jewels, are clean and grand.

सूर्याभ विमान के द्वारों की शोभा का वर्णन

१२१. सूरियाभस्स णं विमाणस्स एगमेगाए बाहाए दारसहस्सं दारसहस्सं भवतीति अक्खायं।

ते णं दारा पंच जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं अड्ढाइज्जाइं जोयणसयाइं विक्खंभेणं तावइयं चेव पवेसेणं, सेया वरकणगथूभियागा ईहामिय–उसभ–तुरग–णर–मगर–विहग–वालग–किन्नर–रुरु–सरभ–चमर–कुंजर–वणलय–पउमलयभत्ति–चित्ता।

खंभुग्गयवर–वयर–वेइया–परिगयाभिरामा, विज्जाहरजमल–जुयल–जुंतजुत्ता विव, अच्चीसहस्समालणीया रूवगसहस्सकलिया, भिसमाणा भिब्भिसमाणा, चक्खुल्लोयणलेसा, सुहफासा सस्सिरीय रूवा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वन्नो दाराणं तेसिं होइ–

तं जहा–वइरामया णिम्मा, रिट्ठामया पइट्ठाणा, वेरुलियमया खंभा, जायरूवोवचिय–पवरं पचवन्न–मणिरयण–कोट्टिमतला, हंसब्भमया एलुया, गोमेज्जमया इंदकीला, लोहियक्खमईओ चेडाओ, जोईरसमया उत्तरंगा, लोहियक्खमईओ सूईओ, वयरामया संधी, नाणामणिमया समुग्गया, वयराममया अग्गला–अग्गलपासाया, रययामयाओ आवत्तणपेढियाओ।

अंकुत्तरपासगा, निरंतरियघणकवाडा भित्तीसु चेव भित्तिगुलिया छपन्ना तिण्णि होंति गोमाणसिया तत्तिया णाणामणि–रयणवालरूवगलीलट्ठिओ–सालभंजियागा।

वयरामया कूडा, रययामया उस्सेहा, सव्वतवणिज्जमया उल्लोया, णाणामणिरयणजालपंजर–मणिवंसगलोहियक्खपडिवंसगरययभोमा, अंकामया पक्खा–पक्खबाहाओ, जोईरसामया वंसा–वंसकवेल्लुयाओ, रययामईओ पट्टियाओ, जायरूवमईओ ओहाडणीओ, वइरामईओ उवरिपुंछणीओ, सव्वसेयरययामये छायणे, अंकमयकणगकूडतवणिज्जथूभियागा, सेया संखतलविमलनिम्मलदधिघण–गोखीर–फेणरयणणिगरप्पगासा तिलगरयणद्धचंद चित्ता नाणामणिदामालंकिया, अंतो बहिं च सण्हा तवणिज्जवालुया पत्थडा, सुहफासा, सस्सिरीयरूवा, पासाईया दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा।

१२१. सूर्याभदेव के उस विमान की एक-एक बाजू में चारों दिशाओं में एक-एक हजार द्वार बताये गये हैं।

वे द्वार पॉच-पॉच सौ योजन ऊँचे हैं, अढाई सौ योजन चौडे है और उतने ही (अढाई सौ योजन) इनका प्रवेशन-गमनागमन के लिए प्रवेश करने का स्थान है। द्वार श्वेत वर्ण के है। उत्तम स्वर्णमयी स्तूपिकाओं-शिखरों से शोभित हैं। उन पर ईहामृग, वृषभ, अश्व, नर, मकर, विहग, सर्प, किन्नर, रुरु, सरभ, अष्टापद, चमर, हाथी, वनलता, पद्मलता आदि के चित्र बने हुए है।

स्तम्भों पर बनी हुई वज्र रत्नों की वेदिका से युक्त होने के कारण (ये द्वार) रमणीय दिखाई पडते हैं। समश्रेणी में स्थित विद्याधरों के युगल यंत्र द्वारा चलते हुए से दीख पडते हैं। हजारो किरणों से व्याप्त और हजारो रूपको-चित्रों से युक्त होने से वे द्वार दीप्यमान और अतीव देदीप्यमान है। देखते ही दर्शकों के नेत्रों को आकृष्ट कर लेते हैं। उनका स्पर्श सुखप्रद है। रूप दर्शनीय है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उन द्वारों का स्वरूप इस प्रकार है–

उन द्वारों के नेम (भूभाग से ऊपर निकले प्रदेश कुर्सी–प्लिंथ) वज्र रत्नों के हैं। प्रतिष्ठान (मूल पाये या देहली) रिष्ट रत्नों से, स्तम्भ वैडूर्य मणियों से तथा तल भाग (फर्श) पंचरंगे मणि रत्नों से बने हुए हैं। इनकी देहलियों की चौखट हंसगर्भ रत्नों की, इन्द्रकीलियाँ (दरवाजों को बन्द करने वाली कीलें) गोमेद रत्नों की, द्वारशाखाएँ (दरवाजे की चौखट) लोहिताक्ष रत्नों की, उत्तरंग (ओतरंग–द्वार के ऊपर पाटने के लिए तिरछा रखा पाटिया) ज्योतिरस रत्नों के, दो पाटियों को जोड़ने के लिए ठोकी गई कीलियाँ लोहिताक्ष रत्नों की हैं और उनकी साँधें वज्र रत्नों से भरी हुई हैं। समुद्गक (कीलियों का ऊपरी हिस्सा–टोपी) विविध मणियों के है। अर्गलायें अर्गलापाशक (कुंदा) वज्र रत्नों के हैं। आवर्तन पीठिकाएँ (इन्द्रकीली का स्थान जिनमें चटकनी लगती हैं) चाँदी की हैं।

उत्तरपार्श्वक (वेनी किंवाडों का पिछला भाग) अंक रत्नों के हैं। इनमें लगे किवाड इतने सटे हुए सघन हैं कि बन्द करने पर थोडा–सा भी अन्तर नहीं रहता है। प्रत्येक द्वार की दोनों बाजुओं की भीतों में एक सौ अडसठ–एक सौ अडसठ सब मिलाकर तीन सौ छत्तीस भित्तिगुलिकाएँ–(देखने के लिए गोल–गोल गुप्त झरोखे या खूँटियाँ) हैं और उतनी ही गोमानसिकाएँ (शय्या जैसा लम्बा ओटा) हैं–प्रत्येक द्वार पर अनेक प्रकार के मणि रत्नमयी व्यालरूपों–सर्पों–से क्रीडा करती हुई सालभंजिकाएँ–पुतलियाँ बनी हुई हैं।

इनके कूट–(माड़) वज्र रत्नों के और माड के शिखर चाँदी के हैं और द्वारों के ऊपरी भाग लाल–स्वर्ण के हैं। द्वारों के जालीदार झरोखे भाँति–भाँति के मणि रत्नों से बने हुए हैं। मणियों के बाँसों का छप्पर है और बाँसों को बाँधने की खपच्चियाँ लोहिताक्ष रत्नों की हैं। रजतमयी भूमि है अर्थात् छप्पर पर चाँदी की परत बिछी हुई है। उनकी पाखें और पाखों की बाजुएँ अंक रत्नों (श्वेत रत्न) (हीरे जैसा श्वेत रत्न) की हैं। छप्पर के नीचे सीधी और आडी लगी हुई वल्लियाँ तथा कबेलू ज्योतिरस रत्नमयी हैं। उनकी पाटियाँ चाँदी की हैं। अवघाटनियाँ (कबेलुओ के ढक्कन) स्वर्ण की बनी हुई हैं। ऊपर प्रोच्छनियाँ–(टाटियाँ) वज्र रत्नों की हैं। टाटियों के ऊपर और कबेलुओं के नीचे के आच्छादन श्वेत–धवल और रजतमय हैं। उनके शिखर अंक रत्नों के हैं और उन पर तपे हुए स्वर्ण की स्तूपिकाएँ (प्रासाद के ऊपर का शिखर) बनी हुई हैं। ये द्वार शंख के समान विमल, दही एवं दुग्धफेन और चाँदी के ढेर के समान श्वेत प्रभा वाले हैं। उन द्वारों के ऊपरी भाग में तिलक रत्नों से निर्मित अनेक प्रकार के अर्ध–चन्द्राकार चित्र बने हुए हैं। अनेक प्रकार की मणियों की मालाओं से अलंकृत हैं। वे द्वार अन्दर और बाहर अत्यन्त स्निग्ध और सुकोमल हैं। वहाँ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पर सोने के समान पीली बालुका बिछी हुई है। सुखद स्पर्श वाले रूप-शोभा-सम्पन्न, मन को प्रसन्न करने वाले, देखने योग्य, मनोहर और अतीव रमणीय हैं।

DESCRIPTION OF THE GRANDEUR OF GATES OF SURYABH VIMAN

121. In each of the four wings of that Viman of Suryabh Dev, there are one thousand gates each in all the four directions.

Those gates are 500 yojans high, 250 yojans wide and 250 yojans is the entrance. They are of white colour. They are shining due to golden summits. Many paintings namely those of tiger, bullock, horse, man, crocodile, bird, snake, kinnar, ruru, sarabh, ashtapad, chamar, elephant, vanlata, padmalata on them are adding to their beauty.

Since the pillars are having jewelled summits the gates are looking grand. The pairs of Vidyadhar in a straight line and mechanically propelled are looking as if moving. As the gates are emitting thousands of rays and are having thousands of paintings, they are looking bright and extremely grand. They catch the eye of the spectators at the very first look. Their touch is pleasing. They are worthy to be looked at.

The description of those gates is as under—

The plinth of the gates is made of hard jewels. The foundation is made of Risht jewels, the pillars are of Vaidurya jewels and the floor is studded with gems of five colours. The threshold of the doors is of Hansgarbh jewels, the door-bolls are of Gomed gems. The chaukhat is of Lohitaksh jewels, the hanging bowl at the doors is of Jyotiras gems, the pegs joining the pots are of Lohitaksh jewels, the strong covering upon mattress ceiling is full of Vajra jewels. The tops of pegs are of various types of gems. The place for bolt joint is of silver.

The back side of the doors is of Ank jewels. The doors are of such a fitting that there is not even the slightest space in between when they are closed. On both the sides of the gates there are 168 secret round holes each. In other words there are 336 holes and 336 verandah. Many jewel-studded dolls playing with tigers and snakes are made on the gates.

The sides are of Vajra gems, the summits of the sides are of silver. The upper parts of the gates are red and golden. The ventilators are

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

of various types of gems and jewels. The poles of the roof (Chhappar) are of gem-studded bamboos. The joints to the bamboos are of Lohitaksh jewels. The roofs is silver-plated. Its sides are of white jewels such as diamonds. The supports for the roof are of Jyotiras gems. Their backs are of silver and covers of gold. The roofs are of Vajra gems. The covers are white and silvery. The tops are of Ank gems. The top of palace is of purified gold. The gates are as clean as conch, as white as curd or milky foam and are shining like a pile of silver. Many semi-circular paintings made of Tilakratna are in the upper part of the gates. The gates are extremely plain from inside and outside It is decorated with garlands of gems of many types. Golden sand is scattered there. They are very pleasing bright, worth seeing, grand and extremely beautiful.

१२२. तेसि णं दाराणं उभओ पासे दुहओ निसीहियाए सोलस सोलस चंदणकलसपरिवाडीओ पन्नत्ताओ।

ते णं चंदणकलसा वरकमल–पइट्ठाणा सुरभिवरवारिपडिपुण्णा, चंदणकयचच्चागा, आविद्धकंठे गुणा, पउमुप्पलपिहाणा सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवगा महया महया इंदकुंभसमाणा पन्नत्ता समणाउसो !

१२२. उन द्वारों की दोनों बाजुओं की दोनो निशीधिकाओं (बैठकों) में सोलह–सोलह चन्दन–कलशो की पंक्तियॉ स्थापित हैं।

ये चन्दन–कलश श्रेष्ठ उत्तम कमलों पर रखे हैं, उत्तम सुगन्धित जल से भरे हुए है, चन्दन के लेप से चर्चित, विभूषित हैं, उनके कंठो में लाल सूत कलावा बॅधा हुआ है और मुख पद्मकमल के ढक्कनों से ढके हुए हैं। हे आयुष्मन् श्रमणो ! ये सभी कलश सम्पूर्ण रत्नमय है, निर्मल यावत् बृहत् इन्द्रकुभ जैसे विशाल एवं अतिशय रमणीय हैं।

122. On both sides of the gates, there are rows of sixteen sandal wood pitchers each.

The sandal wood pitchers are kept on lotus of best quality. They are full of fragrant water of best quality. They are covered with sandal paste and are decorated. Red thread is tied at the neck of the pitchers and their mouth is covered with padma lotus. O the Shramans ! All these pictures are completely studded with gems. They are clean and huge and extremely beautiful.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२३. तेसि णं दाराणं उभओ पासे दुहओ णिसीहियाए सोलस-सोलस णागदंतपरिवाडीओ पन्नत्ताओ।

ते णं णागदंता मुत्ताजालंतरुसियहेमजाल-गवक्खजाल-खिंखिणीघंटाजाल-परिक्खित्ता अब्भुग्गया अभिणिसिट्ठा तिरियं सुसंपरिग्गहिया अहेपन्नगद्धवा, पन्नगद्धसंठाणसंठिया, सव्ववयरामया अच्छा जाव पडिरूवा महया महया गयदंतसमाणा पन्नत्ता समाणाउसो।

१२३. उन द्वारो की दोनों बाजुओं की दोनों निशीधिकाओ में सोलह-सोलह नागदन्तों (हाथी के दाँत के आकार की खूँटी) की पक्तियाँ हैं।

"हे आयुष्मन् श्रमणो ! ये नागदन्त (खूँटियाँ) मोतियों और सोने की मालाओं में लटकती हुई गवाक्षाकार (गाय की आँख) जैसी आकृति वाले घुँघरुओं से युक्त, छोटी-छोटी घंटिकाओ से परिवेष्टित हैं। इनका आगे का भाग कुछ ऊपर की ओर उठा और दीवाल से बाहर निकलता हुआ है एव पिछला भाग अन्दर दीवाल में अच्छी तरह से घुसा हुआ है और सर्प के अधोभाग (पिछले भाग) जैसे आकार का है। अग्र भाग का संस्थान सर्पार्ध के समान है। वे वज्र रत्नो से बने हुए हैं। बडे-बड़े गजदन्तो जैसे ये नागदन्त अतीव स्वच्छ, निर्मल यावत् अतिशय शोभाजनक हैं।"

THE PEGS OF THE GATES

123. In both the seats at the two sides of the gates, there are sixteen tusklike pegs each.

"O the blessed saints ! The rosaries of pearls and gold beads are hanging from those pegs. They are having small bells and small ringing stones. The front part is a little raised and is protruding from the wall. The other portion is tightly stuck into the wall and is serpentine in shape. The front portion is like half-snake. They are made of Vajra jewels. They are like huge tusk. They are exquisitely pure clean and attractive."

१२४. तेसु णं णागदंतएसु बहवे किण्हसुत्तबद्धा वग्घारितमल्लदामकलावा णील-लोहित-हालिद्द-सुक्किलसुत्तबद्धा वग्घारितमल्लदामकलावा। ते णं दामा तवणिज्जलंबूसगा, सुवन्नपयरगमंडिया नाणाविहमणिरयणविविह-हारउवसोभियसमुदया जाव सिरीए अईव अईव उवसोभेमाणा चिट्ठंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२४. उन नागदन्तों पर बहुत से काले सूत से गुँथी हुई तथा इसी प्रकार नीले, लाल, पीले और सफेद डोरे से गुँथी हुई लम्बी-लम्बी मालाएँ लटक रही हैं। वे मालाएँ सोने के झुमकों और सोने के पत्तों से परिमंडित तथा नाना प्रकार के मणि-रत्नों से रचित विविध प्रकार के शोभनीक हारों-अर्धहारों के समुदय से अपनी श्रीशोभा से अतीव-अतीव उपशोभित हैं।

124. Many long garlands knitted with black, blue, red, yellow and white thread are hanging from the pegs. Those garlands are studded with golden rings and golden leaves. The pegs are shining due to gems and jewels—studded garlands and semi-circular garlands and rosaries hanging from them adding to their beauty.

१२५. तेसि णं णागदंताणां उवरि अन्नाओ सोलस-सोलस नागदंतपरिवाडीओ पन्नत्ता, ते णं णागदंता तं चेव जाव गयदंतसमाणा पन्नत्ता समाणाउसो।

तेसु णं णागदंतएसु बहवे रययामया सिक्कगा पन्नत्ता, तेसु णं रययामएसु सिक्कएसु बहवे वेरुलियामईओ धूवघडीओ पण्णत्ताओ।

ताओ णं धूवघडीओ कालागुरु-पवरकुंदरुक्क-तुरुक्कधूवमघमघंत-गंधुद्धुयाभिरामाओ सुगंधवरगंधियाओ गंधवट्टिभूयाओ ओरालेणं मणुण्णेणं मणहरेणं घाणमण-णिव्वुइकरेणं गंधेणं ते पदेसे सव्वओ समंता आपूरेमाणा आपूरेमाणा जाव चिट्ठंति।

१२५. इन नागदंतों के भी ऊपर अन्य दूसरी सोलह-सोलह नागदन्तों की पंक्तियाँ हैं। हे आयुष्मन् श्रमणो ! पूर्व वर्णित नागदंतों की तरह ये नागदंत भी रमणीय विशाल गजदंतों के समान हैं।

इन नागदन्तों पर बहुत से रजतमय शींके (छींके) लटके हैं। इन प्रत्येक रजतमय शींको में वैडूर्यमणियों से बनी हुई धूप घटिकाएँ (धूपदानियाँ) रखी हैं।

ये धूपघटिकाएँ काले अगर, श्रेष्ठ कुन्दरुष्क, तुरुष्क (लोभान) और सुगंधित धूप के जलने से उत्पन्न मघमघाती मनमोहक सुगन्ध के उडने एवं उत्तम सुरभिगंध की अधिकता से गंधवर्तिका (अगरबत्ती) के जैसी प्रतीत होती हैं तथा सर्वोत्तम, मनोज्ञ, मनोहर गंध से नासिका और मन को तृप्ति देती हुई उस प्रदेश को सब तरफ से सुवासित कर रही हैं।

125. Above those pege there are rows of sixteen-sixteen pegs each. These pegs are also shining like pegs described earlier and are looking like huge tusks.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

On the pegs are hanging many silvery swings. In every swing there are incense stands made of Vaidurya gems.

The incense vessels are looking like fragrant incense sticks due to attractive fragrance and excellent pleasing smell caused in abundance by burning of black agar, best kundrushk (a fragrant substance used as incense), benzoin and fragrant dhoop. It is pleasant to the mind and nose due to excellent, grand and pleasing small. It is spreading its fragrance in that area.

द्वार पर स्थित पुतलियाँ

१२६. तेसि णं दाराणं उभओ पासे दुहओ णिसीहियाए सोलस सोलस सालभंजिया-परिवाडीओ पन्नत्ताओ।

ताओ णं सालभंजियाओ लीलट्ठियाओ, सुपइट्ठियाओ, सुअलंकियाओ, णाणाविहरागवसणाओ, णाणामल्लपिणद्धाओ, मुट्ठिगिज्झसुमज्झाओ, आमेल-गजमलजुयल-वट्टिय-अब्भुन्नय पीणरइयसंठिय-पीवरपओहराओ, रत्तावंगाओ, असियकेसीओ मिउविसयपसत्थ-लक्खणसंवेल्लियग्गसिरयाओ ईसिं असोगवरपायव-समुट्ठियाओ वामहत्थग्गहियग्गसालाओ ईसिं अद्धच्छिकडक्खचिट्ठएणं लूसमाणीओ विव चक्खुल्लोयणलेसेहि य अन्नमन्नं खिज्जमाणीओ विव पुढविपरिणामाओ, सासयभावमुवगयाओ, चंदाणणाओ चंदद्धसमणिडालओ, चंदाहियसोमदंसणाओ, उक्का विव उज्जोवेमाणाओ, विज्जघणमिरियसूरदिप्पंत-तेयअहिययरसन्निकासाओ सिंगारागार-चारुवेसाओ पासाइयाओ जाव चिट्ठंति।

१२६. उन द्वारों की दोनों बाजुओं की निशीधिकाओ (बैठकों) में सोलह-सोलह पुतलियों (शालभंजिका) की पंक्तियाँ बनी हुई हैं।

ये पुतलियाँ विविध प्रकार की लीलाएँ-(क्रीडाएँ) करती हुई प्रतीत होती हैं। वे सब प्रकार के आभूषणों-अलंकारों से शृंगारित मनोज्ञ रूप से स्थित हैं। अनेक प्रकार के रंग-बिरगे परिधानो-वस्त्रों एवं मालाओ से शोभायमान, मुट्ठी प्रमाण (मुट्ठी में समा जाने योग्य) कृश-पतले कटि प्रदेश वाली, शिर पर ऊँचा अंबाड़ा-जूड़ा बाँधे हुए और समश्रेणि में स्थित हैं। वे परिपुष्ट-मॉसल, पीवर-स्थूल पुष्ट पयोधरों वाली, कुछ लालिमायुक्त नयनों वाली, सुकोमल, अतीव निर्मल, शोभनीक सघन घुँघराली काली-काली कजरारी केशराशि वाली, उत्तम अशोक वृक्ष का सहारा लेकर खड़ी हुई और बायें हाथ से आगे की शाखा को

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पकडे हुए, अर्ध-निमीलित नेत्रों से किंचित् वक्र कटाक्ष-रूप चेष्टाओं द्वारा देवों के मनों को हरण करती हुई-सी और एक-दूसरे को देखकर परस्पर खेद-खिन्न होती हुई-सी हैं। मिट्टी से बनी होने पर भी शाश्वत-नित्य विद्यमान, अर्ध-चन्द्रतुल्य ललाट वाली, चन्द्र से भी अधिक सौम्य कांति वाली, उल्का-खिरते तारे के प्रकाश-पुँज की तरह उद्योत वाली-चमकीली, विद्युत् (मेघ की बिजली) की चमक एवं सूर्य के देदीप्यमान तेज से भी अधिक प्रकाश वाली, अपनी सुन्दर वेशभूषा से शृंगार रस के गृह-जैसी और मन को प्रसन्न करने वाली यावत् अतीव रमणीय हैं।

THE PUPPETS AT THE GATES

126. On both sides of the gates there are rows of sixteen dolls each.

Those puppets are appearing as if they are performing aerobats. They are properly decorated with ornaments of many types and are looking pleasant to the mind. They are having multi-coloured dresses and garlands. Their waist is so thin that it could be completely held in a hand. They are having high bunch of hair well tied. They are in a row. They are well-built. They are having thick light breasts. Their eyes are having a little luster. Their hair are soft, very clean, thick, curly and black. They are standing with the support of unique Ashok tree and holding the front branch in their left hand. Their eyes are half-closed and appear to make aromatic look to attract gods. Casting their look at each other they appear to be a bit dejected. They are made of earth. But they are everlasting, having forehead like a semi-circle. They are more bright than the moon. They shine like dropping star. They are brighter than the lightening and the mid-day sun. Due to their beautiful dress they are epitome of beauty, pleasant to the mind and extremely attractive.

१२७. तेसि णं दाराणं उभओ पासे दुहओ णिसीहियाए सोलस सोलस जालकडगपरिवाडीओ पन्नत्ता, ते णं जालकडगा सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

१२७. इन द्वारों की दोनों बाजुओं की दोनों निषीधिकाओं में सोलह-सोलह जालकटक (जाली झरोखे या यवनिका) हैं, ये झरोखे सर्वरत्नमय, निर्मल यावत् रमणीय हैं।

127. There are jewel-studded and clean sixteen barred windows in the two places for study at the sides of the doors.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२८. तेसि णं दाराणं उभओ पासे दुहओ निसीहियाए सोलस सोलस घंटापरिवाडीओ पन्नत्ता, तासि णं घंटाणं इमेयारूवे वन्नावासे पन्नत्ते, तं जहा–

जंबूणयामईओ घंटाओ, वयरामयाओ, लालाओ णाणामणिमया घंटापासगा, तवणिज्जामइयाओ संखलाओ, रययामयाओ रज्जूओ।

ताओ णं घंटाओ ओहस्सराओ, मेहस्सराओ, हंसस्सराओ, कोंचस्सराओ, सीहस्सराओ, दुंदुहिस्सराओ, णंदिघोसाओ, मंजुस्सराओ, मंजुघोसाओ, सुस्सराओ, सुस्सरघोसाओ उरालेणं मणुन्नेणं मणहरेणं कन्नमण–निव्वुइकरेणं सद्देणं ते पदेसे सव्वओ समंता आपूरेमाणाओ आपूरेमाणाओ जाव चिट्ठंति।

१२८. इन द्वारों की दोनों बाजु की दोनों निषीधिकाओं में सोलह-सोलह घंटाओं की पंक्तियाँ बनी हैं। उन घटाओं का वर्णन इस प्रकार है–

वे प्रत्येक घंटे जाम्बूनद स्वर्ण से बने हुए हैं, उनके लोलक (पेंडुलम) वज्र रत्नमय हैं, भीतर और बाहर दोनो बाजुओं मे विविध प्रकार के मणि जडे हैं, लटकाने के लिए बँधी हुई साँकलें सोने की और रस्सियाँ चाँदी की हैं।

उन घंटाओं का मधुर घोष ऐसा है जैसे मेघ की गडगड़ाहट, हंस के स्वर, क्रौंच के स्वर, सिह की गर्जना, दुन्दुभिनाद, वाद्यसमूहनिनाद और नन्दिघोष हो। उस मंजुस्वर, मंजुघोष (मनोहर ध्वनि और मनोहर नाद), सुस्वर, सुस्वर घोष जैसी ध्वनि वाले वे घंटे अपनी श्रेष्ठ–सुन्दर मनोज्ञ, मनोहर कान और मन को प्रिय, सुखकारी झनकारों से उस प्रदेश को चारों ओर से व्याप्त करते हुए शोभायमान हो रहे हैं।

128. In the two places for study of scriptures on both the sides of the gates, their are rows of sixteen bells each. The description of the bells is as under—

Every bell is made of gold. They have Vajra jewelled pendulum. Gems are studded both in the inner and outer side. The pegs are of gold and strings are of silver against which they are hanging.

The sweet sound of the bells is like that of thundering clouds, the voice of the swan or cronch, the roaring of the lion, the sound of the lute, the sound emitted by a collection of musical instruments and the bell of Stanit Kumar god. That pleasant tune, pleasant sound, auspicious voice, auspicious sound produced by those bells is excellent, pleasing loveable to the ears and the mind and is causing

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

happiness when it rings. It fills that area from all sides. So the bells are graceful.

१२९. तेसि णं दाराणं उभओ पासे दुहओ णिसीहियाए सोलस सोलस वणमालापरिवाडीओ पन्नत्ताओ। ताओ णं वणमालाओ णाणामणिमय-दुमलयकिसलय-पल्लवसमाउलाओ छप्पयपरिभुज्जमाणसोहंत सस्सिरीयाओ पासाईयाओ, दरिसणिज्जाओ अभिरूवाओ पडिरूवाओ।

१२९. उन द्वारों की दोनों बाजुओं की दोनों निषीधिकाओं में सोलह-सोलह वनमालाओं की पंक्तियाँ बनी हुई हैं। ये वनमालायें अनेक प्रकार की मणियों से निर्मित वृक्षों, पौधों, लताओं, किसलयों और पल्लवों-पत्तो से व्याप्त हैं। मधुपान के लिए बारम्बार-भ्रमरों के द्वारा स्पर्श किये जाने से सुशोभित ये वनलतायें मन को प्रसन्न करने वाली, दर्शनीय, अभिरूप एवं प्रतिरूप हैं।

129. On both sides of the gates, in Nisheedhikas (the places for study) there are rows of sixteen Van-maala each. They are made of gemmed trees, plants, creepers, leaves. Since been came to them to suck honey. Several times, these Vanlatas are pleasant to the mind worth-seeing and very beautiful.

१३०. तेसि णं दाराणं उभओ पासे दुहओ णिसीहियाए सोलस सोलस पगंठगा पन्नत्ता।

ते णं पगंठगा अड्ढाइज्जाइं जोयणसयाइं आयामविक्खंभेणं, पणवीसं जोयणसयं बाहल्लेणं, सव्ववयरामया अच्छा जाव पडिरूवा।

१३०. इन द्वारों की उभय पार्श्ववर्ती दोनों निषीधिकाओं में सोलह-सोलह प्रकंठक-(वेदिका रूप पीठ विशेष चबूतरा) बना है।

ये प्रत्येक प्रकठक (चबूतरा) अढाई सौ योजन लम्बे, अढाई सौ योजन चौडे और सवा सौ योजन मोटे है तथा सम्पूर्ण रत्नों से बने हुए, निर्मल यावत् अतीव रमणीय है।

130. There is a terrace at the backside of the gates and they are having sixteen small square platforms each.

Every platform is 250 yojans long, 250 yojans wide and 125 yojans thick. All of them are studded with gems. They are dustless and beautiful.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३१. तेसि णं पगंठगाणं उवरिं पत्तेयं पत्तेयं पासायवडेंसगा पन्नत्ता।

ते णं पासायवडेंसगा अड्ढाइज्जाइं जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, पणवीसं जोयणसयं विक्खंभेणं, अब्भुग्गयमूसिअ–पहसिया विव, विविहमणिरयणभत्तिचित्ता।

वाउद्धुयविजय–वेजयंत पडागच्छत्ताइछत्तकलिया, तुंगा, गगणतलमणुलिहंतसिहरा, जालंतररयणपंजरुम्मिलियव्व, मणिकणगथूभियागा, वियसियसयवत्तपोंडरीय–तिलगरयणद्धचंदचित्ता, णाणामणिदामालंकिया।

अंतो बहिं च सण्हा तवणिज्जवालुया–पत्थडा सुहफासा सस्सिरीयरूवा पासादीया दरिसणिज्जा जाव दामा।

१३१. उन प्रकण्ठकों (चबूतरो) के ऊपर एक-एक प्रासादावतंसक (सुन्दर महल) बना है।

ये प्रासादावतंसक ऊँचाई में अढाई सौ योजन ऊँचे और सवा सौ योजन चौडे हैं, चारों दिशाओं में व्याप्त अपनी प्रभा से हँसते हुए से प्रतीत होते है। विविध प्रकार के मणि-रत्नों से इनमें चित्र-विचित्र रचनाएँ बनी हुई हैं।

वे वायु से फहराती हुई, विजय को सूचित करने वाली वैजयन्ती-पताकाओं एवं एक-दूसरे के ऊपर रहे हुए छत्रों से शोभित हैं। अत्यन्त ऊँचे होने से इनके शिखर मानो आकाशतल को छू रहे हैं। विशिष्ट शोभा के लिए जाली-झरोखों में रत्न जडे हुए हैं। वे रत्न ऐसे चमकदार है मानो अभी-अभी पिटारों से निकाले हुए हों। मणियों और स्वर्ण से इनकी स्तूपिकाएँ-शिखर बने हैं तथा स्थान-स्थान पर विकसित शतपत्र एव पुडरीक कमलों के चित्र और तिलक रत्नों से रचित अर्ध-चन्द्र के चित्र बने हुए हैं। वे नाना प्रकार की मणिमय मालाओं से अलंकृत हैं।

भीतर और बाहर से चिकने-कमनीय हैं। आँगन में स्वर्णमयी बालुका बिछी हुई है, इनका स्पर्श सुखप्रद है। रूप शोभा-सम्पन्न है। देखते ही चित्त में प्रसन्नता होती है। यावत् मुक्तादामों आदि से सुशोभित हैं।

131. One beautiful palace is on each of those platforms.

These palaces are 250 yojans high and 125 yojans wide. Their brightness is spreading in all the four sides and they appear smiling. Many pictures made of gems are on them.

They are shining due to fluttering Vaijayanti flags and umbrella are one above the other indicating their success. Since they are

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

extremely high, their top appears to be touching the sky. Barred windows are studded with gems to increase their beauty. The jewels have such a shine as if they have just been taken out from the box. Their summits are made of gems and gold. The paintings of blossoming hundred-leaved lotus and Pundareek lotus, tilak gemmed half-moon are at several places. They are beautified by jewelled garlands of several types.

They are slippery and loveable both from inside and outside. Golden sound is spread in the courtyard whose touch is pleasant. Their shape is grand and attracts the heart at the very first look. This description should be considered upto that of Muktadama (garland of pearls).

विवेचन–'जाव दामा' पद से यह सूचित किया है कि यान विमान के प्रसंग मे जिस तरह उसकी अन्तर्भूमि, प्रेक्षागृह मडप, रंगमच, सिहासन, विजय-दूष्य, वज्राकुश एव मुक्तादामो का वर्णन पिछले सूत्रो मे किया है, उसी प्रकार समस्त वर्णन यहाँ भी समझ लेना चाहिए।

Elaboration—The words **'Jaav dama'** indicates that the description here should be considered to be similar to the one mentioned in earlier aphorisms about celestial aerial vehicle regarding its ground inside, the space for spectators, the hall, the stage, the throne, the cloth of success, the Vajra rod and garlands of pearls

द्वारों के उभय पार्श्ववर्ती तोरण

१३२. (१) तेसि णं दाराणं उभओ पासे सोलस सोलस तोरणा पन्नत्ता, णाणामणिमया णाणामणिमएसु खंभेसु उवणिविट्ठसन्निविट्ठा जाव पउम-हत्थगा।

१३२. (१) उन द्वारों के दक्षिण और वाम-दोनों बाजुओं में सोलह-सोलह तोरण हैं। वे सभी तोरण नाना प्रकार के मणि-रत्नों से बने हुए हैं तथा विविध प्रकार की मणियों से निर्मित स्तम्भों के ऊपर अच्छी तरह बँधे हैं यावत् पद्म-कमलों के झुमकों-गुच्छों से शोभित हैं।

FESTOONS ON BOTH SIDES OF VIMAN

132. (1) There are sixteen festoons each on both the sides (right and left) of the gates. All those festoons are made of gems and jewels and are tied well on pillars studded with gems. They are shining with bunches of Padma lotus.

(२) तेसि णं तोरणाणं पत्तेयं पुरओ दो-दो सालभंजियाओ पन्नत्ताओ, जहा हेट्ठा तहेव।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेसि णं तोरणाणं पुरओ नागदंता पन्नत्ता, जहा हेट्ठा जाव दामा।

(२) उन तोरणों में से प्रत्येक के आगे दो-दो पुतलियाँ स्थित हैं। पुतलियों का वर्णन सूत्र ११८ के अनुसार जानना चाहिए।

उन तोरणों के आगे दो-दो नागदंत (खूँटे) हैं। मुक्तादाम पर्यन्त इनका वर्णन पूर्व वर्णित नागदन्तों के समान जानना चाहिए।

(2) There are two puppets in front of each of the said festoons. The description of puppets may be considered similar to that in aphorism 118.

There are two big pegs in front of each of these festoons. The description upto 'Mukta dama' in the present case should be considered similar to the earlier described pegs.

(३) तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो-दो हयसंघाडा, गयसंघाडा, नरसंघाडा, किन्नरसंघाडा, किंपुरिससंघाडा, महोरगसंघाडा, गंधव्वसंघाडा, उसभसंघाडा, सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा, एवं पंतीओ वीही मिहुणाइं।

तेसि णं तोरणाणं दो-दो पउमलयाओ जाव सामलयाओ, णिच्चं कुसुमियाओ सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो-दो दिसा-सोवत्थिया पन्नत्ता, सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

(३) उन तोरणों के आगे दो-दो अश्व, गज, नर, किन्नर, किंपुरुष, महोरग, गन्धर्व और वृषभ संघाट-(युगल) बने हैं। ये सभी रत्नमय, निर्मल यावत् असाधारण रूप-सौन्दर्य वाले हैं। इसी प्रकार से इनकी पंक्ति (श्रेणी) वीथि और उनके सामने मिथुन-स्त्री-पुरुषयुगल बने हुए हैं।

उन तोरणों के आगे दो-दो पद्मलतायें यावत् अनेक प्रकार की श्यामलताएँ हैं। ये सभी लतायें पुष्पों से लदी हुई और रत्नमय यावत् मनोहर हैं।

उन तोरणों के अग्र भाग में दो-दो दिशा-स्वस्तिक रखे हैं, जो सर्वात्मना रत्नों से बने हुए, निर्मल यावत् अतीव मनोहर हैं।

(3) In front of those festoons, there are horses, elephants, men, kinnar, kimpurush, mahorag, gandharv (the demon gods) and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

bullocks—two each made of gems. They are clean unique and very beautiful. Similarly their row is made and before them are men and women, in sexual activities.

In front of the festoons, there are Padmalatas two each and Shyamlatas of many types. All these creepers are laden with flowers. They are gemmed and grand.

In the front part of the festoons, there are two Swastiks each. They are fully made of gems and are dirtless.

(४) तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो-दो चंदणकलसा पन्नत्ता, ते णं चंदणकलसा वरकमलपइट्ठाणा तहेव।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ भिंगारा पन्नत्ता, ते णं भिंगारा वरकमलपइट्ठाणा जाव महया मत्तगयमुहागितिसमाणा पन्नत्ता समणाउसो।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो-दो आयंसा पन्नत्ता, तेसि णं आयंसाणं इमेयारूवे वन्नावासे पन्नत्ते, तं जहा-तवणिज्जया पगंठगा, अंकमया मंडला, अणुग्घसितनिम्मलाए छायाए समणुबद्धा, चंदमंडलपडिणिकासा, महया महया अद्धकायसमाणा पन्नत्ता समणाउसो।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो-दो वइरनाभथाला पन्नत्ता, अच्छतिच्छडियसालि-तंदुलणहसं-दिट्ठपडिपुन्ना इव चिट्ठंति सव्वजंबूणयमया जाव पडिरूवा महया महया रहचक्कवालसमाणा पन्नत्ता समणाउसो।

(४) उन तोरणों के आगे दो-दो चन्दनकलश हैं। ये चन्दनकलश श्रेष्ठ कमलों पर स्थापित हैं, इत्यादि वर्णन पूर्ववत् समझ लेना चाहिए।

हे आयुष्मन् श्रमणो ! उन तोरणों के आगे दो-दो भृंगार (झारी) हैं। ये भृंगार भी उत्तम कमलों पर रखे हुए हैं यावत् मत्त गजराज की मुखाकृति के समान विशाल आकार वाले हैं।

उन तोरणों के आगे दो-दो आदर्श-दर्पण रखे हैं। इन दर्पणों का वर्णन इस प्रकार है- हे आयुष्मन् श्रमणो ! इनकी पादपीठ सोने की है, प्रतिबिम्ब मण्डल अंक रत्न के हैं और अनघिसे होने (घिसे नहीं जाने) पर भी ये दर्पण अपनी स्वाभाविक निर्मल प्रभा से युक्त हैं। चन्द्रमण्डल सरीखे ये निर्मल दर्पण ऊँचाई में कायार्ध (आधे शरीर) जितने बडे-बडे हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उन तोरणों के आगे वज्रमय नाभि वाले (जिनका मध्य भाग वज्र रत्नों से निर्मित है) दो-दो थाल रखे हैं। ये सभी थाल मूसल आदि से तीन बार छाँटे गये, शोधे गये, स्वच्छ निर्मल अखण्ड तदुल-चावलों से परिपूर्ण-भरे हुए से प्रतिभासित होते हैं। ये थाल जम्बूनद स्वर्ण से बने हुए यावत् अतिशय रमणीय और रथ के पहिये जितने विशाल गोल आकार के हैं।

(4) In front of the festoons, there are sandal pitchers two each placed in lotus of best quality. The description may be considered similar to that earlier mentioned.

O blessed Shramans ! In front of those festoons, there are auspicious jars two each. These jars are also placed on lotus flowers of best quality. In shape they are huge like mouth of an intoxicated elephant.

There are two mirrors each in front of those festoons, their description is as under—O blessed saints ! Their back is of gold. The margin is of Ank gems. Although the mirrors are not refined, yet they possess natural clear shine. They are as clean as moon circle and as big as half the size of man.

In front of the festoons, there are two plates, each gem-studded in the middle. All the plates have been properly straightened thrice with hammer, purified and appear to be completely filled with rice. They are made of pure gold and are very beautiful. They are as big as wheel of chariot and are circular in shape.

(५) तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो-दो पाईओ, ताओ णं पाईओ सच्छोदगपरिहत्थाओ, णाणाविहस्स फलहरियगस्स बहुपडिपुन्नाओ विव चिट्ठंति, सव्वरयणामईओ अच्छा जाव पडिरूवाओ महया महया गोकलिंजरचक्कसमाणीओ पन्नत्ताओ समणाउसो।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो-दो सुपइट्ठा पन्नत्ता णाणाविहभंडविरइया इव चिट्ठंति सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो-दो मणोगुलियाओ पन्नत्ताओ, तासु णं मणोगुलियासु बहवे सुवन्न-रुप्पमया फलगा पन्नत्ता, तेसु णं सुवन्नरुप्पमएसु फलगेसु बहवे वयरामया नागदंतया पन्नत्ता, तेसु णं वयरामएसु णागदंतएसु बहवे वयरामया सिक्कगा पन्नत्ता, तेसु

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णं वयरामएसु सिक्कगेसु किण्हसुत्तसिक्कगवच्छियाः णीलसुत्तसिक्कगवच्छिया, लोहियसुत्तसिक्कगवच्छिया हालिद्दसुत्तसिक्कगवच्छिया, सुक्किल्लसुत्तसिक्कगवच्छिया बहवे वायकरगा पन्नत्ता सव्ववेरुलियमया अच्छा जाव पडिरूवा।

(५) उन तोरणों के आगे दो-दो पात्रियाँ (बर्तन) रखी हैं। ये पात्रियाँ स्वच्छ निर्मल जल से भरी हुई हैं और विविध प्रकार के ताजे हरे फलों से भरी हुई-सी प्रतिभासित होती हैं। ये सभी पात्रियाँ रत्नमयी, निर्मल यावत् अतीव मनोहर हैं और इनका आकार बड़े-बड़े गोकलिंजरों-गाय को घास रखने के टोकरों के समान गोल हैं।

उन तोरणों के आगे दो-दो सुप्रतिष्ठक पात्र (प्रसाधन-मंजूषा या शृंगारदान) रखे हैं। प्रसाधन-शृंगार की साधनभूत औषधियों आदि से भरे हुए भांडों से सुशोभित हैं और सर्वात्मना रत्नों से बने हुए, निर्मल यावत् अतीव मनोहर हैं।

उन तोरणों के आगे दो-दो मनोगुलिकाएँ (बैठने की पीठिका-कुर्सी) हैं। इन मनोहर मनोगुलिकाओं पर अनेक सोने और चाँदी के पाटिये जडे हुए हैं और उन सोने और चाँदी के पाटियों पर वज्र रत्नमय नागदन्त (खूँटे) लगे है एव उन नागदन्तों के ऊपर वज्र रत्नमय छींके टँगे हैं। उन छींकों पर काले, नीले, लाल, पीले और सफेद सूत के जालीदार वस्त्र खण्ड से ढँके हुए वातकरक (जल से रहित, कोरे घडे) रखे हैं। ये सभी वातकरक वज्र रत्नमय, निर्मल यावत् अतिशय सुन्दर हैं।

(5) Two small vessels each are in front of the festoons. They are full of pure clean water and appear to be filled with fresh green fruit of various types. These vessels are jewel-studded, clean and extremely beautiful. They are as round as big baskets meant for feeding grass to the cow.

There are decoration-boxes—two each in front of the festoons. They are full of small containers having articles for decorating the body. All of them are jewel-studded and upto extremely beautiful.

Two chairs each are in front of the festoons. Many gold and silver plates are studded on those beautiful chairs and silver pegs are fixed on them. Jewelled bunches are hanging from those pegs. Unused pitchers are placed in these bunches and they are covered with meshed cloth made of black, blue, red, yellow and white yarn. All these pitchers are jewel-studded, clean and extremely beautiful.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(६) तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो-दो चित्ता रयणकरंडगा पन्नत्ता, से जहाणामए रन्नो चाउरंतचक्कवट्टिस्स चित्ते रयणकरंडए वेरुलियमणि-फलिहपडलपच्चोयडे साते पहाते ते पदेसे सव्वतो समंता ओभासति उज्जोवेति तवति पभासति एवमेव ते वि चित्ता रयणकरंडगा साते पभाते ते पएसे सव्वओ समंता ओभासंति, उज्जोवेंति, तवंति पभासंति।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो-दो हयकंठा, गयकंठा, नरकंठा, किन्नरकंठा, किंपुरिसकंठा, महोरगकंठा, गंधव्वकंठा, उसभकंठा सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो-दो पुप्फचंगेरीओ, मल्लचंगेरीओ, चुन्नचंगेरीओ, गंधचंगेरीओ, वत्थचंगेरीओ, आभरणचंगेरीओ, सिद्धत्थचंगेरीओ, लोमहत्थचंगेरीओ पन्नत्ताओ सव्वरयणामयाओ अच्छाओ जाव पडिरूवाओ।

(६) उन तोरणो के आगे चित्रामों से युक्त दो-दो (रत्नकरंडक-रत्नों के पिटारे) रखे हैं। जिस तरह चातुरंत चक्रवर्ती राजा का वैडूर्य मणि से बना हुआ एवं स्फटिक मणि के पटल से ढँका हुआ अद्‌भुत-आश्चर्यजनक रत्नकरंडक अपनी प्रभा से उस प्रदेश को पूरी तरह से प्रकाशित, उद्योतित, तापित (गर्मी देता है) और प्रभासित करता (चमकाता) है, उसी प्रकार ये रत्नकरंडक भी अपनी प्रभा-कांति से अपने निकटवर्ती प्रदेश को आलोकमय बना देते, प्रकाशित, उद्योतित (चमकता), तापित (गर्मी देना) और प्रभासित (दीप्त) करते हैं।

उन तोरणों के आगे दो-दो अश्वकंठ (कंठ पर्यन्त घोडे की मुखाकृति, जैसे-रत्न-विशेष), गजकंठ, नरकंठ, किन्नरकंठ, किंपुरुषकंठ, महोरगकंठ, गंधर्वकंठ, वृषभकंठ (इनकी मुखाकृति के रत्न) रखे हैं। ये सब अश्वकंठादिक सर्वथा रत्नमय, स्वच्छ, निर्मल यावत् असाधारण सुन्दर हैं।

उन तोरणों के आगे दो-दो पुष्प-चंगेरिकाएँ (फूलो से भरी छोटी-छोटी टोकरियाँ-डलियाँ), माल्यचगेरिकाएँ (माला की टोकरियाँ), चूर्ण (सुगन्धित चूर्ण) चंगेरिकाएँ, गन्ध चगेरिकाएँ, वस्त्र चंगेरिकाएँ, आभरण (आभूषण) चंगेरिकाएँ, सिद्धार्थ (सरसों) की चंगेरिकाएँ एवं लोमहस्त (मयूरपिच्छ) चंगेरिकाएँ रखी है। ये सभी टोकरियाँ रत्नों से बनी हुई, निर्मल यावत् प्रतिरूप-अतीव मनोहर हैं।

(6) Two jewel boxes each are in front of the festoons. The unique jewel box of Chakravarti (king Emperor) is made of Vaidurya jewels. It is covered with plate studded with crystal gems. It

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

provides brightness, shine and warmth to the entire area. Similarly these jewel boxes with their luster brighten the entire area and provide warmth and shine to it.

Two horse shaped jewels each are in front of the festoons. There are also two jewels each of the shape of neck of an elephant, a man, of kinnar, of kimpurush, of mahorag, of gandharv and of bullock. All the said jewels are totally studded, pure, clean and unique.

In front of the festoons, there are flower-baskets, garland-basket, fragrant powder-baskets, fragrant-baskets, baskets containing clothes, containing ornaments, containing mustard and baskets containing mops made of peacock feather two each. They are all gem-studded, clean and upto extremely attractive.

(७) तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो–दो पुप्फपडलगाइं जाव लोमहत्थपडलगाइं सव्वरयणामयाइं अच्छाइं जाव पडिरूवाइं।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो–दो सीहासणा पण्णत्ता, तेसि णं सीहासणाणं वण्णओ जाव दामा।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो–दो रुप्पमया छत्ता पन्नत्ता, ते णं छत्ता वेरुलियविमलदंडा, जंबूणयकन्निया, वइरसंधी, मुत्ताजालपरिगया, अट्ठसहस्सवरकंचणसलागा, दद्दरमलयसुगंधिसव्वोउयसुरभिसीयलच्छाया, मंगलभत्तिचित्ता, चंदागारोवमा।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो–दो चामराओ पन्नत्ताओ, ताओ णं चामराओ चंदप्पभवेरुलियवयरनानामणिरयणखचियचित्तदण्डाओ सुहुमरययदीहवालाओ संखंककुंददगरयअमयमहियफेणपुंजसन्निगासाओ, सव्वरयणामयाओ, अच्छाओ जाव पडिरूवाओ।

तेसि णं तोरणाणं पुरओ दो–दो तेल्लसमुग्गा, पत्तसमुग्गा, चोयगसमुग्गा, तगरसमुग्गा, एलासमुग्गा, हरियालसमुग्गा, हिंगुलयसमुग्गा, मणोसिलासमुग्गा, अंजणसमुग्गा, सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

(७) उन तोरणों के आगे दो–दो पुष्पपटलक (फूलों के पिटारे) यावत् मयूरपिच्छपटलक रखे हैं। ये सब पटलक (पिटारे) रत्नमय, स्वच्छ, निर्मल यावत् प्रतिरूप हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उन तोरणों के आगे दो-दो सिहासन हैं। इन सिंहासनों का वर्णन मुक्तादामपर्यन्त सूत्र ४८, ४९, ५० तथा ५१ के समान कहना चाहिए।

उन तोरणों के आगे चाँदी के दो-दो छत्र हैं। इन रजतमय छत्रों के दण्ड वैडूर्य मणियों के हैं, कर्णिकाएँ (बीच का केन्द्र) सोने की हैं, संधियाँ (जोड़) वज्र की हैं, मोती पिरोई हुई आठ हजार सोने की सलाइयाँ (तानें) हैं तथा दद्दर चन्दन (दद्दर नामक पर्वत का चन्दन) और सभी ऋतुओं के पुष्पों की सुरभि से युक्त शीतल कान्ति वाले हैं। इन पर मंगलरूप स्वस्तिक आदि के चित्र बने हैं। इनका आकार चन्द्रमण्डलवत् गोल है।

उन तोरणों के आगे दो-दो चामर हैं। इन चामरों की डंडियाँ चन्द्रकांत वैडूर्य और वज्र रत्नों की हैं और उन पर अनेक प्रकार के मणि-रत्नों द्वारा विविध चित्र-विचित्र रचनाएँ बनी हैं, शंख, अकं रत्न, कुंद पुष्प, जलकण और क्षीरोदधि के मथे हुए पुँज के समान फेन-पुँज श्वेत-धवल है, पतले लम्बे बाल हैं। ये सभी चामर सर्वथा रत्नमय, निर्मल यावत् प्रतिरूप-अनुपम शोभाशाली हैं।

उन तोरणों के आगे दो-दो तेलसमुद्गक (सुगन्धित तेल से भरे पात्र-डिब्बे), कोष्ठ (सुगन्धित द्रव्य) समुद्गक, पत्र-(तमाल के पत्ते) के समुद्गक, चोयसमुद्गक-(चन्दन और देवदार के बुरादे से बने सुगंधित द्रव्य का पात्र), तगरसमुद्गक (सुगन्धित वृक्षों की छाल से भरे पात्र), एला (इलायची) समुद्गक, हरतालसमुद्गक, हिंगलुकसमुद्गक, मैनसिलरामुद्गक, अजनसमुद्गक रखे हैं। ये सभी समुद्गक रत्नों से बने हुए, निर्मल यावत् अतीव मनोहर हैं।

(7) In front of the festoons, there are baskets of flowers and upto basket containing mops of peacock feathers two each. All these baskets are jewel-studded, clean, dirtless and very beautiful.

There are two thrones in front of each of the festoons. The description of thrones may be understood similar to that in aphorisms 48, 49, 50 and 51 upto garland of flowers.

There are two silver umbrellas each in front of the festoons. The silvery umbrellas are of Vaidurya gems. The central part is of gold. The joints are of Vajra jewels. It has eight thousand gold rods having pearls. The umbrellas are of strong sandal wood and are having fragrance and quiet beauty of the flowers of all seasons. The auspicious Swastikas are painted on them. They are as round as the moon.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

There are two chamaras in front of each of the festoons. They have handles of Vaidurya jewels. Many sketches have been made on them with gems of various types. They are as white as conch, Ank jewels, kund flowers (Lilies), water drops and churned milky ocean. They have thick long hair. All these chamaras are studded with jewels, clean and upto having unique grandeur.

There are two tins each, full of fragrant oil in front of the festocns. There are also two tins each of tamal leaves, sandle wood and deodar wood powder, of busk of fragrant trees of curdaman, of yellow orpiment, of vermilion, of arsenic and of collyrium. All these tins are studded with jewels, clean and upto extremely attractive.

द्वारस्थ ध्वजाओं का वर्णन

१३३. सूरियाभे णं विमाणे एगमेगे दारे अट्ठसयं चक्कज्झयाणं, अट्ठसयं मिगज्झयाणं, गरुडज्झयाणं, छत्तज्झयाणं, पिच्छज्झयाणं, सउणिज्झयाणं सीहज्झयाणं, उसभज्झयाणं, अट्ठसयं सेयाणं चउविसाणाणं नागवरकेऊणं। एवमेव सपुव्वावरेणं सूरियाभे विमाणे एगमेगे दारे असीयं असीयं केउसहस्सं भवति इति मक्खायं।

१३३. सूर्याभ विमान के प्रत्येक द्वार के ऊपर चक्र, मृग, गरुड़, छत्र, मयूरपिच्छ, पक्षी, सिंह, वृषभ, चार दाँत वाले श्वेत हाथी और उत्तम नाग (सर्प) के चिन्हों वाली एक सौ आठ-एक सौ आठ ध्वजायें (प्रत्येक चिह्न की) फहरा रही हैं। इस तरह सब मिलाकर एक हजार अस्सी-एक हजार अस्सी ध्वजायें उस सूर्याभ विमान के प्रत्येक द्वार पर फहरा रही हैं।

DESCRIPTION OF FLAGS AT THE GATES

133. One hundred eight flags flutter at each of the gates of Suryabh Viman. These flags bear the Suryabh wheel, deer, eagle, umbrella, mop of peacock feathers, bird, lion, bullock, elephant having four tusks and unique snake. Thus in all one thousand eighty flags are fluttering at each of the gates of Suryabh Viman.

द्वारवर्ती भौमों का वर्णन

१३४. तेसि णं दाराणं एगमेगे दारे पण्णट्ठिं पण्णट्ठिं भोमा पन्नत्ता। तेसि णं भोमाणं भूमिभागा, उल्लोया च भाणियव्वा।

तेसि णं भोमाणं च बहुमज्झदेसभागे पत्तेयं पत्तेयं सीहासणे, सीहासणवन्नओ सपरिवारो, अवसेसेसु भोमेसु पत्तेयं पत्तेयं भद्दासणा पन्नत्ता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३४. उन द्वारों के एक-एक द्वार पर पैंसठ-पैंसठ भौम (दरवाजे के ऊपर का भवन-मेडी) बताये हैं। यान विमान की तरह ही इन भौमों के सम रमणीय भूमि भाग और उल्लोक (चन्देवों) का वर्णन करना चाहिए।

इन भौमों के बीचोंबीच में एक-एक सिंहासन रखा है। यान विमानवर्ती सिंहासन की तरह उसका सपरिवार वर्णन समझना चाहिए, अर्थात् उसके परिवार रूप सामानिक आदि देवों के भद्रासनों सहित इन सिंहासनो का वर्णन जानना चाहिए। शेष आसपास के भौमों में भद्रासन रखे हैं।

DESCRIPTION OF STORAGE ABOVE THE GATES

134. There are sixty five storeys above each of the gates. The description of the levelled floors and cloth ceilings of these storeys should be considered as that of celestial aerial vehicle.

In the middle of these floors is a throne each. Its description should be considered similar to that of celestial aerial vehicle and its details. In other words, like the seals of gods of equal status and the family, the description of the thrones may be understood. In nearby other pieces of land, Bhadrasans have been placed.

१३५. तेसि णं दाराणं उत्तमागारा सोलसविहेहिं रयणेहिं उवसोभिया, तं जहा-रयणेहिं जाव रिट्ठेहिं।

तेसि णं दाराणं उप्पिं अट्ठट्ठमंगलगा सज्झया जाव छत्तातिछत्ता।

एवमेव सपुव्वावरेणं सूरियाभे विमाणे चत्तारि दारसहस्सा भवंतीति मक्खायं।

१३५. उन द्वारों के ओतरंग (ऊपरी भाग पर लगा काष्ट) सोलह प्रकार के रत्नों से शोभित हैं। उन रत्नों के नाम इस प्रकार हैं-कर्केतन रत्न यावत् वज्र, वैडूर्य, लोहिताक्ष, मसारगल्ल, हंसगर्भ, पुलक, सौगन्धिक, ज्योतिरस, अंक, अंजन, रजत, अंजनपुलक, जातरूप, स्फटिक और रिष्ट रत्न।

उन द्वारो के ऊपर स्वस्तिक आदि आठ-आठ मंगल अंकित हैं जिन पर ध्वजाएँ और तीन छत्र शोभित हैं।

इस प्रकार सूर्याभ विमान में सब मिलकर चार हजार द्वार सुशोभित हो रहे हैं।

135. The wood of the upper part of these gates is shining with jewels of sixteen types. The names of those jewels are Karket, Vajra,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Lohitaksh, Masargalla, Hansagarbh, Pulak, Saugandhik, Jyotiras, Ank, Anjan, Rajat, Anjan-pulak, Jaatroop, Crystal (Sphatik) and Rist jewels.

Eight auspicious symbols namely Swastik and others are drawn on the gates. Three flags and three umbrellas and adding to their beauty.

Thus in all four thousand gates are beautifying Suryabh Viman.

विमान के वनखंडों का वर्णन

१३६. सूरियाभस्स विमाणस्स चउद्दिसिं पंच जोयणसयाइं अबाहाए चत्तारि वणसंडा पन्नत्ता, तं जहा–असोगवणे, सत्तवण्णवणे, चंपगवणे, चूयगवणे। पुरत्थिमेणं असोगवणे, दाहिणेणं सत्तवन्नवणे, पच्चत्थिमेणं चंपगवणे, उत्तरेणं चूयगवणे।

ते णं वणखंडा साइरेगाइं अद्धतेरस जोयणसयसहस्साइं आयामेणं, पंच जोयणसयाइं विक्खंभेणं, पत्तेयं पत्तेयं पागारपरिक्खित्ता।

किण्हा किण्होभासा, नीला नीलोभासा, हरिया हरियोभासा, सीया सीयोभासा, निद्धा निद्धोभासा, तिव्वा तिव्वोभासा, किण्हा किण्हच्छाया, नीला नीलच्छाया, हरिया हरियच्छाया, सीया सीयच्छाया, निद्धा निद्धच्छाया, घणकडितडियच्छाया, रम्मा महामेहनिकुरुंबभूया।.... **ते णं पायवा मूलमंतो वणखंडवन्नओ।**

१३६. उस सूर्याभ विमान के चारों ओर पॉच सौ-पाँच सौ योजन की दूरी पर चारो दिशाओं में चार वनखंड हैं–(१) पूर्व दिशा में अशोकवन, (२) दक्षिण दिशा में सप्तपर्णवन, (३) पश्चिम दिशा में चंपकवन, और (४) उत्तर दिशा में आम्रवन।

ये प्रत्येक वनखंड साढ़े बारह लाख योजन से कुछ अधिक लम्बे और पॉच सौ योजन चौड़े हैं। प्रत्येक वनखड एक-एक परकोटे से परिवेष्टित है।

ये सभी वनखंड अत्यन्त घने होने के कारण काले और काली आभा वाले, नीले और नीली आभा वाले, हरे और हरी काति वाले, शीत स्पर्श और शीत आभा वाले, स्निग्ध-कमनीय और कमनीय कांति दीप्ति-प्रभा वाले, तीव्र प्रभा वाले तथा काले और काली छाया वाले, नीले और नीली छाया वाले, हरे और हरी छाया वाले, शीतल और शीतल छाया वाले, स्निग्ध और स्निग्ध छाया वाले हैं। वृक्षो की शाखा-प्रशाखाएँ आपस में एक-दूसरी से मिली होने के कारण अपनी सघन छाया से बड़े ही रमणीय तथा महामेघों के समूह जैसे सुहावने दिखते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इन वनखडों के वृक्ष जमीन के भीतर गहरी फैली हुई जडों से युक्त हैं, इत्यादि वृक्षों का समग्र वर्णन औपपातिकसूत्र के अनुसार यहाँ करना चाहिए।

DESCRIPTION OF FOREST-REGIONS OF THE VIMAN

136. At a distance of 500 yojans on each side of Suryabh Viman, there are four forest-regions namely—(1) Ashok forest in the east, (2) Saptaparn forest in the south, (3) Champak forest in the west, and (4) Aamra forest in the north.

Each of these forest-regions is a little more than 1.25 million yojans long and 500 yojans wide. Every forest-region is covered with a boundary wall.

All the forest-regions are extremely thick and therefore appear to be black having black luster, blue having blue luster, green having green luster, of cool touch and cool aura, of smooth pleasing touch and smooth shadow. The branches and sub-branches of the trees are interlinked and therefore, because of thick shadow they appear very pleasant and good looking like cluster of clouds.

The trees of these forest-regions have deep widely spread roots. The description of the trees may be considered similar to that in Aupapatik Sutra.

विवेचन–औपपातिकसूत्र मे वनखड के वृक्षो का जो वर्णन किया गया है यह वर्णन–उद्यानविज्ञान और वनस्पतिविज्ञान की दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है। संक्षेप मे वह वर्णन इस प्रकार है–

"इन वनखडो के वृक्ष जमीन के अन्दर विस्तृत गहरे फैले हुए मूल, कन्द, स्कन्ध, त्वचा, शाखा, प्रशाखा, प्रवाल, पत्र, पुष्प, फल, बीज से युक्त है। छतरी के समान इनका रमणीय गोल आकार है। इनके स्कन्ध ऊपर की ओर उठी हुई अनेक शाखा–प्रशाखाओ से शोभित है और इतने विशाल एव वृत्ताकार (गोल) है कि अनेक पुरुष मिलकर भी अपने फैलाये हुए हाथो से उन्हे घेर नही पाते। पत्ते इतने घने है कि बीच मे जरा भी अन्तर दिखलाई नही देता है। पत्र–पल्लव सदैव नवीन जैसे दिखते है। कोपले अत्यन्त कोमल है और सदैव सर्व ऋतुओ के पुष्पो से व्याप्त है तथा झुके हुए, विशेष झुके हुए, पुष्पित, पल्लवित गुल्मित, गुच्छित (गुच्छे बने हुए), विनमित, प्रणमित झुके हुए होकर मजरी रूप शिरोभूषणो से अलकृत रहते है। तोता, मयूर, मैना, कोयल, नदीमुख, तीतर, बटेर, चक्रवाल, कलहस, बतख, सारस आदि अनेक पक्षी–युगलो के मधुर स्वरो से गूँजते रहते है। अनेक प्रकार के गुच्छों और गुल्मो (बेलो) से निर्मित मडप आदि से सुशोभित है। नासिका और मन को तृप्ति देने वाली सुगध से महकते रहते है। इस प्रकार ये सभी वृक्ष सुरम्य, प्रासादिक दर्शनीय, मनोहर एव विशिष्ट शोभा–संपन्न है।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—The description of trees of the forest-region in Aupapatik Sutra is very important in the context of science of horticulture and botany. In brief, the description is as follows—

"The trees of these forest-region are very deep having widely spread roots They are having bulbous, roots, trunk, bark, branches, sub-branches, leaves, flowers, fruit and seeds They are round in shape like an umbrella Their trunk is full of branches and sub-branches, projecting upwards. Their trunk is so big and round that even men with their joined hands cannot surround it Leaves are so thick that no space appears to be in existence between them The leaves and buds always look fresh. The buds are extremely soft. They are always having flowers of all seasons. They are bent downwards, specially bent, flowered, budded, bunched and being bent they look like having head-ornaments. They are echoing with the sounds made by parrots, peacocks, maina, nightingale, nandimukh, quails, partridges, charawal, kal swan, duck, cranes and others. Many natural covered spaces have been formed due to bunches and creepers. They are fragrant with sweet and healthy smell. Thus all the trees are bright pleasant worth-seeing, grand and attractive.

१३७. तेसि णं वणसंडाणं अंतो बहुसमरमणिज्जा भूमिभागा पण्णत्ता, से जहानामए आलिंगपुक्खरे ति वा जाव णाणाविह पंचवण्णेहिं मणीहि च तणेहि य उवसोभिया, तेसि णं गंधो फासो णेयव्वो जहक्कमं।

१३७. उन वनखंडों के मध्य मे अति सम रमणीय भूमिभाग (समतल मैदान) है। वे मैदान आलिग पुष्कर (मृदग नामक बाजे के मुँह पर मँढे चमडे के समान) समतल यावत् नाना प्रकार के रग-बिरगे पंचरगे मणियों और तृणो से उपशोभित है। इन मणियों के गंध और स्पर्श यथाक्रम से पूर्व में किये गये मणियो के गध और स्पर्श के वर्णन के समान जानना चाहिए।

137. In the centre of the forest-regions, there are level grounds. Those grounds are finely levelled like leather on the face of a drum. They are shining with coloured jewels and grass. The fragrance and touch of these gems may be considered as those described earlier.

मणियों और तृणों की ध्वनियाँ

१३८. (प्रश्न) तेसि णं भंते ! तणाण य मणीण य पुव्वावर-दाहिणुत्तरागतेहिं वाएहिं मंदायं मंदायं एइयाणं वेइयाणं कंपियाणं चालियाणं फंदियाणं घट्टियाणं खोभियाणं उदीरियाणं केरिसए सद्दे भवति ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३८. "हे भदन्त ! पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशा से आते वायु के स्पर्श से मंद-मद हिलने-डुलने से कॅपने, डगमगाने, फरकने, टकराने, क्षुभित-विचलित और उदीरित-प्रेरित होने पर उन तृणो और मणियों की कैसी शब्द-ध्वनि होती हैं ?"

SOUNDS OF GEMS AND GRASS (TRIN)

138. "Reverend Sir ! What type of sound is emitted by the morning, trembling, fluttering, blowing gems and grass when the wind from east, south, west and north touches it ?"

१३९. (उत्तर) गोयमा ! से जहानामए सीयाए वा, संदमाणीए, वा रहस्स वा सच्छत्तस्स सज्झयस्स, सघंटस्स, सपडागस्स, सतोरणवरस्स सनंदिघोसस्स, सखिंखिणि-हेमजालपरिक्खित्तस्स, हेमवयचित्ततिणिस-कणगणिज्जुत्तदारुयायस्स, सुसंपनिद्धचक्कमंडलधुरागस्स, कालायससुकयणेमिजंतकम्मस्स आइण्णवर-तुरगसुसंपउत्तस्स।

कुसलणरच्छेयसारहि-सुसंपरिग्गहियस्स, सरसबत्तीसतोणपरिमंडियस्स सकंकडाववंगस्स, सचाव-सर-पहरण-आवरणभरिय-जोधजुज्झसज्जस्स।

रायंगंसि वा रायंतेउरंसि वा रम्मंसि नवा मणिकुट्टिमतलंसि अभिक्खणं अभिक्खणं अभिघट्टिज्जमाणस्स वा नियट्टिज्जमाणस्स वा ओराला मणुण्णा मणोहरा कण्णमण-निवुइकरा सद्दा सव्वओ समंता अभिणिस्सवंति।

भवेयारूवे सिया ?

णो इणट्ठे समट्ठे।

१३९. "हे गौतम ! जिस तरह शिविका-(डोली, पालकी) अथवा स्यन्दमानिका (बहली-सुखपूर्वक एक व्यक्ति के बैठने योग्य घोडा जुता यान-विशेष) अथवा वह रथ, जो छत्र, ध्वजा, घटा, पताका और उत्तम तोरणों से सुशोभित हो, मिले हुए बाजों के शब्द-निनाद करने वाले घुँघुरुओं एवं स्वर्णमयी मालाओं से परिवेष्टित हो, हिमालय में उत्पन्न अति निगड़-(सघन) उत्तम तिनिश (बैंत) काष्ठ से निर्मित एव सुव्यवस्थित रीति से लगाये गये आरों से उक्त पहियों और धुरा से सुसज्जित हो, सुदृढ उत्तम लोहे के पट्टों से सुरक्षित पट्टियों वाले, शुभ लक्षणों और गुणों से युक्त कुलीन अश्व जिसमें जुते हो।

रथ-संचालन-विद्या में अति कुशल, दक्ष सारथी द्वारा संचालित हो, एक सौ-एक सौ बाण वाले बत्तीस तूणीरो (तरकसों) से परिमंडित हो, कवच से आच्छादित अग्र-शिखर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाग वाला हो, धनुष, बाण, प्रहरण, कवच आदि युद्धोपकरणों से भरा हो और युद्ध के लिए तत्पर-सन्नद्ध योद्धाओं के लिए सजाया गया हो।

ऐसा रथ बारंबार मणियों और रत्नों से बनाये गये फर्श वाले राजप्रांगण, अंतःपुर अथवा रमणीय प्रदेश में आवागमन करे तो सभी दिशा-विदिशा मे चारों ओर उत्तम, मनोज्ञ, मनोहर, कान और मन को आनन्दकारक मधुर शब्द-ध्वनि फैलती है।"

"हे भदन्त ! क्या इन रथादिको की ध्वनि जैसी ही उन तृणों और मणियो की ध्वनि है ?"

"गौतम ! नहीं, यह उपमा सही नहीं है (उनकी ध्वनि तो इनसे भी विशेष मधुर है)।"

139. "O Gautam ! Just as a palanquin or a horse-ridden cart or a chariot decorated with umbrella, flag, bell, buntings and bright festoons, is decorated with small bells making sweet sound of musical instruments and golden garlands. Its wheel are made of cane of best quality and the wooden pegs are properly fastened upto the centre of the wheels. The wheels are covered with strong iron of best quality. The horses driving it are having auspicious marks and quality belonging to a good breed.

The charioteer is expert and dext in the mechanics of driving the chariot. It is having thirty two quivers each having hundred arrows. The front top part is covered with iron dress. It is full of arrows, bows, iron coat, shields and other weapons used in war. It is described with warriors ready for the battle.

When such a chariot moves again and again on jewelled and gem-studded courtyard of the palace, the royal harems or a picturesque regions, the excellent, pleasant, sweet, lovable, unique sound spreads in all directions."

"Reverend Sir ! Is the sound of these chariots similar to that of the said gems and grass ?"

"Gautam ! No. This illustration is not proper (Their sound is much more sweet than that of the chariot)."

१४०. से जहाणामए वेयालियवीणाए उत्तरमंदा मुच्छियाए अंके सुपइट्ठियाए कुसलनरनारि-सुसंपरिग्गहियाए चंदण सारनिम्मियकोणपरिघट्टियाए पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंमि मंदायं मंदायं वेइयाए, पवेइयाए, चलियाए, घट्टिया,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खोभियाए, उदीरियाए ओराला, मणुण्णा, मणहरा, कण्णमण–निव्वुइकरा सद्दा सव्वओ समंता अभिनिस्सवंति।

भवेयारूवे सिया ? णो इणट्ठे समट्ठे।

१४०. "भदन्त ! क्या उन मणियों और तृणों की ध्वनि ऐसी है जैसी कि वादनकुशल नर या नारी मध्य रात्रि अथवा रात्रि के अन्तिम प्रहर मे चंदन के सार भाग से रचित कोण (वीणा बजाने का दंड, डांडी) के स्पर्श से उत्तर–मंद मूर्च्छना वाली वैतालिक वीणा को गोद में लेकर मंद–मंद ताड़ित, कम्पित, प्रकंपित, चालित, घर्षित, क्षुभित और उदीरित किये जाने पर सभी दिशाओ एवं विदिशाओं मे चारो ओर उदार, सुन्दर, मनोज्ञ, मनोहर, कर्णप्रिय एवं मनमोहक ध्वनि गूँजती है ?"

"गौतम ! नहीं, यह उपमा सही नहीं है। उन मणियों और तृणों की ध्वनि इससे भी अधिक मधुर है।"

140. "Reverend Sir ! Is the sound of gems and grass comparable to the expert musicians at mid night or in the last quarter of the night, who are having Vaitalik lute in their lap, strike against the lute made of best sandal wood that is able to produce soft sound with its touch. When the musician beats the lute softly and plays on it with his perfect skill, touching it properly and skillfully, it produces beautiful, attractive, pleasant, heartening sound in all the directions."

"Gautam ! No. This illustration does not befit here. The sound of jewels and grass is sweeter than that sound of lute."

१४१. से जहानामए किन्नराण वा, किंपुरिसाण वा, महोरगाण वा, गंधव्वाण वा, भद्दसालवणगयाणं वा, नंदणवणगयाणं वा, सोमणसवणगयाणं वा, पंडगवणगयाणं वा, हिमवंतमलयमंदर–गिरिगुहासमन्नागयाणं वा, एगओ सन्निहियाणं समागयाणं सन्निसन्नाणं समुवविट्ठाणं पमुइय–पक्कीलियाणं गीयरइ गंधव्वहसियमणाणं गज्जं पज्जं, कत्थं, गेयं पयबद्धं, पायबद्धं उक्खित्तं पायंतं मंदायं रोइयावसाणं सत्तसरसमन्नायं छद्दोसविप्पमुक्कं एक्कारसालंकारं अट्ठगुणोववेयं, गुंजाऽवंक–कुहरोवगूढं रत्तं तिट्ठाणकरणसुद्धं पगीयाणं, भवेयारूवे ?

१४१. "भगवन् ! तो क्या उनकी ध्वनि इस प्रकार की है, जैसे कि भद्रशालवन, नन्दनवन, सौमनसवन अथवा पांडुकवन या हिमवन, मलय अथवा मदर गिरि की गुफाओं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मे गये हुए एवं एक स्थान पर एकत्रित, समागत, बैठे हुए और अपने-अपने समूह के साथ उपस्थित, हर्षोल्लासपूर्वक क्रीड़ा करने में तत्पर संगीत, नृत्य, नाटक, हास, परिहासप्रिय किन्नरों, किपुरुषों, महोरगों अथवा गंधर्वो के गद्यमय, पद्यमय, कथनीय, गेय, पदबद्ध, पादबद्ध, उत्क्षिप्त, पादान्त, मंद-मद घोलनात्मक, जिनका अन्त रुचिकर और सुखकर हो ऐसे **रोचितावसान**-सुखान्त, मनमोहक सप्त स्वरों से समन्वित, षड्दोषों से रहित, ग्यारह अलंकारों और आठ गुणों से युक्त, गुंजारव से दूर-दूर के कोनों को कम्पित करने वाले राग-रागिनी से युक्त त्रि-स्थान-करण शुद्ध गीतो के मधुर बोल होते हैं ?''

141. "O Lord ! When kinnar, kimpurush, mahorag and gandharv—the demon-gods go into the caves of Bhadrashal forest, the Nandan forest, the Saumanas forest or the Panduk forest, the Him forest or in the caves of Malay mount or Mandar mountain, or sit together, join together or come together along with their group, and are ready to play in a spirit of joy or to engage themselves in music, dance, dramatic activities or buffoonery, they create music. Their music is prose, poetic, worth-mentioning, worth-singing, harmonious, according to time, raised up and properly concluded and pleasant. It is properly timed with seven musical notes making it attractive. It is devoid of six mistakes. It possess eleven ornamented qualities and eight virtues. It echoes from a great distance. It contains music and musical notes that are pleasant to the ears. The pure musical notes rise from three places in harmony. Please tell me if the music of gems and grass is of this type ?"

१४२. हंता सिया।

१४२. गौतम ! हॉ। ऐसी ही मधुरातिमधुर ध्वनि उन मणियों और तृणों से निकलती है।

142. "Gautam ! Yes. The musical note produced by gems and grass is sweet like this and sweeter also."

विवेचन-यहॉ सूर्याभदेव के विमान के वनखण्डो मे बिछे रमणीय रत्नो और तृणो की होने वाली ध्वनियो का अत्यन्त अलकारपूर्ण रसमय वर्णन किया है। उपमाओ से बताया है कि उन मणियो व तृणो की मधुर ध्वनि कैसी होती है ? यहॉ तीसरी उपमा किन्नरो, गंधर्वो के सगीत से दी गई है। चार देवनिकायो मे किन्नर, किपुरुष, महोरग और गधर्व व्यतरनिकाय के देव है। ये सभी प्रशस्त गीत, संगीत, नृत्य एव नाट्य-कलाओ के प्रेमी होते है। बालसुलभ क्रीडा और हास-परिहास, कोलाहल करने मे इन्हें आनन्दानुभूति होती है। पुष्पो से बनाये हुए मुकुट, कुंडल आदि इनके प्रिय आभूषण है। सर्व ऋतुओ के सुन्दर सुगधित पुष्पो द्वारा निर्मित वनमालाओ से इनके वक्षस्थल शोभित रहते है। ये अनेक प्रकार के

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र-विचित्र रग-बिरगे पचरगे परिधान पहनते है। ये सभी प्राय सुमेरु पर्वत और हिमवत आदि पर्वतो के रमणीय प्रदेशो मे निवास करते है।

प्रस्तुत सूत्र मे सगीत के स्वर, दोष और गुणो की सख्या का सकेत करने के लिए **'सत्तसरसमन्नागयं, छद्दोसविप्पमुक्कं अट्ठगुणोववेयं'** पद दिये है। स्वरो आदि के नाम अनुयोगद्वारसूत्र के प्रथम भाग मे स्वर मडल सूत्र २६० आये है। पाठक वहाँ देखे।

Elaboration—The musical sounds produced by jewels and grass scattered on the forest-region of the Viman of Suryabh Dev has been described in a completely picturesque and beautiful manner. By illustration, it has been stated how sweet is the sound produced by the jewels and grass The third illustration is of the music of musician gods-kinnars and gandharvas Out the gods of four types, the kinnar, kimpurush, mahorag and gandharv belong to Vyantar gods category. They are lovers of music, vocal music and dance of good quality They feel ecstatic pleasures in childlike games, in jokes and in making noise Their ornaments are mukut made of flowers, ear-rings and others. They wear garalnds of fragrant beautiful flowers of all seasons at their chest. They are dressed up in multi-coloured clothes of many types-prevalent or newly drawn out Normally all of them reside at beautiful places in Sumeru and Himvant mountains

In the present aphorism, the words **'Sattasar samannagayam, chhaddosavippamukkam atthagunovaveyam'** have been used to point out the number of musical notes, their faults and their qualities The names of the musical notes can be seen in Anuyogdvar Sutra, Part I in Sutra 260 dealing with musical notes

वनखंडवर्ती वापिकाओं आदि का वर्णन

१४३. तेसि णं वणसंडाणं तत्थ तत्थ तहिं तहिं देसे देसे बहूईओ खुड्डा खुड्डियाओ वावीयाओ, पुक्खरिणीओ, दीहियाओ, गुंजालियाओ, सरपंतियाओ, सरसरपंतियाओ, बिलपंतिओ।

अच्छाओ सण्हाओ रययामयकूलाओ, समतीराओ वयरामय-पासाणाओ तवणिज्जतलाओ, सुवण्णसुज्झरयय-वालुयाओ वेरुलियमणि-फालियपडलपच्चोयडाओ, सुहोयारसुउत्ताराओ, णाणामणि-तित्सुबद्धाओ।

चउक्कोणाओ, आणुपुव्व-सुजातवप्पगंभीर-सीयलजलाओ, संछन्नपत्तभिसमुणालाओ, बहुउप्पल-कुमुय-नलिण-सुभगसोगंधियपोंडरीयसयवत्तसहस्सपत्त-केसरफुल्लोवचियाओ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छप्पय–परिभुज्जमाणकमलाओ, अच्छविमल–सलिलपुण्णाओ, पडिहत्थभमंतमच्छकच्छभ–अणेग सउण–मिहुणग–पविचरिताओ।

पत्तेयं पत्तेयं पउमवरवेदियापरिक्खित्ताओ, पत्तेयं पत्तेयं वणसंडपरिक्खित्ताओ।

अप्पेगइयाओ आसवोयगाओ, अप्पेगइयाओ वारुणोयगाओ, अप्पेगइयाओ खीरोयगाओ, अप्पेगइयाओ घओयगाओ, अप्पेगइयाओ खोदोयगाओ, अप्पेगइयाओ पगतीए उयगरसेणं पण्णत्ताओ।

पासादीयाओ दरिसणिज्जाओ अभिरूवाओ पडिरूवाओ।

१४३. उन वनखडों में जहाँ-तहाँ स्थान-स्थान पर अनेक छोटी-छोटी चौरस वापिकायें-बावड़ियाँ, गोल पुष्करिणियाँ, दीर्घिकायें (सीधी बहती नदियाँ), गुंजालिकायें (टेढी-तिरछी-बाँकी बहती नदियाँ), फूलों से ढँकी हुई सरोवरों की पंक्तियाँ, सर-सर पंक्तियाँ (पानी के प्रवाह के लिए नहर द्वारा एक-दूसरे से जुडे हुए तालाबों की पंक्तियाँ) एवं बिल पंक्तियाँ-कुओं की कतारें बनी हुई हैं।

इन सभी वापिकाओं आदि का बाहरी भाग स्फटिक मणि की भाँति अतीव निर्मल, स्निग्ध-कमनीय है। इनके तट रजतमय हैं और तटवर्ती भाग अत्यन्त सम-चौरस हैं। ये सभी जलाशय वज्ररत्नरूपी पाषाणों से बने हुए हैं। इनके तलभाग (भूतल-दि सरफेस ऑफ दि अर्थ) तपनीय लाल स्वर्ण से निर्मित हैं तथा उन पर शुद्ध स्वर्ण और चाँदी की बालू बिछी है। तटों के समीपवर्ती ऊँचे प्रदेश (मुँडेर) वैडूर्य और स्फटिक मणि-पटलों के बने है। इनमें उतरने और निकलने के स्थान सुखकारी हैं। घाटों पर अनेक प्रकार की मणियाँ जडी हुई हैं।

चार कोनों वाली वापिकाओं और कुओं में अनुक्रम से नीचे-नीचे पानी अगाध एवं शीतल है तथा कमलपत्र, भिस-(कमलकंद) और मृणालों से ढँका हुआ है। ये सभी जलाशय विकसित-खिले हुए उत्पल, कुमुद, नलिन, सुभग, सौगंधिक, पुंडरीक, शतपत्र तथा सहस्र-पत्र आदि नाना जाति के कमलों से सुशोभित हैं और उन पर पराग-पान के लिए भ्रमरो के समूह गुँजारव कर रहे हैं। ये स्वच्छ-निर्मल जल से भरे हुए हैं। कल्लोल करते हुए मगरमच्छ, कछुआ आदि बेरोकटोक इधर-उधर घूम-फिर रहे हैं और अनेक प्रकार के पक्षिसमूह वहाँ आते-जाते विहार करते रहते हैं।

ये सभी जलाशय एक-एक पद्मवरवेदिका और एक-एक वनखड (बगीचों) से परिवेष्टित हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इन जलाशयों में से किसी में आसव (मदिरा) जैसा, किसी में वारुणोदक (वारुण समुद्र के जल) जैसा, किसी में क्षीरोदक (क्षीर समुद्र के जल) जैसा, किसी में घी जैसा, किसी मे इक्षुरस जैसा और किसी-किसी में प्राकृतिक-स्वाभाविक पानी जैसा स्वाद वाला पानी भरा है।

ये सभी जलाशय मन को प्रसन्न करने वाले, दर्शनीय, अभिरूप और प्रतिरूप हैं।

DESCRIPTION OF LAKES IN FOREST-REGIONS

143. Small square-type lakes, round pushkarnies straight flowing canals, oblique, slanting channels of water, the rows of tanks covered with flowers, the rows of tanks joined with one another and to the canal for proper flow of water and the rows of wells are in the forest-region at many places.

All the lakes are crystal clear and exquisitely clean and smooth from outside. Their bank is of silver and the bank portion is levelled and squre-like. All these water closets are made of gem type stones. The surface of the earth is of burnt red gold. The pure silver dust and gold dust is scattered (spread) on it. The raised sides of the banks are of Vaidurya gems. The places for going down and coming out are easy. Many jewels are studded at the bathing places (ghaat).

The water in the four cornered lakes and circular wells is deeper and deeper as one goes down and is also cool. It is covered with lotus leaves, lotus filament and lotus stem. All these water tanks are looking bright due to various types of lotus namely blue lotus, white lotus, ordinary lotus, subhag, fragrant lotus, special type of white lotus, hundred-leaved lotus, thousand-leaved lotus and of other types. The bees move around to taste their fragrant dust. The wells are full of pure clean water. The crocodiles, tortoise and other such animals, freely move hither and other enjoying it. Many flocks of birds come there while flying from distance.

All these lakes are surrounded by platform and orchard one each.

Some of these lakes have wine-like water, some sea water, some sweet milky water, some ghee-like water, some sugar-cane juice type water and some have water of natural taste.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

All these lakes and wells are pleasant to the mind, worth-seeing and beautiful.

१४४. तासि णं वावीणं जाव बिलपंतीण पत्तेयं पत्तेयं चउद्दिसिं चत्तारि तिसोपाणपडिरूवगा पण्णत्ता, तेसि णं तिसोपाणपडिरूवगाणं अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा–वइरामया नेमा.... तोरणाणं छत्ताइछत्ता य णेयव्वा।

१४४. उन प्रत्येक वापिकाओं यावत् कूप-पंक्तियों की चारों दिशाओ में तीन-तीन सुन्दर सोपान बने हुए हैं। इन त्रिसोपान प्रतिरूपकों (तीन पगथियों की सुन्दर निसैनी) का वर्णन इस प्रकार है, जैसे-उनकी नेमें (वेदिका का ऊपरी भाग कुर्सी) वज्र रत्नों की हैं इत्यादि तोरणों, ध्वजाओं और छत्रातिछत्रों पर्यन्त इनका वर्णन पूर्ववत् समझना चाहिए।

144. Three stairs each are in all the four sides of the lake. Their description is as follows—Their seats are gem-studded. The description of festoons, flags, umbrellas be considered similar to that mentioned earlier.

१४५. तासि णं खुड्डाखुड्डियाणं वावीणं जाव बिलपंतियाणं तत्थ-तत्थ तहिं-तहिं बहवे उप्पायपव्वयगा, नियइपव्वयगा, जगईपव्वयगा दारुइज्जपव्वयगा, दगमंडवा, दगमंचगा, दगपासायगा, दगमालगा, उसड्ढा खुड्डखुड्डगा अंदोलगा पक्खंदोलगा सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

१४५. उन छोटी-छोटी वापिकाओं यावत् कूप-पंक्तियों के बीच के प्रदेशों में बहुत से उत्पातार्वत, नियतिपर्वत, जगतीपर्वत, दारुपर्वत तथा कितने ही ऊँचे-नीचे, छोटे-बड़े दकमंडप, दकमंच, दकमालक, दकप्रासाद बने हुए हैं तथा कहीं-कहीं पर झूलने के लिए झूले-हिंडोले पडे हैं। ये सभी पर्वत आदि सर्वरत्नमय अत्यन्त निर्मल यावत् असाधारण रूप से सम्पन्न हैं।

145. In the area between those several lakes and rows of wells, there are many utpat mountains, niyati mountains, jagati mountains, daru mountains and high and low, small and big, platforms, benches, pleasure-gardens, water-palaces. At some places there are swings also. All these mountains look totally dirt-free, unique and gemmed.

विवेचन–सूत्र में वापिकाओं आदि के अन्तरालवर्ती स्थानो मे आये हुए जिन पर्वतो आदि का वर्णन किया है, उनका स्पष्टीकरण इस प्रकार है–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्पातपर्वत–ऐसे पर्वत जहाँ सूर्याभ विमानवासी देव-देवियाँ विविध प्रकार की चित्र-विचित्र क्रीडाओ के निमित्त अपने-अपने उत्तर वैक्रिय शरीरो की रचना करते है।

नियतिपर्वत–इन पर्वतो पर सूर्याभ विमानवासी देव-देवियाँ अपने-अपने भवधारणीय (मूल) वैक्रिय शरीरो से क्रीडा करते है।

जगतीपर्वत–इन पर्वतो का आकार कोटे-परकोटे जैसा होता है।

दारुपर्वत–दारु अर्थात् काष्ठ-लकडी। लकडी से बने पर्वत जैसे आकार वाले कृत्रिम पर्वत।

दकमंडप–स्फटिक मणियो से निर्मित मडप अथवा ऐसे मडप जिनमे फुव्वारो द्वारा कृत्रिम वर्षा की रिमझिम-रिमझिम फुहारे बरसती रहती है।

दकप्रासाद–जल-महल।

दकमालक–स्फटिक मणियो से बने हुए घर के ऊपरी भाग मे बने हुए कमरे-मालिये।

Elaboration—The clarification about the mountains mentioned at the intervening spaces between the lakes is as under—

Utpat Mountains—Such mountains where gods of Suryabh Viman create bodies to participate in various types of sports.

Niyati Parvat—On these mountains the gods of Suryabh Dev sport with their original body.

Jagati Parvat—The shape of these mountains is that of a boundary wall

Daru Parvat—These mountains are like artificial mountains made of wood.

Dak-Mandap—Ground made of crystal jewels or such areas where fountains create artificial rain and it rains slowly

Dak-Prasad—Water-palace.

Dak-Malak—Rooms in the upper storey of this house made of crystal gems.

उत्पात पर्वतों आदि की शोभा

१४६. तेसु णं उप्पाय-पव्वएसु पक्खंदोलएसु बहूइं हंसासणाइं, कोंचासणाइं, गरुलासणाइं, उण्णयासणाइं, पणयासणाइं, दीहासणाइं, भद्दासणाइं, पक्खासणाइं, मगरासणाइं, उसभासणाइं, सीहासणाइं, पउमासणाइं, दिसासोवत्थियाइं सव्वरयणामयाइं अच्छाइं जाव पडिरूवाइं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४६. उन उत्पातपर्वतों व पक्षिहिंडोलों आदि पर सर्वरत्नमय, निर्मल यावत् अतीव मनोहर अनेक हसासन (हंस जैसी आकृति वाले आसन), क्रोचासन, गरुडासन, उन्नतासन (ऊपर की ओर उठे हुए आसन), प्रणतासन (नीचे की ओर झुके हुए आसन), दीर्घासन (शय्या जैसे लम्बे आसन), भद्रासन, पक्ष्यासन, मकरासन, वृषभासन, सिहासन, पद्मासन और दिशास्वस्तिक आसन पक्षी, मगर, वृषभ, सिह, कमल और स्वस्तिक के चित्रामों से सुशोभित अथवा तदनुरूप आकृति वाले आसन रखे हुए हैं।

THE GRANDEUR OF UTPAT MOUNTAINS AND OTHERS

146. On the utpat mountains and swings for birds are many swan-shaped, cronch-shaped, eagle-shaped, raised, uplifted, bending down, long bed-like, bhadrasan, seats for birds, for crocodiles, for bullocks, for lions, lotus seats and swastik seats. They are decorated with pictures or sketches of birds, crocodiles, bullocks, lion, lotus and swastik. All of them are studded with gems, are clean and upto very pleasing to the mind.

वनखंडवर्ती गृहों का वर्णन

१४७. तेसु णं वणसंडेसु तत्थ तत्थ तहिं तहिं देसे देसे बहवे आलियघरगा, मालियघरगा, कयलिघरगा, लयाघरगा, अच्छणघरगा, पिच्छणघरगा, मज्जणघरगा, पसाहणघरगा, गब्भघरगा, मोहणघरगा, सालघरगा, जालघरगा, कुसुमघरगा, चित्तघरगा, गंधव्वघरगा, आयंसघरगा सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

१४७. उन वनखंडों में यथा योग्य स्थानों पर बहुत से आलिगृह (वनस्पति-विशेष से बने हुए गृह, जैसे--मंडप), मालिगृह (वनस्पति-विशेष से बने हुए गृह), कदलीगृह (केले के मंडप), लतागृह (लता मंडप), आसनगृह (विश्राम करने के लिए बैठने योग्य आसनों से युक्त घर), प्रेक्षागृह (प्राकृतिक शोभा के अवलोकन हेतु बने विश्रामगृह अथवा नाट्यगृह), मज्जनगृह (स्नानघर), प्रसाधनगृह (शृंगार-साधनों से सुसज्जित स्थान), गर्भगृह (भीतर का घर), मोहनगृह (रतिक्रीडा करने योग्य स्थान), शालागृह, जाली वाले गृह, कुसुमगृह, चित्रगृह--(चित्रों से सज्जित स्थान), गंधर्वगृह (संगीत-नृत्यशाला), आदर्शगृह (दर्पणों से बने हुए भवन) सुशोभित हो रहे है। ये सभी गृह रत्नों से बने हुए अधिकाधिक निर्मल यावत् असाधारण मनोहर हैं।

DESCRIPTION OF HOUSES IN FOREST-REGIONS

147. At proper places in the forest-regions, there are many houses made of vegetation (Aaligrih), many houses made of special

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

vegetation, many made of plantain trees, many made of creepers, many made of proper platforms for rest, many to see the scenery or theatrical performances, many for taking bath, many for decorating the body, many underground, many for amorous activities, many made of pine trees, many houses with barred windows, many flower-houses, many houses decorated with paintings, many houses for dances and music, many houses made of glass. All these houses are made of gems are very clean and upto extra-ordinarily attractive.

१४८. तेसु णं आलियघरगेसु जाव आयंसघरगेसु तहिं तहिं घरएसु हंसासणाइं जाव दिसासोवत्थिआसणाइं सव्वरयणामयाइं जाव पडिरूवाइं।

१४८. उन आलिगृहों यावत् आदर्शगृहों में सर्वरत्नमय यावत् अतीव मनोहर हंसासन यावत् दिशा-स्वस्तिक आसन रखे हैं।

148. In all the said houses made of vegetation upto glass-houses, there are very nice seats having signs of swan upto signs of swastik.

वनखंडवर्ती मंडपों का वर्णन

१४९. तेसु णं वणसंडेसु तत्थ तत्थ देसे तहिं तहिं बहवे जातिमंडवगा, जूहियामंडवगा, मल्लियामंडवगा, णवमालियामंडवगा, वासंतिमंडवगा, दहिवासुयमंडवगा, सूरिल्लियमंडवगा, तंबोलिमंडवगा, मुद्दियामंडवगा, णागलयामंडवगा, अतिमुत्तयलयामंडवगा, अप्फोयामंडवगा, मालुयामंडवगा, अच्छा सव्वरयणामया जाव पडिरूवा।

१४९. उन वनखंडो में विभिन्न स्थानों पर बहुत से जातिमंडप (जाई के कुँज), यूथिकामंडप (जूही की बेल के मडप), मल्लिकामंडप, नवमल्लिकामंडप, वासंतीमंडप, दधिवासुकामडप (वनस्पति-विशेष), सूरिल्लिमंडप (सूरजमुखी के मंडप), नागरबेलमडप, मृद्वीकामडप (अगूर की बेल के मडप), नागलतामंडप (पानों की बेल के मडप), अतिमुक्तक लतामंडप (माधवीलता के मंडप), अप्फोयामंडप (सुगन्धित फूलों वाली लताकुंज) और मालुकामंडप बने हुए हैं। ये सभी मंडप अत्यन्त निर्मल, सर्वरत्नमय यावत् अतीव मनोहर हैं।

DESCRIPTION OF PAVILIONS IN FOREST-REGIONS

149. At many places in the forest-regions, there are many pavilions of jati creepers, of jasmine creepers, mallika creepers, navmallika creepers, vasanti creepers, dadhivasuka creepers, sun-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

flower plantation, betel-leave creepers, creepers of grapes, naglata, madhavi creepers, fragrant aphoya flower creepers and of maluka creepers. All these pavilions are very clean, gem-studded and extremely attractive.

१५०. तेसु णं जातिमंडवएसु जाव मालुयामंडवएसु बहवे पुढविसिलापट्टगा हंसासणसंठिया जाव दिसासोवत्थियासणसंठिया, अण्णे य बहवे वरसयणासणविसिट्ठसंठाणसंठिया पुढविसिलापट्टगा पण्णत्ता समाणाउसो ! आईणग-रूय-बूर-णवणीय-तूलफासा, सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

१५०. हे आयुष्मन् श्रमणो ! उन जातिमंडपों (जूही के कुँज) यावत् मालुकामंडपों (सघन वृक्षो के कुँज) में कितने ही हंसासन सदृश आकार वाले यावत् कितने ही क्रोंचासन, कितने ही गरुडासन, कितने ही उन्नतासन, कितने ही प्रणतासन, कितने ही दीर्घासन, कितने ही भद्रासन, कितने ही पक्ष्यासन, कितने ही मकरासन, कितने ही वृषभासन, कितने ही सिंहासन, कितने ही पद्मासन, कितने ही दिशा स्वस्तिकासन जैसे आकार वाले पृथ्वीशिलापट्टक (पृथ्वीशिला रूप लम्बा पट्ट) तथा दूसरे भी बहुत से श्रेष्ठ शयनासन (शय्या, पलँग) सदृश विशिष्ट आकार वाले पृथ्वीशिलापट्टक रखे हुए हैं। ये सभी पृथ्वीशिलापट्टक चर्म-निर्मित वस्त्र अथवा मृगछाला, रुई, बूर, नवनीत, तूल, सेमल या आक की रुई के स्पर्श जैसे सुकोमल, कमनीय, सर्वरत्नमय, निर्मल यावत् अतीव रमणीय है।

150. O the blessed saints ! Out of the said jasmine pavilions and upto pavilions of maluka creepers (of thick trees), many seats are swan-shaped, and upto cronch-shaped and eagle-shaped, many seats are rasied, many seats are lowered, many have long bed-like seat, many have bhadrasan, many seats have sketches of yaksha, many of crocodile, many of bullocks, many of lions, many of lotus, many of disha swastika. Many stone slabs and other bed-like stone platforms are lying there. They are all as soft as leather clothes or deer-skin or cotton, boor, vegetation, butter simble cotton. All of them are attractive, grand and very clean.

१५१. तत्थ णं बहवे वेमाणिया देवा य देवीओ य आसयंति, सयंति, चिट्ठंति, निसीयंति, तुयट्टंति, रमंति, ललंति, कीलंति, किट्टंति, मोहेंति, पुरा पोराणाणं सुचिण्णाण सुपरिक्कंताण सुभाण कडाण कम्माण कल्लाणाणं कल्लाणं फलविवागं पच्चणुब्भवमाणा विहरंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५१. उन हंसासनो आदि पर बहुत से सूर्याभ विमानवासी देव और देवियाँ सुखपूर्वक बैठते हैं, सोते हैं, शरीर को लम्बा कर लेटते हैं, विश्राम करते हैं, ठहरते हैं, करवट लेते हैं, रमण करते हैं, केलिक्रीड़ा करते हैं, इच्छानुसार भोग-विलास भोगते हैं, मनोविनोद करते हैं, रासलीला करते हैं और रतिक्रीड़ा करते हैं। इस प्रकार वे अपने-अपने पुरुषार्थ से पूर्वोपार्जित शुभ, कल्याणमय, शुभफलप्रद, मंगलरूप पुण्य कर्मों के कल्याणरूप फलविपाक का अनुभव करते हुए समय बिताते हैं।

151. Many gods and goddesses of Suryabh Viman sit comfortably on those swan pictured seats, they sleep there, they stretch their body, they take rest, they move to one side while lying, they enjoy, they sport, they humour, they dance, they do amorous activities and sex on those seats. Thus they enjoy the fruit of their auspicious, pleasure giving karmas (actions) performed earlier.

वनखंडवर्ती प्रासादावतंसक

१५२. तेसि णं वणसंडाणं बहुमज्झदेसभाए पत्तेयं पत्तेयं पासायवडेंसगा पण्णत्ता।

तेणं पासायवडेंसगा पंच जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अड्ढाइज्जाइं जोयणसयाइं विक्खंभेणं, अब्भुग्गयामूसियपहसिया इव तहेव बहुसमरमणिज्जभूमिभागो, उल्लोओ, सीहासणं सपरिवारं।

तत्थ णं चत्तारि देवा महिड्ढिया जाव पलिओवमट्ठिइया परिवसंति, तं जहा—असोए सत्तपण्णे चंपए चूए।

१५२. उन वनखंडों के मध्यातिमध्य भाग (बीचोंबीच) में प्रत्येक एक-एक प्रासादावतंसक (प्रासादों में मुकुट मणि की तरह श्रेष्ठ प्रासाद) कहे हैं।

ये प्रासादावतंसक पाँच सौ योजन ऊँचे और अढाई सौ योजन चौडे हैं और अपनी उज्ज्वल प्रभा से हँसते हुए से प्रतीत होते हैं। इनका भूमिभाग अतिसम एवं रमणीय है। इनके चदेवा, सामानिक आदि देवों के भद्रासनों सहित सिंहासन का वर्णन पूर्ववत् समझना चाहिए।

इन प्रासादावतसकों में महान् ऋद्धिशाली यावत् अतीव सुख-सम्पन्न एक पल्योपम की स्थिति वाले चार देव निवास करते है। उनके नाम इस प्रकार हैं—अशोकदेव, सप्तपर्णदेव, चंपकदेव और आम्रदेव।

THE GRAND PALACES IN FOREST-REGIONS

152. A grand palace exists in the centre of each forest-region.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

These palaces are 500 yojans high, 250 yojans wide and appear to the smiling due to their great lustre. Their earth-region is levelled and good looking. The description of their cloth-ceiling, seats of gods of equal status and suchlike may be considered as described earlier.

In these grand palaces, four gods who are very prosperous and upto who enjoy a happy life and whose life-span is one palyopam reside. The names of those gods are Ashok, Saptaparn, Champak and Aamra god.

विवेचन–सूत्र मे मात्र सूर्याभ विमान के चतुर्दिग्वर्ती वनखण्डो मे निवास करने वाले देवों के नाम और उनकी आयु का उल्लेख किया है। इनके विषय मे विशेष ज्ञातव्य यह है–

ये चारो देव अपने-अपने नाम वाले वनखंड के स्वामी है तथा सूर्याभदेव के सदृश महान् ऋद्धि-सम्पन्न है एव अपने-अपने सामानिक देवो, सपरिवार अग्रमहिषियो, तीन परिषदाओ, सप्त अनीको–सेनाओ और सेनापतियो, आत्मरक्षक देवो का आधिपत्य, स्वामित्व आदि करते हुए नृत्य, गीत, नाटक और वाद्यघोषो के साथ विपुल भोगोपभोगों का भोग करते हुए अपना समय बिताते है।

इन वनखडाधिपति देवों की आयु की स्थिति बतलाने के लिए 'पल्योपम' शब्द का प्रयोग किया है। पल्योपम का विस्तृत वर्णन अनुयोगद्वारसूत्र, भाग २ मे दिया गया है।

Elaboration—In the aphorism, only the names and life-span of four gods residing in four forest-regions of Suryabh Viman has been mentioned. Further details about them are as under—

All the four gods are the masters of their respective regions named after them. They are as prosperous as Suryabh Dev. They administer their gods of equal status, their families, their chief wives (queens), the three assemblies, seven armies and their army chiefs and the gods performing the duty of body-guards. While controlling them, they dance, sing, perform dramatic activities, play on musical instruments and thus spend their time in enjoining life to their fill.

The word 'palyopam' is used to describe the life-span of these gods The detailed description about it can be seen in Part II of Anuyogdvar Sutra.

उपकारिकालयन का वर्णन

१५३. सूरियाभस्स णं देवविमाणस्स अंतो बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते, तं जहा–वणसंड–विहूणे जाव बहवे वेमाणिया देवा देवीओ य आसयंति जाव विहरंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसे एत्थ णं महेगे उवगारियालयणे पण्णत्ते, एगं जोयणसहयसहस्सं आयामविक्खंभेणं, तिण्णि जोयणसयसहस्साइं सोलस सहस्साइं दोण्णि य सत्तावीसं जोयणसए तिन्नि य कोसे अट्ठावीसं च धणुसयं तेरस य अंगुलाइं अद्धंगुलं च किंचिविसेसूणं परिक्खेवेणं, जोयण बाहल्लेणं सव्वजंबूणयामए अच्छे जाव पडिरूवे।

१५३. सूर्याभ नामक देवविमान के अन्दर अत्यन्त समतल एवं अतीव रमणीय भूमिभाग है। शेष बहुत से वैमानिक देव और देवियों के बैठने से लेकर विचरण करने तक का वर्णन पूर्ववत् समझना चाहिए। किन्तु यहाँ वनखंड का वर्णन छोड देना चाहिए।

उस अतीव सम रमणीय भूमिभाग के बीचोंबीच एक उपकारिकालयन (प्रासाद में ऊपर जाने के लिए चढने की पीठिका-चबूतरा) बना हुआ है। जो एक लाख योजन लम्बा-चौड़ा है और उसकी परिधि (कुल क्षेत्र का घेराव) तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्ताईस योजन तीन कोस एक सौ अट्ठाईस धनुष और कुछ अधिक साढ़े तेरह अंगुल है। इसकी एक योजन मोटाई है। यह विशाल लयन पूरा का पूरा स्वर्ण का बना हुआ, निर्मल यावत् अतीव रमणीय है।

DESCRIPTION OF SMALL PLATFORM TO ASCEND THE PALACE

153. There is an extremely levelled and very beautiful earth-region in Suryabh celestial Viman. The detailed account of sitting and upto moving about of most of the remaining Vaimanik gods and goddesses may be understood similar to that mentioned earlier. But here the account of forest-region may be ignored.

In the middle of that perfectly levelled earth-region, there is a small platform to ascend the palace. It is 0.1 million yojan long, 0.1 million yojan wide and its circumference is 0.316227 million yojan 3 kos 128 dhanush 13.5 anguls. Its thickness is one yojan. This entire platform is made of gold, is clean and very attractive.

१५४. से णं एगाए पउमवरवेइयाए एगेण य वणसंडेण य सव्वतो समंता संपरिक्खित्ते।

१५४. वह उपकारिकालयन सभी दिशा-विदिशाओं मे-सब ओर से एक पद्मवरवेदिका (वनखंडों की सीमा पर स्थित एक स्तम्भ जिस पर कमल आदि खुदे हुए हैं अथवा कमलाकृति में बनी वेदिका) और एक वनखंड (उद्यान) से घिरा हुआ है। (हेम. अभि. ४/५९)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

154. That platform (it is used to see the administrative activities) is surrounded by padmavarvedika (a pillar at the boundary line of the forest-region which is in the shape of a lotus and on which lotus etc. are carved) and is surrounded with a garden.

पद्मवरवेदिका का वर्णन

१५५. सा णं पउमवरवेइया अद्धजोयणं उड्ढं उच्चत्तेणं, पंच धणुसयाइं विक्खंभेणं उवकारियलेणसभा परिक्खेवेणं।

तीसे णं पउमवरवेइयाए इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा–वयरामया णिम्मारिट्ठामया पतिट्ठाणा वेरुलियामया खंभा, सुवण्ण–रुप्पमया फलया, णाणामणिमया कलेवरसंघाडगा णाणामणिमया रूवा णाणामणिमया रूवसंघाडगा अंकामया पक्खा, पक्खबाहाओ, जोईरसामया वंसा वंसकवेल्लुयाओ, रययामईओ पट्टियाओ जायरूवमईओ ओहाडणीओ वइरामईओ उवरिपुच्छणी, सव्वरयणामए अच्छायणे।

सा णं पउमवरवेइया एगमेगेणं हेमजालेणं, एग. गवक्खजालेणं, एग. खिंखिणीजालेणं, एग. घंटाजालेणं, एग. मुत्ताजालेणं, एग. मणिजालेणं, एग. कणगजालेणं, एग. पउमजालेणं सव्वतो समंता संपरिक्खित्ता, तेणं जाला तवणिज्जलंबूसगा जाव चिट्ठंति।

तीसे णं पउमवरवेइयाए तत्थ तत्थ देसे तहिं तहिं बहवे हयसंघाडा जाव उसभसंघाडा सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा पासादीया जाव वीहीओ पंतीयो मिहुणाणि लयाओ।

१५५. वह पद्मवरवेदिका आधे योजन ऊँची, पाँच सौ धनुष चौडी और उपकारिकालयन जितनी परिधि वाली है।

उस पद्मवरवेदिका का वर्णन इस प्रकार है, जैसे कि वज्ररत्नमय नेमा–(नींव का ऊपर का भाग) है। रिष्टरत्नमय इसके प्रतिष्ठान–मूल पाये हैं। वैडूर्यरत्नमय स्तम्भ हैं। स्वर्ण और रजतमय इसके फलक–पाटिये हैं। लोहिताक्ष (लाल) रत्नों से बनी सूचियाँ–कीलें हैं। इसका कलेवर–ढाँचा विविध मणि–रत्नमय (चन्द्रकान्त आदि मणि तथा हीरे, माणिक) आदि रत्न हैं तथा इसका कलेवर सघात–भीतरी–बाहरी ढाँचा विविध प्रकार की मणियों से बना हुआ है। अनेक प्रकार के मणि–रत्नों से इस पर चित्र बने हुए हैं। नाना मणि–रत्नों से इसमें रूपक सघात, बेल–बूटों, चित्रो आदि के समूह बने हैं। अंकरत्नमय इसके पक्ष–सभी हिस्से हैं और अंकरत्नमय ही इसके पक्षबाहा–(घर की बाजू में बरामदे का बाहर निकला भाग–छज्जली)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रोजक्सन ज्योतिरसरत्नमय इसके वंश–बॉस, वला और वशकवेल्लुक (सीधे रखे बॉसों के दोनों ओर रखे तिरछे बॉस एवं कवेलू) हैं। रजतमय इनकी पट्टियॉ (बॉसों को लपेटने के लिए ऊपर–नीचे लगी पट्टियॉ–लागें) हैं। स्वर्णमयी अवघाटनियॉ (दरवाजा बन्द करने की ढॅकनी) और वज्ररत्नमयी उपरिप्रोंछनी (नरियॉ) हैं। सर्वरत्नमय आच्छादन (तिरपाल) हैं।

वह पद्मवरवेदिका सभी दिशा–विदिशाओं में चारों ओर से एक–एक हेमजाल (सुनहली मालाओं का जाल) से, आवासजाल (गाय के आँख की आकृति वाले रत्न–विशेष के मालासमूह) से, किंकणी (घुँघरू), घंटिका, मोती, मणि, कनक, रत्न और पद्म (कमल) की लम्बी–लम्बी मालाओ से परिवेष्टित है अर्थात् उस पर लम्बी–लम्बी मालायें लटक रही है। ये सभी मालाएँ सोने के लंबूसकों (गेंद की आकृति, जैसे–आभूषणों, मनकों) आदि से अलकृंत हैं।

उस पद्मवरवेदिका के यथायोग्य उन–उन स्थानों पर अश्वसंघात (एक समान आकृति वाले अश्वयुगल) यावत् वृषभयुगल सुशोभित हो रहे हैं। ये सभी रत्नों से बने हुए, निर्मल यावत् प्रतिरूप, मन को प्रफुल्लित करने वाले हैं यावत् इसी प्रकार इनकी वीथियॉ (छोटी गलियॉ), पंक्तियाँ, मिथुन (युगल) एवं लताएँ हैं।

DESCRIPTION OF PADMAVARVEDIKA

155. That padmavarvedika (pillar at the boundary line) is half yojan high, quarter yojan wide and its circumference is the same as that of upkarikalayan (the platform to ascend the palace).

The boundary pillar is described as under—The uppar part of its foundation (Nema) is of Vajra jewels. Its foundation at the base is of Risht gems. Its pillars are of Vaidurya jewels. Its planks are of silver and gold. Its pegs are of red gemes (Lohitaksh). Its structure is studded with many types of gems and jewels (Chandrakant gem, diamonds, rubies). Its inner and outer structure is made of many types of gems. Many paintings studded with gems and jewels are on this pillar. Many scenes, creepers, plants, pictures are carved on it. All the parts of this pillar are white gem-studded. The terrace projection is also of Ank ratna (white gems). The bamboos fixed in straight and slanting position in its roof are of Jyotiras jewels. The joints on the bamboos are of silver. The door-closers are of gold (Its contrivances to close the doors are of gold). Its strong covering on mattresses is of Vajra jewels. Its roof covering is all of gems.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

That padmavarvedika (boundary pillar) is covered from all sides with golden garlands (Hemjal) garlands of cow-eye shaped gems (Aavasjal), small bells and long garlands of pearls, gems, gold, jewels and lotus. All those rosaries (garlands) are having ball-like gold beads.

At proper places on that boundary pillar there are pair of identical horses and upto bullock pairs. All of them are made of jewels, they are clean upto attractive and pleasant to the mind. Their lames, rows, coupling and creepers are also of the same type.

१५६. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चति पउमवरवेइया पउमवरवेइया ?

१५६. गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान महावीर से पूछा–"हे भदन्त ! ऐसा क्यों कहा जाता है कि यह पद्मवरवेदिका है ? अर्थात् इस वेदिका को पद्मवरवेदिका कहने का क्या कारण है ?"

156. Gautam Swami asked Bhagavan Mahavir—"Reverend Sir ! Why is it called padmavarvedika ?"

१५७. गोयमा ! पउमवरवेइयाए णं तत्थ तत्थ देसे तहिं तहिं वेइयासु, वेइयाबाहसु य वेइयफलएसु व वेइयपुडंतरेसु य खंभेसु, खंभबाहासु, खंभसीसेसु, खंभपुडंतरेसु, सूईसु, सूईमुखेसु, सूईफलएसु, सूईपुडंतरेसु, पक्खेसु, पक्खबाहासु, पक्खपेरंतेसु, पक्खपुडंतरेसु बहुयाइं उप्पलाइं–पउमाइं–कुमुयाइं–णलिणाइं–सुभगाइं सोगंधियाइं–पुंडरीयाइं–महापुंडरीयाणि–सयवत्ताइं–सहस्सवत्ताइं सव्वरयणामयाइं अच्छाइं पडिरूवाइं महया वासिक्कछत्तसमाणाइं पण्णत्ताइं समणाउसो।

से एएणं अट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ पउमवरवेइया 'पउमवरवेइया'।

१५७. भगवान ने उत्तर दिया–"हे गौतम ! पद्मवरवेदिका के आसपास की भूमि में, वेदिका–पाटियों में, वेदिकायुगल के अन्तरालो में, स्तम्भों, स्तम्भों के बाजुओं, स्तम्भों के शिखरों, स्तम्भयुगल के अन्तरालों, कीलियों, कीलियों के ऊपरी भागों, कीलियों से जुडे हुए फलकों, कीलियो के अन्तरालो, पक्षों, पक्षो के प्रान्त भागों (किनारों) और उनके अन्तरालों आदि-आदि में वर्षाकाल के बरसते मेघों से बचाव करने के लिए छत्र के समान ऐसे अनेक प्रकार के बडे-बडे विकसित, सर्वरत्नमय सुन्दर, निर्मल अतीव सुन्दर, उत्पल, पद्म; कुमुद, नलिन, सुभग, सौगंधिक, पुंडरीक, महापुंडरीक, शतपत्र और सहस्रपत्र आदि विविध जातियो के कमल पद्म) शोभित हो रहे हैं।

इसीलिए हे आयुष्मान् ! इस पद्मवरवेदिका को पद्मवरवेदिका कहते हैं।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

157. Bhagavan replied—"O Gautam ! In the land adjoining padmavarvedika there are small rooms, spaces between two rooms, pillars, sides of the pillars, tops of pillars, spaces between two pillars, pegs, peg-tops, planks attached to the pegs, spaces between two pegs, roofs, edges of the roofs and spaces in between. In order to provide protection from raining clouds during rainy season, many fully developed all jewelled, beautiful, pure and extremely charming blue lotus, lotus, white lotus, special lotus, subhag, fragrant lotus, pundreek, mahapundreek, hundred leaved lotus, thousand leaved lotus and lotuses serving as umbrella like cover are decorating all the earlier mentioned places and spaces in between.

So, O the blessed ! This padmavarvedika has been so called."

१५८. पउमवरवेइया णं भंते ! किं सासया, असासया ?

गोयमा ! सिय सासया, सिय असासया।

से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ सिय सासया, सिय असासया ?

गोयमा ! दव्वट्ठयाए सासया, वन्नपज्जवेहिं, गंधपज्जवेहिं, रसपज्जवेहिं, फासपज्जवेहिं असासया, से एएणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चति सिय सासया, सिय असासया।

पउमवरवेइया णं भंते ! कालओ केवचिरं होइ ?

गोयमा ! ण कयावि णासि, ण कयावि णत्थि, ण कयावि न भविस्सइ, भुविं च हवइ य, भविस्सइ य, धुवा णिययया सासया अक्खया अव्वय अवट्ठिया णिच्चा पउमवरवेइया।

१५८. "हे भंते ! वह पद्मवरवेदिका शाश्वत है अथवा अशाश्वत है ?"

"हे गौतम ! (किसी अपेक्षा) शाश्वत-नित्य भी है और (किसी अपेक्षा) अशाश्वत भी है।"

"भगवन् ! किस कारण आप ऐसा कहते हैं कि किसी अपेक्षा वह शाश्वत भी है और किसी अपेक्षा अशाश्वत भी है ?"

"हे गौतम ! द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा वह (पुद्गल द्रव्य रूप में) शाश्वत है, परन्तु वर्ण, गध, रस और स्पर्श पर्यायों की अपेक्षा अशाश्वत है। इसी कारण हे गौतम ! यह कहा है कि वह पद्मवरवेदिका शाश्वत भी है और अशाश्वत भी है।"

"हे भंते ! काल की अपेक्षा वह पद्मवरवेदिका कितने काल पर्यन्त-कब तक रहेगी ?"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"हे गौतम ! वह पद्मवरवेदिका भूतकाल में कभी नहीं थी, ऐसा नहीं है; अभी वर्तमान मे नहीं है, ऐसा भी नहीं है और भविष्य में नहीं रहेगी, ऐसा भी नहीं है; किन्तु पहले भी थी, अब भी है और आगे भी रहेगी। इस प्रकार तीनों काल में रहने के कारण वह पद्मवरवेदिका ध्रुव, नियत, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित और नित्य है।"

158. (Gautum said) "Bhante ! Is that padmavarvedika permanent or is it not permanent ?"

(Bhagavan said) "O Gautam ! (From certain point of view) it is permanent and (from another point of view) it is not permanent."

(Gautam said) "Bhagavan Sir ! On what basis do you say that it is permanent from a certain point of view and not permanent from another point of view ?"

(Bhagavan replied) "O Gautam ! From (Dravya) basic point of view it is permanent. But from the point of view of its colour fragrance, taste and touch it is not permanent. So O Gautam ! It is said that the said padmavarvedika is permanent and is also not permanent."

(Gautam asked) "Reverend Sir ! In respect of time period, for how long the padmavarvedika shall exist ?"

(Bhagavan replied) "O Gautam ! It is not true that padmavarvedika never existed in the past, that it does not exist at present and that it shall not exist in future. The fact is that it existed earlier, it exists now and it shall remain in future also. Since it exists in all the three time-periods it is permanent always existing, undestroyable undiminishable."

१५९. सा णं पउमवरवेइया एगेणं वणसंडेणं सव्वओ संपरिक्खित्ता।

से णं वणसंडे देसूणाइं दो जोयणाइं चक्कवालविक्खंभेणं उवयारियालेणसमे परिक्खेवेणं, वणसंडवण्णओ भाणियव्वो जाव विहरंति।

१५९. वह पद्मवरवेदिका चारों ओर-सभी दिशा-विदिशाओं में-एक वनखंड से परिवेष्टित है।

उस वनखंड का चक्रवालविष्कम्भ (गोलाकार-चौडाई) कुछ कम दो योजन प्रमाण है तथा उपकारिकालयन की परिधि जितनी उसकी परिधि है। वहाँ देव-देवियाँ विचरण करती हैं, यहाँ तक वनखंड का वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

159. That padmavarvedika has forest-region all around in all the four directions.

The width of the forest-region is a bit less than two yojans. Its circumference is equal to that of upkarikalayan (platform for ascending). Gods and goddesses more about there. The description till now is as mentioned earlier.

विवेचन–सूत्र सख्या १३६-१५१ मे वनखड का विस्तार से वर्णन किया है। उसी वर्णन को यहाँ पुन. करने का सकेत **'वणसंडवण्णओ भाणियव्वो जाव विहरंति'** पद से किया है। सक्षेप मे उक्त वर्णन का साराश इस प्रकार है–

"यह वनखड चारो ओर से एक परकोटे से घिरा हुआ है तथा वृक्षो की सघनता से हरा-भरा, अत्यन्त शीतल और दर्शको के मन को सुखप्रद है। वनखड का भूभाग अत्यन्त सम तथा अनेक प्रकार की मणियो और तृणो से उपशोभित है।

इस वनखड मे स्थान-स्थान पर अनेक छोटी-बडी बावडियाँ, पुष्करणियाँ, गुँजालिकाये आदि बनी है। इन सबके तट रजतमय है और तल भाग मे स्वर्ण-रजतमय बालुका बिछी हुई है। कुमुद, नलिन, सुभग, सौगधिक, पुडरीक आदि विविध जाति के कमलो से इनका जल आच्छादित है।

इन वापिकाओ आदि के बीच के स्थानो मे झूलने के लिए झूले-हिडोले लगे है और बहुत से उत्पातपर्वत, नियतिपर्वत, दारुपर्वत, दकमडप (पानी के फव्वारे), दकमालक, दकमच (पानी के बीच मे बैठने के स्थान) बने हुए है।

इन वनखण्डो मे कही-कही कदलीगृह, लतागृह, मडप आदि बने है और विश्राम करने के लिए जिनमे हसासन आदि अनेक प्रकार के आसन तथा शिलापट्टक रखे है और जहाँ बहुत से देव-देवियाँ आ-आकर विविध प्रकार की क्रीडाएँ करते हुए पूर्वोपार्जित पुण्यकर्मो के फलविपाक को भोगते हुए आनन्दपूर्वक विचरण करते है।"

इस वर्णन को पढकर लगता है आज के आधुनिकतम विकसित और समृद्ध देशो मे भी इस प्रकार का मनोरम, सुन्दर और सर्व सुविधा-सम्पन्न उपवन, सरोवर कही नही होगा। वर्णन की मनोहर शैली से अनुमान किया जा सकता है कि वर्णन करने मे भी शास्त्रकार ने कितना यथार्थ सटीक शब्द-शिल्प प्रस्तुत किया है।

Elaboration—Detailed description of forest-region is in aphorisms 136 to 151. The same description should be considered here is the purport of **'Vansand vannao bhaniyavvo jaav viharanti.'** In brief the said description is as under—

"The forest has a boundary wall all around. It is green because of thickly grown trees. It is very cool and pleasant to the visitors. The forest-region is perfectly levelled and is shining bright due to jewels and grass of various types.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

At many place in the forest-regions there are small lakes, pushkarni and gunjalikas. Their banks are of silver. Silvery and golden sand is spread at their bottom. Their water is covered with lotus of various types namely kumud, nalin, subhag, fragrant lotus, pundreek and others.

There are swings here and there in the middle of lakes. Many rising grounds, niyati mounts, wood mounts, fountains, platforms are made there.

Here and there in the forest-regions there are plantain pavilions, creeper pavilions and others. There are seats bearing sketches of swans and others and stone platforms in the pavilions for taking rest. Many gods and goddesses come there to sport and enjoy the fruit of their good karmas (activities) of the past They take pleasure in such sports."

After going through this description one feels that there is no such lake and garden even in prosperous and fully developed countries of the present world. It surpasses in grandeur, beauty and comforts. From the style of description, it can be estimated that the writer has really used proper words to describe details.

१६०. तस्स णं उवयारियालेणस्स चत्तारि तिसोवाणपडिरूवगा पण्णत्ता, वण्णओ, तोरणा, झया, छत्ताइच्छत्ता।

तस्स णं उवयारियालयणस्स उवरिं, बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते जाव मणीणं फासो।

१६०. उस उपकारिकालयन की चारों दिशाओं में चार त्रिसोपानप्रतिरूपक (तीन-तीन सीढियों की पंक्तियाँ) बने हैं। यान-विमान के सोपानों के समान इन त्रिसोपान-प्रतिरूपकों का वर्णन भी तोरणों, ध्वजाओं, छत्रातिछत्रों आदि पर्यन्त यहाँ करना चाहिए।

उस उपकारिकालयन के ऊपर अतिसम, रमणीय भूमिभाग है। यान-विमानवत् मणियों के स्पर्श-पर्यन्त इस भूमिभाग का वर्णन यहाँ करना चाहिए।

160. In all the four sides of upkarikalayan (platforms to ascend), there is a row of three staircases. Like the staircase of aerial Viman (vehicle), the description of staircases, festoons, flags, umbrellas, and umbrellas above others is identical to the earlier one.

There is very much levelled and attractive earth-region above the upakarikalyan. Its description is like that of aerial vehicle upto touch of gems.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६१. तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए एत्थ णं महेगे मूलपासायवडेंसए पण्णत्ते।

से णं मूलपासायवडेंसए पंच जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अड्ढाइज्जाइं जोयणसयाइं विक्खंभेण, अब्भुग्गयमूसिय–वण्णओ। भूमिभागो उल्लोओ सीहासणं सपरिवारं भाणियव्वं, अट्ठट्ठमंगलगा झया छत्ताइच्छत्ता।

१६१. उस अत्यन्त समतल रमणीय भूमिभाग के ठीक मध्य में एक विशाल मुख्य प्रासादावतंसक है।

वह प्रासादावतंसक पाँच सौ योजन ऊँचा और अढाई सौ योजन चौड़ा है तथा अपनी चारो तरफ फैल रही प्रभा से हँसता हुआ प्रतीत होता है। इसी वर्णन के साथ उस प्रासाद के भीतर के भूमिभाग, उल्लोक–चंदेवा, परिवार रूप अन्य भद्रासनों आदि सहित सिंहासन, आठ मंगल, ध्वजाओं और छत्रातिछत्रों का कथन यहाँ समझना चाहिए।

DESCRIPTION OF THE MAIN PALACE

161. In the centre of that levelled attractive earth-region, there is a spacious main palace of god.

That palace is 500 yojans high, 250 yojans wide and due to its spreading area, it appears to be laughing. The description of the inner part of the palace its cloth ceiling, the main seats and other seats, auspicious eight symbols, flags and umbrellas one above the other may be considered as mentioned earlier.

१६२. (क) से णं मूलपासायवडेंसगे अण्णेहिं चउहिं पासायवडेंसएहिं तयद्धुच्चत्तप्पमाणमेत्तेहिं सव्वतो समंता संपरिक्खित्ते, ते णं पासायवडेंसगा अड्ढाइज्जाइं जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, पणवीसं जोयणसयं विक्खभेणं जाव वण्णओ।

(ख) ते णं पासायडिंसया अण्णेहिं चउहिं पासायवडिंसएहिं तयद्धुच्चत्तप्पमाणमेत्तेहिं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता।

ते णं पासायवडेंसया पणवीसं जोयणसयं उड्ढं उच्चत्तेणं बासट्ठिं जोयणाइं अद्धजोयणं च विक्खंभेणं अब्भुग्गयमूसिय वण्णओ। भूमिभागो उल्लोओ सीहासणं सपरिवारं भाणियव्वं अट्ठट्ठ मंगलगा झया छत्तातिच्छत्ता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ग) ते णं पासायवडेंसगा अण्णेहिं चउहिं पासायवडेंसएहिं तद्धुच्चत्तपमाणमेत्तेहिं सव्वतो समंता संपरिक्खित्ता। ते णं पासायवडेंसगा बासट्ठिं जोयणाइं अद्धजोयणं च उड्ढं उच्चत्तेणं एक्कतीसं जोयणाइं कोसं च विक्खंभेणं, वण्णओ, उल्लोओ सीहासणं सपरिवारं पासाय उवरिं अट्ठट्ठ मंगलगा झया छत्तातिछत्ता।

१६२. (क) उस मुख्य प्रासादावतंसक के चारो दिशाओं में चार अन्य प्रासादावतंसक हैं, जो उससे आधे ऊँचे हैं। अर्थात् ये चारों प्रासादावतसक ढाई सौ योजन ऊँचे और चौडाई में सवा सौ योजन चौडे हैं, इत्यादि वर्णन पहले की भाँति करना चाहिए।

(ख) ये चारों प्रासादावतंसक भी पुनः चारों दिशाओं में अपनी ऊँचाई से आधी ऊँचाई वाले अन्य चार प्रासादावतंसकों से घिरे हैं। अर्थात् ये प्रासादावतंसक एक सौ पच्चीस योजन ऊँचे और साढे बासठ योजन चौड़े हैं तथा ये चारो ओर फैल रही प्रभा से हँसते हुए से दिखते हैं, यहाँ से लेकर भूमिभाग, चंदेवा, सपरिवार सिंहासन, आठ-आठ मंगल, ध्वजाओं, छत्रातिछत्रों से सुशोभित है।

(ग) ये प्रासादावतंसक भी चारों दिशाओं में अपनी ऊँचाई से आधी ऊँचाई वाले अन्य चार प्रासादावतंसकों से परिवेष्टित हैं। ये प्रासादावतंसक साढ़े बासठ योजन ऊँचे और इकतीस योजन एक कोस चौडे हैं। इन प्रासादों के भूमिभाग, चंदेवा, सपरिवार सिंहासन, ऊपर आठ मंगल, ध्वजाओ, छत्रातिछत्रो आदि का वर्णन भी पूर्ववत् यहाँ करना चाहिए।

162. (a) There are four other palaces in the four sides of the main palace. They are half in height as that of the main palace. In other words they are 250 yojans high and 125 yojans wide. The remaining description be considered as mentioned earlier.

(b) All the four palaces are again surrounded by another four palaces on their four sides and half of their height. In other words these palaces are 125 yojans high, 62.5 yojans wide and appear to be laughing due to their lustre all around. Here onwards, the earth-region, the cloth ceiling, the seats for the family, eight auspicious symbols, flags, umbrellas one above the other add to their beauty.

(c) These four palaces are again surrounded by another four palaces in their four sides and of half of their height. In other words, these palaces are 62.5 yojans high and 31.25 yojans wide. The description of their earth-region, cloth ceiling seats for family, raised eight auspicious symbols, flags, umbrellas and covering umbrellas may be considered same as mentioned earlier.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६३. तस्स णं मूलपासायवडेंसयस्स उत्तरपुरत्थिमेणं एत्थ णं सभा सुहम्मा पण्णत्ता, एगं जोयणसयं आयामेणं, पण्णासं जोयणाइं विक्खम्भेणं, बावत्तरिं जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अणेगखम्भ.... जाव अच्छरगण.... पासादीया।

१६३. उस प्रधान प्रासाद के ईशानकोण में एक सुधर्मा सभा है, जो सौ योजन लम्बी, पचास योजन चौडी और बहत्तर योजन ऊँची है। यह सभा अनेक सैकड़ों खम्भों पर संस्थित यावत् अप्सराओं से व्याप्त अतीव मनोहर है।

DESCRIPTION OF SUDHARMA ASSEMBLY-HALL

163. In the north-east corner of that main palace is Sudharma assembly building. It is 100 yojans long, 50 yojans wide and 72 yojans high. It is on hundreds of pillars upto having many fairies and extremely grand.

१६४. सभाए णं सुहम्माए तिदिसिं तओ दारा पण्णत्ता, तं जहा—पुरत्थिमेणं, दाहिणेणं, उत्तरेणं।

ते णं दारा सोलस जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अट्ठ जोयणाइं विक्खम्भेणं, तावतियं चेव पवेसेणं, सेया वरकणगथूभियागा जाव वणमालाओ।

तेसि णं दाराणं पुरओ पत्तेयं पत्तेयं मुहमण्डवे पण्णत्ते, ते णं मुहमण्डवा एगं जोयणसयं आयामेणं, पण्णासं जोयणाइं विक्खंभेणं, साइरेगाइं सोलस जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, वण्णओ सभाए सरिसो।

तेसि णं मुहमण्डवाणं तिदिसिं तओ दारा पण्णत्ता, तं जहा—पुरत्थिमेणं, दाहिणेणं, उत्तरेणं। ते णं दारा सोलस जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अट्ठ जोयणाइं विक्खंभेणं, तावइयं चेव पवेसेणं, सेया वरकणगथूभियागा जाव वणमालाओ।

तेसि णं मुहमंडवाणं पुरतो पत्तेयं पत्तेयं पेच्छाघरमंडवे पण्णत्ते, मुहमंडववत्तव्वया जाव दारा, भूमिभागा, उल्लोया।

१६४. इस सुधर्मा सभा की तीन दिशाओं में तीन द्वार हैं—पूर्व दिशा में, दक्षिण दिशा मे और उत्तर दिशा में।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वे द्वार ऊँचाई में सोलह योजन ऊँचे, आठ योजन चौडे और उतना ही चौडा उनका प्रवेश मार्ग है। वे द्वार श्वेत वर्ण के हैं। श्रेष्ठ स्वर्ण से निर्मित शिखरों एवं वनमालाओं से शोभित हैं। आदि वर्णन पूर्ववत् करना चाहिए।

उन द्वारों के सामने एक-एक मुखमंडप (ऑगन या चौक) है। ये मंडप सौ योजन लम्बे, पचास योजन चौड़े और ऊँचाई में कुछ अधिक सोलह योजन ऊँचे हैं। सुधर्मा सभा के समान इनका शेष वर्णन कहना चाहिए।

इन मंडपों की तीन दिशाओं में तीन द्वार हैं, यथा-एक पूर्व दिशा में, एक दक्षिण दिशा में और एक उत्तर दिशा में। ये द्वार ऊँचाई में सोलह योजन ऊँचे हैं, आठ योजन चौड़े और उतना ही चौडा उनका प्रवेश मार्ग है। ये द्वार श्वेत धवलवर्ण और श्रेष्ठ स्वर्ण से बने शिखरों, वनमालाओं से अलंकृत हैं। समस्त वर्णन पूर्ववत् यहाँ करना चाहिए।

इन मुखमंडपों में से प्रत्येक के आगे प्रेक्षागृहमंडप (दर्शकों को बैठने का स्थान) बना है। इन मंडपों के द्वार, भूमिभाग, चॉदनी आदि का वर्णन मुखमंडपों के समान जानना चाहिए।

164. There are three gates at the sides namely east, south and north of this Sudharma Sabha.

Those gates are 16 yojans high and 8 yojans wide. The enterance is also 8 yojans wide. The gates are white. They are decorated with garlands hanging upto ankles. They are made of pure gold. The remaining description is same as earlier.

In front of each gate, there is a courtyard. It is 100 yojans long, 50 yojans wide and a little more than 16 yojans high. Its description be considered similar to that of Sudharma Sabha.

In the three sides namely east, south and north of these gates there are three gates. They are 16 yojans high, 8 yojans wide and same is the passage for entrance. These gates are decorated with pure white gold summits and garlands reaching the ankles. The remaining description is as before.

In front of each of the platforms before the building, there is a pavilion for spectators. The description of gates of these pavilions, the earth-region and cloth ceiling may be considered similar to that of platforms in front of the building.

१६५. तेसि णं बहुसमरमणिज्जाणं भूमिभागाणं बहुमज्झदेसभाए पत्तेयं पत्तेयं वइरामए अक्खाडए पण्णत्ते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेसि णं वयरामयाणं अक्खाडगाणं बहुमज्झदेसभागे पत्तेयं पत्तेयं मणिपेढिया पण्णत्ता, ताओ णं मणिपेढियाओ अट्ठ जोयणाइं आयाम-विक्खंभेणं, चत्तारि जोयणाइं बाहल्लेणं, सव्वमणिमईओ अच्छाओ जाव पडिरूवाओ।

तासि णं मणिपेढियाणं उवरिं पत्तेयं पत्तेयं सीहासणे पण्णत्ते, सीहासणवण्णओ सपरिवारो।

तेसि णं पेच्छाघरमंडवाणं उवरिं अट्ठट्ठ मंगलगा झया छत्तातिछत्ता।

१६५. उन प्रेक्षागृह मडपों के रमणीय समचौरस भूमिभाग के ठीक मध्य में एक-एक वज्र रत्नमय अक्षपाटक (मंच-अखाडा) बना है।

उन वज्र रत्नमय अक्षपाटकों के भी बीचोंबीच आठ योजन लम्बी-चौडी, चार योजन मोटी और विविध प्रकार के मणि-रत्नों से निर्मित, निर्मल यावत् असाधारण सुन्दर एक-एक मणिपीठिकाएँ (मणिजडित चौकियाँ) बनी हुई हैं।

उन मणिपीठिकाओं के ऊपर एक-एक सिंहासन है। भद्रासनों आदि आसनों रूपी परिवार सहित उन सिंहासनों का वर्णन करना चाहिए।

उन प्रेक्षागृह मडपों के ऊपर आठ-आठ मंगल, ध्वजायें, छत्रातिछत्र सुशोभित हो रहे हैं।

165. Exactly in the beautiful square mid-portion of the pavilion of the house for spectators there is a jewelled verandah (gymnasium) for spectators.

A jewelled platform beautiful and unique is in the midst of each Vajra jewelled verandah and it is 8 yojans long, 8 yojans wide and 4 yojans thick. They are made of gems of various types and clean.

A seat is constructed on each of the jewelled platform. The description of the seats (simhasan) may be understood similar to that of Bhadrasen and others.

Eight auspicious symbols, flags and umbrella one above the other meant for spectators are increasing their grandeur of the pavilion.

स्तूप-वर्णन

१६६. तेसिं णं पेच्छाघरमंडवाणं पुरओ पत्तेयं पत्तेयं मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ। ताओ णं मणिपेढियाओ सोलस सोलस जोयणाइं आयामविक्खंभेणं, अट्ठ जोयणाइं बाहल्लेणं, सव्वमणिमईओ अच्छाओ पडिरूवाओ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तासि णं उवरिं पत्तेयं पत्तेयं थूभे पण्णत्ते। ते णं थूभा सोलस सोलस जोयणाइं आयाम विक्खंभेणं, साइरेगाइं सोलस सोलस जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, सेया संखंक सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

तेसि णं थूभाणं उवरिं अट्ठट्ठ मंगलगा, झया छत्तातिछत्ता जाव सहस्सपत्तहत्थया।

तेसि णं थूभाणं पत्तेयं पत्तेयं चउद्दिसिं मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ। ताओ णं मणिपेढियाओ अट्ठ जोयणाइं आयामविक्खंभेणं, चत्तारि जोयणाइं बाहल्लेणं, सव्वमणिमईओ अच्छाओ जाव पडिरूवाओ।

तासि णं मणिपेढियाणं उवरिं चत्तारि जिणपडिमाओ जिणुस्सेहपमाणमेत्ताओ संपलियंकनिसन्नाओ, थूभाभिमुहीओ सन्निक्खित्ताओ चिट्ठंति, तं जहा–उसभा, वद्धमाणा, चंदाणणा, वारिसेणा।

१६६. उन प्रेक्षागृह मंडपों के आगे एक-एक मणिपीठिका (रत्नमय चौकी) है। ये मणिपीठिकाएँ सोलह-सोलह योजन लम्बी-चौड़ी, आठ योजन मोटी है। ये सभी सम्पूर्ण मणि-रत्नमय, स्फटिक मणि के समान निर्मल और प्रतिरूप हैं।

उन प्रत्येक मणिपीठों के ऊपर असाधारण रमणीय स्तूप बने हैं। वे सोलह-सोलह योजन लम्बे-चौड़े, समचौरस और ऊँचाई में कुछ अधिक सोलह योजन ऊँचे हैं। शंख व अंक रत्न के समान श्वेत, सर्वात्मना रत्नों से बने हुए स्वच्छ यावत् देखने योग्य हैं।

उन स्तूपों के ऊपर आठ-आठ मंगल, ध्वजाये, छत्र पर छत्र यावत् सहस्रपत्र कमलों के झुमके सुशोभित हो रहे हैं।

उन स्तूपों की चारो दिशाओं में एक-एक मणिपीठिका है। ये प्रत्येक मणिपीठिकाएँ आठ योजन लम्बी-चौड़ी, चार योजन मोटी और अनेक प्रकार के मणि-रत्नों से निर्मित, निर्मल यावत् प्रतिरूप हैं।

प्रत्येक मणिपीठिका के ऊपर, स्तूपों के सामने मुख वाली ऐसी जिनोत्सेध प्रमाण वाली (ऊँचाई में जिन-भगवान के शरीर प्रमाण) चार जिन-प्रतिमाएँ पर्यंकासन से विराजमान हैं, यथा-(१) ऋषभ (भरत क्षेत्र के प्रथम तीर्थंकर), (२) वर्धमान (भरत क्षेत्र के अन्तिम तीर्थंकर), (३) चन्द्रानन (इस अवसर्पिणी काल मे जम्बूद्वीप के ऐरवत क्षेत्र के प्रथम तीर्थंकर), तथा (४) वारिषेण (जम्बूद्वीप के ऐरवत क्षेत्र में इसी अवसर्पिणी काल में हुए चौबीसवें तीर्थंकर)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

DESCRIPTION OF PILLAR

166. A jewelled raised platform (small table) is in front of each of the pavilions of the house for spectators. These platforms are 16 yojans long, 16 yojans wide and 8 yojans thick. All of them are completely jewelled and clean like crystal. They are grand.

On every platform there is unique worth looking mound (Stupa). The mounds are 16 yojans long, 16 yojans wide squire type and their height is a little more than 16 yojans. They are white like a conch or white jewel (Ank jewel). They are all studded with jewels clean upto worth seeing.

On each of the Stupa (mound), there are eight auspicious symbols, flags, umbrella one above the other, and upto lotus ear-rings making them to look.

On every side of the Stupa, there is a jewelled platform. These platforms are 8 yojans square, 4 yojans thick, made of gems, neat and upto attractive.

On each platform there is a statue of Tirthankar, equal to his size, facing the Stupa with legs crossed and hands on them. They are of—(1) Rishabh (The first Tirthankar of Bharat area), (2) Vardhman (The last Tirthankar of Bharat area), (3) Chandranan (The first Tirthankar of Airavat area of Jambu Dveep belonging to this 'Avasarpani time-cycle), and (4) Varishen (The twenty fourth Tirthankar of Airavat area of Jambu Dveep belonging to this Avasarpani period).

चैत्य वृक्ष

१६७. तेसि णं थूभाणं पुरतो पत्तेयं पत्तेयं मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ। ताओ णं मणिपेढियाओ सोलस जोयणाइं आयामविक्खंभेणं, अट्ठ जोयणाइं बाहल्लेणं, सव्वमणिमईओ जाव पडिरूवाओ।

तासि णं मणिपेढियाणं उवरिं पत्तेयं पत्तेयं चेइयरुक्खे पण्णत्ते, ते णं चेइयरुक्खा अट्ठ जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं अद्धजोयणं उव्वेहेणं, दो जोयणाइं खंधा, अद्धजोयणं विक्खंभेणं, छ जोयणाइं विडिमा, बहुमज्झदेसभाए अट्ठ जोयणाइं आयामविक्खंभेणं, साइरेगाइं अट्ठ जोयणाइं सव्वग्गेणं पण्णत्ता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेसि णं चेइयरुक्खाणं इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा–

वयरामयमूल–रययसुपइट्ठियविडिमा, रिट्ठामयविउल कंदवेरुलियरुइलखंधा, सुजायवरजायरूवपढमग विसालसाला, नाणामणिमय रयणविविहसाहप्पसाह–वेरुलियपत्त–तवणिज्जपत्तबिंटा, जंबूणय–रत्तमउयसुकुमालपवाल पल्लववरंकुरधरा, विचित्तमणिरयण–सुरभिकुसुमफलभरनमियसाला, सच्छाया, सप्पभा, सस्सिरीया, सउज्जोया, अहियं नयण–मण–णिव्वुइकरा, अमयरससमरसफला, पासाईया····।

तेसि णं चेइयरुक्खाणं उवरिं अट्ठट्ठ मंगलगा झया छत्ताइछत्ता।

१६७. उन प्रत्येक स्तूपों के सामने मणिमयी पीठिकायें बनी हुई हैं। ये मणिपीठिकायें सोलह योजन लम्बी-चौड़ी, आठ योजन मोटी और सर्वात्मना मणि-रत्नों से निर्मित, निर्मल यावत् अतीव मनोहर हैं।

उन मणिपीठिकाओं के ऊपर एक-एक चैत्य वृक्ष है। ये सभी चैत्य वृक्ष ऊँचाई में आठ योजन ऊँचे, जमीन के भीतर आधे योजन गहरे हैं। इनका स्कन्ध भाग दो योजन का और आधा योजन चौडा है। स्कन्ध से निकलकर ऊपर की ओर फैली हुई शाखाएँ छह योजन ऊँची और लम्बाई-चौड़ाई में आठ योजन की हैं। कुल मिलाकर इनका सर्वपरिमाण कुछ अधिक आठ योजन है।

इन चैत्य वृक्षों का वर्णन इस प्रकार किया गया है–

इन वृक्षों के मूल (जड़ें) वज्र रत्नों के हैं, शाखाएँ रजत की, कंद रिष्ट रत्नों के, मनोरम स्कन्ध वैडूर्य मणि के, मूलभूत प्रथम विशाल शाखाएँ शोभनीक श्रेष्ठ स्वर्ण की, विविध शाखा-प्रशाखाएँ नाना प्रकार के मणि-रत्नों की, पत्ते वैडूर्य रत्न के, पत्तों के वृन्त (डंडियाँ) स्वर्ण के, प्रवाल अरुण, मृदु, सुकोमल हैं, पल्लव एवं अंकुर जाम्बूनद (लाल सोना) के हैं और विचित्र मणि-रत्नों एवं सुरभिगंधयुक्त पुष्प-फलों के भार से नमित शाखाएँ हैं एवं अमृत के समान मधुर रसयुक्त फल वाले ये वृक्ष सुन्दर, मनोरम छाया, प्रभा, कान्ति, शोभा, उद्योत से सम्पन्न नयन-मन को शान्तिदायक एवं प्रासादिक हैं।

उन चैत्य वृक्षों के ऊपर आठ-आठ मंगल, ध्वजायें और छत्रातिछत्र सुशोभित हो रहे हैं।

THE CHAITYA TREE

167. In front of every Stupa, there is a platform. These platforms are 16 yojans long square and 8 yojans thick. They are made of gems. They are clean and attractive.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

On each of the platforms there is a memorial tree. All these trees are 8 yojans high, half a yojan deep. Their trunk is of 2 yojans and width is half a yojan. The branches bursting out from the trunk and spreading upwards are 6 yojans high and 8 yojans long, 8 yojans wide. In brief all of them are a little more than 8 yojans in size.

The description of these memorial trees is as under—

The roots of these tree are of Vajra jewels, the branches are of silver, the bulbous roots are of Right gems, the beautiful trunk is of Vaidurya jewels, first big branches are of pure gold, the other branches and their off-shooting branches are of various types of gems and jewels, the leaves are of Vaidurya gems, the stalks of the leaves are of gold, the sprouts are red, soft and tender and the buds are of red gold, the branches are bending downwards due to fragrant flowers and fruits of strange jewels and gems, the fruit of these trees have nectar like sweet juice, the trees provide beautiful pleasant shade, shine, brightness, aura and light which renders pleasure to the eyes and the mind, they also provide mental peace and pleasure.

There are eight auspicious symbols, flags, umbrellas one above the other on those memorial trees.

विवेचन–शब्द कोष के अनुसार चैत्य वृक्ष के तीन अर्थ होते है–(१) जिस वृक्ष के नीचे तीर्थकर देव को केवलज्ञान प्राप्त होता है, वह वृक्ष। इसे 'बोधि वृक्ष' भी कहा जाता है। जैन ग्रन्थो मे २४ तीर्थकरो के २४ चैत्य वृक्ष प्रसिद्ध है। (२) देवताओ की सभा के प्रत्येक द्वार के सामने महा ध्वजा और चैत्य स्तम्भ के मध्यम मे स्थित वृक्ष चैत्य वृक्ष कहा जाता है। अलग-अलग देवो के अलग-अलग चैत्य वृक्ष होते है। (३) किसी विशेष पवित्र माने जाने वाले वृक्ष को भी चैत्य वृक्ष कहते है, जिसे देखकर चित्त प्रसन्न होता हो। (सचित्र अर्धमागधी कोष, भाग २, पृ ७३९, शतावधानी श्री रतनचन्द जी महाराज)

Elaboration—According to dictionary, Chaitya has three meanings—(1) The tree under which the Tirthankar attains complete knowledge (Kewal-jnan) and becomes omniscient It is also known as tree of knowledge (Bodhi Tree). In Jain literature the twenty four such trees of twenty four Tirthankars are well known. (2) In front of each gate of council-hall of gods, there is a tree between the great flag and Chaitya pillar. This is called Chaitya tree. Every god has a separate Chaitya tree. (3) A special holy tree is also called Chaitya tree. The mind becomes pleased at its sight (Illustrated Ardhamagadhi Dictionary, Part II, page 739, Shatavadhani Shri Ratna Chand ji M.)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६८. तेसि णं चेइयरुक्खाणं पुरतो पत्तेयं पत्तेयं मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ। ताओ णं मणिपेढियाओ अट्ठ जोयणाइं आयामविक्खंभेणं चत्तारि जोयणाइं बाहल्लेणं सव्वमणिमईओ अच्छाओ जाव पडिरूवाओ।

१६८. उन प्रत्येक चैत्य वृक्षो के आगे एक-एक मणिपीठिका है। ये मणिपीठिकायें आठ योजन लम्बी-चौडी, चार योजन मोटी, सर्वात्मना मणिमय निर्मल अतिशय मनोरम हैं।

168. In front of every Chaitya tree, there is a platform. These platforms are 8 yojans long square, 4 yojans thick, all gem-studded clean and very attractive

माहेन्द्र ध्वज

१६९. तासि णं मणिपेढियाणं उवरिं पत्तेयं पत्तेयं महिंदज्झए पण्णत्ते।

ते णं महिंदज्झया सट्ठिं जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, अद्धकोसं उव्वेहेणं, अद्धकोसं विक्खंभेणं, वइरामय-वट्ट-लट्ठ-संठिय-सुसिलिट्ठ-परिघट्ठ-मट्ठ-सुपतिट्ठिए-विसिट्ठे-अणेगवर-पंचवण्णकुडभी-सहस्सुस्सिए-परिमंडियाभिरामे-वाउद्धुयविजयवेज यंती-पडागच्छत्तातिच्छत्तकलिते, तुंगे गगणतल-मणुलिहंतसिहरा पासादीया।

तेसि णं महिंदज्झयाणं उवरिं अट्ठट्ठ मंगलया झया छत्तातिछत्ता।

१६९. उन मणिपीठिकाओ के ऊपर एक-एक माहेन्द्रध्वज (इन्द्र के ध्वज के समान विशाल ध्वज) फहरा रहा है। वह माहेन्द्र ध्वज साठ योजन ऊँचे, आधा कोस जमीन के भीतर ऊँडे-गहरे, आधा कोस चौडे, वज्र रत्नों से निर्मित, दीप्तिमान, चिकने, कमनीय, मनोज्ञ वर्तुलाकार-गोल डडे वाले अन्य ध्वजाओं से विशिष्ट है। हजारो छोटी-बडी अनेक प्रकार की मनोरम रग-बिरगी, पचरगी पताकाओ से परिमडित वायु वेग से फहराती हुई विजय-वैजयती पताका, छत्रातिछत्र से युक्त आकाशमडल को स्पर्श करने वाले ऐसे ऊँचे उपरिभागो से अलंकृत मन को प्रसन्न करने वाले है।

इन माहेन्द्र ध्वजो के ऊपर आठ-आठ मगल, ध्वजायें और छत्रातिछत्र सुशोभित हो रहे हैं।

MAHENDRA DHVAJ

169. On each of those platforms, there is fluttering a great flag (Mahendra Dhvaj). It is 68 yojans high, one-eighth yojan deep, one-eight yojan wide. It is best of all other flags having round long shining smooth, beautiful poles made of Vajra jewels. The upper

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

part of the flag is decorated with thousands of buntings of different sizes and different colours that surround the vijay-vaijyanti flag. The flags are having umbrella one above the other touching the sky with their upper portion and provide pleasure to the mind.

Above each of the Mahendra Dhvaj (the great flag) there are eight auspicious symbols, other flags and umbrellas one above the other adding to their beauty.

१७०. तेसि णं महिंदज्झयाणं पुरतो पत्तेयं पत्तेयं नंदा पुक्खरिणीओ पण्णत्ताओ।

ताओ णं पुक्खरिणीओ एगं जोयणसयं आयामेणं, पण्णासं जोयणाइं विक्खंभेणं, दस जोयणाइं उव्वेहेणं, अच्छाओ जाव वण्णओ, एगइयाओ उदगरसेणं पण्णत्ताओ।

पत्तेयं पत्तेयं पउमवरवेइयापरिक्खित्ताओ, पत्तेयं पत्तेयं वणसंडपरिक्खित्ताओ।

तासि णं णंदाणं पुक्खरिणीणं तिंदिसिं तिसोवाणपडिरूवगा पण्णत्ता। तिसोवाणपडिरूवगाणं वण्णओ, तोरणा, झया, छत्तातिछत्ता।

१७०. उन प्रत्येक माहेन्द्र ध्वजाओं के आगे एक-एक नन्दा पुष्करिणी (बावडी) बनी हुई है।

ये पुष्करिणियाँ सौ योजन लम्बी, पचास योजन चौडी, दस योजन ऊँची-गहरी है और स्वच्छ-निर्मल जल से भरी है। इनमे से कितनेक का पानी स्वाभाविक पानी जैसा मधुर रस वाला है।

ये प्रत्येक नन्दा पुष्करिणियाँ एक-एक पद्मवरवेदिका और वनखडों से घिरी हुई हैं।

इन नन्दा पुष्करिणियो की तीन दिशाओं में अतीव मनोहर त्रिसोपान-पंक्तियाँ (तीन-तीन पगथियाँ-पायदान) हैं। इन त्रिसोपान-पक्तियों के ऊपर तोरण, ध्वजाये, छत्रातिछत्र सुशोभित हैं।

170. There is a lake in front of each of the Mahendra Dhvaj (the great flag).

These lakes are 100 yojans long, 50 yojans wide and 10 yojans deep. They are full of pure clean water. The water of many of them is as sweet as natural water

On each of these Nanda Pushkarnis surrounded with a padmavarvedika and a forest-region.

On three sides of every lake (Nanda Pushkarni), there are three very attractive rows of steps (foot mats). They are decorated with festoons, flags and umbrellas one above the other.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१७१. सभाए णं सुहम्माए अडयालीसं मणोगुलियासाहस्सीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–पुरत्थिमेणं सोलससाहस्सीओ, पच्चत्थिमेणं सोलससाहस्सीओ, दाहिणेणं अट्ठसाहस्सीओ, उत्तरेणं अट्ठसाहस्सीओ।

तासु णं मणोगुलियासु बहवे सुवण्णरूप्पमया फलगा पण्णत्ता। तेसु णं सुवन्नरूप्पमएसु फलगेसु बहवे वइरामया णागदंता पण्णत्ता। तेसु णं वइरामएसु णागदंतएसु किण्हसुत्त वट्टवग्घारियमल्लदामकलावा चिट्ठंति।

१७१. सुधर्मा सभा के पूर्व दिशा में सोलह हजार, पश्चिम दिशा में सोलह हजार, दक्षिण दिशा में आठ हजार और उत्तर दिशा मे आठ हजार, यों सुधर्मा सभा मे कुल अडतालीस हजार मनोगुलिकाएँ (छोटे-छोटे चबूतरे) हैं।

उन मनोगुलिकाओं के ऊपर अनेक स्वर्ण एव रजतमय फलक-पाटिये और उन स्वर्ण-रजतमय पाटियों पर अनेक वज्र रत्नमय नागदत (खूँटियाँ) लगे है। उन वज्रमय नागदंतों पर काले सूत से बनी हुई गोल लम्बी-लम्बी मालायें लटक रही हैं।

THE SEATS OF SUDHARMA COUNCIL-HALL

171. There are in all forty eight thousand seats in the Sudharma council-hall sixteen thousand each in east and west and eight thousand each in south and north.

Many gold, silver and gemmed boards are on those seats fixed with many Vajra gemmed pegs. Round long rosaries of black thread are hanging from those pegs.

१७२. सभाए णं सुहम्माए अडयालीसं गोमाणसियासाहस्सीओ पन्नत्ताओ। जह मणोगुलिया जाव णागदंतगा।

तेसु णं णागदंतएसु बहवे रययामया सिक्कगा पण्णत्ता। तेसु णं रययामएसु सिक्कगेसु बहवे वेरुलियामइओ धूवघडियाओ पण्णत्ताओ। ताओ णं धूवघडियाओ कालागुरुपवर जाव चिट्ठंति।

१७२. सुधर्मा सभा मे अडतालीस हजार गोमानसिकायें (शय्या या पलँग) रखी हुई हैं। नागदतों तक इनका वर्णन मनोगुलिकाओं के समान समझ लेना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उन नागदंतो के ऊपर बहुत से रजतमय सीके (छींके) लटके हैं। उन रजतमय सींकों मे बहुत-सी वैडूर्य रत्नों से बनी हुई धूपघटिकाएँ (धूप रखने का पात्र-धूपदानियाँ) रखी है। वे धूपघटिकाएँ काले अगर, श्रेष्ठ कुन्दरुष्क आदि की सुगन्ध से मन को मोहित कर रही हैं।

172. Forty eight thousand beds are in Sudhama council-hall. Their description upto pegs is similar to that of seats.

Many silvery loops (swings) are hanging from those pegs. Many incense-pots made of Vaidurya-gems are in those silvery swings. Those incense-pots are giving pleasure to the mind by the fragrance of black substance used as incense (kala guru) and Kundrushk (an incense).

माणवक चैत्य-स्तम्भ

१७३. सभाए णं सुहम्माए अंतो बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते जाव मणीहिं उवसोभिए मणिफासो य उल्लोओ य।

तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए एत्थ णं महेगा मणिपेढिया पण्णत्ता, सोलस, जोयणाइं आयामविक्खंभेणं अट्ठ जोयणाइं बाहल्लेणं सव्वमणिमयो जाव पडिरूवा।

१७३. उस सुधर्मा सभा के भीतर मणियों से जडा हुआ अत्यन्त रमणीय सम भूभाग (फर्श) है। मणियों के स्पर्श एव चंदेवा तक का सब वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।

उस सम रमणीय भूमिभाग के मध्यदेश (बीच) में एक विशाल मणिपीठिका बनी है। यह सोलह योजन लम्बी-चौडी और आठ योजन मोटी तथा रत्नो से जटित अतीव मनोरम है।

DIVINE MEMORIAL POST (MANAVAK CHAITYA)

173. There is a gem-studded extremely attractive level earth-region in the Sudharma council-hall. The description of touch of the jewels upto cloth-ceiling may be understood as described earlier.

In centre of that level attractive earth-region there is a big platform studded with gems. It is 16 yojans long square and 8 yojans thick. It is studded with jewels and very grand.

१७४. तीसे णं मणिपेढियाए उवरिं एत्थ णं माणवए चेइएखंभे पण्णत्ते, सट्ठिं जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, जोयणं उव्वेहेणं, जोयणं विक्खंभेणं, अडयालीसंसिए, अडयालीसइ कोडीए, अडयालीसइ विग्गहिए सेसं जहा महिंदज्झयस्स।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माणवगस्स णं चेइयखंभस्स उवरिं बारस जोयणाइं ओगाहेत्ता, हेट्ठा वि बारस जोयणाइं वज्जेत्ता, मज्झे छत्तीसाए जोयणेसु एत्थ णं बहवे सुवण्णरूप्पमया फलगा पण्णत्ता। तेसु णं सुवण्णरूप्पाएसु फलएसु बहवे वइरामया णागदंता पण्णत्ता। तेसु णं वइरामएसु नागदंतेसु बहवे रययामया सिक्कगा पण्णत्ता। तेसु णं रययामएसु सिक्कएसु बहवे वइरामया गोलवट्टसमुग्गया पण्णत्ता। तेसु णं वयरामएसु गोलवट्टसमुग्गएसु बहवे जिणसकहाओ संनिक्खित्ताओ चिट्ठंति।

ताओ णं सूरियाभस्स देवस्स अन्नेसिं च बहूणं देवाण य देवीण य अच्चणिज्जाओ जाव पज्जुवासणिज्जाओ।

माणवगस्स चेइयखंभस्स उवरिं अट्ठट्ठ मंगलगा, झया, छत्ताइच्छत्ता।

१७४. उस मणिपीठिका के ऊपर एक माणवक नामक चैत्य-स्तम्भ (चित्त को आनन्ददायी स्तम्भ) है। वह ऊँचाई में साठ योजन ऊँचा, एक योजन जमीन के अंदर गहरा, एक योजन चौडा और अडतालीस कोनों, अड़तालीस धारों और अडतालीस आयामों-पहलुओं वाला है। इसके अतिरिक्त शेष वर्णन माहेन्द्र ध्वज जैसा जानना चाहिए।

उस माणवक चैत्य-स्तम्भ के ऊपर बारह योजन और नीचे बारह योजन छोडकर मध्य के शेष छत्तीस योजन प्रमाण भाग मे अनेक स्वर्ण और रजतमय फलक-पाटिये लगे हुए हैं। उन स्वर्ण-रजतमय फलको पर अनेक वज्रमय नागदत हैं। उन वज्रमय नागदंतों पर बहुत से रजतमय सींके लटक रहे हैं। उन रजतमय सींकों में वज्रमय गोल-गोल समुद्गक (मंजूषा-डिब्बा) रखे है। उन गोल-गोल वज्र रत्नमय समुद्गको मे बहुत-सी जिन-अस्थियॉ सुरक्षित रखी हुई है।

वे अस्थियॉ सूर्याभदेव एव अन्य देव-देवियो के लिए अर्चनीय यावत् पर्युपासनीय हैं।

उस माणवक चैत्य के ऊपर आठ-आठ मगल, ध्वजाएँ और छत्रातिछत्र सुशोभित हो रहे है।

174. On that platform, there is a divine memorial post (Manavak Chaitya Stambh). It is 60 yojans high, one yojan deep in the ground and one yojan wide. It has 48 corners, 48 edges and 48 sides. The remaining description may be considered similar to that of Mahendra Dhvaj.

Many gold and silver boards are fixed in the central 36 yojans of that part, ignoring 12 yojans at the top and 12 yojans in the bottom.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

On that board, there are many Vajra pegs; many silver swings are hanging on those pegs. Vajra round boxes are in those swings The bones of Tirthankaras are safely preserved in those boxes.

Those boxes are worthy of worship for Suryabh Dev and other gods and goddesses and also fit to be adored.

On that post, there are eight auspicious symbols, flags and umbrellas one above the other.

विवेचन—सूत्र १६६ मे मणिपीठिका पर जिनेश्वरदेव की चार जिन-प्रतिमाएँ पर्यकासन से विराजमान होने का उल्लेख है। सूत्र १६७ मे चैत्य वृक्ष का, सूत्र १७४ मे माणवक नामक चैत्य-स्तम्भ का और उस चैत्य-स्तम्भ पर लटकते हुए रत्नमय गोल डिब्बो मे जिन-अस्थियॉ रखी होने का वर्णन है। इसी प्रकार सूत्र १७७-१७८ मे सिद्धायतन का वर्णन है।

चैत्य वृक्ष का अर्थ हम सूत्र १६७ के विवेचन मे कर चुके है। विद्वानो ने 'चैत्य' शब्द के अर्थ अपनी-अपनी परम्परागत धारणाओ के अनुसार भिन्न-भिन्न किये है। किसी ने चैत्य का अर्थ पूजनीय-वदनीय किया है तो किसी ने चित्त को प्रसन्न करने वाला अथवा 'किसी चिता से सम्बन्धित' अर्थ भी किया है। जिन-प्रतिमा और जिन-अस्थियो के सम्बन्ध मे शाब्दिक भेद नही है। किन्तु मूर्तिपूजक परम्परा के अनुसार वे वन्दनीय-पूजनीय मानी जाती है जबकि अमूर्तिपूजक परम्परा स्वर्ग के देवताओ का एक जीताचार, परम्परागत व्यवहार मात्र मानती है। स्वर्ग मे उत्पन्न होने वाला देवता अपनी परम्परा व मर्यादा का गौरव रखने तथा अपने वीतरागदेव के प्रति श्रद्धा और आदरभाव प्रगट करने के लिए इस परम्परा का पालन करते है। अमूर्तिपूजक मान्यता है कि स्वर्ग मे ये शाश्वत प्रतिमाएँ तो है परन्तु उनका वर्णन विमान के अन्य अगो की तरह वर्णन-शैली का एक अग मात्र है। इसका अर्थ यह नही है कि उनकी पूजा-अर्चना करने से देवताओ का कल्याण होता होगा। इसलिए मूर्तिपूजा-समर्थक और मूर्तिपूजा-विरोधी दोनो ही इनका अपनी-अपनी परम्परा के अनुसार भिन्न-भिन्न अर्थ करते है।

Elaboration—In aphorism 166, there is description of existence of four statues of Tirthankaras in cross-legged posture on the platforms studded with gems In aphorism 167, there is description of memorial tree, in aphorism 174 that of memorial post and the round boxes containing remains of the Tirthankaras in the swings hanging from that post Similarly in aphorism 177-178, there is description of Siddhayatan

We have explained the meaning of memorial tree (Chaitya Vriksh) in the elaboration of aphorism 167 The scholars have interpreted the words 'Chaitya' differently according to their traditional approach Some have interpreted it as worthy of worship, some have interpreted it as pleasant to the heart while some have related it to the burning pyre There is no confusion in interpretive of the words Jin-pratima (the statue of Tirthankar) are Jin-asthies (the remains of Tirthankar) But according to

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

the sect believing in statue worship, they are worthy of severence and worthy of worship while the opposite sect (sect not believing in statue-worship), it is simply a traditional conduct of gods, their instructive habit. The gods who take birth in heaven pay due regard to their tradition and restricted behaviour. Further, in order to exhibit their faith in and respect for omniscient (Veetarag) they follow this tradition. The sect not believing in statue-worship believe that there are permanent statues in the heaven but their description is simply like the description of other parts of Viman. So the two sects interprets according to their tradition

देव–शय्या

१७५. तस्स माणवगस्स चेइयखंभस्स पुरत्थिमेणं एत्थ णं महेगा मणिपेढिया पण्णत्ता, अट्ठ जोयणाइं आयाम–विक्खंभेणं, चत्तारि जोयणाइं बाहल्लेणं सव्वमणिमई अच्छा जाव पडिरूवा। तीसे णं मणिपेढियाए उवरिं एत्थ णं महेगे सीहासणे पण्णत्ते, सीहासणवण्णओ सपरिवारो।

तस्स णं माणवगस्स चेइयखंभस्स पच्चत्थिमेणं एत्थ णं महेगा मणिपेढिया पण्णत्ता, अट्ठ जोयणाइं आयामविक्खंभेणं, चत्तारि जोयणाइं बाहल्लेणं, सव्वमणिमया अच्छा जाव पडिरूवा। तीसे णं मणिपेढियाए उवरिं एत्थ णं महेगे देवसयणिज्जे पण्णत्ते।

तस्स णं देवसयणिज्जस्स इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा–णाणामणिमया पडिपाया, सोवन्निया पाया, णाणामणिमयाइं पायसीसगाइं, जंबूणयामयाइं गत्तगाइं, वइरामया संधी, णाणामणिमए विच्चे, रयंयामई तूली, लोहियक्खमया बिब्बोयणा, तवणिज्जमया गंडोवट्टाणया।

से णं सयणिज्जे सालिंगणवट्टिए उभओ बिब्बोयणं दुहओ उण्णते, मज्झे णयगंभीरे गंगापुलिण–वालुया–उद्दालसालिसए, सुविरइयरयत्ताणे, उवचियखोमदुगुल्लपट्ट–पडिच्छायणे आईणग–रूय–बूर–णवणीय–तूलफासमउए, रत्तंसुयसंवुए सुरम्मे पासादीए पडिरूवे।

१७५. उस माणवक चैत्य–स्तम्भ के पूर्व दिग्भाग में विशाल मणिपीठिका बनी हुई है, जो आठ योजन लम्बी–चौडी तथा चार योजन मोटी है। उस मणिपीठिका के ऊपर एक विशाल सिहासन रखा है। भद्रासन आदि सिंहासनों का वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उस माणवक चैत्य-स्तम्भ की पश्चिम दिशा मे आठ योजन लम्बी-चौडी, चार योजन मोटी, सर्वमणिमय, स्वच्छ-निर्मल एक बडी मणिपीठिका है। उस मणिपीठिका के ऊपर एक श्रेष्ठ रमणीय देव-शय्या रखी हुई है।

उस देव-शय्या का वर्णन इस प्रकार है, जैसे-इसके प्रतिपाद (पॉव रखने का स्थान-पायदान) अनेक प्रकार की मणियों से बने हुए हैं। स्वर्ण के पाये हैं। पादशीर्षक (पायों के ऊपरी भाग) अनेक प्रकार की मणियो के हैं। गाते (ईसाएँ, पाटियॉ) सोने की हैं। साँधें वज्र रत्नों से भरी हुई हैं। बाण (निवार) विविध रत्नमयी है। तूली (बिछौना-गादला), बिब्बोयण (बड़ा तकिया) लोहिताक्ष रत्न का है। गंडोपधानिका (सिरहाने लेने का छोटा तकिया) सोने का है।

उस शय्या पर शरीर प्रमाण गद्दा बिछा है। उसके शिरोभाग और चरणभाग (सिरहाने और पॉयते) दोनों ओर तकिये लगे हैं। वह दोनों ओर से ऊँची और मध्य में नत-झुकी हुई, गंभीर गहरी है। जैसे-गंगा किनारे की बालू में पॉव रखने से पॉव धॅस जाता है, उसी प्रकार बैठते ही नीचे की ओर धॅस जाते हैं। उस पर रजस्त्राण (मसहरी) लगी हुई है। कसीदा वाला क्षौमदुकूल (रुई की बनी चादर-बैडसीट) बिछी है। उसका स्पर्श आजिनक-मृगछाला, रुई, बूर नामक वनस्पति, मक्खन और आक की रुई के समान कोमल है। वह रक्तांशुक-लाल तूस से ढका रहता है। वह अत्यन्त रमणीय, सुन्दर है।

BED OF GODS

175. In the east of that memorial post, there is a great gem-studded platform. It is 8 yojans long square and 4 yojans thick. The description of seats and thrones be understood as described earlier.

In the west of that post there is an 8 yojans long square and 4 yojans thick gem-studded platform. It is fully covered with gems and is neat and clean. A grand and attractive bed for gods is on that platform.

The description of that bed is as under—Its foot mats are made many types of gems. Its legs are of gold. The upper part of the legs are studded with various types of jewels. The paatees are of gold. The joints are of Vajra gems. The knitting is of various jewels. The mattress and the pillow are of red jewels. The small pillow for side rest is of gold.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

A mattress body-size is spread on that bed. The pillars are both at the head and tail of the bed. The bed is higher on both sides and is deep and bent downwards in the middle. Just as the foot goes in when one walks on Gangetic sand, the mattress pushes downwards when one sits on it. A well arranged mesh to protect it from dust was fixed on it. An embroidered, cotton bed sheet was spread on it. Its touch was as soft as deer skin cotton, boor vegetation, butter and cotton of Akad plant. It is covered with red toos. It is extremely attractive and beautiful.

आयुधगृह–शस्त्रागार

१७६. तस्स णं देवसयणिज्जस्स उत्तरपुरत्थिमेणं महेगा मणिपेढिया पण्णत्ता–अट्ठ जोयणाइं आयाम–विक्खंभेणं, चत्तारि जोअणाइं बाहल्लेणं, सव्वमणिमयी जाव पडिरूवा।

तीसे णं मणिपेढियाए उवरिं एत्थ णं महेगे खुड्डए महिंदज्झए पण्णत्ते, सट्ठिं जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, जोयणं विक्खंभेणं वइरामया वट्टलट्ठसंठियसुसिलिट्ठ जाव पडिरूवा। उवरिं अट्ठट्ठ मंगलगा, झया, छत्तातिछत्ता।

तस्स णं खुड्डागमहिंदज्झयस्स पच्चत्थिमेणं एत्थ णं सूरियाभस्स देवस्स चोप्पाले नाम पहरणकोसे पन्नत्ते, सव्ववइरामए अच्छे जाव पडिरूवे।

सर्वप्रथम सोना, चॉदी, मणि, मिट्टी आदि आठ प्रकार के एक हजार आठ कलशो मे क्षीर समुद्र, पुष्करोदक समुद्र का जल भरा। वहॉ से सुगन्धित कमल आदि लिये। फिर मागध, प्रभास, वरदाम तीर्थो का जल तथा वहॉ की मिट्टी ली। इसके बाद गगा, सिन्धु आदि नदियो का जल तथा वहॉ के दोनो तटो की मिट्टी भी ली। उसके बाद पर्वतो पर जाकर वहॉ के तरह-तरह के फूल, सुगन्धित द्रव्य, औषधियॉ (वनस्पति) तथा सरसो (सिद्धार्थक) ली और पुडरीक-पद्म द्रह का जल व वहॉ उत्पन्न भिन्न-भिन्न जाति के कमल आदि लिये।

इसी प्रकार सभी क्षेत्रो की नदियॉ, पर्वतो के गध द्रव्यो का जल, पुष्प, वनस्पतियॉ, गोशीर्ष चन्दन तथा अन्य सुगन्धित जल और नदी तटो की मिट्टी आदि लेकर आते हैं।

इस वर्णन से पता चलता है कि मागलिक द्रव्यो मे सरसो की प्रमुख गणना की गई है और उसे सिद्धार्थक (सब कार्य सिद्ध करने वाली) कहा है। समुद्र-नदी जल, नदी तटो की मिट्टी, पर्वतो पर उगी दिव्य औषधियॉ व कमल आदि जल मे उत्पन्न होने वाले पुष्प व वृक्षो पर लगे पुष्प आदि तथा गोशीर्ष चन्दन व अन्य सुगन्धित द्रव्यो का अभिषेक, पूजन आदि क्रियाओ मे आज भी महत्त्वपूर्ण स्थान है।

इस वर्णन मे यह भी महत्त्व की बात है कि स्वर्ग के देवता भी अपने अभिषेक महोत्सवो मे मनुष्य लोक के जल, मिट्टी, पुष्प, वनस्पतियो आदि को सर्वाधिक मागलिक मानकर उनका उपयोग करते है।

Elaboration—In the ancient period, there was an auspicious tradition of coronation. It was not simply a festival but it was considered an auspicious festival Just as the coronation of kings was done as a traditional custom, almost in the same fashion, coronation of Suryabh Dev has been described in this aphorism. Also similar account is that of the coronation of Vijay Dev in Jivabhigam Sutra.

First of all, the water of Ksheer sea and Pushkarodak sea was filled in eight types of 1008 pots each namely of gold, silver, gems, earth and others. Then they took fragrant lotus flowers from there. Then they took water and earth from Maagadh, Prabhaas and Vardaam—the places of pilgrimage. Then they took water and the earth from the banks of the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

river Ganges and river Indus (Sindhu). Thereafter they went to the mountains and collected various types of flowers, fragrant substances, the vegetation and mustard seeds. Then they took water and different kinds of lotus flowers, from Pundreek and Padmadreh lakes

In a similar fashion, they collect water, flowers, vegetation, go-sheersh sandal wood and other fragrant waters and earth of the embankment of all rivers and mountains of all the areas and then came with it.

This description indicates that mustard seed was considered to be main item amongst all the auspicious substances It was called Siddharth (the substance that brings success in all functions). Even today, the water of rivers and seas, the earth of river banks, the heavenly vegetation of the mountains, lotus and other flowers that grow in water, the flowers growing on trees, go-sheersh sandal wood and other fragrant substances are considered most suited in performance of coronation ceremony and in doing worship.

It is also important to note that even the gods in heaven use the water, earth, flowers, vegetation and others of this world (inhabited by human-beings) in their coronation, considering them of great auspicious value.

१९१. तए णं तं सूरियाभं देवं चत्तारि सामाणियसाहस्सीओ, चत्तारि अग्गमहिसीओ सपरिवाराओ, तिन्नि परिसाओ, सत्त अणियाहिवइणो जाव अन्नेवि बहवे सूरियाभविमाणवासिणो देवा य देवीओ य तेहिं साभाविएहिं य वेउव्विएहिं य वरकमलपइट्ठाणेहि य सुरभिवरवारिपडिपुन्नेहिं चंदणकयचच्चिएहिं आविद्धकंठेगुणेहिं पउमुप्पलपिहाणेहिं सुकुमालकोमलकरपरिग्गहिएहिं अट्ठसहस्सेणं सोवन्नियाणं कलसाणं जाव अट्ठसहस्साणं भोमिज्जाणं कलसाणं सव्वोदएहिं सव्वउट्टियाहिं सव्वतूयरेहिं जाव सव्वोसहिसिद्धत्थएहि य सव्विड्ढीए जाव वाइएणं महया महया इंदाभिसेएणं अभिसिंचंति।

१९१. अभिषेक की सम्पूर्ण सामग्री आ जाने के बाद चार हजार सामानिक देवो तथा परिवार सहित चार अग्रमहिषियों, तीन परिषदाओं, सात अनीकाधिपतियों यावत् अन्य दूसरे बहुत से देवों-देवियों ने उन स्वाभाविक (मनुष्यलोक में उत्पन्न वस्तुएँ) एवं देवो द्वारा विक्रिया शक्ति से बनाये गये श्रेष्ठ कमल-पुष्पों पर सस्थापित, सुगधित, शुद्ध, श्रेष्ठ जल से भरे हुए, चन्दन-लेप से चर्चित, पचरंगे सूत कलावे से बँधे-लिपटे हुए कठ वाले, पद्म-(सूर्यविकासी कमलों) एव उत्पल-(चन्द्रविकासी कमलो) के ढक्कनो से ढँके हुए, सुकुमाल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कोमल हाथो से लिए गये और सभी तीर्थ स्थानो के जल से भरे हुए एक हजार आठ स्वर्ण-कलशो यावत् एक हजार आठ मिट्टी के कलशों तथा सब प्रकार की मृत्तिका एव ऋतुओं के पुष्पो, सभी सुगन्धित द्रव्यों यावत् औषधियो और सिद्धार्थकों-सरसों से महान् ऋद्धि यावत् वाद्यघोषो के साथ सूर्याभदेव को अतीव गौरवशाली इन्द्राभिषेक से अभिषिक्त किया।

191. After the receipt of the entire material for coronation, 4,000 Saamanik gods, four agra-mahishi (chief queens) with their family members of the three councils, seven army chiefs, upto other gods and goddesses took 1,008 pots each of eight different types namely gold, silver, earth and others. All these pots were made of substances grown in the human world and placed on lotuses created by gods by emanating their fluid energy. They were filled with fragrant pure water. They were pasted with sandal paste. Their necks were tied with five-coloured yarn. They were covered with sunflowers and lotuses developing in moonlight. They were filled with water of all places of pilgrimage. They then held those pots in their soft hands along with all types of earth, flowers of all seasons, all fragrant substances, vegetation and mustard seeds. Then they performed the coronation in a proper grand manner.

अभिषेक उत्सव : स्वच्छता और सुगंध

१९२. (क) तए णं तस्स सूरियाभस्स देवस्स महया महया इंदाभिसेए वट्टमाणे अप्पेगइया देवा सूरियाभं विमाणं नच्चोययं नाइमट्टियं पविरल-फुसियरेणुविणासणं दिव्वं सुरभिगन्धोदगं वासं वासंति।

अप्पेगइया देवा हयरयं नट्ठरयं भट्ठरयं उवसंतरयं पसंतरयं करेंति।

अप्पेगइया देवा सूरियाभं विमाणं आसियसंमज्जिओवलित्तं सुइसमट्ठरत्थंतरावण-वीहियं करेंति।

अप्पेगइया देवा सूरियाभं विमाणं मंचाइमंचकलियं करेंति।

अप्पेगइया देवा सूरियाभं विमाणं णाणाविहरागोसियं झयपडागाइपडागमंडियं करेंति।

अप्पेगइया देवा सूरियाभं विमाणं लाउल्लोइयमहियं गोसीस सरसरत्तचंदण दद्दरदिण्णपंचंगुलितलं करेंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अप्पेगइया देवा सूरियाभं विमाणं उवचियचंदणकलसं चंदणघडसुकय तोरणपडिदुवारदेसभागं करेंति।

अप्पेगइया देवा सूरियाभं विमाणं आसत्तोसत्तविउलवट्टवग्घारियमल्लदामकलावं करेंति।

अप्पेगइया देवा सूरियाभं विमाणं पंचवण्णसुरभिमुक्कपुप्फपुञ्जोवयारकलियं करेंति।

अप्पेगइया देवा सूरियाभं विमाणं कालागुरुपवरकुंदरुक्कतुरुक्कधूवमघमघंत-गंधुद्धूयाभिरामं करेंति।

अप्पेगइया देवा सूरियाभं विमाणं सुगंधवरगंधियं गंधवट्टिभूयं करेंति।

१९२. **(क)** जब सूर्याभदेव का महिमाशाली अभिषेक महोत्सव हो रहा था, तब कितने ही देवों ने सूर्याभ विमान मे इस प्रकार से झिरमिर-झिरमिर, विरल नन्हीं-नन्ही बूँदो में सुगन्धित गंधोदक की वर्षा की, जिससे वहाँ की सब धूल-मिट्टी दब गयी, किन्तु जमीन पर पानी नही फैला और न हीं कीचड हुआ।

कितने ही देवों ने सूर्याभ विमान को झाड-बुहारकर हतरज, नष्टरज, भ्रष्टरज, उपशांतरज और प्रशान्तरज वाला (धूल-मिट्टीरहित) बना दिया।

कितने ही देवो ने सूर्याभ विमान की गलियो, बाजारों और राजमार्गों पर पानी छिडककर कचरा वगैरह झाड-बुहारकर और गोबर-मिट्टी से लीप-पोतकर साफ कर दिया।

कितने ही देवों ने मच बनाये और मचो के ऊपर मंच बनाकर सूर्याभ विमान को सजाया।

कितने ही देवों ने विविध प्रकार की रंग-बिरगी ध्वजाओं, पताकातिपताकाओं से मण्डित किया।

कितने ही देवों ने सूर्याभ विमान को लीप-पोतकर स्थान-स्थान पर सरस गोरोचन और रक्तदर्दर चन्दन हाथों में लगाकर पाँचो अँगुलियो के छापे मारे।

कितने ही देवों ने सूर्याभ विमान को चर्चित कलशो और चन्दन-कलशो से बने तोरणो से सजाया।

कितने ही देवों ने सूर्याभ विमान को ऊपर से नीचे तक लटकती हुई लम्बी-लम्बी गोल मालाओं से विभूषित किया।

कितने ही देवो ने पचरंगे सुगधित पुष्पों को बिखेरकर, मांडने माडकर (रगोली करके) सूर्याभ विमान को सुशोभित किया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कितने ही देवो ने सूर्याभ विमान को कृष्ण अगर, श्रेष्ठ कुन्दरुष्क, तुरुष्क और धूप की मघमघाती सुगध से मनमोहक बनाया।

कितने ही देवों ने सूर्याभ विमान को सुरभिगंध के सुवास से सुगंध की गुटिका जैसा बना दिया।

CORONATION CEREMONY : ITS PURITY AND FRAGRANCE

192. (a) When the grand coronation ceremony of Suryabh Dev was in process, many gods rained fragrant gandhodak (sacred fragrant water) in tiny drops in Suryabh Viman, thus the dust settled down but the water neither spread on the ground nor made it muddy.

Many gods cleaned the dust with a broom and made the Suryabh Viman dust free and devoid of dust.

Many gods sprinkled water in lanes, bazaars and highways of Suryabh Viman, removed the wastage and plastered them with cowdung and earth.

Many gods made stages one above the other and decorated Suryabh Viman.

Many gods decorated it with multicoloured flags and beatings.

Many gods after plastering Suryabh Viman, made hand-prints of Saras Go-rochan and Rakt-dardar sandal paste.

Many gods decorated it with festoons made of charchit pitchers and sandal wood pots.

Many gods decorated Suryabh Viman with long round garlands hanging from top to the bottom.

Many gods scattered flowers of five colours, made coloured circles (Maandle) and thus decorated Suryabh Viman.

Many gods made the Suryabh Viman fragrant with many types of incense namely black agar, kundrushk, turushk and dhoop.

Many gods converted Suryabh Viman into a big box fragrant with sweet fragrance all around.

उपहारों का आदान–प्रदान

(ख) अप्पेगइया देवा हिरण्णवासं वासंति, सुवण्णवासं वासंति, रययवासं वासंति, वइरवासं., पुप्फवासं., फलवासं., मल्लवासं., गंधवासं., चुण्णवासं., आभरणवासं वासंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अप्पेगइया देवा हिरण्णविहिं भाएंति, एवं सुवन्नविहिं भाएंति, रयणविहिं., पुप्फविहिं., फलविहिं., मल्लविहिं., चुण्णविहिं., वत्थविहिं., गंधविहिं., तत्थ अप्पेगइया देवा आभरणविहिं भाएंति।

(ख) कितने ही देवों ने चाँदी की वृष्टि की, तो कितनेक ने सुवर्ण की, रजत की, वज्र रत्नों की, पुष्पों की, फलों की, मालाओं की, सुगंधित द्रव्यों की, सुगन्धित चूर्ण की और कितनेक देवों ने आभरणो की वर्षा की।

कितने ही देवों ने आपस में एक-दूसरे को भेंट में चाँदी के उपहार दिये। इसी प्रकार कितने ही देवों ने आपस में एक-दूसरे को स्वर्ण, रत्न, पुष्पमाला, सुगन्धित चूर्ण, वस्त्र, गंधद्रव्य आदि भेट में दिये और कितने ही देवों ने भेंट मे आभूषण दिये।

EXCHANGE OF PRESENTS

(b) Many gods made rain of silver, rain of gold, rain of jewels, rain of Vajra gems, rain of flowers, rain of fruits, rain of garlands, rain of fragrant substances, fragrant powder and of ornaments.

Many gods exchanged gifts of silver among themselves. Many gods exchanged gifts of gold, jewels, garlands of flowers, fragrant powder, clothes, fragrant substances and many gods gave ornaments as gifts.

नृत्य-संगीत

(ग) अप्पेगइया चउव्विहं वाइत्तं वाइंति, तं जहा—ततं विततं घणं झुसिरं।

अप्पेगइया देवा चउव्विहं गेयं गायंति, तं जहा—उक्खित्तायं पायत्तायं मंदायं रोइयावसाणं।

अप्पेगइया देवा दुयं नट्टविहिं उवदंसेंति। अप्पेगइया विलंबियं णट्टविहिं उवदंसेंति। अप्पेगइया देवा दुयविलंबियं णट्टविहिं उवदंसेंति एवं अप्पेगइया अंचियं नटट्विहिं उवदंसेंतिं, अप्पेगइया देवा आरभडं भसोलं आरभड-भसोलं उप्पायनिवायपवत्तं संकुचियपसारियं रियारियं भंतसंभंतणामं दिव्वं णट्टविहिं उवदंसेंति।

अप्पेगइया देवा चउव्विहं अभिणयं अभिणयंति, तं जहा—दिट्ठंतियं पाडंतियं सामंतोवणिवाइयं लोगअंतोमज्झावसाणियं।

(ग) किन्हीं देवों ने तत, वितत, घन और झुषिर-इन चार प्रकार के वाद्यों को बजाया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किन्ही देवों ने उक्षिप्त, पादान्त, मंद और रोचितावसान नामक चार प्रकार के संगीत गाये।

किसी देव ने द्रुत (शीघ्र चपल) नृत्यविधि दिखाई, किसी ने विलम्बित (मद-मंद) नृत्यविधि का प्रदर्शन किया, किसी ने अंचित (तिरछी चाल) नृत्यविधि दिखलाई और कितने ही देवो ने आरभट, भसोल, आरभट-भसोल, उत्पात-निपातप्रवृत्त (उछलना-गिरना), संकुचित-प्रसारित (अग सिकोडना-फैलाना), रितारित, भ्रात-सभ्रांत नामक दिव्य नृत्यविधियाँ दिखलाईं।

कितने दी देवों ने दार्ष्टान्तिक, प्रात्यान्तिक, सामन्तोपनिपातिक और लोकान्त मध्यावसानिक नामक चार प्रकार के अभिनयो का प्रदर्शन किया।

DANCE AND MUSIC

(c) Some of the gods played four types of musical instruments, namely stringed (tat), non-stringed (vitat), ghan (solid bronze) and jhushir (hollow) instruments.

Many gods sang four types of songs namely—Ucchipt (sung with high pitch), padant, mand (with low pitch) and rochitavasan.

One of the gods danced at a fast pace, another danced at a low pace still another danced in slanting (anchit) manner and some of the gods danced in different manner namely aarbhat, bhasol, aarbhat-bhasol, utpaat-nipaat (jumping and falling), spreading and squeezing parts of the body, riyariyam (walking carefully and walking carelessly), bhrant-sambhrant dramatic actions.

Some of the gods performed four types of dramatic activities namely—darshtantic, pratyantic, saamantopanipaatic and lokant madhyavasanik.

हर्ष-ध्वनियाँ

(घ) अप्पेगइया देवा बुक्कारेंति, अप्पेगइया देवा पीणेंति, अप्पेगइया. लासेंति।

अप्पेगइया. हक्कारेंति, अप्पेगइया. विणंति, तंडवेंति, अप्पेगइया वग्गंति अप्फोडेंति, अप्पेगइया. अप्फोडेंति वग्गंति, अप्पेगइया. तिवइं छिंदंति, अप्पेगइया. हयहेसियं करेंति, अप्पेगइया. हत्थिगुलगुलाइयं करेंति, अप्पेगइया. रहघणघणाइयं करेंति, अप्पेगइया. हयहेसिय-हत्थिगुलगुलाइय-रहघणघणाइयं करेंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अप्पेगइया. उच्छलेंति, अप्पेगइया. पोच्छलेंति, अप्पेगइया. उक्किट्ठियं करेंति, अप्पेगइया उच्छलेंति-पोच्छलेंति, अप्पेगइया तिन्नि वि। अप्पेगइया. ओवयंति, अप्पेगइया. उप्पयंति, अप्पेगइया. परिवयंति, अप्पेगइया. तिन्नि वि।

अप्पेगइया. सीहनायंति, अप्पेगइया. दद्दरयं करेंति, अप्पेगइया. भूमिचवेडं दलयंति, अप्पेगइया. तिन्नि वि।

अप्पेगइया. गज्जंति, अप्पेगइया. विज्जुयायंति, अप्पेगइया. वासं वासंति, अप्पेगइया. तिन्नि वि।

अप्पेगइया. जलंति, अप्पेगइया. तवंति, अप्पेगइया. पतवेंति, अप्पेगइया. तिन्नि वि।

अप्पेगइया. हक्कारेंति, अप्पेगइया. थुक्कारेंति, अप्पेगइया. धक्कारेंति, अप्पेगइया. साइं साइं नामाइं साहेंति, अप्पेगइया. चत्तारि वि।

(घ) इसके अतिरिक्त कितने ही देव हर्षातिरेक से बकरे जैसी बुकबुकाहट करने लगे, कितने ही देवों ने अपने शरीर को फुलाने का दिखावा किया, कितनेक देव नाचने-गाने लगे।

कितनेक देव हक-हक की आवाजें लगाने लगे, कितनेक गुनगुनाने लगे, कितने ही तांडव नृत्य करने लगे, कितने ही उछलने के साथ ताल ठोकने लगे और कितने ही ताली बजाकर उछलने लगे, कितने ही तीन पैर की दौड दौडने लगे, कितने ही घोडे की भाँति हिनहिनाहट करने लगे, कितने ही हाथी की तरह गुलगुलाहट करने लगे, कितने ही रथो की घनघनाहट जैसे घन्-घन् की आवाजे निकालने लगे और कितने ही घोडों की हिनहिनाहट, हाथी की गुलगुलाहट और रथो की घनघनाहट जैसी (मिश्रित) आवाजें करने लगे।

कितनेक ने ऊँची छलाँगें लगाई, कितनेक ने और ऊँची छलाँगे लगाईं और कितनेक ने ही हर्ष-ध्वनि की। कितने ही उछले, कितने ही विशेष ऊँचे उछले, कितने ही तीनों मिश्रित छलाँगें (उछलना, कितने ही विशेष ऊँचे उछलना तथा हर्ष-ध्वनि करना) ही करने लगे। कितने ही ऊपर से नीचे कूदे, कितने ही नीचे से ऊपर कूदे और कितने ही लम्बे कूदे, कितने ही तीनों प्रकार से कूदे।

कितनेक देवो ने सिंहनाद-सिंह जैसी गर्जना की-दहाड लगाई, कितनेक ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल से रग दिया, कितनेक ने भूमि को थपथपाया और कितनेक ने तीनों-सिंहनाद किया, रग-गुलाल उडाई और भूमि को थपथपाया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कितने ही देवों ने मेघों की गड़गड़ाहट की, कितने ही ने बिजली की चमक जैसा दिखावा किया, कितने ही ने वर्षा बरसाई और कितने ही देवों ने मेघों के गरजने, बिजली चमकने और बरसात होने–जैसे तीनों के दृश्य दिखलाये।

कितने ही देवों ने गर्मी से आकुल–व्याकुल होने का, कितने ही ने तपने का, कुछ एक ने विशेष रूप से तपने का दिखावा (अभिनय) किया और कितने ही ने तीनों का प्रदर्शन किया।

कितने ही दृक्–दृक्, कितने ही थुक्–थुक्, कितने ही धक्–धक् जैसे शब्दों का उच्चारण करने लगे और कितने ही अपने–अपने नामों की आवाजें लगाने लगे और कितने ही देवों ने दृक्–दृक् आदि चारों प्रकार की ध्वनियाँ एक साथ कीं।

ECSTATIC TUNES

(d) In addition to the above performance, some of the gods started making bleating joyful sound of a he-goat, some exhibited fattening of their body while some gods started dancing and singing.

Some of the gods started smattering, some were murmuring, some were dancing fiercely, some were jumping while striking ground in a harmony, some were jumping while clapping, some were running three-legged race, some started neighing like horse, some were trumpeting like elephants, some were making mixed sounds of a moving chariot while some did all the three above said sounds.

Some of the gods made high jump, some jumped still higher, some made ecstatic sounds. Some jumped, some jumped still higher, some made all the three activities of jumping, high jumping and making ecstatic sounds, some jumped down from higher level, some jumped upwards from lower level, some did long jump. Some did all the three types namely high jump, jumping downwards and long jump.

Some of the gods roared like a lion, some played with colours, some patted the ground while some did all the three above said things.

Some of the gods made thundering sound of clouds, some exhibited brightness of lightening, some rained while some did all the three above said activities.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-६

Illustration No. 6

सूर्याभदेव का अभिषेक महोत्सव

सूर्याभ विमानवासी देवो ने अपने अधिपति सूर्याभदेव के अभिषेक महोत्सव के लिए मागध, प्रभास आदि तीर्थो व गगा, सिन्धु आदि नदियो का जल तथा मिट्टी ली, अनेक प्रकार के सुगन्धित कमल-पुष्प आदि लिये। अभिषेक योग्य विविध प्रकार की सामग्री लेकर देव-देवियॉ, सूर्याभ विमान मे सिहासन पर स्थित सूर्याभदेव के पास आये। झिरमिर-झिरमिर सुगन्धित गधोदक की वर्षा की। पचरगे फूलो से मॉडना मॉडे। जलाभिषेक कर अभिषेक किया। चार प्रकार के बाजे बजाये। तरह-तरह के नृत्य किये। कई देव शख बजाते है, कई फूल वर्षाते है, कई हर्ष मे उछलते है, कई अनेक प्रकार के उपहार भेट करते है। इस प्रकार अत्यन्त उत्साहपूर्वक सूर्याभदेव का अभिषेक महोत्सव मनाते है।.

-सूत्र १९२, पृष्ठ १९७-२०३

CORONATION CEREMONY OF SURYABH DEV

The gods of the Suryabh Viman collected water and sand from various pilgrimage centers and rivers like Magadh, Prabhas, the Ganges and Indus, and also a variety of fragrant flowers like lotus Taking a variety of things required for anointing, the gods and goddesses approached Suryabh Dev sitting on the throne in the Suryabh Viman They sprinkled perfumed water, decorated the floor with multi-coloured flowers and anointed him by pouring water They played four kinds of musical instruments and performed a variety of dances Some gods blew conch-shells, some showered flowers, some jumped with joy and some presented a variety of gifts. Thus they conducted the coronation ceremony of Suryabh Dev with great enthusiasm

—Sutra 192, p 197-203

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Some of the gods exhibited scene of anxiety due to hasking in sun, some exhibited the feeling of heat-affectedness while some depicted experience of extreme heat still some exhibited all the three activities.

Some produced drik-drik sound, some produced thuk-thuk sound while some uttered dhak-dhak sound, some of the gods made sound of their names while some gods produced all the four types of sound.

(ङ) अप्पेगइया. देवा देवसन्निवायं करेंति, अप्पेगइया. देवुज्जोयं करेंति, अप्पेगइया. देवुक्कलियं करेंति, अप्पेगइया. देवा कहकहगं करेंति, अप्पेगइया देवा दुहदुहगं करेंति, अप्पेगइया. चेलुक्खेवं करेंति, अप्पेगइया. देवसन्निवायं–देवुज्जोयं–देवुक्कलियं–देवकहकहगं–देवदुहदुहगं चेलुक्खेवं करेंति, अप्पेगइया. उप्पलहत्थगया जाव सयसहस्स–पत्तहत्थगया, अप्पेगइया. कलसहत्थगया जाव धूवकडुच्छुयहत्थगया हट्ठतुट्ठ जाव हिययासव्वतो समंता आहावंति परिधावंति।

(ङ) कितने ही देवों ने मिलकर टोलियाँ बनाईं, कितनेक ने देवोद्योत प्रकाश किया, कितने ही देवों ने रुक-रुककर बहने वाली वायु तरगों (हवा के झकोरे) का प्रदर्शन किया, कितने ही देवो ने कहकहे लगाये, कितने ही देवों ने 'दुह-दुह' शब्द किया, कितने ही देवों ने वस्त्रों को उछाला और कितने ही देवीं ने हाथो मे उत्पल यावत् शतपत्र, सहस्रपत्र कमलों को लेकर, कितने ही देवों ने हाथो में कलश यावत् ध्वजा लेकर हृष्ट-तुष्ट यावत् विकसित हृदय होते हुए इधर-उधर चारों ओर दौड-दौड़ करने लगे।

(e) Some of the gods joined into groups, some made divine light, some made highly blowing waves of the wind, some made chattering sound, some made 'duh-duh' sound, some gods moved their dress upwards, some of the gods held lotus flowers of different types namely utpal upto hundred leaved and thousand leaved lotus, some of the gods started running around holding pots and upto flags in their hand with a feeling of ecstatic pleasure.

मंगल–जयनाद

१९३. तए णं तं सूरियाभं देवं चत्तारि सामाणियसाहस्सीओ जाव सोलस आयरक्खदेवसाहस्सीओ अण्णे य बहवे सूरियाभरायहाणिवत्थव्वा देवा य देवीओ य महया महया इंदाभिसेगेणं अभिसिंचंति अभिसिंचित्ता पत्तेयं पत्तेयं करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वयासी–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"जय जय नंदा ! जय जय भद्दा ! जय जय नंदा ! भद्दं ते, अजियं जिणाहि, जियं च पालेहि, जियमज्झे वसाहि।

इंदो इव देवाणं, चंदो इव ताराणं, चमरो इव असुराणं, धरणो इव नागाणं, भरहो इव मणुयाणं, बहूइं पलिओवमाइं बहूइं सागरोवमाइं बहूइं पलिओवम-सागरोवमाइं चउण्हं सामाणियसाहस्सीणं जाव आयरक्खदेवसाहस्सीणं सूरियाभस्स विमाणस्स अन्नेसिं च बहूणं सूरियाभविमाणवासीणं देवाण य देवीण य आहेवच्चं जाव महया महया कारेमाणे पालेमाणे विहराहि।"

त्ति कट्टु जय जय सद्दं पउंजंति।

१९३. तत्पश्चात् चार हजार सामानिक देवों यावत् सोलह हजार आत्मरक्षक देवों तथा और दूसरे भी बहुत से सूर्याभ राजधानी में निवास करने वाले देवों और देवियों ने मिलकर इन्द्राभिषेक से सूर्याभदेव का महान् महिमाशाली अभिषेक किया। फिर प्रत्येक देव ने दोनो हाथ जोड आवर्त्तपूर्वक (घुमाकर) मस्तक पर अजलि करके इस प्रकार कहा-

"हे नन्द ! तुम्हारी जय हो, जय हो; हे भद्र ! तुम्हारी जय हो, जय हो; हे जगदानन्दकारक ! तुम्हारी बारम्बार जय-जयकार हो, तुम्हारा कल्याण हो, तुम न जीते हुओं को जीतो और विजितो का पालन करो, जीते हुए शिष्ट आचार-विचार वालों के मध्य में निवास करो।

तुम देवों में इन्द्र के समान, ताराओं में चन्द्र के समान, असुरो में चमर के समान, नागों में धरणेन्द्र के समान, मनुष्यों में भरत चक्रवर्ती के समान, अनेक पल्योपमों तक, अनेक सागरोपमो तक अनेक-अनेक पल्योपमो-सागरोपमों तक चार हजार सामानिक देवों यावत् सोलह हजार आत्मरक्षक देवों एवं सूर्याभ विमान और सूर्याभ विमानवासी अन्य बहुत से देवो तथा देवियों का बहुत-बहुत अतिशय रूप से आधिपत्य करते हुए, उनका पालन करते हुए विचरण करो।"

इस प्रकार कहकर पुनः जय-जयकार किया।

AUSPICIOUS MUSIC OF SUCCESS

193. Thereafter four thousand Saamanik gods upto sixteen thousand society guards and many of the resident gods and goddesses of Suryabh capital jointly performed the coronation ceremony of Suryabh Dev in a grand manner. Then each of the gods clasping his hands and placing them at his forehead in respect said as under—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"O Reverend Sir ! May success bestow on you, O the noble Lord ! May you always bring success, O the honoured of all ! May you win again and again, may you be blessed with welfare, may you conquer those who have not been conquered so far, may you look after the subdued, may you live in the company of persons of good feelings and good conduct.

May you remain the master of four thousand Saamanik gods upto sixteen thousand security guards, Suryabh Viman, resident gods and goddesses of Suryabh Viman effectively and majestically just as Indra among gods, moon among stars, Chamarendra among demon gods (asur), Dharnendra among naag (serpentine gods), Bharat Chakravarti among human-beings. May you look after them for many Palyopam for many Sagaropam and for many many Palyopam and Sagaropam."

Said so may you win again.

१९४. तए णं से सूरियाभे देवे महया महया इंदाभिसेगेणं अभिसित्ते समाणे अभिसेयसभाओ पुरत्थिमिल्लेणं दारेणं निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता जेणेव अलंकारियसभा तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता अलंकारियसभं अणुप्पयाहिणीकरेमाणे करेमाणे अलंकारियसभं पुरत्थिमिल्लेणं दारेणं अणुपविसइ, अणुपविसित्ता जेणेव सीहासणे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सीहासणवरगए पुरत्थाभिमुहे सन्निसन्ने।

१९४. इस प्रकार महिमाशाली इन्द्राभिषेक से अभिषिक्त होने के पश्चात् वह सूर्याभदेव अभिषेक सभा के पूर्व दिशा वाले द्वार से बाहर निकला और निकलकर जहाँ अलकार सभा थी, वहाँ आया। अलंकार सभा की बारम्बार अनुप्रदक्षिणा करके पूर्व दिशा के द्वार से अलकार सभा मे प्रविष्ट हुआ। जहाँ सिंहासन था, वहाँ आया और पूर्व की ओर मुख करके उस श्रेष्ठ सिंहासन पर बैठ गया।

194. After the grand coronation ceremony of his coronation, Suryabh Dev came out from the eastern door of the coronation-hall. He then came to chamber reserved for putting on ornaments (Alankar Sabha). He went round and then entered Alankar Sabha through the gate in the east. He came to the throne and then sat on it facing eastwards.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१९५. (क) तए णं तस्स सूरियाभस्स देवस्स सामाणियपरिसोववन्नगा अलंकारियभंडे उवट्ठवेंति।

तए णं से सूरियाभे देवे तप्पढमयाए पम्हलसूमालाए सुरभीए गंधकासाईए गायाइं लूहेति, लूहित्ता सरसेणं गोसीसचंदणेणं गायाइं अणुलिंपति, अणुलिंपित्ता नासा-नीसासवायवोज्झं चक्खुहरं वन्नफरिसजुत्तं हयलालापेलवातिरेगं धवलं कणगखचियन्तकम्मं आगासफालियसमप्पभं दिव्वं देवदूसजुयलं नियंसेति।

१९५. (क) तदनन्तर उस सूर्याभदेव की सामानिक परिषद् के देवों ने उसके सामने अलकार-भांड (शृगार प्रसाधनों की मंजूषा) उपस्थित किया।

इसके बाद सूर्याभदेव ने सर्वप्रथम रोमयुक्त, सुकोमल, काषायिक, सुरभिगंध से सुवासित वस्त्र (गेरुआ रंग का सुगंधित अँगोछा) से शरीर को पोंछा। पोंछकर शरीर पर सरस गोशीर्ष चंदन का लेप किया, फिर नाक की निःश्वास से भी उडने वाली पतली, दीखने में आकर्षक, सुन्दर वर्ण और स्पर्श वाले घोड़े की लार से भी अधिक कोमल, धवल, आकाश एवं स्फटिक मणि जैसी प्रभा वाले दिव्य देवदूष्य (वस्त्र) युगल को धारण किया। उनके पल्लों और किनारों पर सुनहरे बेलबूटे बने हुए थे।

ORNAMENTS AND DRESS

195. (a) Thereafter, the gods of Saamanik council, placed the box of ornaments before Suryabh Dev.

Then first Suryabh Dev wiped his body with porous, soft, fragrant, red colour towel. He then put sandal paste of go-sheersh sandal wood on his body. Then he wore heavenly clothes which were so fine that it could move away even with human breathing, which was very attractive to look at, which was of beautiful colour and touch which was more soft and white than saliva of a horse, which was emitting brightness like sky and crystalline gem. It was embroidered in gold at margins and upper body covering.

आभूषण धारण

(ख) नियंसेत्ता हारं पिणद्धेति, पिणद्धित्ता अद्धहारं पिणद्धेइ, एगावलिं पिणद्धेति, पिणद्धित्ता मुत्तावलिं पिणद्धेइ, पिणद्धित्ता रयणावलिं पिणद्धेइ, पिणद्धित्ता एवं अंगयाइं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

केयूराइं कडगाइं तुडियाइं कडिसुत्तगं दसमुद्दाणंतगं वच्छसुत्तगं मुरविं कंठमुरविं पालंबं कुंडलाइं चूडामणिं मउडं पिणद्धेइ।

गंथिम-वेढिम-पूरिम-संघाइमेणं चउव्विहेणं मल्लेणं कप्परुक्खगं पिव अप्पाणं अलंकियविभूसियं करेइ, करित्ता दद्दर-मलय-सुगंधगंधिएहिं गायाइं भुखंडेइ दिव्वं च सुमणदामं पिणद्धेइ।

(ख) देवदूष्य युगल धारण करने के पश्चात् गले मे हार पहना, अर्धहार, एकावली, मुक्ताहार, आभूषण रत्नावली, एकावली आदि हार पहने। फिर भुजाओं में अगद, केयूर (बाजूबद), कडा, त्रुटित, करघनी, हाथों की दशों अँगुलियो में दस अँगूठियाँ, वक्षसूत्र (लाकेट), मुरवि (मादलिया), कंठमुर्रावि (कंठी), प्रालब (झुमके), कानों में कुंडल पहने तथा मस्तक पर चूड़ामणि (कलगी) और मुकुट पहना।

इन आभूषणों को पहनने के पश्चात् ग्रन्थिम (गूँथी हुई), वेष्टिम (लपेटी हुई), पूरिम (पूरी भरी हुई) और संघातिम (साँधकर बनाई हुई), ये चार प्रकार की मालाएँ धारण कीं, जिनसे वह कल्पवृक्ष के समान अलंकृत-विभूषित लगने लगा। तत्पश्चात् दद्दर मलय चंदन की सुगंध से सुगन्धित चूर्ण (पाउडर) शरीर पर भुरका-छिडका और फिर दिव्य पुष्पमालाएँ पहनीं।

DECORATING WITH ORNAMENTS

(b) After wearing the godly dress, Suryabh Dev decorated himself with garland, the half-garland, the one-loop garland, the garland of pearls, the ratnawali ornament. He then put on angad, keyoor, bangle, trutit and karghani—the various types of ornaments. He put on ten rings in his fingers, an ornament on his waist a particular ornament muravee, the necklace and ear-rings. He wore a crown (mukut) and crest on his head.

After putting on the ornaments, he wore four types of garland namely—knotted, wrapped, fully beated and well jointed. He then looked like the celestial tree (Kalp Vriksh) bearing ornaments. Then he sprinkled fragrant sandal wood powder on his body. Thereafter he wore unique garlands of flowers.

सूर्याभदेव का व्यवसाय सभा में प्रवेश

१९६. (क) तए णं से सूरियाभे देवे केसालंकारेणं, मल्लालंकारेणं, आभरणालंकारेणं, वत्थालंकारेणं चउव्विहेणं अलंकारेणं अलंकिय-विभूसिए समाणे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पडिपुण्णालंकारे सीहासणाओ अब्भुट्ठेति, अब्भुट्ठित्ता अलंकारियसभाओ पुरत्थिमिल्लेणं दारेणं पडिणिक्खमइ पडिणिक्खमित्ता जेणेव ववसायसभा तेणेव उवागच्छति, ववसायसभं अणुपयाहिणीकरेमाणे अणुपयाहिणीकरेमाणे पुरत्थिमिल्लेणं दारेणं अणुपविसति जेणेव सीहासणवरगए जाव सन्निसन्ने।

१९६. **(क)** तत्पश्चात् वह सूर्याभदेव केशालंकारों (केशों को सजाने वाले अलंकार), पुष्प-मालादि माल्यालंकारों, हार आदि आभूषणालंकारों एवं देवदूष्यादि वस्त्रालकारो-इन चारों प्रकार के अलकारो से विभूषित होकर सिंहासन से उठा। उठकर अलकार सभा के पूर्व दिग्वर्ती द्वार से बाहर निकला। व्यवसाय सभा मे आया एव बारम्बार व्यवसाय सभा की प्रदक्षिणा करके पूर्व दिशा के द्वार से उसमें प्रवेश किया। प्रवेश कर जहाँ सिंहासन था वहाँ आकर सिहासन पर आसीन हुआ।

ARRIVAL OF SURYABH DEV IN VYAVASAYA SABHA

196. (a) Thereafter, Suryabh Dev got up from his throne after beautifying himself with four types of decorative material namely the hair decoration, the flower garlands, other garlands ornaments and heavenly clothes. He then came out from the gate in the east. He then came to the library, went round and entered it from the door in the east. Thereafter he came to his assigned seat and sat there.

पुस्तकरत्न वाचन

(ख) तए णं तस्स सूरियाभस्स देवस्स सामाणियपरिसोववन्नगा देवा पोत्थयरयणं उणवेंति, तए णं से सूरियाभे देवे पोत्थयरयणं गिण्हति, गिण्हित्ता पोत्थयरयणं मुयइ, मुइत्ता पोत्थयरयणं विहाडेइ, विहाडित्ता पोत्थयरयणं वाएति, पोत्थयरयणं वाएत्ता धम्मियं ववसायं ववसइ, ववसइत्ता पोत्थयरयणं पडिनिक्खवइ, सीहासणाओ अब्भुट्ठेत्ति, अब्भुट्ठेत्ता ववसायसभाओ पुरत्थिमिल्लेणं दारेणं पडिनिक्खमित्ता जेणेव नंदापुक्खरिणी तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता णंदापुक्खरिणिं पुरत्थिमिल्लेणं तोरणेणं तिसोवाणपडिरूवएणं पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता हत्थपादं पक्खालेति, पक्खालित्ता आयंते चोक्खे परमसुइभूए एगं महं सेयं रययामयं विमलं सलिलपुण्णं मत्तगयमुहागितिकुंभसमाणं भिगारं पगेण्हित्ता जाइं तत्थ उप्पलाइं जाव सतसहस्सपत्ताइं ताइं गेण्हति गेण्हित्ता णंदाओ पुक्खरिणीओ पच्चुत्तरिति, पच्चुत्तरित्ता जेणेव सिद्धायतणे तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ख) तत्पश्चात् सामानिक परिषद् के देवों ने व्यवसाय सभा में रखा पुस्तकरत्न सूर्याभदेव के समक्ष रखा। सूर्याभदेव ने उस पुस्तकरत्न को हाथ मे लेकर खोला, खोलकर बाँचा। बाँचकर धर्मानुगत–धार्मिक कार्य करने का निश्चय किया। फिर वापस पुस्तकरत्न को यथास्थान रख दिया। फिर सिंहासन से उठा एवं व्यवसाय सभा के पूर्व दिग्वर्ती द्वार से बाहर निकलकर नन्दा पुष्करिणी के पास आया। आकर पूर्व दिग्वर्ती तोरण और त्रिसोपान पक्ति–(तीन सीढियों) से नन्दा पुष्करिणी मे उतरा। हाथ–पैर धोये। हाथ–पैर धोकर और आचमन–(कुल्ला) कर पूर्ण रूप से स्वच्छ और परम शुद्ध होकर मत्त गजराज की मुखाकृति जैसी एक विशाल श्वेत–धवल रजतमय जल से भरी हुई भृंगार (झारी) हाथ में ली। वहाँ के उत्पल यावत् शतपत्र–सहस्रपत्र कमल हाथ मे लिये। फिर नन्दा पुष्करिणी से बाहर निकलकर सिद्धायतन की ओर चलने के लिए कदम बढाया।

STUDY OF PUSTAK RATNA

(b) Thereafter, the gods of Saamanik council placed jewel-like book of Suryabh gods which deals with the ethics of the gods (Pustak Ratna). Suryabh D ev took that book in his hand, opened and went through it. Thereafter, he decided to perform religious functions as mentioned therein. He then placed Pustak Ratna at its assigned place. He then got up from his seat, came out from the library through the exit in the east. He then came to Nanda pushkarni (lake). He came down from festoons in the east and three stairs. He washed his hands and feet. He then cleaned his mouth well with water and after he became completely neat and clean, he took a large white silvery jar full of water in his hand. The jar was like face of an elephant. He then took utpal, hundred-leaved and thousand-leaved lotuses, in his hand. He then came out of Nanda lake and started towards the eternal temple (Siddhayatan).

विवेचन–इस वर्णन से पता चलता है कि आभूषणो और परिधानो–पोशाको के डिजायन और कलात्मक निर्माण की आश्चर्यजनक विधि उस युग मे प्रचलित थी। शरीर प्रसाधन मे फूलो की माला और सुगन्धित चूर्ण (पाउडर) आदि का उपयोग होता था।

व्यवसाय सभा का अर्थ कार्य–सचालन करने का केन्द्र (कार्यालय) भी होता है। परन्तु यहाँ पर प्रसगानुसार इसका अर्थ पुस्तकालय या ग्रन्थागार है। इस पुस्तक मे स्वर्ग मे उत्पन्न देवताओ के कर्त्तव्य–मर्यादा आचार विधि का वर्णन रहता है। व्यवसाय सभा मे प्रवेश के समय उसकी परिक्रमा करना, उस स्थान के प्रति आदरभाव प्रकट करना है। इन प्रसगो मे स्वर्गीय देवो का शिष्टाचार व्यवहार विशेष ध्यान देने योग्य है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति के अनुसार स्वर्ग मे एक शाश्वत जिनालय सिद्धायतन होता है, जहाँ तीर्थंकरो की प्रतिमाएँ स्थापित की रहती है। वहाँ उत्पन्न होने वाला देव अपनी मर्यादानुसार उन प्रतिमाओ की पूजा-अर्चा करता है। यह उन देवो का जीत आचार-परम्परागत कर्त्तव्य बताया है।

Elaboration—A study of this accounts indicates that wonderful expertise of making ornaments and dresses of different types was prevalent in that period To beautify the body, garlands of flowers and fragrant powder and suchlike were used.

Vyavasaya Sabha normally means the centre or office for running business. But here it means library. In this book (Pustak Ratna), there is a mention of duties and directions for gods taking birth in heaven. To go round the library before entering it is a mark of respect for it. At this occasion, the ethical conduct is worth consideration.

According to Jambu Dveep Prajnapti, there is an eternal temple (Siddhayatan) in the heaven where there are the idols of Tirthankar. The gods taking birth there, worship those idols according to their traditional custom. This is an age—old tradition in those gods according to that book.

सिद्धायतन का प्रमार्जन

१९७. तए णं ते सूरियाभं देवं चत्तारि य सामाणियसाहस्सीओ जाव सोलस आयरक्खदेवसाहस्सीओ अन्ने य बहवे सूरियाभविमाणवासिणो जाव देवीओ य अप्पेगतिया देवा उप्पलहत्थगा जाव सय-सहस्सपत्त-हत्थगा सूरियाभं देवं पिट्ठतो समणुगच्छंति। तए णं तं सूरियाभं देवं बहवे आभिओगिया देवा य देवीओ य अप्पेगतिआ कलसहत्तगा जाव अप्पेगतिया धूवकडुच्छुयहत्थगता हट्ठतुट्ठ जाव सूरियाभं देवं पिट्ठतो समणुगच्छंति।

१९७. तब उस सूर्याभदेव के चार हजार सामानिक देव यावत् सोलह हजार आत्मरक्षक देव तथा कितने ही अन्य बहुत से सूर्याभ विमानवासी देव और देवी भी उत्पल, शतपत्र-सहस्रपत्र कमलों को हाथों में लेकर सूर्याभदेव के पीछे-पीछे चले। सूर्याभदेव के बहुत-से आभियोगिक देव और देवियाँ हाथो में कलश यावत् धूपदानों को लेकर हर्षित होते हुए सूर्याभदेव के पीछे-पीछे चले।

CLEANING OF SIDDHAYATAN (ETERNAL TEMPLE IDOLS)

197. Thereafter 4,000 Saamanik gods upto 16,000 body-guard gods and many other resident gods and goddesses of Suryabh Viman, took utpal, hundred-leaved lotus, thousand-leaved lotus in

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

their hands and followed Suryabh god. Many abhiyogic (serving) gods and goddesses of Suryabh Dev holding pots and incense stands in their hand followed Suryabh Dev in a happy mood.

१९८. (क) तए णं से सूरियाभे देवे चउहिं सामाणिगसहस्सीहिं जाव अन्नेहि य बहूहि य जाव देवेहि य देवीहि य सद्धिं संपरिवुडे सव्विड्ढीए जाव णातियरवेणं जेणेव सिद्धायतणे तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता सिद्धायतणं पुरत्थिमिल्लेणं दारेणं अणुपविसति, अणुपविसित्ता जेणेव देवच्छंदए, जेणेव जिणपडिमाओ तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता जिणपडिमाणं आलोए पणामं करेति, करित्ता लोमहत्थगं गिण्हति, गिण्हित्ता जिणपडिमाणं लोमहत्थएणं पमज्जइ, पमज्जित्ता जिणपडिमाओ सुरभिणा गंधोदएणं ण्हाणेइ, ण्हाणित्ता सरसेणं गोसीसचंदणेणं गायाइं अणुलिंपइ, अणुलिंपइत्ता सुरभिगंधकासाइएणं गायाइं लूहेति, लूहित्ता जिणपडिमाणं अहयाइं देवदूसजुयलाइं नियंसेइ, नियंसित्ता पुप्फारुहणं मल्लारुहणं–गंधारुहणं–चुण्णारुहणं–वन्नारुहणं–आभरणारुहणं करेइ, करित्ता आसत्तोसत्तविउलवट्टवग्घारिय मल्लदामकलावं करेति, मल्लदामकलावं करेत्ता कयग्गहगहियकरयलपब्भट्ठ–विप्पमुक्केणं दसवद्ध–वन्नेणं कुसुमेणं मुक्कपुप्फपुंजोवयारकलियं करेति, करित्ता जिणपडिमाणं पुरतो अच्छेहिं सण्हेहिं रययामएहिं अच्छरसातंदुलेहिं अट्ठट्ठ मंगले आलिहइ, तं जहा–सोत्थियं जाव दप्पणं।

१९८. (क) तत्पश्चात् सूर्याभदेव चार हजार सामानिक देवों यावत् और दूसरे बहुत से देवों और देवियो से घिरा हुआ अपनी समस्त ऋद्धि, वैभव के साथ वाद्यों की तुमुल ध्वनिपूर्वक सिद्धायतन पर पहुँचा। उसमें पूर्व द्वार से प्रवेश करके जहाँ देवच्छंदक (सिंहासन विशेष) और जिन-प्रतिमाएँ थीं वहाँ आया। वहाँ आकर जिन-प्रतिमाओं को देखते ही उसने प्रणाम करके लोममयी प्रमार्जनी (मयूरपिच्छी जैसी पूँजनी) हाथ में ली और प्रमार्जनी को लेकर जिन-प्रतिमाओ को प्रमार्जित किया। प्रमार्जित करके सुरभिगन्धोदक से उन जिन-प्रतिमाओ का प्रक्षालन किया। प्रक्षालन करके सरस गोशीर्ष चन्दन का लेप किया। सुरभिगन्ध से सुवासित भगवा रग के वस्त्र से उनको पोंछा। उन जिन-प्रतिमाओं को अखण्ड देवदूष्य युगल-दिव्य (वस्त्रों का जोडा) पहनाया। फिर पुष्प, माला, गन्ध, चूर्ण, वस्त्र और आभूषण चढाये। इन सबको चढाने के बाद ऊपर से नीचे तक लटकती हुई लम्बी-लम्बी गोल मालाएँ पहनाई। मालाएँ पहनाकर पंचरंगे फूलो को हाथ में लेकर उनकी वर्षा की और मॉडने मॉडकर उस स्थान को सुशोभित किया। फिर उन जिन-प्रतिमाओ के सम्मुख शुभ्र,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सलौने, रजतमय अक्षत तन्दुलों से स्वस्तिक यावत् दर्पण आदि आठ-आठ मगलों का आलेखन किया।

198. (a) Thereafter in the company of four thousand Saamanik gods upto many other gods and goddesses. Suryabh god arrived at the eternal temple (Siddhayatan) with his entire splendour in the pleasant music of such musical instruments. He entered through the gate in the east, came to the place where there was special seat for him and the idols of Tirthankars. Immediately when he saw the idols, he bowed to them, held the mop of peacock-hair in his hands and cleaned the idols with it. Then he washed the idols with fragrant gandhodak (scented water). He then put fresh go-sheersh sandal paste on the idols. He, then wiped the idols with scented saffron-coloured cloth. He then dressed them in a pair of new divine dress. Thereafter, he offered flowers, garlands, scented powder and ornaments to the idols. Then he put long round garlands on the idols. Thereafter he sprinkled flowers of five colours on them. He then decorated that place with circular sketches. He then drew pictures of eight auspicious symbols namely Swastik upto mirror with pure, shining, white unbroken rice grains in front of the idols.

(ख) तयाणंतरं च णं चंदप्पभवइरवेरुलियविमलदंडं कंचणमणिरयणभत्तिचित्तं कालागुरुपवरकुंदरुक्क-तुरुक्क-धूव-मघमघंतगंधुत्तमाणुविद्धं च धूववट्टिं विणिम्मुयंतं वेरुलियमयं कडुच्छुयं पग्गहिय पयत्तेणं धूवं दाऊण जिणवराणं अट्ठसयविसुद्धगंथजुत्तेहिं अत्थजुत्तेहिं अपुणरुत्तेहिं महावित्तेहिं संथुणइ, संथुणित्ता सत्तट्ठ पयाइं पच्चोसक्कइ, पच्चोसक्कित्ता वामं जाणुं अंचेइ अंचित्ता दाहिणं जाणुं धरणितलंसि निहट्टु तिक्खुत्तो मुद्धाणं धरणितलंसि निवाडेइ निवाडित्ता ईसिं पच्चुण्णमइ, पच्चुण्णमित्ता करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वयासी-

(ख) तदनन्तर उन जिन-प्रतिमाओं के सन्मुख श्रेष्ठ कृष्ण अगर, कुन्दरुष्क, तुरुष्क और धूप की सुगन्ध से व्याप्त और धूपबत्ती के समान सुरभिगन्ध को फैलाने वाले धूपदान को लेकर धूप-क्षेप किया। वह धूपदान चन्द्रकान्त मणि, वज्र रत्न और वैडूर्य मणि की दंडी तथा स्वर्ण-मणि-रत्नो से रचित चित्र-विचित्र आलेखनों से युक्त था। उसके पश्चात् महिमाशाली एक सौ आठ छन्दों में स्तुति की, जो शास्त्रानुकूल भावयुक्त अर्थसम्पन्न

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपुनरुक्त पुनरुक्ति दोषरहित स्तुति करके सात-आठ पग पीछे हटा, फिर बायाँ घुटना ऊँचा किया और दायाँ घुटना जमीन पर टिकाकर तीन बार मस्तक को भूमितल पर नमाया, फिर घुटना कुछ ऊँचा उठा तथा मस्तक ऊँचा कर दोनों हाथ जोडकर आवर्त्तपूर्वक मस्तक पर अजलि करके बोला-

(b) Thereafter, he took an incense-stand giving out scented smell of black agar, kundrushk, turushk and suchlike incense substances and moved the incense-stand around the idols spreading the incense all around. That incense-stand was studded with Chandrakant and Vajra gems, its handle was of Vaidurya gems and it was made of gold, gems and jewels, many pictures were drawn on it. Thereafter, he praised the Tirthankars with a hymn of 108 verses having sentiments and meaning strictly according to scriptures and which were totally devoid of repetition. Then he moved seven-eight steps backwards. He then touched the ground with his right knee, raised the left knee upwards (facing sky) touched the ground three times with his forehead, folded his hands, moved them around in a circle, placed them at his forehead and then said.

अरिहंत-सिद्ध भगवन्तों की स्तुति

१९९. नमोऽत्थु णं अरिहंताणं भगवंताणं, आइगराणं, तित्थगराणं सयंसंबुद्धाणं, पुरिसुत्तमाणं, पुरिससीहाणं, पुरिसवरपुण्डरीआणं, पुरिसवरगंधहत्थीणं, लोगुत्तमाणं, लोगनाहाणं, लोगहिआणं, लोगपईवाणं, लोगपज्जोअगराणं, अभयदयाणं, चक्खुदयाणं, मग्गदयाणं, सरणदयाणं, बोहिदयाणं, धम्मदयाणं, धम्मदेसयाणं, धम्मनायगाणं, धम्मसारहीणं, धम्मवरचाउरंत-चक्कवट्टीणं, अप्पडिहयवर-नाणदंसणधराणं, विअट्टच्छउमाणं, जिणाणं जावयाणं, तिन्नाणं तारयाणं, बुद्धाणं बोहयाणं, मुत्ताणं मोइगाणं, सव्वन्नूणं, सव्वदरिसीणं सिवं, अयलं, अरुअं, अणंतं, अक्खयं, अव्वाबाहं, अपुणरावित्तिसिद्धगइनामधेयं ठाणं संपत्ताणं।

१९९. अरिहंत भगवन्तों को नमस्कार हो, श्रुतचारित्रधर्म की आदि करने वाले तीर्थंकरों को, स्वयंबुद्धों को-(गुरूपदेश के बिना स्वयं ही बोध को प्राप्त), पुरुषों मे उत्तम, कर्मशत्रुओं का विनाश करने में पराक्रमी होने के कारण पुरुषों में सिह के समान, सौम्य और लावण्यशाली होने से पुरुषों में श्रेष्ठ पुंडरीक-कमल के समान, अपने पुण्य प्रभाव से

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ईति–व्याधि, भीति–भय आदि को शान्त करने के कारण पुरुषो मे श्रेष्ठ गन्धहस्ती के समान, लोक मे उत्तम, लोक के नाथ, लोक का हित करने वाले, संसारी–प्राणियो को सन्मार्ग दिखाने के कारण लोक में दीपक के समान, केवलज्ञान द्वारा लोकालोक को प्रकाशित करने वाले–वस्तुस्वरूप को बताने वाले, अभयदाता, श्रद्धा–ज्ञानरूप नेत्र के दाता, मोक्षमार्ग के दाता, शरणदाता, बोधिदाता, धर्मदाता, देशविरति–सर्वविरतिरूप धर्म के उपदेशक, धर्म के नायक, धर्म के सारथी, सम्यक् धर्म के प्रवर्तक, चातुर्गतिक संसार का अन्त करने वाले श्रेष्ठ धर्म के चक्रवर्ती, ज्ञान–दर्शन के धारक, कर्मावरण या कषायरूप छद्म के नाशक, रागादि शत्रुओं को जीतने वाले तथा अन्य जीवों को भी कर्म–शत्रुओं को जीतने के लिए प्रेरित करने वाले, संसार–सागर से स्वयं तिरे हुए तथा दूसरों को भी तिरने का उपदेश देने वाले, बोध को प्राप्त तथा दूसरों को भी उपदेश देने वाले, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी तथा शिव–उपद्रवरहित, अचल, नीरोग, अनन्त, अक्षय, अव्याबाध, **अपुनरावृत्ति रूप**–(जन्म–मरणरूप संसार से रहित) सिद्धगति नामक स्थान में विराजमान सिद्ध भगवन्तों को नमस्कार हो।

HYMN PRAISING ARIHANT AND SIDDHA

199. I offer my prayer to Arihant (the completely detached), who are prime founders of religious cult, who are Tirthankar (who exhibited the four-fold religious order); who are self-enlightened (without the guidance of any teacher); who are supreme beings, who are as brave as lions among the human race, who have subdued mighty karmas, who in view of their tranquility and ecstatic appearance are as good as Pundareek lotus among the people, who are like Gandh-Hasti (the great elephant whose very fragrance subdues the other elephants) among human-beings as the evils like **Eeti**—dreams and **Bheeti**—the fear disappear with their appearance, who are supreme in the universe, who are beneficient to one and all in the universe, who are like resourceful light in the universe, who bless fearlessness to all, who are bestowers of right vision and right knowledge, who guide people to the path of serenity, who are teachers of Dharma—the true knowledge, who are charioteer of the Dharma chariot, who are guide of religious path, who are king emperor in subduing the entire birth cycle in the universe wherein the living-beings transmigrate in four states of bodily existence (gati), who possess indestructible perfect knowledge and perfect perception, who have overcome all the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ignorance that pollutes the soul, who have completely subdued worldly attachment and hatred and cause others to do so, who have come out successful in the swim fete over the ocean of transmigration and inspire others to follow suit, who are self-enlightened and guiding star to others, who are self-liberated and cause others to attain liberation, who are omniscient, possessing perfect wisdom, free from calamity ominous to all, who have reached the absolute state free from transmigration, who are disease free, who are infinite, imperishable and free from all hurdles and who have acquired **Apunaravritti** (total liberation—the abode of Siddhas wherefrom one never comes to this mundane world). Thus he bowed to all the Siddhas residing in liberated state at Siddha place called Siddha gati.

सिद्धायतन के देवच्छन्दक आदि की प्रमार्जना

२००. (क) वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता जेणेव देवच्छंदए जेणेव सिद्धायतणस्स बहुमज्झदेसभाए तेणेव उवागच्छइ, लोमहत्थगं परामुसइ, सिद्धायतणस्स बहुमज्झदेसभागं लोमहत्थेणं पमज्जति, दिव्वाए दगधाराए अब्भुक्खेइ, सरसेणं गोसीसचंदणेणं पंचंगुलितलं मंडलगं आलिहइ कयग्गहगहिय जाव पुंजोवयारकलियं करेइ, करित्ता धूवं दलयइ।

जेणेव सिद्धायतणस्स दाहिणिल्ले दारे तेणेव उवागच्छइ, लोमहत्थगं परामुसइ, दारचेडीओ य सालभंजियाओ य वालरूवए य लोमहत्थएणं पमज्जइ, दिव्वाए दगधाराए अब्भुक्खेइ, सरसेणं गोसीसचंदणेणं चच्चए दलयइ, दलइत्ता पुप्फारुहणं मल्ला. जाव आभरणारुहणं करेइ, करेत्ता आसत्तोसत्त जाव धूवं दलयइ।

२००. (क) सिद्ध भगवन्तो को वन्दन-नमस्कार कर सूर्याभदेव देवच्छन्दक (सिंहासन) और सिद्धायतन के मध्य भाग मे आया। वहाँ आकर मोरपीछी हाथ मे उठाई और सिद्धायतन को प्रमार्जित किया (पूँजा, झाड़ा-बुहारा)। फिर दिव्य जलधारा से सींचा, सरस गोशीर्ष चन्दन का लेप करके हाथ के छापे लगाये, माडने मांडे यावत् फूल हाथ मे लेकर बिखेरे। पुष्प बिखेरकर धूप किया और फिर सिद्धायतन के दक्षिण द्वार पर आकर मोरपीछी ली। उस मोरपीछी से दरवाजों की चौखटों व उन पर बनी पुतलियों एवं रूपों को प्रमार्जित किया, दिव्य जलधारा सींच, सरस गोशीर्ष चन्दन से चर्चित किया। सन्मुख धूप जलाई, पुष्प चढाये, मालायें चढाईं यावत् आभूषण चढाये। यह सब करके फिर ऊपर से नीचे तक लटकती हुई गोल-गोल लम्बी मालाओ से विभूषित किया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धूप करने के बाद जहाँ दक्षिण द्वार का मुखमण्डप (देवालय का ऑगन) था और उसमें भी जहाँ उस दक्षिण दिशा के मुखमण्डप का मध्य भाग था, वहाँ आया और मोरपीछी ली, मोरपीछी लेकर उस मध्य देश भाग को प्रमार्जित किया–बुहारा, दिव्य जलधारा सींची, सरस गोशीर्ष चन्दन से चर्चित किया–हाथ के छापे लगाये, मांडने मांडे तथा पुष्प–पुँजों को हाथ से लेकर बिखेरा यावत् धूप जलाया।

CLEANING OF DEVACHHANDAK OF SIDDHAYATAN (ETERNAL TEMPLE)

200. (a) After bowing to the (idols of) Siddhas, Suryabh Dev came to centre of eternal temple (Siddhayatan) near his seat. He picked up the mop of peacock feathers and properly cleaned the temple. He then washed it with divine water, put fresh sandle paste of go-sheersh sandal wood on his hand and printed the floor with it, made auspicious circles upto scattered flowers. He then made it fragrant with incense stick, he then came to the southern gate of the Siddhayatan, took the mop of peacock feathers and cleaned the door-frames and also the puppets and sketches made on them, he sprinkled divine water, put fresh go-sheersh sandal wood paste on them and burnt the incense before them. He placed flowers, garlands upto ornaments before them. Then he decorated them with long round hanging garlands.

After burning the incense, he came to the southern courtyard of the temple, picked up the mop of peacock feathers and cleaned the middle portion, washed it with divine water, painted hand prints of fresh go-sheersh sandal wood paste on it, made circular sketches, scattered flowers with his hand upto burnt the incense.

(ख) जेणेव दाहिणिल्ले दारे मुहमंडवे जेणेव दाहिणिल्लस्स मुहमंडवस्स बहुमज्झदेसभाए तेणेव उवागच्छइ लोमहत्थगं परामुसइ, बहुमज्झदेसभागं लोमहत्थेणं पमज्जइ दिव्वाए दगधाराए अब्भुक्खेइ, सरसेणं गोसीसचंदणेणं पंचंगुलितलं मंडलगं आलिहइ, कयग्गहगहिय जाव धूवं दलयइ।

जेणेव दाहिणिल्लस्स मुहमंडवस्स पच्चत्थिमिल्ले दारे तेणेव उवागच्छइ, लोमहत्थगं परामुसइ दारचेडीओ य सालभंजियाओ य वालरूवए य लोमहत्थेणं पमज्जइ, दिव्वाए

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दगधाराए. सरसेणं गोसीसचंदणेणं चच्चए दलयइ, पुप्फारुहणं जाव आभरणारुहणं करेइ आसत्तोसत्त. कयगहग्गहिय जाव धूवं दलयइ।

जेणेव दाहिणिल्लस्स मुहमंडवस्स उत्तरिल्ला खंभपंती तेणेव उवागच्छइ, लोमहत्थगं परामुसइ थंभे य सालभंजियाओ य वालरूवए य लोमहत्थएणं पमज्जइ जहा चेव पच्चत्थिमिल्लस्स दारस्स जाव धूवं दलयइ।

जेणेव दाहिणिल्लस्स मुहमंडवस्स पुरत्थिमिल्ले दारे तेणेव उवागच्छइ, लोमहत्थगं परामुसति दारचेडीओ तं चेव सव्वं। जेणेव दाहिणिल्लस्स मुहमंडवस्स दाहिणिल्ले दारे तेणेव उवागच्छइ दारचेडीओ तं चेव सव्वं।

(ख) इसके बाद उस दक्षिण दिग्वर्ती मुखमण्डप के पश्चिमी द्वार पर आया। वहाँ आकर मोरपीछी ली, उस मोरपीछी से दरवाजो पर बनी पुतलियॉ एवं व्याल (सर्प) रूपों को पूँजा, दिव्य जलधारा से सींचा, सरस गोशीर्ष चन्दन से चर्चित किया, धूपक्षेप किया, पुष्प चढाये, आभूषण चढाये, मालाएँ लटकाई, पुष्प-पुँजो को हाथ में लेकर बिखेरा और धूप जलाई।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Kashyap had come to this town By this reference, it is indicated that it is a town of Kaushal state—

"Yen Setavya Naam Kosalanam Nagaram Tad Avsari."

—Deeghanikaya, Part 2

From Jain point of view, Kaushal state includes Ayodhya and its surrounding area.

Some have interpreted Seyaviya as 'Shvetambika' in Sanskrit. The word 'Payasi' in the Sutra has been interpreted as 'Pradeshi' in Sanskrit by the Acharya in his Commentary and in Avashyak Niryukti the word 'Padeshi' has been used. Dev-vachak Kshamashraman has mentioned it as 'Rai-paseniya', Commentator Malaygiri has mentioned it as 'Rai-paseneeya' while some other Acharyas have mentioned it as 'Raj-prashniya' or 'Raj-prasenkiya'.

In 'Payaasi Suttant' of Deeghanikaya there is a description of this king similar to the one in the present 'Rai-paseniya Sutra'. Here in Deeghanikaya, the main questioner is king 'Payaasi', his clan is Rajanya and he is related to king 'Pasenadi' of Kaushal. The highly despisable and sinful conduct of king Pradeshi (Payesi) that has been narrated in 'Rai-paseniya' Sutra where he has been stated to be extremely sinful, irreligious and irrational king is not so prominent in Deeghanikaya. But it is mentioned that the thoughts (reflections) of the king were sinful and he believed that there is no life after death, one does not have the power to get re-birth and there is no fruit of good or bad actions

—Deeghanikaya, Part 2

The description of the conduct of king Pradeshi indicates that he did not believe in soul. He was completely non-believer in Parmatma (State of complete purification of soul) He was irreligious. He had no faith in existence of hell, heaven, life after death or re-birth

रानी सूर्यकान्ता और युवराज सूर्यकान्त

२०८. तस्स णं पएसिस्स रन्नो सूरियकंता नामं देवी होत्था, सुकुमालपाणिपाया धारिणी वण्णओ। पएसिणा रन्ना सद्धिं अणुरत्ता अविरत्ता इट्ठे सद्दे फरिसे रसे रूवे जाव विहरइ।

तस्स णं पएसिस्स रण्णो जेट्ठे पुत्ते सूरियकंताए देवीए अत्तए सूरियकंते नामं कुमारे होत्था, सुकुमालपाणिपाए जाव पडिरूवे। से णं सूरियकंते कुमारे जुवराया वि होत्था,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पएसिस्स रन्नो रज्जं च रट्ठं च बलं च वाहणं च कोसं च कोट्ठागारं च पुरं च अंतेउरं च सयमेव पच्चुवेक्खमाणे पच्चुवेक्खमाणे विहरइ।

२०८. उस प्रदेशी राजा की रानी का नाम सूर्यकान्ता था। वह सुकुमाल हाथ-पैर आदि अंगोपांग वाली थी, इत्यादि धारिणी रानी के समान इसका वर्णन समझना चाहिए। वह रानी प्रदेशी राजा के प्रति अनुरक्त-अतीव स्नेहशील थी, उससे कभी विरक्त नहीं होती थी और इष्ट-प्रिय शब्द, सुखद स्पर्श, मनोहर रस आदि अनेक प्रकार के मनुष्य सम्बन्धी सुखो का अनुभव करती रहती थी।

प्रदेशी राजा का ज्येष्ठ पुत्र और सूर्यकान्ता रानी का आत्मज सूर्यकान्त नामक राजकुमार था। वह सुकोमल हाथ-पैर वाला था। वह सूर्यकान्तकुमार युवराज भी था। वह प्रदेशी राजा के राज्य (शासन), राष्ट्र (देश), बल (सेना), वाहन (रथ, हाथी, अश्व आदि), कोश, कोष्ठागार (अन्न-भण्डार), पुर और अन्तःपुर की स्वयं देखभाल करता था।

QUEEN SURYAKANTA AND PRINCE SURYAKANT

208. Suryakanta was the queen of king Pradeshi. She was having delicate body. Her description may be considered as that of queen Dharani. She loved king Pradeshi very much and was completely attached to him. She never detached herself from him. She was enjoying words of love, pleasant touch, fine taste and other comforts of human-beings.

The eldest son of king Pradeshi, born of queen Suryakanta was prince Suryakant. He was having beautiful hand and feet. He had been declared as the rightful successor (Yuv-raj). He was himself looking after the administration, the affairs with other countries, the army, vehicles, treasure, the provision, bins and inner affairs of the palace.

चित्त सारथी : मंत्री

२०९. तस्स णं पएसिस्स रन्नो जेट्ठे भाउयवयंसए चित्ते णामं सारही होत्था, अड्ढे जाव बहुजणस्स अपरिभूए। साम-दंड-भेय-उवप्पयाण-अत्थसत्थ-ईहा-मइविसारए, उप्पत्तियाए-वेणतियाए-कम्मयाए-पारिणामियाए चउव्विहाए बुद्धीए उववेए। पएसिस्स रण्णो बहुसु कज्जेसु य कारणेसु य कुडुंबेसु य मंतेसु य गुज्झेसु य रहस्सेसु य निच्छएसु य ववहारेसु य आपुच्छणिज्जे पडिपुच्छणिज्जे, मेढी, पमाणं, आहारे, आलंबणं, चक्खु,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेढिभूए, पमाणभूए, आहारभूए, चक्खुभूए, सव्वट्ठाणसव्वभूमियासु लद्धपच्चए विदिण्णविचारे रज्जधुराचिंतए आवि होत्था।

२०९. प्रदेशी राजा का चित्त सारथी नामक एक मंत्री था, जो उम्र में बड़ा (ज्येष्ठ) भाई एवं मित्र के समान प्रिय था। वह समृद्धिशाली यावत् अत्यन्त प्रभावशाली था। बुद्धि, चातुर्य आदि गुणों में कोई उसे पराभूत नहीं कर सकता था। साम, दण्ड, भेद और उपप्रदान नीति, अर्थशास्त्र एवं विचार-विमर्श प्रधान बुद्धि में विशारद-कुशल था। औत्पत्तिकी, वैनयिकी, कार्मिकी तथा पारिणामिकी इन चार प्रकार की बुद्धियों से युक्त था। प्रदेशी राजा अपने बहुत से कार्यों में, कार्य में सफलता मिलने के उपायों में, कौटुम्बिक कार्यों में, गुप्त कार्यो में, रहस्यमय गोपनीय प्रसंगों में, निर्णय करने में, राज्य-सम्बन्धी व्यवहार-विधानों में उससे मंत्रणा करता रहता था। वह सबके लिए मेढी (खलिहान के केन्द्र में गाड़ा हुआ स्तम्भ जिसके चारों ओर घूमकर बैल धान्य कुचलते हैं) के समान आधारभूत था, उसका कथन प्रामाणिक माना जाता था। पृथ्वी के समान सबके लिए आधार-आश्रय था। रस्सी के समान आलम्बन था। नेत्र के समान मार्गदर्शक था। मेढीभूत, प्रमाणभूत, आधार और अवलम्बनभूत एवं चक्षुभूत था। सन्धि-विग्रह आदि सभी कार्यों में और सभी भूमिकाओं-मंत्री आदि पदों में प्रतिष्ठा-प्राप्त था। सबको विचार देने वाला था अर्थात् सभी का विश्वासपात्र था, सभी उसकी सलाह मानते थे। चक्र की धुरा के समान राज्य का संचालक था-सकल राज्य-कार्यों का प्रेक्षक था। वह राजा और प्रजा दोनों का हितचिन्तक, धर्म, समाज, राष्ट्र आदि सभी के लिए सहयोग करने वाला था।

CHITTA SAARTHI : THE MINISTER

209. Chitta Saarthi was a Minister of king Pradeshi. He was like an elder brother or a loveable friend to the king. He was prosperous and influential. Nobody could surpass him in intelligence, cleverness and the good qualities. He was expert in all the four skills of administration namely speaking politely, speaking harshly, creating division and fourthly enticing by offering same gifts. He was expert in economic affairs and proper analysis of the situation. He was having four types of intelligence namely finding spontaneously solution to the problem, gaining intelligence by experience and wisdom produced in old age. King Pradeshi used to consult him in many activities in deciding methods to gain success, in family matters, in secret matters, in secret intricate situations, in taking decision and in matters relating to administration. He

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

was the Medhi (pillar) amongst all (Medhi is the thrashing post around which the bullock move and rub the harvested crops). His words were considered final. He was the base for all just as earth is for all beings. He was guide like the eye. He was respected in all matters—treaty of peace on declaration of war. He was well treated by all. Everyone consulted him. He was administrator of the state like the centre of a wheel. He looked into all the affairs of the state. He always looked into the welfare, religious affairs, social matters and national matters.

विवेचन–इस वर्णन से यह प्रतीत होता है कि चित्त सारथी अतिनिपुण, राजनीतिज्ञ, राज्य-व्यवस्था करने में प्रवीण एव अत्यन्त बुद्धिशाली था। उसे औत्पत्तिकी आदि चार प्रकार की बुद्धियों से युक्त बताया है। इन चार प्रकार की बुद्धियो का स्वरूप सचित्र नन्दीसूत्र मे विस्तार से आया है।

Elaboration—This description indicates that Chitta Saarthi was very intelligent in administration and in home affairs. He has been shown as he possessing all the four types of intelligence—namely replying immediates to the queries and others. The details about four types of intelligence is mentioned comprehensively in Illustrated Nandi Sutra.

कुणाला जनपद, श्रावस्ती नगरी, राजा जितशत्रु

२१०. तेणं कालेणं तेणं समएणं कुणाला नामं जणवए होत्था, रिद्धत्थिमियसमिद्धे।

तत्थ णं कुणालाए जणवए सावत्थी नामं नयरी होत्था रिद्धत्थिमियसमिद्धा जाव पडिरूवा।

तीसे णं सावत्थीए णगरीए बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए कोट्ठए नामं चेइए होत्था, पोराणे जाव पासादीए।

तत्थ णं सावत्थीए नयरीए पएसिस्स रन्नो अंतेवासी जियसत्तू नामं राया होत्था, महयाहिमवंत जाव विहरइ।

२१०. उस काल और उस समय में कुणाला नामक जनपद था। वह देश वैभव-सम्पन्न, स्व-परचक्र-(शत्रुओं) के भय से मुक्त और धन-धान्य से समृद्ध था।

कुणाला जनपद में श्रावस्ती नाम की नगरी थी, जो ऋद्ध, स्तिमित, समृद्ध यावत् अतीव मनोहर थी।

श्रावस्ती नगरी के बाहर उत्तर-पूर्व दिशा (ईशानकोण) में कोष्ठक नाम का अत्यन्त प्राचीन यावत् मनोहर चैत्य (उद्यान) था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उस श्रावस्ती नगरी मे प्रदेशी राजा का अन्तेवासी जैसा (अर्थात् अधीनस्थ-आज्ञापालक) जितशत्रु नामक राजा था, जो महाहिमवन्त पर्वत के समान प्रख्यात था।

KUNALA STATE, SHRAVASTI STATE, KING JITASHATRU

210. At that time during that period, there was a state called Kunala. That was prosperous, free from fear of enemies and rich in wealth and food grains.

Shravasti was a town in Kunala state. It was prosperous, free from fear of any enemy, wealthy and extremely charming.

There was Koshthak garden at the outskirts of Shravasti town in its north-east which was very ancient upto pleasant.

King Jitashatru was the ruler of Shravasti and he was under king Pradeshi. He was famous like Maha-himavant mountain.

चित्त सारथी का श्रावस्ती की ओर प्रयाण

२११. (क) तए णं से पएसी राया अन्नया कयाइ महत्थं महग्घं महरिहं विउलं रायारिहं पाहुडं सज्जावेइ, सज्जावित्ता चित्तं सारहिं सद्दावेति, सद्दावित्ता एवं वयासी–

गच्छ णं चित्ता ! तुमं सावत्थिं नगरिं जियसत्तुस्स रण्णो इमं महत्थं जाव पाहुडं उवणेहि, जाइं तत्थ रायकज्जाणि य रायकिच्चाणि य रायनीतिओ य राययवहारा य ताइं जियसत्तुणा सद्धिं सयमेव पच्चुवेक्खमाणे विहराहि त्ति कट्टु विसज्जिए।

तए णं से चित्ते सारही पएसिणा रण्णा एवं वुत्ते समाणे हट्ठ जाव पडिसुणेत्ता तं महत्थं जाव पाहुडं गेण्हइ, पएसिस्स रण्णो जाव पडिणिक्खमइ, सेयवियं नगरिं मज्झंमज्झेणं जेणेव सए गिहे तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता तं महत्थं जाव पाहुडं ठवेइ, कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एवं वयासी–

खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! सच्छत्तं जाव चाउग्घंटं आसरहं जुत्तामेव उवट्ठवेह जाव पच्चप्पिणह।

तए णं ते कोडुंबियपुरिसा तहेव पडिसुणित्ता खिप्पामेव सच्छत्तं जाव जुद्धसज्जं चाउग्घंटं आसरहं जुत्तामेव उवट्ठवेन्ति, तमाणत्तियं पचप्पिणंति।

२११. (क) किसी एक समय प्रदेशी राजा ने कुछ विशिष्ट प्रयोजन उपस्थित होने पर अपने विश्वासपात्र चित्त सारथी को बुलाया और महान् पुरुषों के योग्य बहुमूल्य राजाओं को देने योग्य विशिष्ट उपहार सजाया। फिर चित्त सारथी से कहा–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"हे चित्त ! तुम श्रावस्ती नगरी जाओ और वहाँ के जितशत्रु राजा को यह (महापुरुषों के अनुरूप और राजा के योग्य मूल्यवान्) भेंट उसे दो तथा जितशत्रु राजा के साथ रहकर स्वयं वहाँ की शासन-व्यवस्था, राजा की दैनिकचर्या, राजनीति और राज-व्यवहार को गहराई से देखो, सुनो और अनुभव करो।"

तब चित्त सारथी प्रदेशी राजा की इस आज्ञा को सुनकर हर्षित हुआ यावत् दोनों हाथ जोडे-"राजन् ! ऐसा ही होगा।" यों कहकर विनयपूर्वक आज्ञा को स्वीकार किया। आज्ञा स्वीकार करके उस उपहार को साथ लिया और प्रदेशी राजा के पास से निकलकर बाहर आया। सेयविया नगरी में जहाँ उसका अपना घर था, वहाँ आया। आकर उस उपहार को एक तरफ रख दिया और कौटुम्बिक पुरुषों (आज्ञाकारी सेवकों) को बुलाकर इस प्रकार कहा-

-"देवानुप्रियो ! शीघ्र ही छत्र लगा हुआ एक शीघ्रगामी चार घटों वाला अश्व-रथ तैयार करो और मुझे वापस सूचना दो।"

उन कौटुम्बिक पुरुषों ने चित्त सारथी की आज्ञा अनुसार शीघ्र ही छत्र सहित सजाये गये अश्व-रथ को जोतकर उपस्थित कर दिया और मंत्री को रथ तैयार हो जाने की सूचना दी।

DEPARTURE OF CHITTA SAARTHI TOWARDS SHRAVASTI

211. (a) Once on a special occasion, king Pradeshi called his trusted lieutenant Chitta Saarthi. He (king) prepared a very beautiful costly gift worthy of presentation to the kings and said to Chitta Saarthi—

"O Chitta ! You go to Shravasti town and offer him this gift worthy of presentation to the kings. You stay with king Jitashatru for some time and closely study the administration, the daily routine of the king the political affairs and kings relation with the subjects. You make a deep study, enquire from the people and intimately study it."

Chitta Saarthi felt happy at these orders of king Pradeshi; he folded his hands in respect for the king and said—"Respected Sir ! I shall fully comply your orders." He then accepted the orders humbly, picked up the requisite gift and came out from the side of king Pradeshi. He came to his residence in Seyaviya town. Thereafter he kept the gift aside, called his obedient servants and said—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"O loveable of gods ! Kindly prepare immediately a horse-drawn chariot fitted with canopy and four bells which has the capacity to move at fast speed. After compliance intimate me."

The family servants complying the orders of Chitta Saarthi, presented the horse-drwan chariot after decorating it with umbrella and others. They then intimated compliance.

(ख) तए णं से चित्ते सारही कोडुंबियपुरिसाण अंतिए एयमट्ठं जाव हियए। ण्हाए, कयबलिकम्मे, कयकोउय-मंगलपायच्छित्ते, सन्नद्धबद्धवम्मियकवए, उप्पीलिय-सरासणपट्टिए, पिणद्धगेविज्जविमलवर चिंधपट्टे, गहियाउहपहरणे तं महत्थं जाव पाहुडं गेण्हइ, जेणेव चाउग्घंटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ, चाउग्घंटं आसरहं दुरूहेति।

बहूहिं पुरिसेहि सन्नद्ध जाव गहियाउहपरहणेहिं सद्धिं संपरिवुडे सकोरंटमल्लदामेणं छत्तेणं धरेज्जमाणेणं महया भडचडगर-रहपहकरविंदपरिक्खित्ते साओ गिहाओ णिग्गच्छइ, सेयवियं नगरिं मज्झंमज्झेणं णिग्गच्छइ, सुहेहिं वासेहिं पायरासेहिं नाइविकिट्ठेहिं अंतरा वासेहिं वसमाणे वसमाणे केइयअद्धस्स जणवयस्स मज्झंमज्झेणं जेणेव कुणालाजणवए जेणेव सावत्थी नयरी तेणेव उवागच्छइ, सावत्थीए नयरीए मज्झंमज्झेणं अणुपविसइ। जेणेव जियसत्तुस्स रण्णे गिहे, जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला तेणेव उवागच्छइ, तुरए निगिण्हइ, रहं ठवेति, रहाओ पच्चोरुहइ।

(ख) तब कौटुम्बिक पुरुषों की सूचना पाकर चित्त सारथी प्रसन्न हुआ। उसने स्नान किया, बलिकर्म किया। कौतुक-(ललाट पर तिलक, बिन्दी आदि) मंगल प्रायश्चित्त किये और फिर अच्छी तरह से शरीर पर कवच धारण किया। धनुष पर प्रत्यचा चढाई, गले में ग्रैवेयक और अपने श्रेष्ठ सकेतपट्टक (प्रतीक चिन्ह-सिंबल) को धारण किया एवं आयुध तथा प्रहरणों-शस्त्रों को साथ लेकर वह महार्थक उपहार लिया और जहॉ चार घंटों वाला अश्व-रथ खडा था, वहॉ आया। आकर उस अश्व-रथ पर आरूढ हुआ।

तत्पश्चात् आयुध एव प्रहरणों से सुसज्जित बहुत से पुरुषों को साथ लिए कोरट पुष्प की मालाओ से विभूषित छत्र को धारण किया। सुभटों और रथों के समूह के साथ अपने घर से प्रस्थान किया और सेयविया नगरी के बीचोंबीच से निकलकर सुखपूर्वक रात्रि-विश्राम, प्रातः कलेवा आदि व्यवस्था साथ लिए पास-पास अन्तरावास (पडाव) करते और जगह-जगह ठहरते-ठहरते केकय-अर्ध जनपद के बीचोंबीच से होता हुआ जहॉ कुणाला जनपद था, जहॉ श्रावस्ती नगरी थी, वहॉ आ पहुँचा। श्रावस्ती नगरी के मध्य भाग

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में प्रवेश करके जहाँ जितशत्रु राजा का भवन और जहाँ राजा की बाह्य उपस्थानशाला थी, वहाँ आकर घोडों को रोका, रथ को खडा किया और फिर रथ से नीचे उतरा।

(b) Then, on hearing the compliance of his orders Chitta Saarthi became happy. He took his bath after exercise. He then adorned his forehead with auspicious substances. Then he wore the armour well tightly fastened the piece of cloth to the bow, put on the necklace and his auspicious symbols. He took his arms and weapons and the great grift. He then came to the horse-driven chariot having four bells and got into it.

Thereafter he in the company of many men wearing arms and weapons decorated himself with a big umbrella decorated with garlands of Korant flowers. He started from his house with many soldiers and chariots through Seyaviya town. He then with his men taking rest in between and camping on the way wherever needed, passing through Kekaya-ardh state came to Shravasti town in Kunala district. He then entered Shravasti town and came to the palace of king Jitashatru and stopped his horses at the outer royal council-hall. He stopped the chariot and stepped down.

(ग) तं महत्थं जाव पाहुडं गिण्हइ जेणेव अब्भिंतरिया उवट्ठाणसाला जेणेव जियसत्तू राया तेणेव उवागच्छइ, जियसत्तुं रायं करयलपरिग्गहियं जाव कट्टु जएणं विजएणं वद्धावेति, तं महत्थं जाव पाहुडं उवणेइ।

तए णं से जियसत्तू राया चित्तस्स सारहिस्स तं महत्थं जाव पाहुडं पडिच्छइ। चित्तं सारहिं सक्कारेइ सम्माणेइ पडिविसज्जेइ रायमग्गमोगाढं च से आवासं दलयइ।

(ग) तदनन्तर उस बहुमूल्य भेट को साथ लेकर आभ्यन्तर उपस्थानशाला (भीतरी बैठक) में जहाँ जितशत्रु राजा बैठा था, वहाँ आया। दोनो हाथ जोडकर जय-विजय शब्दों से जितशत्रु राजा का अभिनन्दन किया और फिर वह बहुमूल्य उपहार भेंट किया।

जितशत्रु राजा ने चित्त सारथी द्वारा भेंट किये गये इस उपहार को स्वीकार किया एव चित्त सारथी का सत्कार-सम्मान किया और विश्राम करने के लिए राजमार्ग पर स्थित आवास स्थान पर भेज दिया।

(c) Thereafter with the costly great gift, he came to the inner council-hall where king Jitashatru was seated. He folded his hand

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

in respect praised the king and then presented the costly gift to him.

King Jitashatru accepted the gift and gave due respect to Chitta Saarthi. He then sent him to the guest house on the highway for taking rest.

विवेचन–चित्त सारथी के प्रसग मे आया है कि वह स्नान करके **'कय बलिकम्मे कय–कोउय–मंगल पायच्छित्ते'** और बलिकर्म करता कौतुक–मगल प्रायश्चित्त करता है।

यहाँ इसका अर्थ किया जाता है, स्नान के बाद आँखो मे अजन व सिर पर काली टिकी लगाना, फिर सरसों आदि उवारकर दिशाओ मे फेकना और पशु–पक्षियो व देवो आदि के लिए बलिकर्म–उनके नाम का अन्न ग्रास आदि देना। यहाँ पर विचारणीय है कि यह वर्णन प्राय सभी जगह मिलता है, चाहे आनन्द आदि श्रावक का प्रसंग हो, चित्त सारथी का हो या किसी राजा का हो या सूर्याभदेव का हो (सूत्र २००)। इससे यह पता चलता है कि उस युग मे यह एक सामान्य प्रथा थी और छोटे–बडे सभी इसको निभाते थे। प्रायश्चित्त से कौन–सी क्रिया की जाती थी तथा बलिकर्म क्या, किस प्रकार किया जाता था, क्यो किया जाता था, इसकी विधि क्या थी और यह किस उद्देश्य से किया जाता था, इन क्रियाओ का व्यक्ति के जीवन–व्यवहार पर क्या प्रभाव पडता था, पशु–पक्षी व दिग्पाल–क्षेत्रपाल आदि देवो के साथ इसका क्या सम्बन्ध है ? इस विषय पर आगम विषय के विशेषज्ञ व सास्कृतिक परम्पराओ के विवेचक विद्वानो को प्रकाश डालना चाहिए। हमारे विचार से ये क्रियाएँ मात्र कोई लीक पीटना नही थी, किन्तु इनके साथ विशेष उद्देश्य जुडा होगा। उन क्रियाओ से मनुष्य का अपना व्यवहार तो प्रभावित होता ही होगा, अन्य पशु–पक्षी जगत् व अन्य देव शक्तियो का सम्बन्ध जुडा रहा होगा। बलिकर्म जैसी प्रथा के पीछे भी क्या कोई दान व करुणा की भावना निहित थी ? प्राचीनकाल मे पक्षियो के लिए दाना, पानी, कुत्तो के लिए रोटी, गायो के लिए गौ–ग्रास तथा देवताओ के नाम पर 'बलि' ये सब क्या इसी मे गिने जा सकते है ? क्या सबके लिए सबका भाग वितरण करने की सामाजिक करुणा भावना इसमे छिपी थी ? इस विषय पर अनुसधान व चिन्तन अपेक्षित है।

गहियाउह–पहरणे–'आयुध' और 'प्रहरण' दोनो ही शब्द शस्त्रवाचक है, किन्तु एकार्थक नही हैं। आयुध से अर्थ किया जाता है जिन शस्त्रो से आत्म–रक्षा की जाती है तथा प्रहरण वे शस्त्र है जिनसे शत्रु पर प्रहार किया जाता है।

अंश २११ (क) मे राजा के कृत्य, राजा के कार्य, राजनीति और राज–व्यवहार चारों शब्द भिन्न–भिन्न अर्थ के सूचक है। **कृत्य** से आचार–व्यवहार, **कार्य** से उसकी प्रवृत्तियाँ, **राजनीति** से प्रजा व राष्ट्र के सम्बन्ध मे उसकी नीति तथा **व्यवहार** से प्रजा के साथ उसका कैसा व्यवहार होता है। इन सब शब्दो से पता चलता है, चित्त को राजा जितशत्रु की सम्पूर्ण गुप्त और प्रकट बातो का पता लगाने के लिए निरीक्षक और गुप्तचर के रूप मे भेजा गया है।

Elaboration—In the narration about Chitta Saarthi it is mentioned that after taking bath, he performs Bali-karm and Kautuk-mangal prayashchit.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Here it means that after taking bath he puts collyrium in his eyes, black mark on his head and then sprinkles mustard seeds in various sides and gives morsel of bread to animals, birds and gods. It is worth consideration that this narration is often found at many places—whether it is a life—account of Anand, of Chitta Saarthi or of any king or of Suryabh god (Aphorism 200). This fact indicates that it was a common practice in those days and all the people—small or big (in status) followed it. In repentance (punishment) what activities were performed, what was Bali-karm and how was it done, why was it done, what was its method, with what purpose was it done, what was its effect on daily behaviour of the person doing it, what was its connection with animals, birds and gods means for security of the area ? The research scholars of Agams and the experts in traditional culture should throw light on these issues. Our view is that these practices were not simply a tradition just to be followed, but there must be same special purpose for it. Such activities, not only influence the daily conduct of the person but these activities had an inner connection with the animal world, the world of birds and the powers of gods and goddesses Was any thought—reflection of compassion and charity implied in the practice of Bali-karm ? In ancient times, to offer food grains to birds, bows of bread to dogs, morsel of bread to cow and bali (offering) in the name of gods—were all these practices included in Bali-karm ? Was the social outlook of distribution of everything amongst all was at its roots ? A research on this point is very much needed.

Gahiyauh—Paharne—'Aayudh' and 'Praharan' both the words refer to weapons but they do not have identical meaning. Aayudh are weapons of self-defence and Praharan are weapons used for attacking the enemy.

In 211 (a), king's duties (Kritya), his activities (Karya), political activity (Raajneeti) and his conduct (Vyavahar) indicate different meanings. Kritya denotes conduct, behaviour. Karya denotes activities. Rajneeti denotes his policy in respect of the people and the nation. Vyavahar denotes his behaviour towards his subjects (people). All these words indicate that Chitta was sent to collect information about all outwardly and secret dealings of king Jitashatru as an examiner and a secret agent (spy).

२१२. तए णं से चित्ते सारही विसज्जिते समाणे जियसत्तुस्स रन्नो अंतियाओ पडिनिक्खमइ, जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला जेणेव चाउग्घंटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चाउग्घंटं आसरहं दुरूहइ, सावत्थिं नगरिं मज्झंमज्झेणं जेणेव रायमग्गमोगाढे आवासे तेणेव उवागच्छइ। तुरए निगिण्हइ, रहं ठवेइ, रहाओ पच्चोरुहइ।

णहाए कयबलिकम्मे कयकोउयमंगलपायच्छित्ते सुद्धप्पावेसाइं मंगल्लाइं वत्थाइं पवरपरिहिते अप्पमहग्घाभरणालंकियसरीरे जिमियभुत्तुत्तरागए वि य णं समाणे पुव्वावरण्हकालसमयंसि गंधव्वेहि य णाडगेहि य उवनच्चिज्जमाणे उवनच्चिज्जमाणे, उवगाइज्जमाणे उवगाइज्जमाणे, उवलालिज्जमाणे उवलालिज्जमाणे इट्ठे सद्द-फरिस-रस-रूव-गंधे पंचविहे माणुस्सए कामभोए पच्चणुभवमाणे विहरइ।

२१२. चित्त सारथी विदाई लेकर जितशत्रु राजा के पास से निकला और जहाँ बाह्य उपस्थानशाला थी, चार घंटों वाला अश्व-रथ जहाँ खडा किया था, वहाँ आया। आकर उस चातुर्घंट अश्व-रथ पर सवार हुआ। फिर श्रावस्ती नगरी के बीचोंबीच से होता हुआ राजमार्ग पर अपने ठहरने के लिए निश्चित किये गये आवास-स्थान पर आया। वहाँ घोडों को रोका, रथ को खडा किया और नीचे उतरा।

उसके पश्चात् (आवास पर ठहरकर) स्नान किया, बलिकर्म किया और कौतुक मंगल (प्रायश्चित्त) करके शुद्ध और राजसभा के योग्य मांगलिक वस्त्र पहने एवं अल्प भार वाले बहुमूल्य आभूषणों से शरीर को अलंकृत किया। भोजन आदि करके तीसरे प्रहर (मध्यान्होत्तर में) गंधर्वों, नर्तकों और नाट्यकारों के संगीत, नृत्य और नाट्याभिनयों को सुनते-देखते हुए तथा इष्ट-कमनीय शब्द, स्पर्श, रस, रूप एवं गंधमूलक पाँच प्रकार के मनुष्य-सम्बन्धी कामभोग भोगते हुए रहने लगा।

212. Chitta Saarthi after seeking permission to go, passed near the king and came to the outer council-hall where he had stopped the four-belled horses-driven chariot. He got into the chariot and passing through Shravasti town, he reached the rest-house on the highway earmarked for his stay. There he stopped the horse, halted the chariot and got down.

Thereafter, he took some rest and then took bath, and performed (Bali-karm) Kautik mangal (Prayashchit). He then put on the dress suited for royal assembly. He then decorated his body with light-weight costly ornaments. After taking lunch, in the afternoon, he enjoyed music, dance and dramatic activities of the experts in

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

respective field. He enjoyed the activities pleasing to the five senses namely sense of hearing, sense of touch, sense of taste, sense of smell and sense of sight.

श्रावस्ती में केशीकुमार श्रमण का पदार्पण

२१३. तेणं कालेणं तेणं समएणं पासावच्चिज्जे केसी नाम कुमारसमणे।

जातिसंपण्णे कुलसंपण्णे बलसंपण्णे रूवसंपण्णे विणयसंपण्णे नाणसंपण्णे दंसणसंपन्ने चरित्तसंपण्णे लज्जासंपण्णे लाघवसंपण्णे लज्जा-लाघवसंपण्णे ओयंसी तेयंसी वच्चंसी जसंसी जियकोहे जियमाणे जियमाए जियलोहे जियणिद्दे जितिंदिए जियपरीसहे जीवियास-मरणभयविप्पमुक्के तवप्पहाणे गुणप्पहाणे करणप्पहाणे चरणप्पहाणे निग्गहप्पहाणे निच्छयप्पहाणे अज्जवप्पहाणे मद्दवप्पहाणे लाघवप्पहाणे खंतिप्पहाणे गुत्तिप्पहाणे मुत्तिप्पहाणे विज्जप्पहाणे मंतप्पहाणे बंभप्पहाणे वेयप्पहाणे नयप्पहाणे नियमप्पहाणे सच्चप्पहाणे सोयप्पहाणे नाणप्पहाणे दंसणप्पहाणे चरित्तप्पहाणे ओराले घोरे घोरगुणे घोरतवस्सी घोरबंभचेरवासी उच्छूढसरीरे संखित्तविपुलतेउलेस्से चउद्दसपुव्वी चउणाणोवगए।

पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं संपरिवुडे पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे गामाणुगामं दूइज्जमाणे सुहंसुहेणं विहरमाणे जेणेव सावत्थी नयरी, जेणेव कोट्ठए चेइए, तेणेव उवागच्छइ, सावत्थी नयरीए बहिया कोट्ठए चेइए अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हइ, उग्गिण्हित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

२१३. उस काल और उस समय में भगवान पार्श्वनाथ की शिष्य परम्परा के केशी नामक कुमार श्रमण थे (वे ऐसे थे)-

जातिसम्पन्न-उत्तम मातृ-पक्ष वाले, **कुलसम्पन्न**-उत्तम पितृ-पक्ष वाले, आत्मबल से युक्त, **रूपवान**-अनुत्तर विमानवासी देवों से भी अधिक रूपवान (शरीर-सौन्दर्य वाले), विनयवान, सम्यग्ज्ञान, दर्शन, चारित्र के धारक, **लज्जावान्**-पाप कार्यो के प्रति भीरु, **लाघववान्**-(द्रव्य से अल्प उपधि वाले और भाव से ऋद्धि, रस और साता रूप तीन गौरवों से रहित), लज्जा-लाघव-सम्पन्न, **ओजस्वी**-मानसिक बल से सम्पन्न, **तेजस्वी**-शारीरिक कांति से देदीप्यमान, **वर्चस्वी**-सार्थक और प्रभावशाली वचन बोलने वाले, यशस्वी, क्रोध को जीतने वाले, मान को जीतने वाले, माया को जीतने वाले, लोभ को जीतने वाले, जीवित रहने की आकांक्षा एवं मृत्यु के भय से विमुक्त, **तपःप्रधान**-उत्कृष्ट तप करने वाले, **गुणप्रधान**-उत्कृष्ट सयम गुण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के धारक, **करणप्रधान**–पिडविशुद्धि आदि करणसत्तरी मे जागरूक, **चरणप्रधान**–महाव्रत आदि चरणसत्तरी में कुशल, **निग्रहप्रधान**–मन और इन्द्रियो को अनाचार–प्रवृत्ति से रोकने में सदैव सावधान, तत्त्व का निश्चय करने मे प्रधान, **आर्जवप्रधान**–माया का निग्रह करने वाले समर्थ, **मार्दवप्रधान**–अभिमानरहित, **लाघवप्रधान**–क्रिया करने मे कुशल–दक्ष, **क्षमाप्रधान**–क्रोध का निग्रह करने में कुशल, **गुप्तिप्रधान**–मन, वचन, काय के संयमी, **मुक्तिप्रधान**–निर्लोभता में श्रेष्ठ, **विद्याप्रधान**–देवता–अधिष्ठित प्रज्ञप्ति आदि विद्याओं के ज्ञाता, **मंत्रप्रधान**–हरिणेगमैषी आदि देवो से अधिष्ठित अथवा साधना से प्राप्त होने वाली विद्याओं के ज्ञाता, ब्रह्मचर्य अथवा समस्त कुशल अनुष्ठानो में प्रधान, **वेदप्रधान**–लौकिक और लोकोत्तर आगमों में निष्णात, **नयप्रधान**–नय–निक्षेप प्रधान वचन शैली के मर्मज्ञ, **नियमप्रधान**–विचित्र अभिग्रहों को धारण करने में कुशल, **सत्यप्रधान**, **शौचप्रधान**–द्रव्य और भाव से ममत्वरहित, ज्ञानप्रधान, दर्शनप्रधान, चारित्रप्रधान, उदार, घोर परीषहों, इन्द्रियों और कषायों आदि आन्तरिक शत्रुओं का निग्रह करने में कठोर, **घोर व्रती**–अप्रमत्तभाव से महाव्रतों का पालन करने वाले, **घोर तपस्वी**–महातपस्वी, **घोर ब्रह्मचर्यवासी**–उत्कृष्ट अखण्ड ब्रह्मचर्य का पालन करने वाले, शरीर–संस्कार के त्यागी, विपुल तेजोलेश्या को अपने शरीर मे ही गुप्त रखने वाले, चौदह पूर्वों के ज्ञाता, चार ज्ञान–मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यायज्ञान के धारक थे।

केशीकुमार श्रमण पाँच सौ अनगारों के साथ–साथ अनुक्रम से चलते हुए, ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए, सुखे–सुखे विहार करते हुए जहाँ श्रावस्ती नगरी थी, जहाँ कोष्ठक चैत्य था, वहाँ पधारे। श्रावस्ती नगरी के बाहर कोष्ठक चैत्य में यथोचित अवग्रह को ग्रहण किया अर्थात् स्थान की याचना की और फिर स्थान की अवग्रह–मर्यादा कर संयम एव तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे।

ARRIVAL OF KESHI KUMAR SHRAMAN IN SHRAVASTI

213. At that time during that period there was Keshi Kumar Shraman who belonged to the tradition of Bhagavan Parshvanath. He had these qualities—

Jati-sampanna—It means he belonged to high clan from maternal side, **Kul-sampanna**—It means he belonged to high caste from paternal side. He possessed great strength of soul, **Roop-vaan**—He was more handsome them gods of Anuttar Viman, humble and possessed right faith, right knowledge and right conduct, **Lajja-vaan**—He was afraid of doing any sinful act,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Laaghav-vaan—Physically he had minimum required material and from the point of thought—repletion, he was free from any pride for his possessions taste or comfort. He was also humble, **Ojassvi**—He had mental strength, **Tejassvi**—He had physical brightness, **Varchassvi**—He was expert in meaningful and effective talk. He commanded respect. He had conquered four passions namely anger, greed, ego and deceit. He was free from anxiety to live longer and fear of death, **Tapah-pradhan**—He was observer of austerities of highest order, **Gun-pradhan**—He possessed complete self-restraint, **Karan-pradhan**—He was discriminatory (cautions) in observing rules of taking food and seventy other rules, **Charan-pradhan**—He was expert in observing properly five great vows (Maha-vrat) and seventy supporting principles, **Nigrah-pradhan**—He was always cautions in restraining his mind and senses from evil activities. He was expert in determining truth, **Aarjav-pradhan**—He was competent in subduing deceitful thoughts, **Maardav-pradhan**—He was free from pride, **Laaghav-pradhan**—He was competent in performing his duties, **Kshama-pradhan**—He was trained in subduing anger, **Gupti-pradhan**—He had control over mind, speech and action, **Mukti-pradhan**—He was extremely free from greed, **Vidya-pradhan**—He knew many skills including gods-based Prajnapti (knowledge), **Mantra-pradhan**—He had knowledge of all subjects that is possible by certain austerities and that which is obtained by worship of god Harinegameshi, expert in observing celibacy and others, **Ved-pradhan**—He had knowledge of scriptural and non-scriptural Agam, **Naya-pradhan**—He was expert in the style of discussion namely Naya (particular aspect) and Nikshep (point of view based on particular principle), **Niyam-pradhan**—He was expert in observing various unique self-restraints, **Satya-pradhan—Shauch-pradhan**—From physical as well as mental point of view, he was free from any attachment. He was well trained in faith, knowledge and conduct. He was broad minded. He was strict in facing turbulations (Parishah) of extreme type, in restraining sense-organs and the passions the inner enemies of self-purification, **Ghor-vrati**—He was observing the great vows of the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

saint carefully, **Ghor-tapasvi**—He was great in observing austerities, penances, **Ghor-brahmcharyavasi**—He was observing complete celibacy of highest order. He had discarded all decorations of the body. He was keeping the energy derived by Tejoleshya (practice of attaining fiery energy) completely in his control within his body. He had studied all the fourteen Poorvas. He had four types of knowledge—physical, scriptural, transcendental and reading modes of the mind.

Keshi Kumar Shraman and his five hundred disciples, while passing from one village to the other in a solemn quiet manner reached Koshthak temple in Shravasti town. He after seeking permission of the area and then limiting the boundary of the area for use, stayed there observing self-restraints and austerities (for self-purification).

विवेचन–केशीकुमार श्रमण का परिचय–इतिहास लेखको का मत है कि सम्राट् प्रदेशी प्रतिबोधक केशीकुमार श्रमंण भगवान पार्श्वनाथ की परम्परा के चतुर्थ पट्टधर थे। प्रथम पट्टधर प्रथम गणधर आचार्य शुभदत्त थे। उनके उत्तराधिकारी आचार्य हरिदत्त सूरि हुए, जिन्होंने वेदान्तदर्शन के प्रसिद्ध आचार्य 'लोहिय' को शास्त्रार्थ मे पराजित कर प्रतिबोध दिया और लोहिय को ५०० शिष्यों के साथ दीक्षित किया। उन नवदीक्षित श्रमणो ने सौराष्ट्र, तैलग (आन्ध्रा) प्रभृति प्रान्तो मे विचरण कर जैन-शासन की प्रबल प्रभावना की। तृतीय पट्टधर आचार्य समुद्र सूरि थे। उन्ही के समय 'विदेशी' नामक महान् प्रभावशाली आचार्य ने उज्जयिनी नगरी के अधिपति महाराज जयसेन, महारानी अनगसुन्दरी और राजकुमार केशी को प्रतिबोध देकर दीक्षित किया।

आगम साहित्य मे केशी श्रमण का राजप्रश्नीय और उत्तराध्ययन, इन दो आगमो मे उल्लेख हुआ है। इन आगमो मे उल्लिखित केशी एक ही व्यक्ति है या पृथक्-पृथक्? अनेक विद्वानो ने राजा प्रदेशी के प्रतिबोधक केशीकुमार श्रमण को और गणधर गौतम के साथ सवाद करने वाले केशीकुमार श्रमण को एक ही माना है, परन्तु हमारी दृष्टि से दोनो पृथक्-पृथक् व्यक्ति होने चाहिए। क्योकि सम्राट् प्रदेशी को प्रतिबोध देने वाले चतुर्दशपूर्वी और चार ज्ञान के धारक थे जबकि गणधर गौतम के साथ चर्चा करने वाले केशीकुमार श्रमण तीन ज्ञान के धारक थे। यद्यपि दोनो ही पार्श्व परम्परा के प्रतिनिधि है और दोनो के नाम भी एक समान हैं। लगता है केवल नाम-साम्य होने से मनीषियो को भ्रम हो गया है और उन्होने दोनो को एक माना है। केशीकुमार श्रमण के गुणो का जो वर्णन यहाँ किया है उससे स्पष्ट होता है कि वे अत्यन्त प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी थे। जिनका रूप, सौन्दर्य, तेज और वचन-चातुरी देखकर प्रदेशी राजा जैसा धर्मद्वेषी भी आकर्षित हुआ और उनके पास खिचा चला आया। इस विषय मे विद्वानो में भिन्न-भिन्न धारणाएँ है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र पाठ मे **'करणप्पहाणे'** एव **'चरणप्पहाणे'** पद मे 'करण' और 'चरण' शब्द करणसत्तरी और चरणसत्तरी के बोधक है। इन दोनों का तात्पर्य है–करण के सत्तर भेद और चरण के सत्तर भेद के ज्ञाता और पालन करने वाले।

प्रयोजन होने पर साधु जिन नियमो का सेवन करते है उन्हे 'करण' अथवा 'करण-गुण' कहते है और जिन नियमो का निरन्तर आचरण किया जाता है, वे 'चरण' अथवा 'चरण-गुण' कहलाते है।

करण के सत्तर भेद इस प्रकार है–

"पिंडविसोही समिइ, भावण पडिमा य इन्दियनिरोहो।
पडिलेहण गुत्तीओ, अभिग्गहा चेव करणं तु॥" –ओघनिर्युक्ति, गा ३

(१-४) आहार, वस्त्र, पात्र और शय्या की शुद्ध गवेषणा, (५-९) पॉच समिति, (१०-२१) अनित्य आदि बारह भावनाएँ, (२२-३३) बारह प्रतिमाएँ, (३४-३८) पॉच इन्द्रियो का निग्रह, (३९-६३) पच्चीस प्रकार की प्रतिलेखना, (६४-६६) तीन गुप्ति, एव (६७-७०) चार प्रकार के अभिग्रह पिड, वस्त्र, पात्र और शय्या से सम्बन्धित, ये करण-गुण के सत्तर भेद है। इसे करणसत्तरी कहते है।

चरण के सत्तर भेद इस प्रकार है–

"वय समणधम्म संजम, वेयावच्चं च बम्भगुत्तीओ।
णाणाइ तियं तवं, कोहनिग्गहाई चरणमेयं॥" –ओघनिर्युक्ति, गा. २

(१-५) पॉच महाव्रत, (६-१५) क्षमा आदि दस श्रमणधर्म, (१६-३२) सत्रह प्रकार का सयम, (३३-४२) आचार्य आदि का दस प्रकार का वैयावृत्य, (४३-५१) नौ ब्रह्मचर्य-गुप्तियॉ, (५२-५४) ज्ञान, दर्शन, चारित्र की आराधना, (५५-६६) बारह प्रकार का तप, (६७-७०) क्रोधादि चार कषायो का निग्रह।

Elaboration—Introduction of Keshi Kumar Shraman—According to historians, Keshi Kumar Shraman who gave scriptural knowledge to king Pradeshi was the fourth Acharya in the order of Bhagavan Parshvanath. The first in the order was Acharya Shubh Datt, the first ganadhar. He was succeeded by Haridatt Suri who defeated famous Acharya Lohit, master of Vedant philosophy in scriptural dialogue and then brought him and his five hundred disciples to Parshvanath order. Those saints moved in Saurashtra, Andhra Pradesh (Tailang) and spread Jain thought effectively. The third in the order was Acharya Samudra Suri. In his period, a greet influential preceptor 'Videshi' had given scriptural discourse to king Jaysen, queen Anang Sundari and prince Keshi and converted them into mendicants.

In Agam literature Keshi Shraman is mentioned in two Agams namely Raj-prashneeya and Uttaradhyayan. Is Keshi mentioned in them

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

the same person or two different persons ? Many scholars are of the view that the same person Keshi is mentioned in the said two Agam, but our view is that they should be two different persons. It is because Keshi who gave scriptural knowledge to king Pradeshi had the knowledge of fourteen Poorvas and he had four types of Jnan while Keshi who had scriptural dialogue with Gautam Swami had three types of Jnan. Both of them belonged to the tradition (order) of Parshvanath and name of both of them is the same. It appears that the identical name of the two misled the scholars that they were the same person. The description of qualities of Keshi Kumar in this Sutra clearly indicates that he had extremely influential personality. After seeing his shining face (aura) his grandeur and his effective words even a person like king Pradeshi who was totally irreligious felt attracted. The scholars have different views on this point.

The words 'karan' in **'Karanappahaane'** and "charan' in **'Charanappahaane'** in the aphorism mean seventy modes of karan and charan respectively. So these words in the aphorism stand for practitioners of seventy modes of activity (karan) and seventy modes of ascetic conduct (charan).

The principles which an ascetic follows when it is so required is called 'karan' or 'karan gun' and the principles that an ascetic follows throughout his life are called 'charan' or 'charan gun'.

Seventy modes of karan are as under—

(1-4) Seeking food, clothing, pot and plan to stay according to his discriminatory principles, (5-9) five types of carefulness namely in walking, speech, seeking, necessities, in accepting them, and in discarding the things not in accordance with their accepted principles, (10-21) twelve thought-reflections namely ephemeral nature of the world and others, (22-33) twelve speed restraints (pratijna—pratimas) of an ascetic, (34-38) restraints of five senses, (39-63) twenty five types of close examination (pratilekhana), (64-66) the control of mind, speech and action, (67-70) special self-restraints about acceptance of food, clothing, pots and place of stay or hatching **—Oagh Niryukti, Aphorism 3**

Seventy modes of charan are as under—

(1-5) Five great vows of an ascetic, (6-15) ten religious modes of conduct of an ascetic, (16-32) seventeen types of ascetic principles (restraints), (33-42) ten types of service of the Acharya (Guru), (43-51) nine types of observation for keeping strict Brahmacharya, (52-54) going

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

deeper and deeper in gaining knowledge, faith and ascetic conduct, (55-66) twelve types of austerities, (67-70) control of four passions namely anger and others. —Oagh Niryukti, Aphorism 2

जनसमूह का दर्शनार्थ जाना

२१४. (क) तए णं सावत्थीए नयरीए सिंघाडग–तिय–चउक्क–चच्चर–चउमुह–महापहपहेसु महया जणसद्दे इ वा जाणबूहे इ वा जणबोले इ वा जणकलकले इ वा जणउम्मी इ वा जणउक्कलिया इ वा जणसन्निवाए इ वा जाव (बहुजणो अण्णमण्णं एवं आइक्खइ एवं भासेइ एवं पण्णवेइ एवं परूवेइ) एवं खलु देवाणुप्पिया ! पासावच्चिज्जे केसी नाम कुमारसमणे जाइसंपन्ने जाव गामाणुगामं दूइज्जमाणे इह मागए, इह संपत्ते, इह समोसढे, इहेव सावत्थीए नयरीए बहिया कोट्ठए चेइए अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

२१४. (क) उस समय (केशीकुमार श्रमण का पदार्पण होने के पश्चात्) श्रावस्ती नगरी के शृगाटकों, त्रिको, चतुष्कों, चत्वरों, चतुर्मुखों, राजमार्गों और छोटे मार्गो (गलियों) में लोग आपस में चर्चा करने लगे, लोगों के झुण्ड इकट्ठे होने लगे, लोगों के बोलने की घोंघाट सुनाई पडने लगी, जन–कोलाहल होने लगा, भीड के कारण रास्ते चलते लोग आपस मे टकराने लगे, एक के बाद एक लोगों के टोले आते दिखाई देने लगे (इधर–उधर से आकर लोग एक स्थान पर इकट्ठे होने लगे, बहुत से लोग परस्पर एक–दूसरे से कहने लगे)– "हे देवानुप्रियो ! जाति आदि से सम्पन्न–पार्श्वापत्य केशीकुमार श्रमण विहार करते हुए, विचरते हुए आज यहाँ आये है। नगर में पधार गये हैं और इसी श्रावस्ती नगरी के बाहर कोष्ठक चैत्य में यथारूप–(साधु–मर्यादा के अनुरूप) अवग्रह–आज्ञा लेकर संयम एवं तप से आत्मा को भावित करते हुए विचर रहे हैं।"

ARRIVAL OF PUBLIC FOR SEEING THE SAINT

214. (a) At that time (when Keshi Kumar Shraman had arrived), the people started collecting and discussing among themselves, at triangular paths, places where three, four or more roads joint, buildings having four gates, highways and streets. Their talk was creating an echo. There was a noise at their meeting at such places. Due to their gathering, the passers-by were striking against others. People started coming from hither and thither; and saying— "O loveable of gods ! Keshi Kumar Shraman who belongs to the order of Parshvanath and who has a grand family of disciples

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

during the course of his wanderings has come here today. He has entered the town and is staying in Chaitya at the outskirts of Shravasti after seeking due permission following self-restraints of his conduct and the austerities."

(ख) तं महप्फलं खलु भो देवाणुप्पिया ! तहारूवाणं समणाणं भगवंताणं णामगोयस्स वि सवणयाए, किमंगपुण अभिगमण-वंदण-णमंसण-पडिपुच्छण-पज्जुवासणयाए ?

एगस्स वि आयरियस्स धम्मियस्स सुवयणस्स सवणयाए, किमंग ! विउलस्स अट्ठस्स गहणयाए ?

तं गच्छामो णं देवाणुप्पिया ! समणं भगवं वंदामो णमंसामो सक्कारेमो सम्माणेमो कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं विणएणं पज्जुवासामो (एयं णं इहभवे पेच्चभवे य हियाए सुहाए खमाए निस्सेयसाए आणुगामियत्ताए भविस्सइ)।

त्ति कट्टु परिसा निग्गया, केसी नामं कुमारसमणं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेति, वंदइ णमंसइ, वंदित्ता णमंसित्ता णच्चासन्ने णाइदूरे सुस्सूसमाणे नमंसमाणे पंजलियउडे अभिमुहे विणएणं परिसा पज्जुवासइ।

(ख) "हे देवानुप्रियो ! जब तथारूप श्रमण भगवन्तों का नाम-गोत्र सुनने से ही महाफल प्राप्त होता है, तब उनके समीप जाने, उनकी वंदना करने, उनसे प्रश्न पूछने और उनकी पर्युपासना-सेवा करने से प्राप्त होने वाले अनुपम फल के विषय में तो कहना ही क्या है ?

आर्य धर्म का एक सुवचन सुनने से जब महाफल प्राप्त होता है, तब विपुल अर्थों को ग्रहण करने से प्राप्त होने वाले फल के विषय में तो कहना ही क्या है ?

इसलिए हे देवानुप्रियो ! हम सब उनके पास चले, उनको वंदन-नमस्कार करें, उनका सत्कार करें, भक्तिपूर्वक सम्मान करें एव कल्याणरूप (कल्याणकारी), मंगलरूप (उनका दर्शन स्वयं ही मगल है), देवरूप (वे देव स्वरूप है), चैत्यरूप (स्वयं मूर्तिमंत ज्ञान) हैं। उनकी विनयपूर्वक पर्युपासना करें।"

(इनका वदन-नमस्कार करना हमे इस भव तथा परभव में हितकारी है, सुखप्रद है, क्षेम-कुशल एवं परम निःश्रेयस्-कल्याण का साधनरूप होगा। इसी प्रकार जन्म-जन्मान्तर में भी सुख देने का निमित्त बनेगा।)

ऐसा विचार कर परिषदा (जन-समुदाय) नगर से निकली और केशीकुमार श्रमण के पास पहुँचकर तीन बार प्रदक्षिणा की, प्रदक्षिणा करके वंदन-नमस्कार किया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वदन-नमस्कार करके न तो अधिक दूर और न अधिक निकट किन्तु उनके सम्मुख यथायोग्य स्थान पर बैठकर शुश्रूषा और नमस्कार करते हुए सविनय अंजलि करके पर्युपासना-सेवा करने लगी।

(b) "O the blessed ! When simply hearing the names and status of Shramans results in great benefit, going to them, bowing to them, seeking spiritual clarifications from them and serving them shall certainly result in extreme advantage that cannot be estimated.

A word from a true saint (Arya) is of great benefit, therefore, learning many facts from them shall be of immense advantage.

So, O the blessed ! Let us all go to them (the Shramans), bow to them, respect them, honour them with full faith. Their sight is auspicious beneficial, godly and knowledge personifier. Let us serve them humbly."

(Bowing to them and greeting them in respect is for our welfare in the present life and the life thereafter. It is pleasure-giving, it is for our welfare and shall be for our welfare in future. Similarly it shall be helping in our welfare for many many lives.)

With suchlike thoughts, the people came out in large numbers, they greeted Keshi Kumar Shraman thrice, bowed to him moving their hands in a circle. Thereafter, they sat in front of him (neither very far nor very near) and started exhibiting their devotion.

विवेचन—केशीकुमार श्रमण के श्रावस्ती मे पधारने पर अपार जनसमूह का उनके दर्शनार्थ उमडना और उनकी परस्पर चर्चा व हृदय की भावना का चित्रण यह प्रकट करता है कि उनके प्रति श्रावस्ती निवासियो के मन मे कितनी अपार श्रद्धा, भक्ति और उच्च कोटि की धार्मिक आस्था थी। लोग उनका नाम सुनना ही महान् भाग्योदय का फल मानते है, उनके दर्शन करना और उनकी वाणी सुनना तो लोक-परलोक के कल्याण की निशानी मानते है। इन शब्दो से पता चलता है श्रावस्ती निर्ग्रन्थ धर्म का विशेष केन्द्र रहा है और वहाँ के निवासी श्रमणो के प्रति अतीव श्रद्धा-भक्ति रखते थे। उनका आगमन सुनते ही समुद्र की लहरो की तरह उमडते थे। इस वर्णन से यह भी पता चलता है कि सभी वर्णो के लोग-क्षत्रिय, सेनापति, श्रेष्ठी, सार्थवाह, ग्रामीणजन व सेवा-कार्य करने वाले लोग सब मिल-जुलकर, सज-धजकर श्रमणो के दर्शन करने, उनका प्रवचन सुनने उत्साहपूर्वक जाते थे।

Elaboration—On arrival of Keshi Kumar Shraman in Shravasti, the instantaneous arrival of big gathering for his darshan, the mutual talk of the people about him indicates that the residents of Shravasti had unlimited faith, devotion and spiritual regard for him. The people

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

consider the listening of his very name as very much fortunate event. To have his darshan and to listen his discourse was considered an auspicious omen of their welfare in the present life-span and the life thereafter. This description shows that Shravasti was a prominent centre of Nirgranth faith and the residents of it had great faith and devotion for Shramans. At just the message of their arrival in the town, they used to came forward like waves of an ocean. This account further shows that the people of all the clans and all the trades namely Kshatriya, the army chief, the elite, the rich, the rural folk and the employees—all in a gathering and in elegant dress used to come humbly to Shramans to have their darshan and to listen to their spiritual discourse.

चित्त सारथी की जिज्ञासा

२१५. तए णं तस्स सारहिस्स तं महाजणसद्दं च जणकलकलं च सुणेत्ता य पासेत्ता य इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था।

'किं णं अज्ज सावत्थीए णयरीए[1] इंदमहे इ वा,[2] खंदमहे इ वा,[3] रुद्दमहे इ वा,[4] मउंदमहे इ वा,[5] सिवमहे इ वा,[6] वेसमणमहे इ वा,[7] नागमहे इ वा,[8] जक्खमहे इ वा,[9] भूयमहे इ वा,[10] थूममहे इ वा,[11] चेइयमहे इ वा,[12] रुक्खमहे इ वा,[13] गिरिमहे इ वा,[14] दरिमहे इ वा,[15] अगडमहे इ वा,[16] नईमहे इ वा,[17] सरमहे इ वा,[18] सागरमहे इ वा, जं णं इमे बहवे उग्गा उग्गपुत्ता भोगा राइन्ना इक्खागा णाया कोरव्वा जाव इब्भा इब्भपुत्ता अण्णे य बहवे राया–ईसर–तलवर–माडंबिय–कोडुंबिय–इब्भ–सेट्ठि–सेणावइ–सत्थवाहप्पभितियो ण्हाया कयबलिकम्मा कयकोउयमंगलपायच्छित्ता सिरसाकंठे मालकडा आविद्धमणिसुवण्णा कप्पियहार–अद्धहार–तिसरपालंबपलंबमाण–कडिसुत्तयकयसोहाहरणा चंदणोलित्तगायसरीरा पुरिसवग्गुरापरिखित्ता महया उक्किट्ठसीहणाय–बोल–कलकलरवेणं एगदिसाए जहा उववाइए जाव अप्पेगतिया हयगया गयगया जाव (रहगया सिबियागया संदमाणिया अप्पेगतिया) पायचारविहरेणं महया महया वंदावंदएहिं निग्गच्छंति।

एवं संपेहइ, संपेहित्ता कंचुइज्जपुरिसं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी–

किं णं देवाणुप्पिया ! अज्ज सावत्थीए नगरीए इंदमहे इ वा जाव सागरमहे इ वा जेणं इमे बहवे उग्गा भोगा. णिग्गच्छंति ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२१५. तब लोगों की बातचीत, जनकोलाहल सुनकर तथा जनसमूह को उमड़ता देखकर चित्त सारथी को इस प्रकार का सकल्प-विचार उत्पन्न हुआ-

'कि, क्या आज श्रावस्ती नगरी में इन्द्रमह अथवा स्कन्दमह का उत्सव है? या रुद्रमह, मुकुन्दमह, शिवमह, वैश्रमणमह, नागमह, यक्षमह, भूतमह, स्तूपमह, चैत्यमह, वृक्षमह, गिरिमह, दरि (गुफा) मह, कूपमह, नदीमह, सर (तालाब) मह अथवा सागरमह है? कि जिससे ये बहुत से उग्रवंशीय, उग्रवंशीयकुमार, भोगवंशीय, राजन्यवशीय, इक्ष्वाकुवंशीय, ज्ञातवंशीय, कौरववंशीय यावत् इब्भ, इब्भपुत्र तथा दूसरे भी अनेक राजा (मांडलिक राजा), ईश्वर (युवराज), तलवर (जागीरदार), मांडबिक, कौटुम्बिक, इभ्य, श्रेष्ठी (महाधनी-हाथी प्रमाण धन से सम्पन्न सेठ), सेनापति, सार्थवाह आदि सभी स्नानकर, बलिकर्मकर, कौतुक-मंगल-प्रायश्चित्तकर, मस्तक और गले में मालाएँ धारणकर, मणिजटित स्वर्ण के आभूषणों से शरीर को विभूषित कर, गले मे हार (अठारह लड़ का हार), अर्धहार, तिलड़ी, झूमका और कमर में लटकते हुए कटिसूत्र (करधनी) पहनकर, शरीर पर चंदन का लेपकर, आनंदातिरेक से सिंहनाद और कलकल ध्वनि से श्रावस्ती नगरी को गुँजाते हुए एक साथ एक ही दिशा में मुख करके जा रहे हैं। (औपपातिकसूत्र के अनुसार यहाँ सब जानना चाहिए।) उनमें से कितने ही घोडों पर सवार होकर, कई हाथी पर सवार होकर, कोई रथों मे बैठकर या पालखी मे बैठकर, स्यंदमानिका (लम्बी पालखी) में बैठकर और कितने ही अपने-अपने समुदाय बनाकर पैदल ही जा रहे हैं।'

यह देखकर विचार करके चित्त सारथी ने कचुकी पुरुष (द्वारपाल) को बुलाकर पूछा-

"देवानुप्रिय ! आज क्या श्रावस्ती नगरी में इन्द्र-महोत्सव है यावत् सागर-यात्रा है कि जिससे ये बहुत से उग्रवंशीय, भोगवशीय आदि सभी लोग अपने-अपने घरों से निकलकर एक ही दिशा में जा रहे हैं?"

QUESTION REVISED BY CHITTA SAARTHI

215. After hearing the talk of the town, and noise of the gathering and seeing the public going in a great procession, Chitta Saarthi thought as under—

२२९. तत्पश्चात् चित्त सारथी सेयविया नगरी में आया। सेयविया नगरी के मध्य भाग में प्रविष्ट होकर जहाँ प्रदेशी राजा का भवन था, जहाँ भवन की बाह्य उपस्थानशाला थी, वहाँ आया। घोड़ों को रोका, रथ को खड़ा किया, रथ से नीचे उतरा और उस महार्थक भेंट को साथ लेकर प्रदेशी राजा के सन्मुख पहुँचा। पहुँचकर दोनों हाथ जोडे; जय-विजय शब्दों से बधाया और प्रदेशी राजा के सामने उस महार्थक भेट को उपस्थित किया।

इसके बाद प्रदेशी राजा ने चित्त सारथी से वह भेट स्वीकार की और सत्कार-सन्मान करके चित्त सारथी को विदा किया।

प्रदेशी राजा से विदा लेकर चित्त सारथी प्रसन्न हृदय हो वहाँ से निकला और जहाँ चार घटों वाला अश्व-रथ था, वहाँ आया। अश्व-रथ पर आरूढ हुआ तथा सेयविया नगरी के बीचोंबीच से गुजरकर अपने घर आया। घर आकर घोड़ों को रोका, रथ को खडा किया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और रथ से नीचे उतरा। इसके बाद स्नान आदि करके श्रेष्ठ प्रासाद के ऊपर निवास करने लगा। वहाँ जोर-जोर से बजाये जा रहे मृदगों की ध्वनि के साथ उत्तम तरुणियों द्वारा किये जा रहे बत्तीस प्रकार के नाटकों आदि के नृत्य, गान और क्रीडा (लीला) को सुनता, देखता और हर्षित होता हुआ मनोज्ञ शब्द, स्पर्श यावत् सुखों का अनुभव करने लगा।

229. Thereafter Chitta Saarthi came to Seyaviya town. He entered it from the middle and came to the palace of king Pradeshi. He then came to royal council-hall outside the palace. He stopped the horses, halted the chariot and got down. He then came to king Pradeshi with the multi-valued gift. He folded his hand, praised the king and presented that gift to him.

Thereafter king Pradeshi accepted that gift from Chitta Saarthi and bid him farewell with great honour.

After seeking leave, Chitta Saarthi came out happily to the chariot. He got into the four-belled horse-driven chariot and passing through Seyaviya town came to his house. He stopped the horses, halted the chariot and got down. He then took a bath and started living in the upper storey of his grand building. There was music at high pitch, the young damsels were presenting thirty two types of dramatic performance, dance, vocal and classical music. Hearing their music and seeing their dance, he was feeling happy. He was enjoying the pleasant words, the touch and others and started passing his time in enjoyment.

केशीकुमार श्रमण का सेयविया में पदार्पण

२३०. तए णं केसी कुमारसमणे अण्णया कयाइ पाडिहारियं पीढ-फलग-सेज्जा-संथारगं पच्चप्पिणइ सावत्थीओ नगरीओ कोट्ठगाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ पंचहिं अणगारसएहिं जाव विहरमाणे जेणेव केइयअद्धे जणवए, जेणेव सेयविया नगरी, जेणेव मियवणे उज्जाणे, तेणेव उवागच्छइ, अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावमाणे विहरति।

२३०. किसी समय-(चित्त सारथी की विनती को ध्यान मे रखकर केशीकुमार श्रमण ने सेयविया जाने का विचार किया) तब अपने उपयोग के लिए लाये हुए प्रातिहारिक (काम में लेकर वापस लौटाने योग्य) पीठ (बैठने का बाजोट), फलक (लकडी का पाटिया), शय्या

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संस्तारक (सूखे तृण पुलाल) आदि उन-उनके स्वामियो को सौंपकर केशीकुमार श्रमण श्रावस्ती नगरी के कोष्ठक चैत्य से बाहर निकले। अपने पॉच सौ अन्तेवासी अणगारों के साथ विहार करते हुए केकय-अर्ध जनपद की 'सेयविया' नगरी के 'मृगवन' नामक उद्यान में पधारे। यथाप्रतिरूप अवग्रह-(मुनि-मर्यादा के अनुसार ठहरने की आज्ञा-अनुमति) लेकर सयम एवं तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे।

ARRIVAL OF KESHI KUMAR SHRAMAN IN SEYAVIYA

230. Once keeping in mind the request of Chitta Saarthi, Keshi Kumar Shraman thought of going to Seyaviya. Keshi Kumar Shraman returned the stool, the pot, the beds, the bedding of dry straw and other such articles (which could be returned after their use) to their masters. He then came out from Koshthak garden of Shravasti town. He wandering along with his five hundred saints came to Mrigavan garden in Seyaviya town of Kekaya-ardh state. After seeking permission of stay (as is the tradition among saints), he started staying following the principles of ascetic discipline.

२३१. तए णं सेयवियाए नगरीए सिंघाडग महया जणसद्दे वा. परिसा णिग्गच्छइ।

तए णं ते उज्जाणपालगा इमीसे कहाए लद्धट्ठा समाणा हट्ठतुट्ठ जाव हियया जेणेव केसी कुमारसमणे तेणेव उवागच्छन्ति, केसिं कुमारसमणं वंदंति नमंसंति, अहापडिरूवं उग्गहं अणुजाणंति, पाडिहारिएणं जाव संथारएणं उवनिमंतंति, णामं-गोयं पुच्छंति, ओधारेंति, एगंतं अवक्कमंति, अन्नमन्नं एवं वयासी-

जस्स णं देवाणुप्पिया ! चित्ते सारही दंसणं कंखइ, दंसणं पत्थेइ, दंसणं पीहेइ, दंसणं अभिलसइ, जस्स णं णामगोयस्स वि सवणयाए हट्ठतुट्ठ जाव हियए भवति, से णं एस केसी कुमारसमणे पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे गामाणुगामं दूइज्जमाणे इह मागए, इह संपत्ते, इह समोसढे, इहेव सेयवियाए णगरीए बहिया मियवणे उज्जाणे अहापडिरूवं जाव विहरइ। तं गच्छामो णं देवाणुप्पिया ! चित्तस्स सारहिस्स एयमट्ठं पियं निवेएमो, पियं से भवउ।

अण्णमण्णस्स अंतिए एयमट्ठं पडिसुणेंति।

जेणेव सेयविया णगरी जेणेव चित्तस्स सारहिस्स गिहे, जेणेव चित्त सारही तेणेव उवागच्छंति, चित्त सारहिं करयल जाव वद्धावेंति एवं वयासी-जस्स णं देवाणुप्पिया !

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दंसणं कंखंति जाव अभिलसंति, जस्स णं णामगोयस्स वि सवणयाए हट्ठ जाव भवह, से णं अयं केसी कुमारसमणे पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे समोसढे जाव विहरइ।

२३१. (केशीकुमार श्रमण के आगमन का समाचार सुनकर) सेयविया नगरी के शृंगाटको आदि स्थानो पर लोगो मे परस्पर बातचीत होने लगी, लोगो के झुण्ड वदना करने निकले।

तब वे उद्यानपालक भी केशीकुमार श्रमण के आगमन का सवाद सुनकर और समझकर हर्षित हृदय होते हुए जहॉ केशीकुमार श्रमण थे, वहॉ आये। आकर केशीकुमार श्रमण को वदना की, नमस्कार किया एवं यथाप्रतिरूप अवग्रह (स्थान पर ठहरने की अमुमति) प्रदान की। प्रातिहारिक पीठ, फलक, संस्तारक आदि ग्रहण करने के लिए प्रार्थना की। इसके बाद उन्होने (श्रमण का) नाम एवं गोत्र पूछा। चित्त सारथी की आज्ञा का स्मरण करते हुए एकान्त में वे परस्पर एक-दूसरे से इस प्रकार बातचीत करने लगे-

'देवानुप्रियो ! चित्त सारथी जिनके दर्शन की आकांक्षा करते हैं, जिनके दर्शन की प्रार्थना करते हैं, जिनके दर्शन की स्पृहा-चाहना करते हैं, जिनके दर्शन की अभिलाषा करते है, जिनका नाम, गोत्र सुनते ही हर्षित, सन्तुष्ट यावत् विकसित हृदय हो जाते हैं, ये वही केशीकुमार श्रमण अनुक्रम से विहार करते हुए, एक गॉव से दूसरे गॉव मे विहार करते हुए यहॉ आये हैं, यहॉ पधारे हैं तथा इसी 'सेयविया' नगरी के बाहर मृगवन उद्यान मे यथाप्रतिरूप अवग्रह ग्रहण करके विराजमान हुए हैं। अतएव हे देवानुप्रियो ! हम चलें और चित्त सारथी के इस प्रिय समाचार को (केशीकुमार श्रमण के आगमन की सूचना) उनसे निवेदन करे। हमारा यह निवेदन उन्हें बहुत ही प्रिय लगेगा।'

उद्यानपालको ने एक-दूसरे से इस प्रकार विचार करके निश्चय किया।

इसके बाद उद्यानपालक जहॉ सेयविया नगरी में चित्त सारथी का घर था, वहॉ आये। आकर दोनों हाथ जोड विनयपूर्वक चित्त सारथी को बधाया और इस प्रकार निवेदन किया- "देवानुप्रिय ! आपको जिनके दर्शन की इच्छा है यावत् आप अभिलाषा करते हैं और जिनके नाम एव गोत्र को सुनकर आप हर्षित होते है, वे केशीकुमार श्रमण विचरते हुए यहॉ मृगवन उद्यान में पधार गये है, आकर वहॉ ठहरे है।"

231. After hearing the news about the arrival of Keshi Kumar Shraman, the people at the triangular paths and other crossings and suchlike places started talking about it among themselves. They came out in large number to greet the saints and bow to them.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The chowkidars and gardeners also on hearing about the arrival of Keshi Kumar Shraman, understanding it properly and feeling over-joyed came to the place where Keshi Kumar Shraman was seated. They bowed to him, greeted him and allowed him gracefully to stay there according to their ascetic code. They also requested him to accept stool, bed, board, bedding of straw and other suchlike articles of use. Thereafter, they asked the name and status of the saint (Shraman). They recalled the orders of Chitta Saarthi and started talking among themselves as under—

'O the blessed ! Keshi Kumar Shraman during his wanderings, moving from one village to another, has come here, has graced this place has stayed in Mrigavan garden at the outskirts of Seyaviya town following his ascetic restraints and principles. He is the same saint whom Chitta Saarthi is keen to see, for whose darshan, he had made a request, for whose darshan, he had expressed a deep desire. It is he, whose very reciting of name and status makes Chitta happy, contented and over-joyed. So O the loveable of gods ! Let us go to Chitta Saarthi and convey to him good news of the arrival of Keshi Kumar Shraman. Our this statement shall certainly be liked by him."

Then the chowkidars of the garden thought over it carefully and agreed to it.

Thereafter they came to the residence of Chitta Saarthi. They folded their hands and humbly congratulated him (Chitta) and said—"Reverend Sir ! Keshi Kumar Shraman, whom you desire to see, about whose darshan you are very keen, whose very name and status brings to you ecstatic pleasure, has arrived. He is staying in Mrigavan garden."

चित्त का दर्शनार्थ आगमन

२३२. (क) तए णं से चित्ते सारही तेसिं उज्जाणपालगाणं अंतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म हट्ठतुट्ठ जाव आसणाओ अब्भुट्ठेति, पायपीढाओ पच्चोरुहइ, पाउयाओ ओमुयइ, एगसाडियं उत्तरासंगं करेइ, अंजलिमउलियग्गहत्थे केसिकुमारसमणाभिमुहे सत्तट्ठ पयाइं अणुगच्छइ करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलि कट्टु एवं वयासी–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नमोऽत्थु णं अरहंताणं जाव संपत्ताणं, नमोऽत्थु णं केसिस्स कुमारसमणस्स मम धम्मायरियस्स धम्मोवदेसगस्स। वंदामि णं भगवं तं तत्थगयं इहगए, पासउ मे त्ति कट्टु वंदइ नमंसइ।

२३२. **(क)** उद्यानपालको से यह सवाद सुनकर एवं हृदय में अवधारण कर वह चित्त सारथी हर्षित हुआ। आनन्दित हुआ, मन मे प्रीति उत्पन्न हुई। परम सौमनस्य (आनन्द व उल्लास) को प्राप्त हुआ। वह शीघ्र अपने आसन से उठा; पादपीठ से नीचे उतरा, पादुकाएँ उतारीं, एकशाटिक उत्तरासग किया और मस्तक पर दोनो हाथ लगाकर अजलि करके जिस ओर केशीकुमार श्रमण विराजमान थे, उस दिशा में सात-आठ कदम चला और फिर दोनो हाथ जोड आवर्त्तपूर्वक (हाथ घुमाकर) मस्तक पर अजलि करके उनकी इस प्रकार स्तुति करने लगा-

"अरिहत भगवंतों को नमस्कार हो यावत् सिद्धगति को प्राप्त सिद्ध भगवन्तों को नमस्कार हो। मेरे धर्माचार्य, मेरे धर्मोपदेशक केशीकुमार श्रमण को नमस्कार हो। उनकी मै वन्दना करता हूँ। वहाँ विराजमान वे भगवान यहाँ विद्यमान मुझको देखे।" इस प्रकार कहकर वदन-नमस्कार किया।

ARRIVAL OF CHITTA FOR DARSHAN

232. (a) After hearing the message from the watchmen of the garden and brooding upon it, Chitta Saarthi felt happy. He felt pleased and liked it. He got ecstatic pleasure. He got up from his seat quickly, he got down from it, removed his shoes, wrapped the cloth round his face, placed his folded hands at his forehead and then went seven-eight steps in the direction in which Keshi Kumar Shraman was staying. He then moved his folded hands in a circle and placing them near his forehead praised the Shraman as under—

"I pay obeisance to Reverend Arihantas; to Siddhas who have attained liberation, to my religious preceptor, to my religious guide Keshi Kumar Shraman. I bow to them. My respected Bhagavan may see me from there. Saying so he bowed to him, greeted him and praised him."

(ख) ते उज्जाणपालए विउलेणं वत्थगंधमल्लालंकारेणं सक्कारेइ सम्माणेइ विउलं जीवियारिहं पीइदाणं दलयइ, पडिविसज्जेइ।

कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ एवं वयासी-खिप्पामेव भो ! देवाणुप्पिया चाउग्घंटं आसरहं जुत्तामेव उवट्ठवेह जाव पच्चप्पिणह।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तए णं ते कोडुंबियपुरिसा जाव खिप्पामेव सच्छत्तं सज्झयं जाव उवट्ठवित्ता तमाणत्तियं पच्चप्पिणंति।

तए णं से चित्ते सारही कोडुंबियपुरिसाणं अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठ जाव हियए ण्हाए कयबलिकम्मे जाव जेणेव चाउग्घंटे जाव दुरूहित्ता सकोरंट. महया भडचडगरेणं तं चेव जाव पज्जुवासइ धम्मकहाए जाव।

(ख) इसके पश्चात् चित्त सारथी ने (शुभ संवाद देने की खुशी में) उन उद्यानपालकों को विपुल वस्त्र, गंध, माला, अलकारों से सत्कार-सन्मान किया तथा जीविका-योग्य विपुल प्रीतिदान (पारितोषिक) देकर विदा किया।

तदनन्तर अपने कौटुम्बिक पुरुषों को बुलाकर आज्ञा दी-"हे देवानुप्रियो ! शीघ्र ही तुम चार घंटों वाला अश्व-रथ जोतकर उपस्थित करो और मुझे वापस इसकी सूचना दो।"

कौटुम्बिक पुरुषों ने शीघ्र ही छत्र एवं ध्वजा-पताकाओं से सुशोभित रथ को तैयार कर रथ ले आने की सूचना दी।

कौटुम्बिक पुरुषों से रथ लाने की सूचना पाकर हृष्ट-तुष्ट यावत् विकसित हृदय होते हुए चित्त सारथी ने स्नान किया, बलिकर्म किया यावत् आभूषणों से शरीर को अलंकृत किया। जहाँ चार घंटों वाला रथ था, वहाँ आया और रथ पर आरूढ होकर कोरंट पुष्पो की मालाओ से युक्त छत्र को धारण कर विशाल सुभटो को साथ लेकर रवाना हुआ। उद्यान में पहुँचकर केशीकुमार श्रमण की पर्युपासना करने लगा। केशीकुमार श्रमण ने धर्मोपदेश दिया।

(b) Thereafter, expressing his happiness at the good news conveyed by watchmen of the garden, he gave them many clothes, garlands, fragrant material, ornaments and honoured them. He gave them gifts in sufficient number suitable for their living

Thereafter he called the heads of the family and ordered them—"O the blessed ! Kindly present quickly the four-belled horse-driven chariot ready to move. Please intimate me after compliance."

The servants soon made the chariot ready fitted with umbrella, the flag, the buntings and intimated to Chitta.

After hearing the compliance of his orders, feeling happy and with a joyous heart, Chitta Saarthi took his bath, decorated himself with auspicious symbols and ornaments. He then came to the place where the four-belled chariot was standing. He got into it, spread the umbrella bearing garlands of Korant flowers and started along

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

with a large company of warriors. After reaching the garden he started expressing his devotion for Keshi Kumar Shraman. Then Keshi Kumar Shraman gave him a religious discourse.

राजा को प्रतिबोध देने की प्रार्थना

२३३. तए णं से चित्ते सारही केसिस्स कुमारसमणस्स अंतिए धम्मं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठे तहेव एवं वयासी–

एवं खलु भंते ! अम्हं पएसी राया अधम्मिए जाव सयस्स वि णं जणवयस्स नो सम्मं करभरवित्तिं पवत्तेइ। तं जइ णं देवाणुप्पिया ! पएसिस्स रण्णो धम्ममाइक्खेज्जा बहुगुणतरं खलु होज्जा पएसिस्स रण्णो तेसिं च बहूणं दुपय–चउप्पय–मिय–पसु–पक्खी–सरीसवाणं, तेसिं च बहूणं समणमाहणभिक्खुयाणं।

तं जइ णं देवाणुप्पिया ! पएसिस्स बहुगुणतरं होज्जा सयस्स वि य णं जणवयस्स।

२३३. धर्मश्रवण कर और उसे हृदय में धारण कर चित्त सारथी हर्षित, सन्तुष्ट एवं चित्त मे आनन्दित हुआ। धर्म के प्रति अनुरागी, परम सौम्यभावयुक्त होकर केशीकुमार श्रमण से निवेदन किया–

"हे भदन्त ! हमारा प्रदेशी राजा अधार्मिक है, यावत् राज-कर लेकर भी समीचीन रूप से अपने जनपद (प्रजा) का पालन एव रक्षण नहीं करता है। अतएव आप देवानुप्रिय ! यदि प्रदेशी राजा को धर्मोपदेश देंगे तो प्रदेशी राजा के लिए, साथ ही अनेक द्विपद (मनुष्यों), चतुष्पद (पशुओं), मृग, पशु, पक्षी, सरीसृपो आदि के लिए तथा बहुत से श्रमणों, माहणो एव भिक्षुओं आदि के लिए बहुत-बहुत गुणकारी–हितकारी, लाभकारी सिद्ध होगा।

हे देवानुप्रिय ! यदि वह धर्मोपदेश प्रदेशी के लिए हितकर हो जाता है तो उससे जनपद–देश को भी बहुत लाभ होगा।"

REQUEST FOR GIVING RELIGIOUS SERMON TO THE KING

233. After listening the religious discourse Chitta Saarthi brooded upon it, accepted it, felt happy and satisfied. He feeling deeply inclined towards Dharma, in a solemn tone requested Keshi Kumar Shraman—

"Reverend Sir ! Our king Pradeshi is irreligious upto the fact that he receives taxes from the public but does not properly look after them. He does not make them secured. So the reverend Sir ! In case you deliver a religious sermon to king Pradeshi it will be

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

beneficial for him and also for men, quadruped, deer, animals, birds, snakes and others. It shall be of great benefit for many saints, brahmins, mendicants and others.

Respected Sir ! In case your religious discourse becomes beneficial for king Pradeshi, it shall be for the welfare of the country also."

केशीकुमार श्रमण का उत्तर

२३४. (क) तए णं केसी कुमारसमणे चित्तं सारहिं एवं वयासी–

एवं खलु चउहिं ठाणेहिं चित्ता ! जीवा केवलिपन्नत्तं धम्मं नो लभेज्जा सवणयाए, तं जहा–

(१) आरामगयं वा उज्जाणगयं वा समणं वा माहणं वा णो अभिगच्छइ, णो वंदइ, णो णमंसइ, णो सक्कारेइ, णो सम्माणेइ, णो कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं पज्जुवासेइ, नो अट्ठाइं हेऊइं पसिणाइं कारणाइं वागरणाइं पुच्छइ, एएणं ठाणेणं चित्ता ! जीवा केवलिपन्नत्तं धम्मं नो लभंति सवणयाए।

(२) उवस्सयगयं समणं वा तं चेव जाव एतेण वि ठाणेणं चित्ता ! जीवा केवलिपन्नत्तं धम्मे नो लभंति सवणयाए।

(३) गोयरग्गगयं समणं वा माहणं वा जाव नो पज्जुवासइ, णो विउलेणं असण–पाण–खाइम–साइमेणं पडिलाभइ, णो अट्ठाइं जाव पुच्छइ, एएणं ठाणेणं चित्ता ! केवलिपन्नत्तं धम्मं नो लभइ सवणयाए।

(४) जत्थ वि य णं समणेण वा माहणेण वा सद्धिं अभिसमागच्छइ, तत्थ वि णं हत्थेण वा वत्थेण वा छत्तेण वा अप्पाणं आवरित्ता चिट्ठइ, नो अट्ठाइं जाव पुच्छइ, एएण वि ठाणेणं चित्ता ! जीवे केवलिपन्नत्तं धम्मं णो लभइ सवणयाए।

एएहिं च णं चित्ता ! चउहिं ठाणेहिं जीवे णो लभइ केवलिपन्नत्तं धम्मं सवणयाए।

२३४. (क) चित्त सारथी की हार्दिक भावना सुनने के पश्चात् केशीकुमार श्रमण ने इस प्रकार कहा–

"हे चित्त ! कोई भी जीव, निश्चय ही इन चार कारणों से केवलिभाषित धर्म को सुनने का लाभ प्राप्त नहीं कर पाता है। वे चार कारण इस प्रकार हैं–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-९

Illustration No. 9

धर्म-प्राप्ति की सुलभता-दुर्लभता

केशीकुमार श्रमण ने चित्त सारथी से कहा-"हे चित्त ! निम्न चार कारणो से जीव को धर्म की प्राप्ति सुलभ तथा चार कारणो से दुर्लभ होती है-

(१) जो उद्यान आदि मे स्थित श्रमणो के सम्मुख जाकर उन्हे वन्दना आदि कर पर्युपासना करता है, उसे धर्म की प्राप्ति सुलभ है। जो दूर से ही देखकर अकडकर खडा रह जाता है, उसे धर्म की प्राप्ति सुलभ नही।

(२) जो उपाश्रय मे स्थित मुनियो को वन्दना कर धर्म का श्रवण करता है, उसे धर्म की प्राप्ति सुलभ है। जो उनके निकट ही नही जाता, दूर-दूर रहता है, उसे धर्म की प्राप्ति दुर्लभ है।

(३) गोचरी के लिए आये हुए श्रमणो को जो भक्तिपूर्वक आहारदान करता है, उसे धर्म की प्राप्ति सुलभ है। जो नही देता, उसे दुर्लभ है।

(४) श्रमण आदि मार्ग मे मिलने पर जो उन्हे वन्दना-नमस्कार करता है, उसे धर्म की प्राप्ति सुलभ है। जो दीवार या छत्ता आदि से स्वय को छिपाने की चेष्टा करता है, उसे धर्म की प्राप्ति दुर्लभ है।"

-सूत्र २३४, पृष्ठ २९४-२९८

OPPORTUNITIES TO BENEFIT FROM A RELIGIOUS DISCOURSE

Keshi Kumar Shraman said to Chitta Sarathi—"O Chitta ! Following are the four reasons that provide an opportunity of gaining benefit from a religious discourse and four that do not—

(1) A person who bows to and honours Shramans stationed at a garden or other such place gets the opportunity of gaining bebefit from a religious discourse One who egotistically stands at a distance does not

(2) A person who bows to and honours and listens attentively to Shramans stationed at an upashraya gets the opportunity of gaining bebefit from a religious discourse One who remains away and avoids their proximity does not

(3) A person who offers food with devotion to Shramans who have come seeking alms gets the opportunity of gaining bebefit from a religious discourse One who avoids doing so does not

(4) A person who bows to and honours the Shramans he meets on the way gets the opportunity of gaining bebefit from a religious discourse One who hides behind a wall or an umbrella does not "

—Sutra 234 , pp 294-298

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१) जो आराम (बाग) में अथवा उद्यान में ठहरे हुए श्रमण या माहन के सन्मुख नहीं जाता है, मधुर वचनों से उनकी स्तुति नही करता है, मस्तक नवाकर उनको नमस्कार नही करता है, सामने देखकर आसन से उठकर उनका सत्कार नहीं करता है, उनका सम्मान नही करता है तथा कल्याणस्वरूप, मंगलस्वरूप, देवस्वरूप, विशिष्ट ज्ञानस्वरूप मानकर जो उनकी पर्युपासना नहीं करता है। जो **अर्थ**–जीवाजीवादि पदार्थों को, **हेतुओं**–(मुक्ति के उपायों) को जानने की इच्छा से **प्रश्नों** को, **कारणों** (संसारबन्ध के कारणों) को, **व्याख्याओं**–(तत्त्वों का पूर्ण ज्ञान करने के लिए उनके स्वरूप) को नही पूछता है, तो हे चित्त ! वह जीव केवलिप्ररूपित धर्म को सुन नहीं पाता है।

(२) उपाश्रय मे स्थित श्रमण आदि का वन्दन, नमन, सत्कार, सम्मान आदि करने के निमित्त जो उनके सन्मुख नहीं जाता यावत् उनसे व्याकरण (तत्त्व का विवेचन) नहीं पूछता तो इस कारण भी हे चित्त ! वह जीव केवलिभाषित धर्म को सुन नहीं पाता है।

(३) गोचरी–भिक्षा के लिए गॉव में आये हुए श्रमण, माहन का सत्कार आदि करने के निमित्त जो उनके समक्ष नही जाता यावत् उनकी पर्युपासना नहीं करता तथा उन्हें विपुल एषणीय अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य आहार से प्रतिलाभित नहीं करता (आहारदान नहीं करता) एवं शास्त्र के अर्थ यावत् व्याख्या को उनसे नहीं पूछता, तो हे चित्त ! ऐसा जीव भी केवली भगवान द्वारा प्ररूपित धर्म को सुन नहीं पाता है।

(४) कहीं मार्ग में (अचानक) श्रमण या माहन का सुयोग मिल जाने पर भी वहॉ अपने आप को छिपाने के लिए अथवा 'पहचाना न जाऊँ', इस विचार से हाथ से, वस्त्र से, छत्ते से स्वयं को आवृत्त कर लेता है, ढॉक लेता है एवं उनसे अर्थ आदि नही पूछता है, तो इस कारण से भी हे चित्त ! वह जीव केवलिभाषित धर्मश्रवण करने का अवसर प्राप्त नहीं कर सकता है।

हे चित्त ! उक्त चार कारणो से जीव केवलिभाषित धर्मश्रवण करने का लाभ नहीं ले पाता है।''

REPLY OF KESHI KUMAR SHRAMAN

234. (a) After listening to the inner desire of Chitta Saarthi, Keshi Kumar Shraman said—

"O Chitta ! Certainly a Jiva (living being) cannot get the benefit of listening to the philosophy propagated by the omniscient due to four reasons. They are as under—

(1) A person does not go to the Shraman or an ascetic staying in a garden or an orchard. He does not praise them with sweet words.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

He does not bow to them, does not honour them by getting up from his seat at their sight. He does not respect them and does not consider them working for welfare. He does not regard auspicious, god-like and treasure of excellent knowledge for all and accepting them as such does not serve them with devotion. He does not ask question to know **Arth**—the interpretation of living being and non-living being; to know **Hetus**—the methods of attaining liberation; to know the **Vyakhyas**—complete knowledge about **Tattvas**—the basic concepts. O Chitta ! Such a person cannot listen the philosophy propounded by omniscient.

(2) A person does not go to the Upashreya to bow, to greet, to honour and to show respect to the Shramans (saints) staying there. He does not make detailed enquiry from them about the basic elements (Tattvas). In view of it, O Chitta ! He is not able to hear the philosophy propounded by omniscient.

(3) A person does not go before a Shraman or an ascetic who has come to the village in search of food and water. He does not honour them. He does not serve them with devotion. He does not offer them food, liquids, sweets and substances that cause fragrance (He does not give food in charity). He does not ask meaning and underlying idea of scriptures the detailed commentary of the aphorism therein. O Chitta ! Such a person cannot listen the philosophy propagated by the omniscient.

(4) A person covers his face with hand, clothes or umbrella when suddenly he sees a Shraman or an ascetic in order to conceal his presence from them so that he may not be recognized by them. He does not ask any question pertaining to religion from them. O Chitta ! Such a person cannot listen religious discourse based on word of omniscient.

O Chitta ! Due to four reasons mentioned above a person cannot get the benefit of listening the religious discourse."

धर्म–प्राप्ति के चार कारण

(ख) चउहिं ठाणेहिं चित्ता ! जीवे केवलिपन्नत्तं धम्मं लभइ सवणयाए, तं जहा–

(१) आरामगयं वा उज्जाणगयं वा समणं वा माहणं वा वंदइ नमंसइ जाव पज्जुवासइ अट्ठाइं जाव पुच्छइ, एएणं वि जाव लभइ सवणयाए एवं,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) उवस्सयगयं,

(३) गोयरग्गगयं समणं वा जाव पज्जुवासइ विउलेणं जाव पडिलाभेइ, अट्ठाइं जाव पुच्छइ एएण वि,

(४) जत्थ वि य णं समणेण वा माहणेण वा अभिसमागच्छइ तत्थ वि य णं णो हत्थेण वा जाव आवरेत्ताणं चिट्ठइ, एएण वि ठाणेणं चित्ता ! जीवे केवलिपन्नत्तं धम्मं लभइ सवणयाए।

तुज्झं च णं चित्ता ! पएसी राया आरामगयं वा ते चेव सव्वं भाणियव्वं आइल्लएणं गमएणं जाव अप्पाणं आवरेत्ता चिट्ठइ, तं कहं णं चित्ता ! पएसिस्स रन्नो धम्ममाइक्खिस्सामो ?

(ख) "हे चित्त चार कारणो से जीव केवलिभाषित धर्म को सुनने का अवसर प्राप्त कर सकता है। वे चार कारण इस प्रकार हैं–

(१) आराम में अथवा उद्यान मे पधारे हुए श्रमण या माहन को देखकर जो वन्दन करता है, नमस्कार करता है यावत् उनकी पर्युपासना करता है, तत्त्वों को पूछता है, तो वह जीव केवलिप्ररूपित धर्म को सुनने का अवसर प्राप्त कर सकता है।

(२) इसी प्रकार जो जीव उपाश्रय में रहे हुए श्रमण या माहन को वन्दन–नमस्कार करता है यावत् उनकी पर्युपासना करता हुआ तत्त्व आदि धर्म पूछता है तो वह केवलिप्ररूपित धर्म को सुन सकता है।

(३) इसी प्रकार जो जीव गोचरी–भिक्षाचर्या के लिए आये हुए श्रमण या माहन को वन्दन–नमस्कार करता है यावत् उनकी पर्युपासना करता है तथा विपुल आहार आदि से उन्हें प्रतिलाभित करता है, उनसे धर्म के, शास्त्र के तत्त्वों आदि को पूछता है, वह जीव इस निमित्त से भी केवलिभाषित धर्म को सुनने का अवसर प्राप्त कर सकता है।

(४) इसी प्रकार हे चित्त ! जो जीव जहाँ कही श्रमण या माहन का सुयोग मिलने पर हाथो, वस्त्रो, छत्ता आदि से स्वय को छिपाता नहीं है, (अपितु उनके सत्संग मे आता है) वह जीव केवलिप्रज्ञप्त धर्म सुनने का लाभ प्राप्त कर सकता है।

लेकिन, हे चित्त ! तुम्हारा प्रदेशी राजा जब उद्यान में आये हुए श्रमण या माहन के सन्मुख ही नहीं आता है यावत् अपने को छिपा लेता है, तो फिर प्रदेशी राजा को मैं कैसे धर्म का उपदेश दे सकूँगा ?"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(b) "O Chitta ! Due to four reasons, one can get a chance to listen the scriptures They are as under—

(1) A person bows to and honour the Shraman or an ascetic staying in the garden or an orchard whenever he sees them. He serves with devotion. He asks questions to seek clarification. Such a person can listen religious discourse whenever such an occasion arises.

(2) Similarly a person bows to the Shraman or ascetic staying in Upashraya. He honours him upto serves him with devotion. He asks questions about religious faith and others. Such a person can listen the philosophy propagated by omniscient.

(3) A person bows to the Shraman or ascetic who has come in search of food according to his restraints (Gochari). He honours him upto serves him with devotion. He offers him sufficient food and other necessities. He makes enquiries about religion and its basic principles. So he can find opportunity to listen the philosophy propagated by omniscient.

(4) Further O Chitta ! A person when he sees a Shraman or Mahan (ascetic) per chance, and does not conceal himself with his hands, clothes, umbrella and others but comes near him, he also can get the benefit of listening the philosophy propagated by the omniscient.

But O Chitta ! Your king Pradeshi does not come near the Shraman or Mahan staying in the garden and conceals himself. So how can I deliver spiritual discourse to king Pradeshi."

राजा प्रदेशी को लाने हेतु चित्त की युक्ति

२३५. तए णं से चित्ते सारही केसिकुमारसमणं एवं वयासी—एवं खलु भंते ! अण्णया कयाइं कंबोएहिं चत्तारि आसा उवणयं उवणीया, ते मए पएसिस्स रण्णो अन्नया चेव उवणीया, तं एएणं खलु भंते ! कारणेणं अहं पएसिं रायं देवाणुप्पियाणं अंतिए हव्वमाणेस्सामो, तं मा णं देवाणुप्पिया ! तुब्भे पएसिस्स रन्नो धम्ममाइक्खमाणा गिलाएज्जाह, अगिलाए णं भंते ! तुब्भे पएसिस्स रण्णो धम्ममाइक्खेज्जाह, छंदेणं भंते ! तुब्भे पएसिस्स रण्णो धम्ममाइक्खेज्जाह।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तए णं से केसी कुमारसमणे चित्तं सारहिं एवं वयासी–अवि या इं चित्ता ! जाणिस्सामो।

तए णं से चित्ते सारही केसिं कुमारसमणं वंदइ नमंसइ, जेणेव चाउग्घंटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ, चाउग्घंटं आसरहं दुरूहइ, जामेव दिसिं पाउब्भूए तामेव दिसिं पडिगए।

२३५. केशीकुमार श्रमण के वचन सुनकर चित्त सारथी ने निवेदन किया–"हे भदन्त ! किसी समय कबोज देशवासियो ने चार सुन्दर घोडे उपहार रूप में भेंट किये थे। मैंने उनको प्रदेशी राजा के पास भिजवा दिया था, तो भगवन् ! इन घोडो के बहाने मै शीघ्र ही प्रदेशी राजा को आपके पास लाऊँगा। तब हे देवानुप्रिय ! आप प्रदेशी राजा को धर्मकथा कहते हुए लेशमात्र भी ग्लानि अनुभव मत करना–खेदखिन्न या उदासीन न होना। हे भदन्त ! आप अग्लानभाव से(सहज प्रसन्नभावपूर्वक सकोचरहित होकर) प्रदेशी राजा को धर्मोपदेश देना। हे भगवन् ! आप अपनी इच्छानुसार प्रदेशी राजा को धर्म का कथन करना।"

तब केशीकुमार श्रमण ने चित्त सारथी से कहा–"हे चित्त ! अवसर–प्रसग आने पर देखा जायेगा।"

तत्पश्चात् चित्त सारथी ने केशीकुमार श्रमण को वन्दना की, नमस्कार किया और फिर जहाँ चार घटो वाला अश्व–रथ खडा था, वहाँ आकर उस चार घटो वाले अश्व–रथ पर आरूढ हुआ। जिस दिशा से आया था उसी ओर लौट गया।

THE PROPOSAL OF CHITTA TO BRING KING PRADESHI

235. After hearing this reply of Keshi Kumar Shraman Chitta Saarthi said—"Reverend Sir ! Sometimes the residents of Kamboj had presented four beautiful horses as a gift. I had sent them to king Pradeshi. On pretext of testing those horses, I shall soon bring king Pradeshi to you. At that time while giving spiritual discourse to him, kindly do not have even the slightest dejection and do not feel sad. Reverend Sir ! You lecture him in a happy mood without any doubt in your mind. You explain to him the religious philosophy in a normal way."

Then Keshi Kumar Shraman Replied—"O Chitta ! I shall see to as and when the occasion arises."

Thereafter Chitta Saarthi bowed to Keshi Kumar Shraman, praised him and then came to the place where four-belled horse-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

driven chariot was standing. He got into it and came back (to his house).

राजा प्रदेशी का उद्यान मे आगमन

२३६. (क) तए णं से चित्ते सारही कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए फुल्लुप्पल-कमलकोमलुम्मिलियंमि अहापंडुरे पभाए कयनियमावस्सए सहस्सरस्सिम्मि दिणयरे तेयसा जलंते साओ गिहाओ णिग्गच्छइ, जेणेव पएसिस्स रन्नो गिहे, जेणेव पएसी राया तेणेव उवागच्छइ, पएसिं रायं करयल जाव त्ति कट्टु जएणं विजएणं वद्धावेइ, एवं वयासी-

एवं खलु देवाणुप्पियाणं कंबोएहिं चत्तारि आसा उवणयं उवणीया, ते य मए देवाणुप्पियाणं अण्णया चेव विणइया। तं एह णं सामी ! ते आसे चिट्ठं पासह।

तए णं से पएसी राया चित्तं सारहिं एवं वयासी-गच्छाहि णं तुमं चित्ता ! तेहिं चेव चउहिं आसेहिं आसरहं जुत्तामेव उवट्ठवेहि जाव पच्चप्पिणाहि।

२३६. (क) तत्पश्चात् कल-(दूसरे दिन) रात्रि बीत जाने और प्रभात हो जाने पर जब सरोवरों में कोमल उत्पल कमल विकसित हो चुके और धूप भी सुनहरी हो गई, तब नित्य के आवश्यक कार्यों से निवृत्त होकर शरीर चिन्ता से निवृत्त होकर सामायिक-प्रतिक्रमणादि करके तेजयुक्त सहस्ररश्मि दिनकर के चमकने के बाद चित्त सारथी अपने घर से निकला, जहाँ प्रदेशी राजा का भवन था, वहाँ आया, आकर दोनों हाथ जोडकर जय-विजय शब्दों से प्रदेशी राजा का अभिनन्दन किया और इस प्रकार बोला-

"स्वामिन् ! कंबोज देशवासियों ने देवानुप्रिय के लिए जो चार घोडे उपहारस्वरूप भेजे थे, उन्हे मैंने आप देवानुप्रिय के योग्य प्रशिक्षित कर दिया है। अतएव आज आप पधारिए और उन घोडो की गति आदि चेष्टाओ का निरीक्षण कीजिए।"

तब प्रदेशी राजा ने चित्त सारथी से कहा-"हे चित्त ! तुम जाओ और उन्ही चार घोडों को रथ मे जोतकर अश्व-रथ को यहाँ लाओ, रथ आने की सूचना मुझे दो।"

ARRIVAL OF KING PRADESHI IN THE GARDEN

236. (a) Thereafter, (on the following day) after sunrise while the soft Utpal lotus had blown and it was bright sunshine, he after undergoing his daily routine and going to the toilet, did his Samayik (prayer and meditation) and Pratikraman (the confession) and other such religious duties. He then came out of his house when the sun had fully brightened up. He came to the palace of king Pradeshi. He praised him with folded hands and said—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"Me lord ! Four horses that were given as a gift by the people of Kamboj to your honour, have been trained by me. So you please come and test their gait, their speed and other activities."

Then king Pradeshi told Chitta Saarthi—"O Chitta ! You go and bring here those four horses driving a chariot. After compliance, you inform me."

(ख) तए णं से चित्ते सारही पएसिणा रन्ना एवं वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठ जाव हियए उवट्ठवेइ, एयमाणत्तियं पच्चप्पिणइ।

तए णं से पएसी राया चित्तस्स सारहिस्स अंतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म हट्ठतुट्ठ जाव अप्पमहग्घाभरणालंकियसरीरे साओ गिहाओ निग्गच्छइ। जेणामेव चाउग्घंटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ, चाउग्घंटं आसरहं दुरूहइ, सेयवियाए नगरीए मज्झंमज्झेणं णिग्गच्छइ।

तए णं से चित्ते सारही तं रहं णेगाइं जोयणाइं उब्भामेइ। तए णं से पएसी राया उण्हेण य तण्हाए य रहवाएणं परिकिलंते समाणे चित्तं सारहिं एवं वयासी–चित्ता ! परिकिलंते मे सरीरे, परावत्तेहि रहं।

तए णं से चित्ते सारही रहं परावत्तेइ। जेणेव मियवणे उज्जाणे तेणेव उवागच्छइ, पएसिं रायं एवं वयासी–एस णं सामी ! मियवणे उज्जाणे, एत्थ णं आसाणं समं किलामं सम्मं अवणेमो।

तए णं से पएसी राया चित्तं सारहिं एवं वयासी–एवं होउ चित्ता !

(ख) प्रदेशी राजा का उत्तर सुनकर चित्त सारथी हर्षित एवं सन्तुष्ट हुआ। उसने अश्व-रथ उपस्थित किया और रथ ले आने की सूचना राजा को दी।

तत्पश्चात् वह प्रदेशी राजा चित्त सारथी की बात सुनकर हृष्ट-तुष्ट हुआ। स्नानादि क्रियाओं से निवृत्त होकर मूल्यवान् आभूषणों से शरीर को अलकृत करके अपने भवन से निकला और जहाँ चार घटों वाला अश्व-रथ था, वहाँ आया। उस चार घटो वाले अश्व-रथ पर आरूढ होकर सेयविया नगरी के मध्य से बाहर निकला।

चित्त सारथी ने उस रथ को अनेक योजनो तक अर्थात् बहुत दूर तक बडी तेज चाल से दौडाया-चलाया। तब गरमी, प्यास और रथ की चाल से लगती धूल भरी हवा से व्याकुल, परेशान, खिन्न होकर प्रदेशी राजा ने चित्त सारथी से कहा-"हे चित्त ! मेरा शरीर बहुत थक गया है। रथ को वापस लौटा लो।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तब चित्त सारथी ने रथ को लौटाया, जहाँ मृगवन उद्यान था, वहाँ ले आया। वहाँ आकर प्रदेशी राजा से कहा–"हे स्वामिन् ! यह अपना मृगवन उद्यान है, (आप कहे तो) यहाँ रथ को रोककर हम घोडो के श्रम और अपनी थकान को अच्छी तरह दूर कर ले ?"

प्रदेशी राजा ने कहा–"हे चित्त ! ठीक है, ऐसा ही करो।"

(b) Chitta Saarthi felt happy and satisfied at the reply of king Pradeshi. He brought the horse-driven chariot and informed the king about it.

King Pradeshi felt happy and satisfied at this information. He took his bath, decorated himself with costly ornaments and then came out from his palace He came to the place where four-belled horse-driven chariot was parked. He got into the chariot and passing through Seyaviya town, he came out of it.

Chitta Saarthi drove the chariot for many miles at a very fast speed. Then king Pradeshi, feeling dizzy due to heat, thirst and dirty winds, told Chitta Saarthi—"O Chitta ! I am feeling very much tired. So please take back the chariot."

Then Chitta Saarthi brought back the chariot to Mrigavan garden. He then told king Pradeshi—"Respected Sir ! Here is Mrigavan garden. If you say so, we may stop the chariot and take rest to remove fatigue. We may also allow the horses to take rest after such a great performance."

King Pradeshi told—"O Chitta ! Yes, do as you please."

केशीकुमार श्रमण को देखकर राजा प्रदेशी का चिन्तन

२३७. तए णं से चित्ते सारही जेणेव मियवणे उज्जाणे, जेणेव केसिस्स कुमारसमणस्स अदूर–सामंते तेणेव उवागच्छइ, तुरए णिगिण्हेइ, रहं ठवेइ, रहाओ पच्चोरुहइ, तुरए मोएति, पएसिं रायं एवं वयासी–एह णं सामी ! आसाणं समं किलामं सम्मं अवणेमो।

तए णं से पएसी राया रहाओ पच्चोरुहइ, चित्तेण सारहिणा सद्धिं आसाणं समं किलामं सम्मं अवणेमाणे पासइ जत्थ केसीकुमारसमणं महइमहालियाए महच्चपरिसाए मज्झगए महया सद्देणं धम्ममाइक्खमाणं। पासइत्ता इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जड्डा खलु भो ! जड्डं पज्जुवासंति। मुंडा खलु भो ! मुंडं पज्जुवासंति। मूढा खलु भो ! मूढं पज्जुवासंति। अपंडिया खलु भो ! अपंडियं पज्जुवासंति। निव्विण्णाणा खलु भो ! निव्विण्णाणं पज्जुवासंति।

से केस णं एस पुरिसे जड्डे मुंडे मूढे अपंडिए निव्विण्णाणे, सिरीए हिरीए उवगए उत्तप्पसरीरे। एस णं पुरिसे किमाहारमाहारेइ ? किं परिणामेइ ? किं खाइ, किं पियइ, किं दलइ, किं पयच्छइ ? जं णं एस एमहालियाए मणुस्सपरिसाए मज्झगए महया सद्देणं बूयाए। एवं संपेहेइ चित्तं सारहिं एवं वयासी–

चित्ता ! जड्डा खलु भो ! जड्डं पज्जुवासंति जाव बूयाए, साए वि णं उज्जाणभूमीए नो संचाएमि सम्मं पकामं पवियरित्तए !

२३७. (राजा के 'हॉ' कहने पर) चित्त सारथी ने मृगवन उद्यान की ओर रथ को मोडा और फिर उस स्थान पर आया जो केशीकुमार श्रमण के निवास-स्थान के पास था। वहॉ घोडो को रोका, रथ को खडा किया, रथ से उतरा और फिर घोडो को खोलकर-छोडकर प्रदेशी राजा से कहा-"हे स्वामिन् ! हम यहॉ घोडो के श्रम और अपनी थकान को दूर कर लें।"

चित्त की बात सुनकर प्रदेशी राजा रथ से नीचे उतरा और चित्त सारथी के साथ घोडों की थकावट और अपनी व्याकुलता को मिटाते हुए (छाया में टहलते हुए) उस ओर देखा जहॉ केशीकुमार श्रमण अतिविशाल परिषद् के बीच बैठकर उच्च गम्भीर घोष से धर्मोपदेश कर रहे थे। यह देखकर उसे मन-ही-मन यह विचार एव सकल्प उत्पन्न हुआ-

'जड (मूर्ख) ही जड की उपासना करते है ! मुड (मंद बुद्धि) ही मुड की उपासना करते है ! मूढ (बुद्धिहीन) ही मूढो की उपासना करते है ! अपडित (अल्पज्ञानी) ही अपडित की उपासना करते है ! और अज्ञानी (अनपढ) ही अज्ञानी की उपासना-(उपासना-पास जाना, सगति करना, उनसे वार्त्तालाप करना और उनका सम्मान करना) करते हैं।

परन्तु यह कौन पुरुष है जो जड, मुंड, मूढ, अपडित और अज्ञानी होते हुए भी श्री (दिव्यता), ह्री (प्रभाव) से सम्पन्न है, शारीरिक कांति (तेज-ओज) से सुशोभित है ? यह पुरुष किस प्रकार का आहार करता है ? किस रूप मे खाये हुए भोजन को परिणमाता है ? यह क्या खाता है, क्या पीता है, लोगों को क्या देता है, विशेष रूप से उन्हें क्या वितरित करता है-बॉटता है-समझाता है ? यह पुरुष इतने विशाल मानव-समूह के बीच बैठकर ऐसी गम्भीर ध्वनि मे जोर-जोर से क्यो बोल रहा है ?' उसने ऐसा विचार किया और चित्त सारथी से पूछा-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"चित्त ! (ससार में) जड पुरुष ही जड की उपासना करते है (आदि)। परन्तु यह कौन है जो बहुत प्रभावशाली दीखता है। जो विशाल जनता के समक्ष इतनी ऊँची ध्वनि से बोल रहा है ? यह क्या खाता है, क्या पीता है ? इसके कारण हम अपनी ही उद्यान-भूमि में भी इच्छानुसार भ्रमण नही कर सकते हैं।"

THOUGHTS OF KING PRADESHI AT THE SIGHT OF KESHI KUMAR SHRAMAN

237. At the affirmative reply of king Pradeshi Chitta Saarthi turned the chariot towards Mrigavan garden and then he came to a place near the place of stay of Keshi Kumar Shraman. He stopped the horses, halted the chariot and then let loose the horses. He then told king Pradeshi—"Me lord ! Let us remove here over fatigue (by taking rest) and also remove the fatigue of the horses."

Then king Pradeshi came down. He strolling with Chitta Saarthi in the shade in order to remove his fatigue, saw Keshi Kumar Shrman delivering a religious talk to a large gathering in a loud serene voice. At this sight, he thought and determined as under—

'Only fools attend to fools. The persons with abnormal intellect serve those whose intellect is at a pretty low level. A person with undeveloped intellect attends to the dunce. A person with little knowledge serves a person with little knowledge. An illiterate serves an illiterate—goes to him, gives him company; talks to him and respects him.

Who is this person who is a fool, whose level of intellect is pretty low, who is without knowledge, who is illiterate, but who still has divinity and commands influence who has beautiful structure of the body. What type of food does he take ? In what form does he absorb the food ? What does he drink, what does he eat, what does he give (to the people) in charity, what does he distribute amongst the people, what does he explain to the people ? This person is in a large gathering. He is speaking in a loud voice which is solemn ?' Thinking this, he asked Chitta Saarthi.

Chitta ! Only the fools serve the fools in this world and suchlike (above mentioned). But who is this person who appears to be very effective (influential). He is addressing a large gathering in a loud voice. What does he eat and what does he drink ? Because of his presence we cannot stroll in our garden according to our desire."

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-८

Illustration No. 8

प्रदेशी राजा का उद्यान में आगमन

दृश्य १

प्रदेशी राजा को उद्यान मे ले जाने के लिए चित्त सारथी प्रभात होते ही प्रशिक्षित चार घोडो का रथ सजाकर राजमहल के बाहर पहुँच गया और राजा को सूचना दी--"नव-प्रशिक्षित अश्वो से सजा रथ तैयार है।" सूचना पाकर राजा तैयार होकर महलो से नीचे उतर आया।

दृश्य २

सूर्योदय की वेला मे राजा प्रदेशी रथ मे आरूढ हुआ और चित्त सारथी अत्यन्त तीव्र गति से घोडो को दौडता रहा। धूप तेज हो जाने पर राजा थक गया।

दृश्य ३

घूमते-घूम्ते बहुत थक जाने पर चित्त सारथी विश्राम के लिए राजा को मृगवन उद्यान मे लाकर एक सघन वृक्ष की छाया मे ठहरा देता है। श्रम दूर करने के लिए राजा छाया मे घूमता है। तभी दूर विशाल परिषद् के बीच उच्च आसन पर विराजमान केशीकुमार श्रमण पर उसकी दृष्टि पडती है तथा उनकी गम्भीर ओजस्वी वाणी सुनाई देती है। राजा ने चित्त सारथी से पूछा-"इस विशाल मानव-समूह के बीच बैठे हुए अति गम्भीर ध्वनि से जोर-जोर से बोलने वाले ये कौन है ?"

-सूत्र २३५ २३७, पृष्ठ २९८-३०२

ARRIVAL OF KING PRADESHI IN THE GARDEN

SCENE 1

At the dawn Chitta Sarathi came outside the palace with a four horse chariot to drive king Pradeshi to the garden He informed the king—"The chariot with four newly trained horses is ready" On getting this information the king got ready and came down from the palace

SCENE 2

It was early morning when king Pradeshi boarded the chariot Chitta Sarathi drove the chariot with great speed As it got hot due to scorching sun rays the king got tired

SCENE 3

After the long drive when the king got tired Chitta Sarathi brought him to a mango garden and stopped in the shade of a dense tree The king walked around in shade to refresh himself Suddenly he saw Keshi Kumar Shraman sitting on a high seat in a large congregation and heard his deep and commanding voice The king asked Chitta Sarathi—"Who is this person sitting in the midst of such a large congregation and speaking in deep and resonant voice ?"

—Sutras 235-237, pp 298-302

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३८. तए णं से चित्ते सारही पएसी रायं एवं वयासी–एस णं सामी ! पासावच्चिज्जे केसी नामं कुमारसमणे जाइसंपण्णे जाव चउनाणोवगए आधोऽवहिए अण्णजीविए।

तए णं से पएसी राया चित्तं सारहिं एवं वयासी–आहोहियं णं वदासि चित्ता ! अण्णजीवियत्तं णं वदासि चित्ता !

हंता, सामी ! आहोहिअं णं वयामि, अण्णजीवियत्तं णं वयामि सामी !

अभिगमणिज्जे णं चित्ता ! एस पुरिसे ?

हंता ! सामी ! अभिगमणिज्जे।

अभिगच्छामो णं चित्ता ! अम्हे एयं पुरिसं ?

हंता सामी ! अभिगच्छामो।

२३८. तब चित्त सारथी ने प्रदेशी राजा से कहा–"स्वामिन् ! ये पार्श्वापत्य–(भगवान पार्श्वनाथ की परम्परा के अनुगामी) केशीकुमार नामक श्रमण हैं, जो जाति–सम्पन्न–(उच्चकुलीन) यावत् मतिज्ञान आदि चार ज्ञानों के धारक हैं। ये आधोऽवधिज्ञान (परमावधि से कुछ न्यून विशिष्ट अवधिज्ञान) से सम्पन्न एवं अन्नजीवी हैं।"

तब आश्चर्यचकित हो प्रदेशी राजा ने चित्त सारथी से कहा–"हे चित्त ! यह पुरुष आधोऽवधिज्ञान–सम्पन्न है और अन्नजीवी है ?"

चित्त–"हॉ स्वामिन् ! ये आधोऽवधिज्ञान–सम्पन्न एव अन्नजीवी हैं।"

प्रदेशी–"हे चित्त ! तो क्या यह पुरुष अभिगमनीय है अर्थात् इस पुरुष के पास जाकर बैठना चाहिए ?"

चित्त–"हॉ स्वामिन् ! अभिगमनीय है। इनके पास चलना चाहिए।"

प्रदेशी–"तो फिर, चित्त ! क्या हम इस पुरुष के पास चले ?"

चित्त–"हॉ स्वामिन् ! चलें।"

238. Then Chitta Saarthi told king Pradeshi—"Me lord ! He is Keshi Kumar Shraman of Parshvanath tradition. He belongs to a high caste, good family and possesses four types of knowledge (physical, scriptural and others). His transcendental knowledge is just a little less than the highest knowledge. He lives on food."

Then feeling wonder-struck king Pradeshi asked—"O Chitta ! This person has high transmigratory knowledge and he lives on it ?"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Chitta replied—"Yes me lord ! He has such a knowledge and he lives on food."

King Pradeshi asked—"O Chitta ! Is it then proper to go to him and sit near him (Abhigamaneeya) ?"

Chitta repliled—"Yes Sir ! We should go near him."

King Pradeshi then asked—"Chitta ! Should we then go to him ?"

Chitta replied—"Yes Sir ! We should go to him."

विवेचन–चित्त सारथी ने केशीकुमार श्रमण का परिचय देते हुए कहा है–ये **'अण्णजीवी'** हैं। **अण्णजीवी**–'अन्नजीवी' शब्द का सामान्य अर्थ है–अन्न के आधार पर जीने वाले। साधारण अन्न खाकर भी ये इतने तेजस्वी है। किन्तु प्रदेशी राजा के अगले प्रश्न के सन्दर्भ मे–**'अण्णो जीवो अण्णं सरीरं'** इसका अर्थ विचार करे तो एक दूसरा भी सकेत निकलता है। चित्त सारथी कहता है–ये **'अण्णजीवी'** है, अर्थात् जीव अन्य है, शरीर अन्य है; इस विचारधारा को मानते है। प्रदेशी राजा जीव और शरीर को एक ही मानता है, इसलिए उसे केशीकुमार श्रमण की विचारधारा जानने/समझने की जिज्ञासा और कुतूहल उत्पन्न होता है। वह अपने तर्क भी देता है जिनका वर्णन अगले सूत्रो में है। अतः यहाँ **'अण्णजीवी'** शब्द प्रदेशी के मन में एक जिज्ञासा पैदा करने वाला बनता है कि ये जीव को शरीर से भिन्न मानते है। बहुश्रुत विद्वान् इस अर्थ-संकेत पर चिन्तन करे।

Elaboration—Chitta Saarthi while introducing Keshi Kumar Shraman said that he is 'Ann Jeevi'. The common meaning of this word is to live on food. Even after taking ordinary food, he is so bright. But with reference to the next question of king Pradeshi—'Anno Jeevo Annam Sareeram', if we think a little deeper, it leads to another interpretation also. Chitta Saarthi says that he is 'Ann Jeevi' It means that 'Jeev (soul) is one entity' and 'Sareer (body) is another entity'. This is the philosophy of Keshi Kumar Shraman. King Pradeshi considers Jeev (soul) and body as one entity, so he mocks at the philosophy of Keshi Kumar Shraman and there is a curiosity in his mind to know and understand this thought. He also presents his arguments which are mentioned in the later aphorisms. So the words 'Ann Jeevi' creates in the mind of king Pradeshi a curiosity that he (Keshi Kumar Shraman) believes that Jeev (soul) is different from Sareer (body). The scholars may study this interpretation further.

२३९. तए णं पएसी राया चित्तेण सारहिणा सद्धिं जेणेव केसीकुमारसमणए तेणेव उवागच्छइ। केसिस्स कुमारसमणस्स अदूरसामंते ठिच्चा एवं वयासी–तुब्भे णं भंते ! आहोहिया अण्णजीविया ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तए णं केसी कुमारसमणे पएसिं रायं एवं वयासी–पएसी ! से जहाणामए अंकवाणिया इ वा, संखवाणिया इ वा, दंतवाणिया इ वा, सुंकं भंसिउंकामा णो सम्मं पंथं पुच्छइ, एवामेव पएसी ! तुब्भे वि विणयं भंसेउकामो नो सम्मं पुच्छसि।

से णूणं तव पएसी ममं पासित्ता अयमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था–जड्डा खलु भो ! जड्डं पज्जुवासंति, जाव पवियरित्तए, से णूणं पएसी अट्ठे समत्थे ?

हंता ! अत्थि।

२३९. चित्त सारथी के साथ प्रदेशी राजा, जहाँ केशीकुमार श्रमण विराजमान थे, वहाँ आया और केशीकुमार श्रमण से कुछ दूर खड़े होकर बोला–"हे भदन्त ! क्या आप आधोऽवधिज्ञानधारी हैं ? क्या आप अन्नजीवी हैं ?"

तब केशीकुमार श्रमण ने प्रदेशी राजा से कहा–"हे प्रदेशी ! जैसे कोई अंकवणिक् (अंकरत्न का व्यापारी) अथवा शंखवणिक्, दन्तवणिक्, राज-कर (सरकारी टैक्स) न देने के विचार से सीधा मार्ग नही पूछता (सीधे रास्ते से नहीं आता), इसी प्रकार हे प्रदेशी ! तुम भी विनयप्रतिपत्ति (विनय-शिष्टाचार) नहीं करने की भावना से प्रेरित होकर मुझसे प्रश्न करने की समुचित रीति से नहीं पूछ रहे हो।

हे प्रदेशी ! मुझे देखकर क्या तुम्हें यह विचार नहीं हुआ था, कि ये जड-जड की पर्युपासना करते हैं, यावत् मैं अपनी ही भूमि में स्वेच्छापूर्वक घूम-फिर नहीं सकता हूँ ? प्रदेशी ! क्या मेरा यह कथन सत्य है ?"

प्रदेशी–(चौंककर) "हाँ, आपका कहना सत्य है अर्थात् मेरे मन में ऐसा विचार आया था।"

239. King Pradeshi came with Chitta Saarthi to the place where Keshi Kumar Shraman was present. He came there, stopped at a distance and said—"O the blessed ! Are you possessing Avadhi Jnan limited to a particular area ? Are you Ann Jeevi ?"

Then Keshi Kumar Shraman said to king Pradeshi—"O Pradeshi ! Just as a trader in gems (Ank gems) or in conch, in tusks (ivory) does not ask the direct route (does not follow the direct route) in order to avoid tax, similarly O Pradeshi ! You also in order to avoid gratitude, are not asking question from me in the prescribed proper mamer.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

O Pradeshi ! After seeing me, didn't you think that a fool is serving a fool upto that I cannot freely move even in my own land ? Pradeshi ! Is my this statement true ?"

Pradeshi replied—"Yes, it is true. I had thought as such."

पाँच ज्ञान सम्बन्धी चर्चा

२४०. तए णं से पएसी राया केसिं कुमारसमणं एवं वयासी—से केणट्ठेणं भंते ! तुज्झं नाणे वा दंसणे वा जेणं तुज्झे मम एयारूवं अज्झत्थियं जाव संकप्पं समुप्पण्णं जाणह पासह ?

२४०. तत्पश्चात् प्रदेशी राजा ने केशीकुमार श्रमण से कहा—"भदन्त ! आपको ऐसा कौन-सा ज्ञान और दर्शन प्राप्त है कि जिसके द्वारा आपने मेरे इस प्रकार के आन्तरिक मनोगत भावों को जान लिया, देख लिया ?"

DISCUSSION ABOUT FIVE TYPES OF KNOWLEDGE (JNAN)

240. Then king Pradeshi asked Keshi Kumar Shraman—"Reverend Sir ! What is the Jnan (knowledge) and darshan (perception) that you possess which has enabled you to see and know the thoughts in my mind."

२४१. तए णं से केसीकुमारसमणे पएसिं रायं एवं वयासी—एवं खलु पएसी ! अम्हं समणाणं निग्गंथाणं पंचविहे नाणे पण्णत्ते, तं जहा—आभिणिबोहियणाणे सुयनाणे ओहिणाणे मणपज्जवणाणे केवलणाणे।

से किं तं आभिणिबोहियनाणे ?

(4) The newly born gods become so much absorbed in sensual enjoyment and pleasures of heaven, that they dislike the dirty smell arising from the human world. They do not like it. The despising, bad smell of the human world spreads upto a height of four hundred to five hundred yojans in the sky (space). They have a keen desire to visit the human world. But due to the foul smell, they hesitate to come down to human world.

O Pradeshi ! Therefore (due to said four reasons) the newly born gods cannot come here from heavenly world even if they have an inner desire to come. So you should have faith that soul and body are different. Soul is not body and body is not soul."

विवेचन–सूत्र २४५ मे बताया है–नारक जीव चाहते हुए भी चार कारणो से मनुष्यलोक में नही आ सकता–

(१) प्रथम कारण है–नरक लोक मे नारक वेदना से नही छूट पाता है। आगम मे बताया है, नरक मे अनेक प्रकार की वेदना है। जैसे–क्षेत्र सम्बन्धी, उस स्थान पर घोर अधकार, घोर गर्मी, घोर दुर्गन्ध, अत्यन्त भूख–प्यास आदि क्षेत्रजन्य वेदना है। वह उस स्थान से निकलकर भागना चाहे तब भी भाग नही सकता। जैसे बन्द जेल से बाहर निकलना सम्भव नही होता। कथाओ मे बताया है कि एक बार सीताजी के जीव सीतेन्द्र ने नरक स्थित लक्ष्मण के जीव को वहाँ से मुक्त करने के लिए उठा लिया और ऊपर लाने का प्रयास किया, किन्तु जैसे ही नरक से बाहर निकाला कि वह शरीर बर्फ अथवा पारे की तरह पिघल–पिघलकर छिन्न–विच्छिन्न होकर बिखर गया। यह उस क्षेत्र के पर्यावरण का ही प्रभाव है कि नारक जीव भयंकर वेदना सहते हुए भी उस स्थान को छोडकर अन्यत्र नहीं जा सकते। वहीं रहने पर मजबूर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। दूसरी **परस्परोदीरित वेदना**–नारक जीव आपसी वैर-विरोध के कारण साँप-नेवले की तरह एक-दूसरे के जन्मजात शत्रु होते है। एक-दूसरे को देखते ही लडते है, भिडते है, उसे काटते है। अगर कोई नारक उनसे छूटकर जाना चाहे तो वे जबर्दस्ती उसे पकडकर उसके साथ युद्ध करने, मारकाट करने लगते है। जैसे दो डाकू या घोर शत्रु एक-दूसरे को भागने नही देते, उसे पकड-पकडकर मारते है। इस कारण कोई नारक वहाँ से छूटकर निकलना चाहने पर भी नहीं छूट सकता।

(२) दूसरा कारण है-कोई नारक, अपने-अपने पुराने रिश्तेदारो से मिलने के लिए नरक से जाना चाहे तो नरकपाल-जिन्हे परमाधार्मिक देव कहते है, वे उसे जाने नही देते। उसे पकडकर कुभी मे पकाते है, शरीर के टुकडे-टुकडे कर डालते हैं। परमाधार्मिको द्वारा दी जाने वाली वेदना का लोमहर्षक वर्णन सूत्रकृतांग के 'नरक विभक्ति' अध्ययन तथा उत्तराध्ययन के 'मृगापुत्रीय' १९वे अध्ययन मे है, जिसे पढने से पता चलता है, नरकपाल नारक जीव को वहाँ से भागने नही देते, पकड-पकडकर उसे यातना-यंत्रणाएँ देते है।

(३) तीसरा कारण है-उसका नरक सम्बन्धी वेदनीयकर्म। जितने काल तक नरक सम्बन्धी वेदना भोगने के कर्म बँधे है उन कर्मो को भोगे बिना वह वहाँ से निकल नही सकता जैसे मकडी जाले से नही निकल सकती।

(४) चौथा कारण है-नरक की आयुस्थिति या कालस्थिति। प्रज्ञापनासूत्र के स्थिति पद तथा अनुयोगद्वारसूत्र के अनुसार नारक जीवो की कम से कम जघन्य स्थिति दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट स्थिति (सातवी नरक की) तेतीस सागरोपम की है और यह स्थिति अपरिवर्तनीय होती है। आयुष्यकर्म क्षय होने से पहले उस शरीर को कोई छोड नही सकता।

इसलिए केशीकुमार श्रमण कहते है कि नारक जीव मनुष्यलोक के अपने मित्र-सम्बन्धियो से मिलने की इच्छा रखते हुए भी वहाँ से छूटकर नही आ सकते। स्थानागसूत्र के प्रथम स्थान मे भी ये चार कारण बताये गये है।

इस सूत्र मे प्रदेशी राजा अपनी दादी का उदाहरण देता है कि 'मेरी दादी बहुत ही धार्मिक आचार-विचार वाली थी। आपके सिद्धान्तानुसार वह अवश्य ही स्वर्ग मे गई होगी। यह माना जाये कि नरक मे जीव परतत्र होता है, इसलिए वह आना चाहते हुए भी नही आ सकता, परन्तु स्वर्ग के देवता तो स्वतत्र और स्वाधीन है। वे तो आ सकती है, फिर मेरी दादी क्यो नही आई?'

इस प्रश्न का समाधान देते हुए केशीकुमार श्रमण ने पहले देव-कुलिका (मन्दिर) मे जाते समय शौचालय मे प्रवेश का उदाहरण दिया है और यह बताया है कि स्वर्ग के सुगधमय-दिव्य वातावरण के समक्ष यह मनुष्यलोक तो एक शौचालय से भी अधिक दुर्गधमय है। यहाँ पर भी देवताओ के मनुष्यलोक मे नही आने के चार कारण बताये है-

(१) पहला कारण है, वहाँ उत्पन्न होने वाले देवता का स्वर्गीय काम-सुखो मे आसक्त हो जाना। वे वहाँ के सुखों मे इतने लीन हो जाते है कि मनुष्यलोक मे आने का मन तो होता है, परन्तु सुखो की आसक्ति नही छोड पाने के कारण वहाँ से निकल नही सकते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) दूसरा कारण है, स्वर्ग मे जाने के बाद सामान्य रूप मे मनुष्य-जन्म सम्बन्धी मित्रों, सम्बन्धियो से स्नेह का सूत्र टूट जाता है। वह सोचता है, पिछले जन्मो के किन-किन रिश्तेदारो को स्मरण करे और किन-किन की सहायता करे, क्योकि उसके ज्ञान मे तो पिछले अनेक जन्मो की स्मृति रहती है, यदि उन सब जन्मो के मित्र-सम्बन्धियो को याद करे तो व्यर्थ ही परेशान होकर अपने सुखो को छोडना पडेगा। इस कारण उनके स्नेह और प्रेम का सूत्र ढीला पड जाता है या टूट ही जाता है और वे उनको भुला देते है। बहुत बार वचन दिया हुआ भी याद नही रखते और उसे भी पूरा नही कर पाते।

(३) तीसरा कारण है, स्वर्ग में उत्पन्न होते ही वहाँ के सुखो मे, वहाँ के दिव्य नृत्य-सगीत आदि मे इतने मस्त हो जाते है कि बीच मे छोडकर उठ नहीं सकते, सोचते है, यह नाटक खत्म होते ही मै जाऊँगा, परन्तु देवताओ का एक-एक नाटक भी इतने लम्बे समय तक चलता है कि तब तक मनुष्यो की कई पीढियाँ बीत जाती है। जिनको वचन देकर जाते है या जिनको सहायता करने की भावना रखते है, उनके लिए आते है, तब तक तो वे मित्रजन आयुष्य पूर्ण कर कही दूसरी योनि मे ही चले जाते है।

(४) चौथा कारण है, मनुष्यलोक की दुर्गध। मनुष्यलोक औदारिक पुद्गलो का समूह है, यहाँ के हाड-माँस, मल-मूत्र आदि की दुर्गध इतनी भयकर है कि ऊपर योजनो तक उसकी दूषित हवा जाती है। स्वर्ग में रहने वाले देवो के लिए इस प्रकार की दुर्गंध असह्य होती है। वे आना चाहते है, परन्तु इस दुर्गध से घबराकर आने का विचार बदल देते है।

इस सूत्र मे मनुष्यलोक सम्बन्धी दुर्गध ऊपर आकाश मे चार-पॉच सौ योजन तक पहुँचने का उल्लेख किया है, जबकि आगमो की मान्यता यह है कि नौ योजन से अधिक दूर से आते गध वाले पुद्गल घ्राणेन्द्रिय के विषय नही हो सकते है। यहाँ विचारणीय है कि उक्त उल्लेख के साथ इस शास्त्रीय उल्लेख से किस प्रकार सगति बैठ सकती है? क्योकि नौ योजन से अधिक दूर से जो पुद्गल आते है उनकी गध अत्यन्त मद हो जाती है, जिससे वे घ्राणेन्द्रिय के विषय नहीं हो सकते है।

टीकाकार आचार्य मलयगिरि ने इसका समाधान करते हुए लिखा है कि "यद्यपि नियम तो ऐसा ही है किन्तु जो पुद्गल अति उत्कट गध वाले होते है, उनके नौ योजन तक पहुँचने पर जो दूसरे पुद्गल उनसे मिलते है, उनमे अपनी गन्ध सक्रान्त कर देते है और फिर वे पुद्गल भी आगे जाकर दूसरे पुद्गलो को अपनी गध से वासित कर देते है। इस प्रकार ऊपर-ऊपर पुद्गल चार-पॉच सौ योजन तक पहुँच जाते है। परन्तु यह बात लक्ष्य मे रखने योग्य है कि ऊपर-ऊपर वह गध मद-मद होती जाती है। मनुष्यलोक सम्बन्धी दुर्गन्ध अत्यन्त तीव्र हो तो पॉच सौ योजन तक पहुँचती है, इसीलिए शास्त्र मे चार सौ और पॉच सौ ये दो सख्याये बताई है।"

स्थानाग के टीकाकार आचार्य अभयदेव सूरि का इस सम्बन्ध मे मतव्य है कि "इससे मनुष्य क्षेत्र के दुर्गन्धित स्वरूप को सूचित किया गया है। वस्तुत. देव अथवा दूसरा कोई नौ योजन से अधिक दूर से आगत पुद्गलो की गध जान नही सकता है। शास्त्र मे इन्द्रियो का जो विषय-प्रमाण बतलाया है, वह सम्भव है कि औदारिक शरीर सम्बन्धी इन्द्रियों की अपेक्षा कहा हो।"

स्थानांगसूत्र मे भी तत्काल उत्पन्न देव के मनुष्यलोक मे नही आने के ये ही चार कारण बताये है, साथ ही वहाँ देवता के मनुष्यलोक मे आने के भी चार कारण बताये है, जैसे-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१) तत्काल उत्पन्न देवता वहाँ के भोगो से मूर्च्छित नही होकर सोचता है कि जिन गुरुजनो के उपदेश व उपकार के प्रभाव से मुझे यह देवऋद्धि प्राप्त हुई है। मै वहाँ जाकर अपने परम उपकारी गुरुओ को वन्दना-नमस्कार करूँ।

(२) मनुष्यलोक मे विचरने वाले, उत्कृष्ट ज्ञानी, उत्कृष्ट तपस्वी श्रमणो को देखकर उनकी वन्दना, सेवा करने का महान् फल समझकर वे भोगो को छोडकर भी आ जाते है।

(३) अपने पूर्वभव सम्बन्धी माता, पिता, पुत्र आदि सम्बन्धी जनो को धर्म के प्रति आस्था उत्पन्न कराने या प्रतिबोध देने की इच्छा से कामभोगो की आसक्ति त्यागकर भी आते है।

(४) मनुष्यलोक मे किसी के साथ वचनबद्ध हो चुके हो, प्रतिज्ञा कर चुके हो कि इसमे से जो पहले च्युत हो जाये वह उसे सबोध देने के लिए आयेगा। उस प्रतिज्ञा से बँधा हुआ देव भोगो की आसक्ति छोडकर भी आता है।

विशेषावश्यक भाष्य (गाथा १८७५-१८७७, स्थानाग, स्थान ४) मे देवलोक से नही आने के पॉच कारण बताये है, जिनमे चार कारण तो उक्त ही है। पॉचवॉ कारण बताया है--देवता स्वतत्र होते है, वे मनुष्यो के किसी कार्य के अधीन या पराधीन नहीं होते।

साथ ही वहाँ देवताओ के मनुष्यलोक मे आने के नौ कारण भी बताये है-

(१) अरिहतो के जन्म, दीक्षा, कैवल्य व निर्वाण महोत्सव पर।

(२) भक्ति के वशीभूत होकर।

(३) मन का सन्देह/शका दूर करने के लिए।

(४) पूर्वजन्म के मित्र, पुत्र आदि के गहरे अनुराग के वश।

(५) पूर्वजन्म मे की गई प्रतिज्ञा या वचन से बँधे होने के कारण प्रतिबोध देने के लिए।

(६) तपस्या आदि उत्कृष्ट गुणो से आकृष्ट होकर।

(७) पूर्वजन्म के वैर-विरोध के कारण उसे पीडा देने के लिए।

(८) पूर्वजन्म के किसी मित्र आदि पर अनुग्रह करने के लिए।

(९) हास्य-कुतूहल आदि वश होकर।

आवश्यकनिर्युक्ति मे आचार्य भद्रबाहु ने बताया है--"देव मोहनीय कर्म तथा सातावेदनीय कर्म के उदय के कारण अधिक कामासक्त होते है। अप्रत्याख्यान मोहनीय के कारण वे कामभोग का त्याग नही कर सकते (उनको नही आ पाने का यह भी कारण है)।"

दीघनिकाय मे कुमार काश्यप ने भी पयासि राजा के प्रश्न पर इसी प्रकार का उदाहरण दिया है- "जैसे कोई पुरुष दुर्गधमय कूप मे पडा हो, उसका शरीर मल से लिप्त हो, उस पुरुष को कोई बाहर निकालकर उसे स्नान आदि कराके सुगधित तेल, चन्दन आदि का विलेपन करके फूलो से शृगारित करने के बाद पुन उसे उसी दुर्गन्धित कूप मे प्रवेश करने के लिए कहे तो क्या वह उस दुर्गन्धमय मल-मूत्र के कूप में वापस घुसेगा ?"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"नही घुसेगा।"

इसी प्रकार स्वर्ग मे उत्पन्न हुए देवता भी वापस मनुष्यलोक मे आना नहीं चाहते।

Elaboration—In aphorism 245, it was stated that hellish being cannot come to the human world due to the following four reasons—

(1) The first reason is that he is not able to free himself from hellish pain in the hell. In the Agam it is mentioned that hellish troubles are of many types, namely, troubles due to the location. There is a deep darkness, scorching heat, intense foul smell, extreme hunger and thirst and suchlike due to the hellish location. This is kshetra (location) created troubles. The hellish being wants to come out and run away from that area but he cannot do so, just as it is not possible to get out from a completely guarded jail. It is mentioned in religious stories that once the Jiva (soul) of Sita in form of Seetendra (in heaven), picked up the Jiva (soul in body covering) of Lakshman staying in hell as a hellish being in order to liberate him from the hellish state and tried to bring him upwards (to heaven). But as soon as that hellish being came out of the hell, that hellish state melted like snow and scattered into tiny molecules. It is the effect of the hellish environment that a hellish being undergoing extreme pain in hell cannot leave that place (the hell) and cannot go to another place. They live their under compulsion of that area. The second type of trouble is the in-born enmity. The hellish beings are born enemies like snake and mongoose due to inimical nature towards each other. They start fighting, striking against and piercing immediately when they see each other. In case any hellish being wants to run away from that dual, they hold him forcibly and start fighting with him and beating him just as two robbers or two ferocious enemies do not allow each other to run away. They catch and beat So it is said that even if a hellish being wants to get released, he cannot do so.

(2) The second reason is that in case any hellish being wants to go out from hell to see their old relatives (of previous life) the Paramadharmik gods (who guard the hell) do not allow them to go. They catch them and cook them in Kumbhi—narrow necked pot. They cut the body into pieces. The heart-renting description of the tortures inflicted by Paramadharmik gods is available in the 'Narak Vibhakti' chapter of Sutrakritang and nineteenth chapter 'Mrigaputriya' of Uttaradhyayan Sutra. A reading of those chapters indicates that the guarding gods of hell do not allow the hellish beings to go out. They catch them and torture them.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) The third reason is the Vedniya karma (the pain bearing karma) of the hellishing being of his previous life or lives. The period for which such karmas the fruit of which is to be undergone in hellish state have been performed, he shall have to experience their fruit. Without undergoing the fruit of those karmas (actions), he cannot go out from hell, just as a spider cannot get away from her cobweb.

(4) The fourth reason is the life-span or the age of the hellish being. According to Sthiti Pad of Prajnapana Sutra and Anuyogdvar Sutra the minimum life-span of a hellish being is ten thousand years and the maximum life-span (which is of hellish being in seventh hell) is 33 Sagaropam. Their life-span can never be reduced nor increased. They cannot die before completing their life-span.

So Keshi Kumar Shraman says that hellish being cannot come out from the hell even if he desires to see his relatives. These causes have been mentioned in Sthanang Sutra also.

In this aphorism, king Pradeshi gives the factual example of his grandmother. He says that 'she was of religious thought and of religious conduct. According to the philosophical principles, she must have gone to heaven. It can be admitted that in hell, a living-being is not independent and therefore he cannot come out even if he is keen for it. But in the heaven, the gods are independent and free to execute their plan. So the grandmother could come. Why then my grandmother has not come so far ?'

While clarifying this doubt (query) Keshi Kumar Shraman first of all gave the example of entering a toilet while going to the temple. It has been clarified that in comparison with the fragrant unique environment of heaven, the human world is more foul-smelling than even a toilet. Here also four reasons have been given for the gods not coming to human world—

(1) The first reason is the engrossment in sensual enjoyment and pleasures of celestial world by a newly born god. They become so much absorbed in the pleasures of that place that even having in their mind that they may visit human world, they are not able to discard the attachment to the enjoyments there. They, therefore, are not able to leave the heavenly world.

(2) The second reason is that ordinarily after going to heavenly abode, the relationship with friends and relatives breaks down; the love for them

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

disappears He thinks that the relatives of previous lives are so many that it is not possible to decide whom should he remember and whom should he assist since in his visual knowledge, he has memory of many past lives. In case he remembers friends and relatives of all those previous lives, he will unnecessarily be worried about them and he shall have to discard divine pleasures and enjoyments. So the string of love and attachment (with relatives and friends of previous lives) becomes loose or breaks and he forgets them. Many times the new born god does not even remember the promise he had made in earlier life-span and therefore, he is not able to keep it.

(3) The third reason is that newly born god in celestial abode becomes so much engrossed in the pleasures of that place, in the divine dance and music and suchlike that he is not able to leave it in the middle. He thinks that he shall go immediately when the drama concludes. But even one scene takes a pretty long period. But human-beings go into many successions during that period. When the recently born gods come to see those whom they had promised in earlier life, or they come to assist those whom they so desire to help, those friends had already completed their life-span and had gone to the next world where they are passing through their life-span.

(4) The fourth reason is the foul smell of the human world. The human world is a collection of gross molecules. The foul smell of bones, blood, flesh, human waste and urine and others is so ferocious that it affects the environment upto many yojans. Such a foul smell is intolerable for gods living in heaven. They want to come here but feeling worried due to such a bad smell, they change their plan of coming to the human world.

In this aphorism, it is mentioned that the foul smell of human world goes upwards upto 400 to 500 yojans in space. But in Agam, it is mentioned that the molecules of smell can be subject of sense of smell only upto nine yojans and not more. It is worth consideration how this description can be in line with the description in Agam. The molecules that come from a distance of more than nine, their smell becomes extremely low and such they cannot affect the sense-organs of smell.

The commentator Acharya Malaygiri, while explaining this complexity has mentioned as under—"Although the principle is as above mentioned but those molecules that are having extreme smell, they meet those molecules who are at a distance of nine yojans. They transfer their smell to those molecules. Similarly molecules to whom smell has been

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

transferred, transfer their smell to the molecules at a further distance of nine yojans from them. Thus going higher and higher the molecules reach upto four hundred to five hundred yojans. But it is worthy of notice that the smell goes on lighter and lighter as they go up The smell of human world reaches upto five hundred yojans only if it is of extreme order. So in the scriptures two figures four hundred and five hundred are mentioned."

The view of Abhaydev Suri, commentator of Sthanang Sutra in this context is as under—"This version (400 to 500 yojans) simply refers to the foul nature of human world (and its environment, its atmosphere). In fact no god or any other living-being can know the smell of molecules from a distance of more than nine yojans. The capacity of sense-organs mentioned in the Agam is only with reference to sense-organs of Audarik Shareer (gross physical body)."

In Sthanang Sutra also the same four reasons have been mentioned for gods avoiding to come down to human world Further four reasons have been mentioned for inspiring gods to visit human world. They are—

(1) The newly born gods, not attached to the enjoyments of godly world thinks that he should bow to, greet and honour his worthy gurus (teachers-guides) whose lectures and blessings have helped him in having the divine grandeur (wealth).

(2) Some (newly born) gods, understanding that there is a great benefit of bowing to and serving the omniscient (mendicants possessing immense knowledge, Shramans obscuring austerities of highest order whom when one sees moving about in the human world, one comes to for showing obescience to them leaving the divine pleasures and enjoyments.

(3) Some gods come in order to create faith towards religion or to provide right (scriptural knowledge to their parents, son or other relatives of the previous life-span, leaving the divine pleasures and enjoyments of the heavenly world.

(4) Sometimes a person promises another person in the human world that whosoever, any one out of them, completes his present life-span earlier (dies earlier), he shall come to give true knowledge to the other. Keeping the word (if he becomes) god, he comes to the human world leaving his divine pleasures and enjoyments of the heavenly world (for sometime).

In Visheshavashyak Bhashya (verses 1875-1877, Sthanang, Sthan 4) five reasons have been mentioned for non-coming of gods to the human

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

world. Four reasons are the same as earlier mentioned. The fifth reason is that gods are independent. They are not under any obligation They are not subservient to the human world.

Further, in it, nine reasons have been mentioned that motivate the gods to come to human world. They are as under—

(1) On the auspicious occasion (celebrity) of the birth, accepting of monkhood, attainment of perfect knowledge (Kewal Jnan) and liberation (Nirvan) of Arihant.

(2) Inspired by deep devotion.

(3) To remove doubt of others.

(4) As a result of deep attachment with son, a friend or any suchlike of previous life-span.

(5) To fulfil the promise or word made in the previous life-span in order to provide right spiritual knowledge.

(6) Influenced by austerities, penances and other such qualities of highest order.

(7) Agitated by the enmity and opposition of the previous life-span in order to torture and cause pain.

(8) To bless any friend and suchlike of previous life-span.

(9) To provide humour or influenced by such (behaviour) a temprament.

In Avashyak Niryukti Acharya Bhadrabahu has said—"Gods become attached to sensual enjoyments primarily because of function of deluding (Mohaniya) karma and pleasure-bearing (Saata Vedaniya) karma. They cannot discard sensual enjoyments and pleasures because of Apratyakhyan Mohaniya (partial-vow preventing deluding) karma."

In Deeghanikaya, Kumar Kashyap also gave an example on a question by king Payaasi which is as follows—"Imagine a person lying in foul-emitting well. His body is besmeared with dirt. A person takes out that person from the well. He gives him a bath, massages him with fragrant oil, puts sandal wood paste on his body, decorates him with flowers and then again asks him to go into that, foul-smelling well. Will that person again enter that foul-smelling well."

(Payaasi replied) "No. He shall not enter."

Similarly gods born in heaven, do not wish to come back to human world.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२४८. तए णं से पएसी राया केसिं कुमारसमणं एवं वयासी–

अत्थि णं भंते ! एस पण्णा उवमा, इमेणं पुण कारणेणं णो उवागच्छति, एवं ढालु भंते ! अहं अन्नया कयाइं बाहिरियाए उवट्ठाणसालाए अणेग गणणायक–दंडणायग–राय–ईसर–तलवर–माडंबिय–कोडुंबिय–इब्भ–सेट्ठि–सेणावइ–सत्थवाह–मंति–महामंति–गणग–दोवारिय–अमच्च–चेड–पीढमद्द–नगर–निगम–दूय–संधिवालेहिं सद्धिं संपरिवुडे विहरामि। तए णं मम णगरगुत्तिया ससक्खं सलोद्दं सगेवेज्जं अवउडबंधणबद्धं चोरं उवणेंति।

तए णं अहं तं पुरिसं जीवंतं चेव अउकुंभीए पक्खिवावेमि, अउमएणं पिहाणएणं पिहावेमि, अएण य तउएण य आयावेमि, आयपच्चइयएहिं पुरिसेहिं रक्खावेमि।

तए णं अहं अण्णया कयाइं जेणामेव सा अउकुंभी तेणामेव उवागच्छामि, उवागच्छित्ता तं अउकुंभिं उग्गलच्छावेमि, उग्गलच्छावित्ता तं पुरिसं सयमेव पासामि, णो चेव णं तीसे अयकुंभीए केइ छिड्डे इ वा विवरे इ वा अंतरे इ वा राई वा जओ णं से जीवे अंतोहिंतो बहिया णिग्गए।

जइ णं भंते ! तीसे अउकुंभीए होज्जा केई छिड्डे वा जाव राई वा जओ णं से जीवे अंतोहिंतो बहिया णिग्गए, तो णं अहं सद्दहेज्जा, पत्तिएज्जा, रोएज्जा, जहा अन्नो जीवो अन्नं सरीरं, नो तं जीवो तं सरीरं, जम्हा णं भंते ! तीसे अउकुंभीए णत्थि केइ छिड्डे वा जाव निग्गए, तम्हा सुपतिट्ठिया मे पइन्ना जहा–तं जीवो तं सरीरं, नो अन्नो जीवो अन्नं सरीरं।

२४८. केशीकुमार श्रमण के उत्तर को सुनकर राजा प्रदेशी ने इस प्रकार कहा–

"हे भदन्त ! जीव और शरीर की भिन्नता प्रदर्शित करने के लिए आपने देवों के नहीं आने के कारण रूप में जो उपमा दी, वह तो बुद्धि से कल्पित एक दृष्टान्त मात्र है, परन्तु भदन्त ! (मैं अपने प्रत्यक्ष अनुभव की बात बताता हूँ) किसी एक दिन मैं अपने अनेक गणनायक, दंडनायक, राजा, ईश्वर, तलवर, भांडविक, कौटुम्बिक, इब्भ, श्रेष्ठी, सेनापति, सार्थवाह, मन्त्री, महामंत्री, गणक–(ज्योतिषशास्त्रवेत्ता), दौवारिक (राजसभा का रक्षक), अमात्य, चेट (सेवक), पीठमर्दक–(सदा पास रहने वाला सेवक), नागरिक, व्यापारी, दूत, सधिपाल आदि के साथ अपनी बाह्य उपस्थानशाला–(सभाभवन) में बैठा हुआ था। उसी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समय नगर-रक्षक ने चोर को पकड़कर मेरे सामने उपस्थित किया। उसके गर्दन और दोनों हाथ बँधे थे। उसके साथ चुराई हुई वस्तु और साक्षी-गवाह भी विद्यमान थे।

तब मैंने उस चोर को जीवित ही एक लोहे की कुम्भी मे बन्द करवाकर अच्छी तरह लोहे के ढक्कन से उसका मुख ढक दिया। फिर गरम लोहे एवं रॉगे से उस पर लेप कराकर उसे हवा बन्द बना दिया और देखरेख के लिए अपने विश्वासपात्र पुरुषों को नियुक्त कर दिया।

किसी दिन मै उस लोहे की कुंभी के पास गया। वहाँ जाकर मैंने उस लोहे की कुंभी को खुलवाया। खुलवाकर मैंने स्वयं उस पुरुष को देखा तो वह मर चुका था। किन्तु उस लोहकुंभी में राई अथवा सुई जितना भी न कोई छेद था, न कोई विवर था, न कोई अन्तर था और न कोई दरार थी कि जिसमें से उस अन्दर में बन्द पुरुष का जीव बाहर निकल जाता।

यदि उस लोहकुंभी में कोई छिद्र यावत् दरार होती तो मैं यह मान लेता कि भीतर बन्द पुरुष का जीव बाहर निकल गया है और तब मैं आपकी बात पर विश्वास कर लेता, प्रतीति कर लेता एवं अपनी रुचि का विषय बना लेता-निर्णय कर लेता कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है। लेकिन हे भदन्त ! उस लोहकुंभी में जब कोई छिद्र ही नही था, अतः मेरा यह मन्तव्य ठीक है कि जो जीव है वही शरीर है और जो शरीर है वही जीव है। जीव शरीर से भिन्न नहीं और शरीर जीव से भिन्न नहीं है।

TEST OF INDENTITY OF JIVA AND SHAREER

248. After hearing the reply of Keshi Kumar Shraman, king Pradeshi said thus—

"Reverend Sir ! In order to prove that Jiva (soul) and body are different entities, you have narrated the reasons for gods not coming (to human world). But it is simply an imaginative illustration created by intellect. But Reverend Sir ! (I tell the incident of my personal experience) Once I was in my outer council-hall. Many heads of departments, many incharge of inflicting punishment, king, gods, masters, maandvik, family members, chiefs, nobles, army chief, traders, ministers, prime ministers, astrologers, security incharge of the council-hall, servants, whole time servants, citizens, businessmen, spies, officers responsible for guarding border were also with me. At that time the city guard

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

brought a thief to me. His hands and neck were tied. The stolen things and the witnesses to the incident were also present.

I got that thief placed in an iron pot with a narrow neck. I placed the iron cover at its mouth. I then with heated iron and ranga got it pasted and thus made it air tight. I appointed my trusted men to guard it.

One day, I went near that narrow-necked pot. I got that pot opened. I then myself examined that man. I found him dead. But there was no hole in that pot, not even a small hole like needle point. There was no hair-line gap nor any other gap. So there was no possibility for his Jiva (soul) to go out.

In case there had been any hole or infintecimal gap. I could admit that the soul of the person shut down in the long-necked pot had gone out. Then I would have accepted your view point, would have liked it and would have taken interest in it. I would have then concluded that soul is different from body. But, Reverend Sir ! When there was no hole in that pot, my this conclusion is correct that soul is body and body is soul. Soul is not different from the body and body is not different from the soul.

कूटाकारशाला का दृष्टान्त

२४९. तए णं केसी कुमारसमणे पएसिं रायं एवं वयासी–

पएसी ! से जहा नामए कूडागारसाला सिया दुहओ लित्ता–गुत्ता–गुत्तदुवारा–णिवायगंभीरा। अह णं केइ पुरिसे भेरिं च दंडं च गहाय कूडागारसालाए अंतो अंतो अणुप्पविसति, तीसे कूडागारसालाए सव्वतो समंता घण–निचिय–निरंतर–णिच्छिड्डाइं दुवारवयणाइं पिहेइ, तीसे कूडागारसालाए बहुमज्झदेसभाए टिच्चा तं भेरिं दंडएणं महया महया सद्देणं तालेज्जा, से णूणं पएसी ! से सद्दे णं अंतोहिंतो बहिया निग्गच्छइ ?

हंत णिग्गच्छइ।

अत्थि णं पएसी ! तीसे कूडागारसालाए केइ छिड्डे वा जाव राई वा जओ णं से सद्दे अंतोहिंतो बहिया णिग्गए ?

नो तिणट्ठे समट्ठे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवामेव पएसी ! जीवे वि अप्पडिहयगई पुढविं भिच्चा, सिलं भिच्चा, पव्वयं भिच्चा अंतोहिंतो बहिया णिग्गच्छइ, तं सद्दहाहि णं तुमं पएसी ! अण्णो जीवो तं चेव।

२४९. प्रदेशी राजा के इस तर्क को सुनकर केशीकुमार श्रमण ने कहा–

"हे प्रदेशी ! (उदाहरण के रूप में) जैसे कोई एक कूटाकारशाला हो और वह भीतर-बाहर चारो ओर लिपी हुई हो, अच्छी तरह से आच्छादित हो, उसका द्वार भी गुप्त हो और हवा का प्रवेश भी जिसमें नहीं हो सके, ऐसी गहरी हो। यदि उस कूटाकारशाला के भीतर कोई पुरुष भेरी (नगाडा) और बजाने के लिए डंडा हाथ में लेकर घुस जाये और घुसकर उस कूटाकारशाला के द्वार आदि को इस प्रकार चारों ओर से बन्द कर दे कि जिससे कहीं पर भी थोडा-सा अन्तर नही रहे (हवा निकलने को भी छेद न रहे) और उसके बाद उस कूटाकारशाला के बीचोंबीच खड़े होकर डडे से भेरी को जोर-जोर से बजाये तो तुम्हीं बताओ कि वह भीतर की आवाज बाहर निकलती है अथवा नहीं ? अर्थात् भीतर की ध्वनि बाहर सुनाई पड़ती है या नहीं ?"

प्रदेशी–"हॉ, भदन्त ! निकलती है।"

केशीकुमार श्रमण–"हे प्रदेशी ! क्या उस कूटाकारशाला में कोई छिद्र अथवा दरार हुई है कि जिसमें से वह शब्द बाहर निकला हो ?"

प्रदेशी–"हे भदन्त ! वहॉ पर कोई छिद्रादि नही होता कि जिससे शब्द बाहर निकल सके।"

केशीकुमार श्रमण–"तो हे प्रदेशी ! इसी प्रकार जीव भी अप्रतिहत गति वाला है; उसकी गति कहीं नहीं रुकती। वह पृथ्वी का भेदन कर, शिला का भेदन कर, पर्वत का भेदन कर भीतर से बाहर निकल जाता है। इसीलिए तुम यह श्रद्धा-प्रतीति करो कि जीव और शरीर पृथक्-पृथक् है, जीव शरीर नहीं है और शरीर जीव नहीं है।"

ILLUSTRATION OF KOOTAKARSHALA (A TEMPLE ON SUMMIT OF A HILL)

249. After hearing this argument of king Pradeshi Keshi Kumar Shraman said—

"O Pradeshi ! Imagine a temple on summit of a hill and that it is pasted on all sides from both inside and outside. It is well covered. Its entrance is also secret. It is so deep that even air cannot enter it. Imagine that a person enters it with a stick and a drum and then he closes the door in such a way that there is no space even for the air

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीव की अप्रतिहत गति



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-१२

Illustration No. 12

जीव की अप्रतिहत गति

राजा प्रदेशी पूछता है-"आपके मतानुसार शरीर से जीव भिन्न है। मै यह नही मानता। क्योकि मैने एक अपराधी को पकडकर जीवित ही एक छिद्ररहित लौह कुम्भी मे डालकर कुम्भी को बन्द करके उस पर लेप लगाकर ताला डाल दिया था। कुछ दिन बाद देखा तो वह अपराधी मर चुका था। किन्तु कुम्भी मे जीव निकलने का कही भी कोई छेद या निशान नही मिला।"

समाधान देते हुए केशीकुमार श्रमण बोले-"राजन् ! जैसे कोई पुरुष एक कूटाकारशाला मे प्रविष्ट होकर उसे चारो तरफ से हवा बन्द करके भीतर नगाडा पीटे तो उस नगाडे की आवाज बाहर सुनाई देती है या नही ?"

राजा प्रदेशी-"देती है।"

केशीकुमार श्रमण-"उस शाला मे आवाज निकलने का कोई छिद्र नही होने पर भी आवाज बाहर आती है, उसी प्रकार जीव अप्रतिहत गति वाला है। उसकी गति कही रुकती नही।"

-सूत्र २४८-२४९, पृष्ठ ३४०-३४३

UNRESTRAINED MOVEMENT OF SOUL

King Pradeshi asks—"According to you body and soul are separate I don't accept this This is because once I caught a criminal and put him in an iron vessel with no hole Then the vessel was locked and sealed with a sealing paste When I checked the vessel a few days later I found the criminal dead and there was no hole or other sign of the soul escaping "

Keshi Kumar Shraman explained—"O King ! Imagine a person entering a concealed clandestine room, hermetically sealing it and then beating a drum inside Is the sound of the drum-beat audible outside or not ?"

King Pradeshi—"Yes, it is."

Keshi Kumar Shraman—"Although there is no hole through which the sound can escape, it still comes out In the same way soul has unrestrained movement Nothing stops its movement "

—Sutras 248-249, pp 340-343

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

to come out. Thereafter with the stick he beats the drum with great force, standing at the centre of that building. Please tell me whether the sound (of beating of the drum) will come out or not. In other words from outside can one hear the beating of the drum or not."

Pradeshi replied—"Reverend Sir ! It comes out."

Keshi Kumar Shraman said—"O Pradeshi ! Has any hole or hair-line appeared through which the sound has come out ?"

King Pradeshi said—"Sir ! There is no hole through which the sound has come out."

Keshi Kumar Shraman said—"O Pradeshi ! Similarly Jiva (soul) also has a movement that cannot be stopped by any substance. It does not stop any where. It passes through the earth, the heavy stone (shila), the hills, the mountains. So you should have firm belief that soul and body are separate entities. Soul is not body and body is not soul."

लोहकुंभी का उदाहरण

२५०. तए णं पएसी राया केसिं कुमारसमणं एवं वयासी–

अत्थि णं भंते ! एस पण्णा उवमा, इमेणं पुण कारणेणं णो उवागच्छइ, एवं खलु भंते ! अहं अन्नया कयाइ बाहिरियाए उवट्ठाणसालाए जाव विहरामि, तए णं ममं णगरगुत्तिया ससक्खं जाव उवणेंति, तए णं अहं (तं) पुरिसं जीवियाओ ववरोवेमि, जीवियाओ ववरोवेत्ता अयोकुंभीए पक्खिवावेमि, अउमएणं पिहावेमि जाव पच्चइएहिं पुरिसेहिं रक्खावेमि।

तए णं अहं अन्नया कयाइं जेणेव सा कुंभी तेणेव उवागच्छामि, तं अउकुंभिं उग्गलच्छावेमि, तं अउकुंभिं किमिकुंभिं पिव पासामि। णो चेव णं तीसे अउकुंभीए केइ छिड्डे इ वा जाव राई वा जहा णं ते जीवा बहियाहिंतो अणुपविट्ठा, जति णं तीसे अउकुंभीए होज्ज केइ छिड्डे इ वा जाव अणुपविट्ठा, तेणं अहं सद्दहेज्जा जहा–अन्नो जीवो तं चेव, जम्हा णं तीसे अउकुंभीए नत्थि केइ छिड्डे इ वा जाव अणुपविट्ठा तम्हा सुपतिट्ठिआ मे पइण्णा जहा–तं जीवो तं सरीरं तं चेव।

२५०. केशीकुमार श्रमण का उत्तर सुनकर प्रदेशी राजा ने पुनः इस प्रकार तर्क उपस्थित किया–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"भदन्त ! आप द्वारा दी गई यह उपमा तो बुद्धि की चतुरता है, इससे मेरे मन में जीव और शरीर की भिन्नता का विचार युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता है। क्योंकि मैंने ऐसा अनुभव किया है किसी समय मैं अपनी बाहरी उपस्थानशाला में गणनायक आदि के साथ बैठा था। तब मेरे नगर-रक्षकों ने चोरी के प्रमाणों के साथ एक चोर पुरुष को उपस्थित किया। मैंने तुरन्त उस पुरुष को प्राणरहित कर दिया, मार डाला और मारकर एक लोहकुंभी में डलवा दिया, मजबूत ढक्कन से ढॉक दिया और अपने विश्वासपात्र पुरुषों को रक्षा के लिए नियुक्त कर दिया।

इसके बाद किसी दिन मैं उस कुंभी के पास गया। उस लोहकुंभी को उघाडकर देखा, तो वह कृमियों (कीडों) से भरी हुई थी। लेकिन उस लोहकुंभी में न तो कोई छेद हुआ था, न कोई दरार पडी थी कि जिसमे से वे जीव बाहर से उसमें प्रवेश कर सकें। यदि उस लोहकुंभी में कोई छेद होता, दरार होती तो मैं यह मान लेता कि वे जीव उसमें से होकर कुंभी में प्रविष्ट हुए हैं और तब मैं श्रद्धा कर लेता कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है। लेकिन जब उस लोहकुंभी मे कोई छेद आदि नहीं हुआ, फिर भी उसमें जीव प्रविष्ट हो गये। अतः मेरा यह विश्वास है कि जीव और शरीर एक ही हैं। अर्थात् इस शरीर से भिन्न जीव नामक कोई तत्त्व नहीं है।"

EXAMPLE OF NARROW NECKED IRON POT

250. At this reply of Keshi Kumar Shraman, king Pradeshi put up another argument in this manner—

"Reverend Sir ! The illustration given by you is a product of developed intellect. This illustration does not give rise to the belief in my mind that soul and body are different. It is because I have experienced, that once I was sitting in my outer council-hall with my staff and others. Then my security guards of the town presented before me a thief with evidence of his guilt. I made him lifeless at once. I killed him and thereafter put him in a narrow necked big iron pot. I covered it with a strong lid and appointed my trusted men to guard it.

Thereafter, one day I came near that pot. I then found it full of ants. There was no hole nor any hair-line gap in it through which those insects could go inside. In case there had been any hole or hair-line gap in the pot, I could believe that the insects (Jiva) have entered through that gap. I could then believe that soul and body

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

are different entities. But since the insects entered the pot even without a hole or gap, I have firm belief that soul and body are one or in other words that soul is not different from the body."

तप्त लोह का उदाहरण

२५१. तए णं केसी कुमारसमणे पएसीं रायं एवं वयासी–

अत्थि णं तुमे पएसी ! कयाइ अए धंतपुव्वे वा धम्मवियपुव्वे वा ?

हंता अत्थि।

से णूणं पएसी ! अए धंते समाणे सव्वे अगणिपरिणए भवति ?

हंता भवति।

अत्थि णं पएसी ! तस्स अयस्स केई छिड्डी इ वा जेणं से जोई बहियाहिंतो अंतो अणुपविट्ठे ?

नो इणमट्ठे समट्ठे।

एवामेव पएसी ! जीवो वि अप्पडिहयगई पुढविं भिच्चा, सिलं भिच्चा बहियाहिंतो अणुपविसइ, तं सद्दहाहि णं तुमं पएसी ! तहेव।

२५१. तब प्रदेशी राजा के तर्क का उत्तर देते हुए केशीकुमार श्रमण ने कहा–

"हे प्रदेशी ! क्या तुमने पहले कभी अग्नि से तपाया हुआ लोहा देखा है अथवा स्वयं लोहे को तपवाया है ?"

प्रदेशी–"हॉ, भदन्त !"

केशीकुमार श्रमण–"हे प्रदेशी ! यह बताओ, तपाने पर वह लोहा पूर्णतया अग्निरूप में हो जाता है या नहीं ?"

प्रदेशी–"हॉ, भदन्त ! हो जाता है।"

केशीकुमार श्रमण–"हे प्रदेशी ! तब उस लोहे में कोई छिद्र आदि होता है या हुआ क्या, जिससे वह अग्नि बाहर से उसके भीतर प्रविष्ट हो गई ?"

प्रदेशी–"भदन्त ! ऐसा नहीं होता है। अर्थात् उस लोहे में कोई छिद्र आदि नहीं होता।"

केशीकुमार श्रमण–"तो इसी प्रकार जीव भी अप्रतिहत गति वाला होता है, वह पृथ्वी, शिला आदि का भेदन करके बाहर से भीतर प्रविष्ट हो जाता है। इसीलिए तुम इस बात की श्रद्धा–प्रतीति करो कि जीव भिन्न है और शरीर भिन्न है।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ILLUSTRATION OF RED-HOT IRON

251. Replying to the argument of king Pradeshi, Keshi Kumar Shraman said—

"O Pradeshi ! Have you ever seen the red-hot iron or have you ever heated iron yourself in the fire ?'

Pradeshi replied—"Yes Sir."

Then Keshi Kumar Shraman said—"O Pradeshi ! Does the iron become completely fire-like when heated or does it not become so ?"

Pradeshi replied—"Sir ! It becomes."

Keshi Kumar Shraman asked—"O Pradeshi ! At that time does any hole or suchlike appear in the iron through which the fire entered the iron."

Pradeshi replied—"Sir ! There is no suchlike thing. No hole appears in the iron."

Keshi Kumar Shraman then said—"Similarly Jiva (soul) is also of uncontrollable movement. It enters through the earth, the heavy stone and suchlike from outside. So you have the belief that soul and body are different."

२५२. तए णं पएसी राया केसीकुमारसमणं एवं वयासी–

अत्थि णं भंते ! एस पण्णा उवमा, इमेण पुण मे कारणेणं नो उवागच्छइ–

अत्थि णं भंते ! से जहानामए केइ पुरिसे तरुणे जाव सिप्पोवगए पभू पंचकंडगं निसिरित्तए ?

हंता, पभू।

जति णं भंते ! सो च्चेव पुरिसे बाले जाव मंदविन्नाणे पभू होज्जा पंचकंडगं निसिरित्तए, तो णं अहं सद्दहेज्जा जहा–अन्नो जीवो तं चेव, जम्हा णं भंते ! स चेव से पुरिसे जा मंदविन्नाणे णो पभू पंचकंडगं निसिरित्तए, तम्हा सुपइट्ठिया मे पइण्णा जहा–तं जीवो तं चेव।

२५२. इन युक्तियों को सुनकर केशीकुमार श्रमण से प्रदेशी राजा ने कहा–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"आपकी उपमा वास्तविक नहीं है। बुद्धि से कल्पित है, इसलिए मै इन्हें नहीं मानता। किन्तु जो कारण मैं बता रहा हूँ, उससे जीव और शरीर की भिन्नता सिद्ध नहीं होती है। वह कारण इस प्रकार है–

हे भदत ! जैसे कोई एक तरुण, बलशाली, निरोग, स्थिर संहनन वाला, कुशल, बुद्धिमान और अपना कार्य सिद्ध करने में निपुण पुरुष क्या एक साथ अपने शरीर में लगे पॉच बाणों को निकालने में समर्थ है ?"

केशीकुमार श्रमण–"हॉ, वह समर्थ है।"

प्रदेशी–"लेकिन वही पुरुष यदि बालक तथा मंद ज्ञान वाला होता तो भी क्या पॉच बाणों को एक साथ निकालने में समर्थ होता ? यदि होता तो हे भदन्त ! मैं यह श्रद्धा कर सकता था कि जीव भिन्न है और शरीर भिन्न है, लेकिन वही बाल, मद ज्ञान वाला पुरुष पॉच बाणों को एक साथ निकालने में समर्थ नहीं होता है, इसलिए मेरी यह धारणा सही है कि जीव और शरीर एक ही हैं। जो जीव है वही शरीर है और जो शरीर है वही जीव है।"

252. After hearing these arguments, king Pradeshi said—

"Your illustrations are not actual events. They are product of intellect, so I do not believe them. But the reasons which I put forward do not prove that soul and body are different entities. My reasoning is as under—

Reverend Sir ! There is a young, strong, healthy, well-built, clever, intelligent person who is expert in performing his duties. Can he simultaneously take out five arrows that have struck him ?"

Keshi Kumar Shraman replied—"Yes. He can."

Pradeshi said—"In case that man had yet been a child and of low intellect, could he then also take out five arrows from his body simultaneously. In case he could do, I could believe that soul is different from the body. But that child with low intellect is not able to take out five arrows simultaneously. So I have the firm belief that soul and body are one. Soul is body and body is soul."

टूटे धनुष का दृष्टान्त

२५३. तए णं केसी कुमारसमणे पएसिं रायं एवं वयासी–

से जहानामए केइ पुरिसे तरुणे जाव सिप्पोवगए पवएणं धणुणा नवियाए जीवाए नवएणं इसुणा पभू पंचकंडगं निसिरित्तए ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हंता, पभू।

सो चेव णं पुरिसे तरुणे जाव निउणसिप्पोवगए कोरिल्लिएणं धणुणा कोरिल्लियाए जीवाए कोरिल्लिएणं इसुणा पभू पंचकंडगं निसिरित्तए ?

णो तिणमट्ठे समट्ठे।

कम्हा णं ?

भंते ! तस्स पुरिसस्स अपज्जत्ताइं उवगरणाइं हवंति।

एवामेव पएसी ! सो चेव पुरिसे बाले जाव मंदविन्नाणे अपज्जत्तोवगरणे, णो पभू पंचकंडयं निसिरित्तए, तं सद्दहाहि णं तुमं पएसी ! जहा अन्नो जीवो तं चेव।

२५३. प्रदेशी राजा के प्रत्युत्तर में केशीकुमार श्रमण ने कहा–

"राजन् ! कोई एक तरुण पुरुष, जो कार्य करने में निपुण हो, नवीन धनुष, नई प्रत्यचा (डोरी) और नवीन बाण से एक साथ पॉच बाण छोडने में समर्थ होता है अथवा नहीं ?"

प्रदेशी–"हाँ, समर्थ होता है।"

केशीकुमार श्रमण–"लेकिन वही तरुण और कुशल पुरुष जीर्ण-शीर्ण, पुराने धनुष, जीर्ण प्रत्यंचा और वैसे ही जीर्ण बाण से क्या एक साथ पॉच बाणों को छोडने में समर्थ हो सकता है ?"

प्रदेशी–"भदन्त ! ऐसा नहीं होता। अर्थात् पुराने धनुष आदि से वह एक साथ पॉच बाण छोडने में समर्थ नहीं हो सकता।"

केशीकुमार श्रमण–"प्रदेशी ! इसका क्या कारण है कि वह एक साथ पॉच बाण छोडने में समर्थ नहीं होता ?"

प्रदेशी–"भदन्त ! उस पुरुष के पास उपकरण–साधन पर्याप्त नहीं हैं।"

केशीकुमार श्रमण ने कहा–"प्रदेशी ! इसी प्रकार वह बाल मंद विज्ञानी पुरुष योग्यता रूप उपकरण की अपर्याप्तता के कारण एक साथ पॉच बाणों को छोडने में समर्थ नहीं हो पाता है। अर्थात् उसमें जीव की क्षमता तो समान ही है किन्तु शरीर रूप साधन की अक्षमता है। अतः प्रदेशी ! तुम यह श्रद्धा–प्रतीति करो कि जीव और शरीर पृथक्–पृथक् हैं। जीव शरीर नहीं और शरीर जीव नहीं है।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-१३

Illustration No. 13

अक्षम उपकरण

राजा प्रदेशी ने प्रश्न किया-"क्या कोई बलवान पुरुष अपने शरीर मे लगे पॉच बाणो को एक साथ निकाल सकता है ?"

केशीकुमार श्रमण-"हॉ, निकाल सकता है।

राजा प्रदेशी -"कोई बालक या दुर्बल व्यक्ति अपने शरीर पर लगे पॉच बाणो को एक साथ निकालने मे समर्थ क्यो नही होता ?"

प्रश्न का समाधान करते हुए केशीकुमार श्रमण बोले -"एक सुदृढ शरीर वाला समर्थ धनुर्धारी एक सधे हुए धनुष से क्या एक साथ पॉच बाण छोड सकता है ?"

राजा प्रदेशी-"हॉ, छोड सकता है।"

केशीकुमार श्रमण-"यदि उस धनुर्धारी का धनुष, प्रत्यचा आदि साधन जीर्ण-शीर्ण, कमजोर हो तो क्या उससे एक साथ पॉच बाण छोडे जा सकते है ?"

राजा प्रदेशी-"नही, वह नही छोड सकता।"

केशीकुमार श्रमण-"यही बात तुम्हारे प्रश्न के सम्बन्ध मे समझो। शरीररूपी उपकरण की दुर्बलता से आत्मा के पौरुष मे अन्तर पडता है।"

-सूत्र २५२-२५३, पृष्ठ ३४६-३४९

WEAK EQUIPMENT

King Pradeshi asked—"Can a strong person remove five arrows embedded in his body at once ?"

Keshi Kumar Shraman—"Yes, he can "

King Pradeshi—"Why a child or a weak person is unable to remove five arrows embedded in his body at once ?"

Keshi Kumar Shraman explains—"Can a strong and accomplished archer launch five arrows together with a well balanced bow ?"

King Pradeshi—"Yes, he can "

Keshi Kumar Shraman—"If the archer's bow, bow-string and other equipments are old and wasted, can he still launch five arrows together ?"

King Pradeshi—"No, he can't "

Keshi Kumar Shraman—"That answers your question The weakness of the equipment that is the body effects the potency of the soul "

—Sutras 252-253, pp 346-349

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ILLUSTRATION OF BROKEN BOW

253. In reply to the argument of king Pradeshi, Keshi Kumar Shraman said—

"O king ! Is a young man who is expert in performing all duties, capable of throwing five arrows simultaneously with a new bow and a new string."

Pradeshi replied—"Yes. He is capable."

Keshi Kumar Shraman said—"Can the same young expert person throw five arrows simultaneously with an old bow, weak string and weak arrow."

Predeshi said—"Sir ! It is not possible. He cannot do so with an old bow."

Keshi Kumar Shraman asked—"Why is it so that he is not capable of throwing five arrows simultaneously ?"

Pradeshi replied—"Sir ! That man does not have proper instrument."

Keshi Kumar Shraman then said—"O Pradeshi ! Same is the case with a person of low intellect; he has not the instrument of proper skill and, therefore, he is not able to throw five arrows simultaneously. In other words, the capability in the soul is the same but due to weak body, he is not able to do so. O Pradeshi ! You have the belief that soul and body are different. Soul is not the body and body is not the soul."

२५४. तए णं पएसी राया केसीकुमारसमणं एवं वयासी—

अत्थि णं भंते ! एस पण्णा उवमा, इमेण पुण कारणेणं नो उवागच्छइ, भंते ! से जहानामए केइ पुरिसे तरुणे जाव सिप्पोवगए पभू एगं महं अयभारगं वा तउयभारगं वा सीसगभारगं वा परिवहित्तए ?

हंता, पभू !

सो चेव णं भंते ! पुरिसे जुन्ने जराजज्जरियदेहे सिढिलवलितयाविणद्धगत्ते दंडपरिग्गहियग्गहत्थे पविरलपरिसडियदंतसेढी आउरे किसिए पिवासिए दुब्बले किलंते नो पभू एगं महं अयभारगं वा जाव परिवहित्तए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जइ णं भंते ! सच्चेव पुरिसे जुन्ने जराजज्जरियदेहे जाव परिकिलंते पभू एगं महं अयभारं वा जाव परिवहित्तए तो णं सद्दहेज्जा तहेव, जम्हा णं भंते ! से चेव पुरिसे जुन्ने जाव किलंते नो पभू एगं महं अयभारं वा जाव परिवहित्तए, तम्हा सुपतिट्ठिता मे पइण्णा तहेव।

२५४. तब प्रदेशी राजा ने पुनः केशीकुमार श्रमण से कहा–

"हे भदन्त ! यह आपकी बुद्धि से कल्पित उपमा पर्याप्त नही है। किन्तु मेरे द्वारा प्रस्तुत तर्क से यह सिद्ध होता है कि जीव और शरीर में भेद नहीं है। वह तर्क इस प्रकार है–भदन्त ! कोई एक तरुण बलवान पुरुष एक विशाल बहुत बडे लोहे के भार को, सीसे के भार को या रॉगे के भार को उठाने में समर्थ होता है अथवा नहीं ?"

केशीकुमार श्रमण–"हाँ, समर्थ होता है।"

प्रदेशी–"भदन्त ! किन्तु जब वही पुरुष वृद्ध हो जाता है तब वृद्धावस्था के कारण शरीर जर्जरित, शिथिल, झुर्रियों वाला एवं अशक्त हो जाता है, चलते समय सहारे के लिए हाथ में लकडी ले लेता है। दंत–पक्ति में से बहुत से दॉत गिर चुके होते हैं, खॉसी, श्वास आदि रोगों से पीड़ित होने के कारण कमजोर हो जाता है। भूख–प्यास से व्याकुल रहता है, दुर्बल और थका–मॉदा हो जाता है तब उस वजनदार लोहे के भार को, रॉगे के भार को अथवा सीसे के भार को उठाने में समर्थ नहीं हो पाता है।

हे भदन्त ! यदि वही पुरुष वृद्ध, जरा–जर्जरित शरीर होने पर भी उस विशाल लोहे के भार आदि को उठाने मे समर्थ होता तो मै यह विश्वास कर सकता था कि जीव शरीर से भिन्न है और शरीर जीव से भिन्न है। लेकिन वह पुरुष वृद्ध हो जाने से एक विशाल लोहे के भार आदि को उठाने में समर्थ नहीं होता है। अतः मेरी यह धारणा सुसंगत–समीचीन है कि जीव और शरीर दोनों एक ही हैं। किन्तु जीव और शरीर भिन्न–भिन्न नहीं हैं।"

254. Then king Pradeshi again said—

"Reverend Sir ! The illustration which is a creation of your intellect is not sufficient. From my logical argument it is crystal clear that there is no difference between soul and body. That argument is as under—Sir ! Can a young well-built person be capable of lifting a heavy load of iron, of glass or of another metal ?"

Keshi Kumar Shraman said—"Yes, he can ?"

Pradeshi said—"But when the same person becomes old, he because of old age becomes weak, feeble and wrinkles appear on his

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

body. He walks with the help of a stick. Many of his teeth have fallen. He becomes a prey to cough, breathing trouble and suchlike diseases and therefore, becomes very weak. He remains restless due to hunger and thirst. He feels weak and tired. At that time he is not capable to lift that load of iron, glass or other suchlike.

Sir ! In can that person could lift such load even at the old age and with the weak, frail body, I could believe that soul and body are different. But that person because of his old age, is not capable of lifting the iron load, so my belief that soul and body are the same is correct. It is thus a fact that soul is not different from the body."

२५५. तए णं केसी कुमारसमणे पएसिं रायं एवं वयासी–

से जहाणामए केइ पुरिसे तरुणे जाव सिप्पोवगए णवियाए विहंगियाए, णवएहिं सिक्कएहिं, णवएहिं पच्छियपिंडएहिं पहू एगं महं अयभारं जाव परिवहित्तए ?

हंता, पभू।

पएसी ! से चेव णं पुरिसे तरुणे जाव सिप्पोवगए जुन्नियाए दुब्बलियाए घुणक्खइयाए विहंगियाए जुण्णएहिं दुब्बलएहिं घुणक्खइएहिं सिढिलतयापिणद्धएहिं सिक्कएहिं, जुण्णएहिं दुब्बलिएहिं घुणखइएहिं पच्छिपिंडएहिं पभू एगं महं अयभारं वा जाव परिवहित्तए ?

णो तिणट्ठे समट्ठे।

कम्हा णं ?

भंते ! तस्स पुरिसस्स जुन्नाइं उवगरणाइं भवंति।

पएसी ! से चेव से पुरिसे जुन्ने जाव किलंते जुत्तोवगरणे नो पभू एगं महं अयभारं वा जाव परिवहित्तए, तं सद्दहाहि णं तुमं पएसी ! जहा–अन्नो जीवो अन्नं सरीरं।

२५५. तब केशीकुमार श्रमण ने उत्तर दिया–

"जैसे कोई एक तरुण यावत् कार्य-निपुण पुरुष नवीन कावड़ से, रस्सी से बने नवीन सींके से और नवीन टोकरी से एक बहुत बड़े वजनदार लोहे के भार को उठाने, ढोने में समर्थ होता है या नहीं ?"

प्रदेशी–"हाँ, समर्थ होता है।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

केशीकुमार श्रमण–(अब मैं पुनः तुमसे पूछता हूँ कि) "हे प्रदेशी ! वही तरुण यावत् कार्यकुशल पुरुष क्या सडी–गली, पुरानी, कमजोर, घुन से खाई हुई कावड से, जीर्ण–शीर्ण, दुर्बल, दीमक के खाये एवं ढीलेढाले सींके से और पुराने, कमजोर तथा दीमक लगी टोकरी से एक बड़े वजनदार लोहे के भार आदि को ढोने में समर्थ होता है ?"

प्रदेशी–"हे भदन्त ! ऐसा नहीं हो सकता है। जीर्ण–शीर्ण कावड आदि से भार ले जाने में वह समर्थ नहीं होता है।"

केशीकुमार श्रमण–"क्यों नहीं समर्थ है ?"

प्रदेशी–"क्योंकि भदन्त ! उस पुरुष के पास भारवहन करने के उपकरण–साधन जीर्ण–शीर्ण हैं इस कारण।"

केशीकुमार श्रमण–"हे प्रदेशी ! इसी प्रकार वह पुरुष जीर्ण यावत् थके हुए शरीर आदि उपकरणों वाला होने से एक भारी वजनदार लोहे के भार को वहन करने में समर्थ नहीं है। इसीलिए प्रदेशी ! तुम यह श्रद्धा और विश्वास करो कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है। जीव शरीर नहीं है और शरीर जीव नहीं है।"

255. Then Keshi Kumar Shraman replied—

"O Pradeshi ! Imagine a young, expert person. Is he capable or not, of lifting a big heavy iron load with a new big basket, in a new swing made of string or a new bamboo basket ?"

Pradeshi replied—"Yes, he is capable."

Keshi Kumar Shraman again said—"O Pradeshi ! Can the same young expert person lift the heavy load with a rotten, old, weak and insect-eaten basket, very weak, insect-eaten loose swing or old, weak and insect-eaten bamboo basket ?"

Pradeshi replies—"Sir ! It is not possible. He can't carry the load is with very weak basket and suchlike others."

Keshi Kumar Shraman asked—"Why is he not capable ?"

Pradeshi replied—"Sir ! The instruments with him to carry the load are very weak and old."

Keshi Kumar Shraman said—"O Pradeshi ! Similarly that man has old upto tired body as his instruments. So he is not able to carry a heavy load. So O Pradeshi ! You have faith, you believe that soul and body are different. Soul is not body and body is not soul."

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन–यहाँ प्रदेशी राजा का तर्क है कि दोनो पुरुषो मे शारीरिक क्षमता का अन्तर क्यो है ? यदि शरीर से आत्मा भिन्न होता तो आपके कथनानुसार आत्मा तो दोनो मे ही समान है, फिर यह अन्तर क्यो पडा ? इससे यह सिद्ध होता है कि शरीर ही मुख्य है, शरीर के कारण ही वह शक्ति-सम्पन्न है। आत्मा या चेतना नाम की भिन्न शक्ति नही है। इसके समाधान मे केशीकुमार श्रमण ने पुराने धनुष का उदाहरण दिया है, बाण फेकने वाला साधक और धनुष व डोरी आदि बाण फेकने के साधन–दोनो ही जब समर्थ/सक्षम होते है तभी कार्य सम्पन्न होता है। इसी प्रकार जीव साधक है, शरीर साधन है। यदि शरीर दुर्बल या रोगी है तो शक्ति-सम्पन्न जीव भी अपना कार्य सिद्ध नही कर सकता। दूसरा कावड का उदाहरण भी साधनो की अपर्याप्तता को ही शरीर की अक्षमता का कारण सिद्ध करता है। पर्याप्त उपकरणो के अभाव मे समर्थ सुदक्ष सेना भी हार जाती है, इससे यही सिद्ध होता है कि उपकरण भिन्न है और उपकरणो से कार्य करने वाला भिन्न है, दोनो एक नही है।

Elaboration—Here the argument of king Pradeshi why is there the difference in physical capability of the two persons ? In case soul is different from the body, soul being identical in the two, why is the difference (in strength) This fact proves that body is the main organ The strength is because of the body. There is no other power such as soul or consciousness In reply Keshi Kumar Shraman gave the example of an old bow. A work is completed if the person throwing, the arrow, the bow and its string are all strong and capable. Similarly Jiva (soul) is the person, body is the instrument If the body is weak and disease-ridden, even a strong person cannot complete his task. The second example of Kavar (the big basket) also indicates the unsufficiency in strength of the means as the body is weak Absence of proper needed instruments leads to the defeat of even a strong army This fact proves that the means (the instruments) and the person using the instruments are different. Both are not the same entities

२५६. तए णं से पएसी केसिकुमारसमणं एवं वयासी–

अत्थि णं भंते ! जाव (एस पण्णा उवमा इमेण पुण कारणेणं) नो उवागच्छइ, एवं खलु भंते ! जाव विहरामि। तए णं मम णगरगुत्तिया चोरं उवणेंति। तए णं अहं तं पुरिसं जीवंतगं चेव तुलेमि, तुलेत्ता छविच्छेयं अकुव्वमाणे जीवियाओ ववरोवेमि, मयं तुलेमि, णो चेव णं तस्स पुरिसस्स जीवंतस्स वा तुलियस्स वा मुयस्स वा तुलियस्स केइ आणत्ते वा, नाणत्ते वा, ओमत्ते वा, तुच्छत्ते वा, गुरुयत्ते वा, लहुयत्ते वा, जति णं भंते ! तस्स पुरिसस्स जीवंतस्स वा तुलियस्स मुयस्स वा तुलियस्स केइ अन्नत्ते वा जाव लहुयत्ते वा तो णं अहं सद्दहेज्जा तं चेव।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जम्हा णं भंते ! तस्स पुरिसस्स जीवंतस्स वा तुलियस्स मुयस्स वा तुलियस्स नत्थि केइ अन्नत्ते वा लहुयत्ते वा तम्हा सुपतिट्ठिया मे पइन्ना जहा–तं जीवो तं चेव।

२५६. इसके उत्तर मे प्रदेशी राजा ने केशीकुमार श्रमण से कहा–

"हे भदन्त ! आपकी यह उपमा वास्तविक नहीं है, इससे जीव और शरीर की भिन्नता नहीं मानी जा सकती है। लेकिन जो प्रत्यक्ष कारण मैं बताता हूँ, उससे यही सिद्ध होता है कि जीव और शरीर एक ही है। वह कारण इस प्रकार है–हे भदन्त ! किसी एक दिन मै गणनायक, दंडनायक आदि के साथ बाहरी उपस्थानशाला में बैठा था। उसी समय मेरे नगर-रक्षक कोतवाल चोर को पकड़कर लाये। तब मैंने उस पुरुष को जीवित अवस्था में तोला। तोलकर फिर मैंने उसके अंग-भंग किये बिना ही उसको जीवनरहित कर दिया–मार डाला और मारकर फिर मैंने उसे तोला। उस पुरुष का जीवित रहते जो तोल था उतना ही मरने के बाद था। जीवित रहते और मरने के बाद के तोल में मुझे किसी भी प्रकार का अन्तर–न्यूनाधिकता दिखाई नहीं दी, न उसका भार बढा और न कम हुआ, न वह भारी हुआ और न हल्का हुआ। इसलिए हे भदन्त ! यदि उस पुरुष के जीवितावस्था के वजन से मृतावस्था के वजन में किसी प्रकार की न्यूनाधिकता हो जाती, यदि हल्कापन आ जाता तो मै इस बात पर श्रद्धा कर लेता कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है; जीव और शरीर एक नहीं हैं।

लेकिन मैंने उस पुरुष के जीवित और मृत अवस्था मे किये गये तोल में किसी प्रकार की भिन्नता, न्यूनाधिकता यावत् लघुता नहीं देखी। इस कारण मेरा यह मानना युक्तिसंगत है कि जो जीव है वही शरीर है और जो शरीर है वही जीव है किन्तु जीव और शरीर भिन्न-भिन्न नहीं हैं।"

256. In reply king Pradeshi said—

"Sir ! Your this example is not factual. From it, it cannot be concluded that soul and body are different. But I tell you the distinct cause of it that proves, that soul and body are one and the same. That reason is as under—Once I was sitting in the outer council-hall when my guard of the town brought a thief to me. Then I weighed him when he was alive. Thereafter I killed him, made him lifeless without breaking the parts of his body. I weighed him again. Air weight was the same as earlier when he was alive. I did not find any difference in the two—weight before death and weight after death. Neither his weight increased nor his weight reduced. Neither he became heavier nor he became lighter than before. So,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Reverend Sir ! In case there had been any difference in the weight in two states namely in the living state and in the dead state; in case the body had become lighter after death, I could believe that soul and body are different entities—that soul and body are not same entity.

But I did not find any difference in weight in the living state of that person and weight when he was dead nor I found him lighter then. So it is my logical deduction that soul is the body and body is the same and that soul and body are not different entities."

हवा भरी वस्ति (मसक) का उदाहरण

२५७. तए णं केसी कुमारसमणे पएसिं रायं एवं वयासी–

अत्थि णं पएसी ! तुमे कयाइ वत्थी धंतपुव्वे वा धमावियपुव्वे वा ?

हंता अत्थि।

अत्थि णं पएसी ! तस्स वत्थिस्स पुण्णस्स वा तुलियस्स अपुण्णस्स वा तुलियस्स केइ अण्णत्ते वा जाव लहुयत्ते वा ?

णो तिणट्ठे समट्ठे।

एवामेव पएसी ! जीवस्स अगुरुलहुयत्तं पडुच्च जीवंतस्स वा तुलियस्स मुयस्स वा तुलियस्स नत्थि केइ आणत्ते वा जाव लहुयत्ते वा, तं सद्दाहि णं तुमं पएसी ! तं चेव।

२५७. तब केशीकुमार श्रमण ने समाधान देते हुए कहा–

"प्रदेशी ! तुमने कभी धौंकनी (वस्ति–मसक) में हवा भरी है अथवा किसी से भरवाई है ?"

प्रदेशी–"हाँ, भदन्त ! भरी है और भरवाई भी है।"

केशीकुमार श्रमण–"हे प्रदेशी ! जब वायु से भरकर उस मसक को तोला तब, और वायु को निकालकर तोला तब तुमको उसके वजन में कुछ न्यूनाधिकता (हल्का–भारीपन) मालूम हुई ?"

प्रदेशी–"भदन्त ! ऐसा तो नहीं है, यानी न्यूनाधिकता–लघुता कुछ भी मालूम नहीं हुई।"

केशीकुमार श्रमण–"हे प्रदेशी ! इसी प्रकार जीव के अगुरु–लघुत्व स्वभाव को समझकर उस चोर के शरीर के जीवितावस्था में किये गये तोल में और मृतावस्था में किये

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गये तोल में कुछ भी अन्तर यानी हल्का-भारीपन नहीं होता है। इसीलिए तुम यह श्रद्धा करो कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है, किन्तु जीव और शरीर एक नहीं हैं।''

EXAMPLE OF A LEATHER WATER-BAG WITH AIR

257. Then, Keshi Kumar Shraman further illustrating his view point said—

"Pradeshi ! Have you ever filled a leather water-bag with air or got it filled ?"

Pradeshi replied—"Yes Sir ! I have filled it and also got it filled."

Keshi Kumar Shraman then said—"O Pradeshi ! When you weighed the water-bag filled with air and later weighed it after all the air was removed, did the weight increase or reduce; did it appear heavier or lighter ?"

Pradeshi replied—"Sir ! It is no so. In other words, neither there was change in weight nor it became lighter or heavier."

Keshi Kumar Shraman then said—"O Pradeshi ! Same is the nature of soul, its aguru-laghutva—its very nature of not being heavy nor being light. As such there was no change in weight of the thief in two states—namely living state and dead state. So you should believe that soul and body are different entities. They are not the same."

२५८. तए णं पएसी राया केसिकुमारसमणं एवं वयासी–

अत्थि णं भंते ! एसा जाव. नो उवागच्छइ, एवं खलु भंते ! अहं अन्नया जाव चोरं उवणेति। तए णं अहं तं पुरिसं सव्वतो समंता समभिलोएमि, नो चेव णं तत्थ जीवं पासामि, तए णं अहं तं पुरिसं दुहा फालियं करेमि, करित्ता सव्वतो समंता समभिलोएमि, नो चेव णं तत्थ जीवं पासामि, एवं तिहा चउहा संखेज्जफालियं करेमि, णो चेव णं तत्थ जीवं पासामि।

जइ णं भंते ! अहं तं पुरिसं दुहा वा, तिहा वा, चउहा वा, संखेज्जहा वा फालियंमि वा जीवं पासंतो तो णं अहं सद्दहेज्जा नो तं चेव, जम्हा णं भंते ! अहं तंसि दुहा वा तिहा वा चउहा वा संखिज्जहा वा फालियंमि वा जीवं न पासामि तम्हा सुपतिट्ठिया मे पइण्णा जहा–तं जीवो तं सरीरं तं चेव।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-१४

Illustration No. 14

जीव भाररहित है

राजा प्रदेशी कहता है-"मैने एक अपराधी चोर को तराजू मे तोलकर उसका वजन किया, फिर उसको शस्त्र से मारकर पुन वजन किया तो उसके वजन मे कुछ भी अन्तर नही पडा। इस कारण मै मानता हूँ कि जीव शरीर से भिन्न नही है। जीव और शरीर एक ही है।"

समाधान देते हुए केशीकुमार श्रमण कहते है-"राजन् ! जैसे शुद्ध हवा से पूरी भरी हुई मशक (धौकनी) को तोलने पर जितना वजन होता है, हवा निकालकर तोलने पर उसके भार मे क्या कोई कमी आती है ?"

राजा प्रदेशी-"नही, दोनो ही अवस्था मे वजन समान रहता है।"

केशीकुमार श्रमण-"इसी उदाहरण से जीव सहित शरीर व जीवरहित शरीर के भार मे कोई अन्तर नही पडता।"

-सूत्र २५६-२५७, पृष्ठ ३५३-३५६

SOUL IS WEIGHTLESS

King Pradeshi states—"I weighed a thief in a balance Then I killed him with a weapon and weighed again There was no change in the weight Therefore I believe that soul is not separate from the body Body and soul are one"

Keshi Kumar Shraman explains—"O King ! Have you weighed a leather water-bag filled with air and then after emptying it ? Did you find any change in weight ?"

King Pradeshi—"No, I have done so and found that there is no difference in weight"

Keshi Kumar Shraman—"In the same way there is no difference in weight of a body with and without soul"

—Sutras 256-257, pp 353-356

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२५८. केशीकुमार श्रमण की युक्ति सुनकर प्रदेशी राजा ने पुनः इस प्रकार कहा–

"हे भदन्त ! आपकी यह उपमा बुद्धि-कल्पित होने से मैं नहीं मानता। इससे यह सिद्ध नहीं होता है कि जीव और शरीर पृथक्-पृथक् हैं। किन्तु भदन्त ! मैंने प्रयोग करके देखा है कि एक बार मैं अपने गणनायकों आदि के साथ बाह्य उपस्थानशाला में बैठा था। तब नगर-रक्षक एक चोर को पकड़कर लाये। मैने उस पुरुष को सभी ओर से (सिर से पैर तक) अच्छी तरह देखा-भाला, परन्तु उसमें मुझे कहीं भी जीव दिखाई नहीं दिया। इसके बाद मैंने उस पुरुष के दो टुकड़े कर दिये। टुकडे करके फिर मैंने अच्छी तरह सभी ओर से देखा। तब भी मुझे जीव नहीं दिखा। इसके बाद मैंने उसके तीन, चार यावत् अनेकानेक टुकड़े किये, परन्तु उनमें भी मुझे कहीं पर जीव दिखाई नहीं दिया।

यदि भदन्त ! उस पुरुष के दो, तीन, चार अथवा अनेकानेक टुकडे करने पर भी मुझे कहीं जीव दिखता तो मैं यह श्रद्धा-विश्वास कर लेता कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है, जीव और शरीर एक नहीं है। लेकिन भदन्त ! जब मैंने उस पुरुष के दो, तीन, चार अथवा अनेक टुकड़ो में भी जीव नहीं देखा है तो मेरी यह धारणा सुसगत-सुस्थिर बन गई कि जीव ही शरीर है और शरीर ही जीव है। जीव और शरीर भिन्न-भिन्न नहीं है।"

258. After this argument of Keshi Kumar Shraman, king Pradeshi again said as under—

"Reverend Sir ! I do not accept this argument as it is creation of the mind. It does not prove that soul and body are separate entities. But I had tried an experiment. Once I was sitting with my staff in the outer council chamber. The guard of the town brought a thief. I saw that thief closely and carefully from head to foot, I did not find the Jiva (soul) anywhere. I then cut him into two. I again saw the two pieces carefully from all sides. Even then I did not find the soul anywhere. I then again cut him into three, four upto many pieces. But I did not find soul anywhere.

Sir ! In case I had seen soul anytime while cutting him into two, three, four or many pieces, I could believe that soul and body are different and that they are not one. But, Sir ! When I could not see soul when he was cut into two, three, four and many pieces, I logically concluded that soul and body are the same. Soul is body and body is soul. Soul and body are not different entities."

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२५९. (क) तए णं केसिकुमारसमणे पएसिं रायं एवं वयासी–

मूढतराए णं तुमं पएसी ! ताओ तुच्छतराओ।

के णं भंते ! तुच्छतराए ?

पएसी ! से जहाणामए केइ पुरिसे वणत्थी वणोवजीवी वणगवेसणयाए जोइं च जोइभायणं च गहाय कट्ठाणं अडविं अणुपविट्ठा, तए णं ते पुरिसा तीसे अगामियाए जाव किंचिदेसं अणुप्पत्ता समाणा एगं पुरिसं एवं वयासी–अम्हे णं देवाणुप्पिया ! कट्ठाणं अडविं पविसामो, एत्तो णं तुमं जोइभायणाओ जोइं गहाय अम्हं असणं साहेज्जासि। अह तं जोइभायणे जोई विज्झवेज्जा एत्तो णं तुमं कट्ठाओ जोइं गहाय अम्हं असणं साहेज्जासि, त्ति कट्टु कट्ठाणं अडविं अणुपविट्ठा।

२५९.. **(क)** प्रदेशी राजा की बात सुनकर केशीकुमार श्रमण ने कहा–

"हे प्रदेशी ! तुम तो मुझे उस मूर्ख कठियारे से भी अधिक मूढ–अज्ञानी प्रतीत होते हो।"

प्रदेशी–(चौंककर) "हे भदन्त ! कौन–सा मूढ–अज्ञानी कठियारा ?"

केशीकुमार श्रमण–(कठियारे का उदाहरण देते हैं) "हे प्रदेशी ! एक बार वन में रहने वाले और वन से आजीविका चलाने वाले कुछ पुरुष वन में उत्पन्न वस्तुओं की खोज करने के लिए आग और जलती अँगीठी साथ लेकर लकड़ियों के वन में चले गये। दुर्गम वन के किसी प्रदेश में पहुँचने पर उन पुरुषों ने अपने एक साथी से कहा–'देवानुप्रिय ! हम इस लकडियों के जंगल में जाते हैं। तुम यहाँ अँगीठी से आग लेकर हमारे लिए भोजन तैयार करना। यदि अँगीठी की आग बुझ जाये तो तुम इस लकडी (अरणि–काष्ठ) से आग पैदा करके हमारे लिए भोजन बनाकर तैयार रखना।' इस प्रकार कहकर वे सब उस काष्ठ–वन मे प्रविष्ट हो गये।

EXAMPLE OF ARANI

259. (a) After listening the argument of king Pradeshi, Keshi Kumar Shraman said—

"O Pradeshi ! You appear to me a greater fool than that foolish wood-cutter."

Pradeshi (feeling perturbed) said—"Sir ! Which foolish, ignorant wood-cutter ?"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Keshi Kumar Shraman then said—"O Pradeshi ! Once some persons who were residents of the forest, whose livelihood was based on forest (products), entered a forest of wood in search of things that grow in the forest. They had fire with them. After arriving at a place in that thick forest, they told one of their companions—'O the blessed ! We go into this forest of wood. You take fire from the said vessel and prepare food for us. In case the fire extinguishes, you light the fire with this wooden stick (arani—a type of wood that produces fire when rubbed) and keep the cooked food ready for us.' Thereafter all the remaining persons entered the forest."

(ख) तए णं से पुरिसे तओ मुहुत्तंतरस्स तेसिं पुरिसाणं असणं साहेमि त्ति कट्टु जेणेव जोइभायणे तेणेव उवागच्छइ। जोइभायणे जोइं विज्झायमेव पासति। तए णं से पुरिसे जेणेव से कट्ठे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता तं कट्ठं सव्वओ समंता समभिलोएति, नो चेव णं तत्थ जोइं पासति। तए णं से पुरिसे परियरं बंधइ, फरसुं गिण्हइ, तं कट्ठं दुहा फालियं करेइ, सव्वओ समंता समभिलोएइ, णो चेव णं तत्थ जोइं पासइ। एवं जाव संखेज्जफालियं करेइ, सव्वओ समंता समभिलोएइ, नो चेव णं तत्थ जोइं पासइ।

(ख) उनके चले जाने पर कुछ समय सुस्ताने के पश्चात् उस पुरुष ने विचार किया—'चलो, उन लोगों के लिए जल्दी से भोजन बना लूँ।' ऐसा विचारकर वह अँगीठी के पास आया। अँगीठी में आग को बुझा हुआ देखा। तब वह जहाँ (लकडियाँ) पडीं वहाँ आया और चारो ओर से लकडियों को अच्छी तरह देखा। किन्तु कहीं भी उसे आग दिखाई नहीं दी। तब उस व्यक्ति ने कमर कसी और कुल्हाडी लेकर उस काष्ठ के दो टुकडे कर दिये। फिर उन टुकडों को भी सभी ओर से अच्छी तरह देखा, किन्तु कहीं भी आग दिखाई नहीं दी। तब उसने तीन, चार यावत् अनेक टुकडे किये परन्तु खूब देखने पर भी उनमे कहीं आग दिखाई नहीं दी।

(b) After their departure and after taking rest for time that person thought—'Let me prepare food for them quickly.' Then he came to the fire-vessel He found the fire already extinguished. He then came to the place where sticks were lying. He carefully saw those sticks from all sides. But he did not find fire anywhere. Then he took courage and cut that stick into two. He again saw the two pieces carefully from all sides but he did not see fire anywhere.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Then he cut it into three, four upto many pieces but in spite of carefully seeing them, he could not see fire there.

(ग) तए णं से पुरिसे तंसि कट्ठंसि दुहाफालिए वा जाव संखेज्जफालिए वा जोइं अपासमाणे संते तंते परिसंते निव्विण्णे समाणे परसुं एगंते एडेइ, परियरं मुयइ एवं वयासी–अहो ! मए तेसिं पुरिसाणं असणे नो साहिए त्ति कट्टु ओहयमणसंकप्पे चिंत्तासोगसागरसंपविट्ठे करयलपल्हत्थमुहे अट्टज्झाणोवगए भूमिगयदिट्ठिए झियाइ।

(ग) जब उस पुरुष को काष्ठ के दो से लेकर अनेक टुकडे करने पर भी कहीं आग दिखाई नहीं दी तो वह श्रम से थक गया। क्लान्त, खिन्न और दुःखित हो गया, कुल्हाड़ी को एक ओर रखा। कमर को खोलकर मन ही मन इस प्रकार बोला–'अरे ! मैं उन लोगों के लिए भोजन नहीं बना सका। अब क्या करूँ?' इस विचार से अत्यन्त निराश, दुःखी, चिन्तित, शोकातुर हो हथेली पर मुँह को टिकाकर आर्त्तध्यानपूर्वक नीचे जमीन में आँखें गडाकर चिन्ता में डूब गया।

(c) When that person did not find even after cutting the wooden stick into two, three, four and many pieces, he felt tired due to hard work. He felt tired, dejected and morose. He kept the axe on one side. After loosening the waist-cloth, he spoke to himself—'O, I have not been able to prepare food for my men. What should I do now ?' With these thoughts, he felt extremely dejected, sad, worrily brooding and then placing his hand palm on his face, he absorbed himself in miserable thinking posture keeping his eyes downwards deep in the earth.

(घ) तए णं ते पुरिसा कट्ठाइं छिंदंति, जेणेव से पुरिसे तेणेव उवागच्छंति। तं पुरिसं ओहयमणसंकप्पं जाव झियायमाणं पासंति एवं वयासी–किं णं तुमं देवाणुप्पिया ! ओहयमणसंकप्पे जाव झियायसि ?

तए णं से पुरिसे एवं वयासी–तुज्झे णं देवाणुप्पिया ! कट्ठाणं अडविं अणुपविसमाणा ममं एवं वयासी–अम्हे णं देवाणुप्पिया ! कट्ठाणं अडविं जाव पविट्ठा, तए णं अहं तत्तो मुहुत्तंतरस्स तुज्झं असणं साहेमि त्ति कट्टु जेणेव जोइभायणे जाव झियामि।

(घ) वन मे लकडियों को काटने के पश्चात् वे लोग जहाँ अपना साथी था, वहाँ आये और उसको निराश, दुःखी यावत् चिन्ता में डूबा देखकर पूछा–"देवानुप्रिय ! तुम निराश, दुःखी यावत् चिन्ता में डूबे हुए क्यों बैठो हो ?"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तब उस पुरुष ने बताया कि "देवानुप्रियो ! आप लोगो ने लकडी काटने के लिए वन मे जाते समय मुझसे कहा था–देवानुप्रिय ! हम लोग लकडी लाने जगल में जाते हैं, तुम भोजन बनाकर रखना। कुछ समय बाद मैंने विचार किया कि आप लोगों के लिए भोजन बना लूँ, ऐसा विचार कर जहाँ अँगीठी थी, वहाँ आया। मैने अच्छी तरह सभी ओर से उस काष्ठ को देखा, किन्तु कहीं भी मुझे आग दिखाई नहीं दी। (तब मैंने कुल्हाड़ी लेकर उस काष्ठ के दो टुकड़े कर दिये और उन्हें भी इधर–उधर से अच्छी तरह देखा। परन्तु वहाँ भी मुझे आग दिखाई नही दी। इसके बाद मैंने उसके तीन, चार यावत् अनेक टुकडे किये। उनको भी अच्छी तरह देखा, परन्तु उनमे भी कहीं आग दिखाई नहीं दी। तब थककर, खिन्न और दुःखित होकर कुल्हाडी को एक ओर रखकर विचार किया कि मैं आप लोगों के लिए भोजन नहीं बना सका।) इस विचार से मैं अत्यन्त निराश, दुःखी हो शोक और चिन्तारूपी समुद्र में डूबकर हथेली पर मुँह को टिकाये आर्त्तध्यान कर रहा हूँ।"

(d) After cutting the wood, his companions came to the place where they had left him and finding him dejected, sad and morose asked—"O the blessed ! Why are you feeling dejected, sad and morose ?"

Then that person replied—"O the blessed ! While going to the forest for cutting wood, you had told me that you were going to the jungle for bringing wood and that I should prepare food. After some time I thought of preparing food for you; so I came to the fire-vessel. I saw the wooden stick carefully from all sides, but I did not notice fire anywhere. (Then I cut the piece into two, saw the pieces carefully, but could not find fire. Later I cut it into three, four and many pieces. I examined the pieces carefully but I did not notice fire anywhere. Then feeling dejected, I kept the axe aside and thought that I could not prepare food for you.) Due to these thoughts, I am feeling extremely dejected, sad and morose and so having my hand—palm on my face, I am in a deep shock."

(ङ) तए णं तेसिं पुरिसाणं एगे पुरिसे छेए, दक्खे, पत्तट्ठे जाव उवए, सलद्धे, ते पुरिसे एवं वयासी–गच्छह णं तुज्झे देवाणुप्पिया ! ण्हाया कयबलिकम्मा जाव हव्वमागच्छेह, जा णं अहं असणं साहेमि त्ति कट्टु परियरं बंधइ, परसुं गिण्हइ सरं करेइ, सरेण अरणिं महेइ जोइं पाडेइ। जोइं संधुक्खेइ, तेसिं पुरिसाणं असणं साहेइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ड) उस पुरुष की बात सुनकर उन मनुष्यो मे कोई एक पुरुष, जो छेक–अवसर को जानने वाला, दक्ष–चतुर, कुशलता से अपने इच्छित अर्थ को प्राप्त करने वाला, बुद्धिमान् और उपदेश लब्ध–गुरुजनों से ज्ञान प्राप्त किया हुआ था, उस पुरुष ने अपने दूसरे साथी लोगों से कहा–"हे देवानुप्रियो ! आप जाओ और स्नान, बलिकर्म आदि करके शीघ्र आ जाओ। तब तक मै आप लोगो के लिए भोजन तैयार करता हूँ।" ऐसा कहकर उसने अपनी कमर कसी और कुल्हाडी लेकर सर (बाण जैसा नुकीला) बनाया, सर से अरणि–काष्ठ को रगडकर आग की चिनगारी प्रगट की। फिर उसे धौंककर सुलगाया और अपने साथियो के लिए भोजन बनाकर तैयार किया।

(e) Then one of them who could realise the situation **(Chhek),** who was clever, well-versed in finding the result and intelligent **(Daksh),** who had received proper knowledge from the teachers **(Upadest Labdh),** told his other companions—"O the blessed ! You go and take your bath, adopt auspicious symbols and come soon. In the mean time, I shall prepare food for you." He then wrapped his waist with a cloth, and with the axe prepared a sharp-pointed stick (like an arrow). He then rubbed the Arani wood with the sharp-pointed stick. The fire appeared. He blew it (with his mouth) and then with the fire, he prepared food for his companions.

(च) तए णं ते पुरिसा ण्हाया कयबलिकम्मा जाव पायच्छित्ता जेणेव से पुरिसे तेणेव उवागच्छंति। तए णं से पुरिसे तेसिं पुरिसाणं सुहासणवरगयाणं तं विउलं असणं–पाणं–खाइमं–साइमं उवणेइ। तए णं ते पुरिसा तं विउलं असणं ४ (पाणं–खाइमं–साइमं) आसाएमाणा वीसाएमाणा जाव विहरंति। जिमियभुत्तुत्तरागया वि य णं समाणा आयंता चोक्खा परमसुइभूया तं पुरिसं एवं वयासी–अहो ! णं तुमं देवाणुप्पिया ! जड्डे–मूढे–अपंडिए–णिव्विण्णाणे–अणुवएसलद्धे, जे णं तुमं इच्छसि कट्ठंसि दुहाफालियंसि वा जोतिं पासित्तए।

से एएणट्ठेणं पएसी ! एवं वुच्चइ मूढतराए णं तुमं पएसी ! ताओ तुच्छतराओ।

(च) इतने में वे स्नान आदि करने गये सभी साथी स्नान करके वापस उस भोजन बनाने वाले पुरुष के पास आ गये। सुखपूर्वक अपने–अपने आसनो पर बैठे। उन लोगों के सामने उस पुरुष ने विपुल अशन, पान आदि चार प्रकार का भोजन परोसा। चारों प्रकार के भोजन का स्वाद लेते हुए खाया। भोजन के बाद आचमन–कुल्ला आदि करके स्वच्छ, शुद्ध होकर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-१५

Illustration No. 15

लकड़ी में अग्नि, शरीर में आत्मा

(१) केशीकुमार श्रमण अरणि–लकडी मे छिपी अग्नि का उदाहरण देते हुए कहते है–''जैसे लकडहारो ने जलती अँगीठी और अरणि की लकडी देकर अपने साथी से कहा–'तुम भोजन बनाकर तैयार रखना, हम लकडियाँ लेकर आते है'।''

(२) कुछ देर विश्राम करके उसने देखा कि अग्नि तो बुझ गई है। उसने पुन अग्नि प्रज्वलित करने के लिए अरणि की लकडियो के टुकडे–टुकडे कर लिये परन्तु कही अग्नि दिखाई नही दी।

(३) हार- थककर वह यो ही चिन्तित हुआ बैठा रहा।

(४) अन्य साथी लौटकर आये, पूछने पर उसने कहा–''मुझे तो इस लकडी मे कही अग्नि नही मिली, खाना कैसे पकाता ?''

तब एक साथी ने दो लकडियो को आपस मे घिसकर उससे अग्नि प्रज्वलित कर दी। वह साथी चकित होकर देखता ही रहा।

–सूत्र २५९, पृष्ठ ३५८–३६२

FIRE IN WOOD AND SOUL IN BODY

(1) Giving the example of fire hidden in Arani-wood Keshi Kumar Shraman says—"Some wood-cutters gave a burning stove and stick of Arni-wood to a companion and said—'You keep the food cooked and ready while we go and fetch wood' "

(2) While this companion rested for some time the stove got extinguished In order to make fire he broke the stick of Arni-wood to pieces but failed to find any fire in it

(3) Tired and disappointed, he brooded and waited

(4) When the other wood-cutters returned and asked about food, he said—"I did not find any fire in this stick, how could I cook the food ?"

One of his companions took two pieces of Arani-wood and produced fire by rubbing them together The ignorant companion looked agape

—Sutra 259, pp 358-362

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपने पहले साथी से बोले–"हे देवानुप्रिय ! तुम जड–अनभिज्ञ, मूढ, प्रतिभारहित, निपुणतारहित और अशिक्षित हो, जो तुमने काष्ठ के टुकड़ों में आग ढूँढने का प्रयास किया।"

हे प्रदेशी ! तुम्हारी भी इस प्रकार की प्रवृत्ति देखकर मैंने यह कहा–"तुम तुच्छ कठियारे से भी अधिक मूढ़ प्रतीत होते हो कि शरीर के टुकडे–टुकडे करके जीव को देखना चाहते हो।"

(f) In the mean time, all the persons came to him after taking bath. They took their seats. That person served cooked food and others in plenty. They took the four types of food—namely cooked food, liquids, fragrant types and sweets to their fill. Thereafter they cleaned their mouth with water and then told their first companions—"O, you are fool, ignorant, unintelligent, unskilled and uneducated that you tried to find fire in pieces of wood."

O Pradeshi ! After seeing your behaviour similar to that person, I stated that "You appear to be more foolish than that wood-cutter. You want to see soul by cutting body into pieces."

विवेचन–केशीकुमार श्रमण ने अरणि काष्ठ का उदाहरण देकर बताया है–अरणि मे अग्नि विद्यमान है, परन्तु उसे पाने के लिए उसके टुकडे–टुकडे करने की जरूरत नही होती, जरूरत है मन्थन की। इसी पक्ष पर दर्शनशास्त्र मे अन्य उदाहरण भी दिये जाते है। जैसे दूध मे घी रहता है, तिलो मे तेल रहता है, माचिस की नोक पर अग्नि रहती है, बिजली के तारो मे विद्युत् प्रवाह तरगित रहता है किन्तु कभी दिखाई नही देता। उसी प्रकार शरीर मे चेतना या आत्मा विद्यमान है। अरणि से अग्नि भिन्न है, दूध से घृत भिन्न है, तिल से तेल भिन्न है, माचिस से अग्नि अलग है, तारो से या पानी से विद्युत् भिन्न है। किन्तु उसे पाने के लिए मन्थन की, सघर्षण की व सयोजन की जरूरत है। उसी प्रकार शरीर में विद्यमान चैतन्य के दर्शन करने के लिए चिन्तन, ध्यान, मनन, तप आदि क्रियाओ की जरूरत है। जिसे इन क्रियाओ की विधि का ज्ञान प्राप्त है वही देह मे स्थित चैतन्य सत्ता का अनुभव–दर्शन कर सकता है। मूर्ख कठियारे की तरह उसके टुकडे करने से आत्मा का दर्शन नही हो सकता।

केशीकुमार श्रमण ने इस दृष्टान्त मे राजा प्रदेशी के पिछले सभी प्रश्नो का उत्तर दे दिया है कि तुम शरीर के टुकडे करके या उसे कुभी आदि मे बन्द करके जीव को, चैतन्य को देखना चाहते हो यह तुम्हारी मूर्खता या अज्ञान है। शरीर मे स्थित चैतन्य को देखा नहीं जा सकता, अनुभव किया जा सकता है और सकेत भी किया है कि उसके लिए तप, ध्यान, चिन्तन आदि विधियो का आश्रय लो। तभी उस चैतन्य सत्ता का दर्शन हो सकेगा।

Elaboration—By the example of Arani wood, Keshi Kumar Shraman clarified that Arani (fire-producing wooden stick) has fire capability, but

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

in order to get fire from it, it need not he cut into pieces, but it has to be rubbed In the philosophical literature, many other examples are also given. For instance ghee is present in milk, oil is present in the seed, fire is at the pointed edge of match-stick, electric current is in electric wires but these things are not visible in them. Similarly soul is present in a living body. Arani is different from fire, milk is different from ghee, til is different from its oil, match-stick is different from fire, electricity is different from wires or water. But in order it procure required things from them, they are to the churned, rubbed or connected (as the case may be). Similarly in order to see soul in the living body (Jiva), what is needed is thinking, meditating, mentally concentrating or observing austerities. One who knows the method of these activities, he can experience existence of soul (consciousness) in the body. Soul cannot be seen by cutting the body into pieces like a foolish wood-cutter.

Keshi Kumar Shraman, through this example, gave reply to all the questions earlier raised by king Pradeshi He clearly told him that his curiosity to see the soul, the consciousness by cutting body into pieces; by shutting it tightly in a pot and suchlike was just his foolishness, his ignorance The existence of soul in the body cannot be seen; it can be experienced. He also pointed out that for that purpose, one has to observe austerities, do meditation and apply suchlike methods. Only then one can see the soul

२६०. तए णं पएसी राया केसिकुमारसमणं एवं वयासी–

जुत्तए णं भंते ! तुब्भं इय छेयाणं दक्खाणं बुद्धाणं कुसलाणं महामईणं विणीयाणं विण्णाणपत्ताणं उवएसलद्धाणं अहं इमीसाए महालियाए महच्च परिसाए मज्झे उच्चावएहिं आउसेहिं आउसित्तए ? उच्चावयाहि उद्धंसणाहिं उद्धंसित्तए ? एवं निब्भंछणाहिं निब्भंछणित्तए ? निच्छोडणाहिं निच्छोडणत्तए ?

२६०. केशीकुमार श्रमण की उक्त बात (उदाहरण) को सुनकर प्रदेशी राजा ने गम्भीर होकर कहा–

"भंते ! आप जैसे छेक–(अवसरज्ञ), दक्ष–(चतुर), बुद्ध–(तत्त्वज्ञ), कुशल–(कर्त्तव्याकर्त्तव्य के निर्णायक), बुद्धिमान्, विनीत–विनयशील, विशिष्ट ज्ञानी, सत्–असत् के विवेक से सम्पन्न, उपदेशलब्ध–गुरु से शिक्षा प्राप्त पुरुष द्वारा इस अति विशाल परिषद् के बीच मेरे लिए इस प्रकार के निष्ठुर–आक्रोशपूर्ण शब्दों का प्रयोग करना, अनादरसूचक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शब्दों से मेरी भर्त्सना करना, अनेक प्रकार के अवहेलना भरे शब्दों से मुझे प्रताडित करना, धमकाना क्या उचित है ?''

260. After hearing this example narrated by Keshi Kumar Shraman, king Pradeshi said—

"Reverend Sir ! You are well trained in knowing the situation. You are intelligent. You know the philosophical principles well. You can very well distinguish between do's and do nots. You are wise. You are humble. You possess supermost knowledge. You can distinguish between right and wrong. You have got education from a real master. Is it then proper for you to use such a harsh, impalatable, contemptuous language for me, insulting me in such a large gathering, threaten me in such a manner ?"

चार प्रकार की परिषद् और दण्डनीति

२६१. तए णं केसी कुमारसमणे पएसिं रायं एव वयासी–

जाणासि णं तुमं पएसी ! कति परिसाओ पण्णत्ताओ ?

जाणामि, चत्तारि परिसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–१. खत्तियपरिसा, २. गाहावइपरिसा, ३. माहणपरिसा, ४. इसिपरिसा।

जाणासि णं तुमं पएसी राया ! एयासिं चउण्हं परिसाणं कस्स का दंडणीई पण्णत्ता ?

हंता ! जाणामि। (१) जे णं खत्तियपरिसाए अवरज्झइ से णं हत्थच्छिण्णए वा, पायच्छिण्णए वा, सीसच्छिण्णए वा, सूलाइए वा एगाहच्चे कूडाहच्चे जीवियाओ ववरोविज्जइ।

(२) जे णं गाहावइपरिसाए अवरज्झइ से णं तएण वा, वेढेण वा, पलालेण वा, वेढित्ता अगणिकाएणं झामिज्जइ।

(३) जे णं माहणपरिसाए अवरज्झइ से णं अणिट्ठाहिं अकंताहिं जाव अमणामाहिं वग्गूहिं उवालंभित्ता कुंडियालंछणए वा सूणगलंछणए वा कीरइ, निव्विसए वा आणविज्जइ।

(४) जे णं इसिपरिसाए अवरज्झइ से णं णाइअणिट्ठाहिं जाव णाइअमणामाहिं वग्गूहिं उवालब्भइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं च ताव पएसी ! तुमं जाणासि तहा वि णं तुमं ममं वामं वामेणं, दंडं दंडेणं, पडिकूलं पडिकूलेणं, पडिलोमं पडिलोमेणं, विविच्चासं विविच्चासेणं वट्टसि।

२६१. प्रदेशी राजा के इस उपालंभ को सुनकर केशीकुमार श्रमण ने समाधान दिया–

"हे प्रदेशी ! तुम जानते हो कितनी परिषदाएँ कही है ?"

प्रदेशी–"जी हॉ, जानता हूँ। चार परिषदाएँ कही है–(१) क्षत्रिय परिषदा, (२) गाथापति परिषदा, (३) ब्राह्मण परिषदा, और (४) ऋषि परिषदा।"

केशीकुमार श्रमण ने कहा–"प्रदेशी ! तुम यह भी जानते हो कि इन चार परिषदाओ के अपराधियों के लिए क्या दंडनीति बताई गई है ?"

प्रदेशी–"हॉ, जानता हूँ। (१) जो क्षत्रिय परिषद् का (सदस्य) अपराध–अपमान करता है, उसके या तो हाथ काट दिये जाते हैं अथवा पैर काट दिये जाते हैं या सिर काट दिया जाता है, अथवा उसे शूली पर चढा देते हैं या एक ही प्रहार से कुचलकर प्राणरहित कर दिया जाता है–मार दिया जाता है।

(२) जो गाथापति परिषद् का अपराध करता है, उसे घास से अथवा पेड के पत्तो से अथवा पलाल–पुआल से लपेटकर अग्नि में झोंक दिया जाता है।

(३) जो ब्राह्मण परिषद् का अपराध करता है, उसे अनिष्ट, रोषपूर्ण, अप्रिय या अमनोज्ञ शब्दो से उपालंभ देकर अग्नि में तपी हुई लोहे की कुंडिका का चिह्न अथवा कुत्ते के चिह्न से लांछित कर दिया जाता है अथवा निर्वासित कर दिया जाता है, अर्थात् देश से निकल जाने की आज्ञा दी जाती है।

(४) जो ऋषि परिषद् का अपमान–अपराध करता है, उसे न अति अनिष्ट यावत् न अति कठोर शब्दों द्वारा उपालंभ दिया जाता है।"

केशीकुमार श्रमण–"हे प्रदेशी ! तुम इस प्रकार की दंडनीति को जानते हुए भी मेरे प्रति विपरीत, परितापजनक, प्रतिकूल, विरुद्ध, सर्वथा विपरीत व्यवहार कर रहे हो ?"

FOUR TYPES OF ASSEMBLY AND PUNISHMENT

261. At these remarks of king Pradeshi, Keshi Kumar Shraman said—

"Do you know of how many types are the assemblies ?"

Pradeshi replies—"Yes Sir ! I know that the assemblies are of four types—(1) Assembly of Kshatriya (brave), (2) Assembly of rich

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

businessmen, (3) Assembly of brahmins, and (4) Assembly of saints (Rishis)."

Keshi Kumar Shraman then asked—"Do you also know what punishment is pressible for each of the four examples ?"

Pradeshi replied—"Yes, I know. (1) In case a member of assembly of Kshatriya, commits any crime or insults any one, his hands are cut, his feet are chopped or head is removed or he is hanged on the scaffold or he is run over and made lifeless. In other words he is killed.

(2) In case a member of the assembly of rich businessmen (Gathapati) commits any crime, he is wrapped in dry grass, in tree leaves or in hay and pushed in burning fire.

(3) In case a member of assembly of brahmins commits any crime, he is insulted with undesirable, unpalatable harsh (language) words. Thereafter a hot iron mark or the dog mark is printed on his body or he is exiled. In other words he is expelled from the state.

(4) In case a member of the assembly of saints (Rishis) commits any crime, he is not addressed with very undesirable words nor very harsh language is used against him to point out his guilt to him.

Keshi Kumar Shraman then said—"O Pradeshi ! You, knowing fully well such a code of punishment are behaving with me in a different, haughty, undesirable and totally opposite way (than the prescribed one)."

२६२. तए णं पएसी राया केसिं कुमारसमणं एवं वयासी–

एवं खलु अहं देवाणुप्पियएहिं पढमिल्लुएणं चेव वागरणेण संलत्ते, तए णं ममं इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव संकप्पे समुपज्जित्था–जहा जहा णं एयस्स पुरिसस्स वामं वामेणं जाव विवच्चासं विवच्चासेणं वट्टिस्सामि तहा तहा णं अहं नाणं च नाणोवलंभं च करणं च करणोवलंभं च दंसणं च दंसणोवलंभं च जीवं च जीवोवलंभं च उवलभिस्सामि, तं एएणं अहं कारणेणं देवाणुप्पियाणं वामं वामेणं जाव विवच्चासं विवच्चासेणं वट्टिए।

२६२. तब प्रदेशी राजा ने केशीकुमार श्रमण से अपनी मनोभावना व्यक्त करते हुए कहा–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"भदन्त ! बात यह है कि मेरा आप देवानुप्रिय से जब सबसे प्रथम वार्त्तालाप हुआ तभी मेरे मन में इस प्रकार का विचार/संकल्प उत्पन्न हुआ कि मैं इस पुरुष के साथ जितना-जितना और जैसे-जैसे विपरीत यावत् प्रतिकूल व्यवहार करूँगा, उतना-उतना और वैसे-वैसे मैं अधिक-अधिक तत्त्व को जानूँगा, ज्ञान प्राप्त करूँगा, चारित्र को, चारित्र लाभ को, तत्त्वार्थ श्रद्धारूप दर्शन-सम्यक्त्व को, सम्यक्त्व लाभ को, जीव को, जीव के स्वरूप को समझ सकूँगा। इसी कारण आप देवानुप्रिय के प्रति मैने (जानबूझकर उद्देश्यपूर्वक) विपरीत यावत् अत्यन्त विरुद्ध व्यवहार किया है।"

262. Then king Pradeshi, expressing his inner feelings said—

"Sir ! The fact is that when my discussion with you started for the first time, it was in my mind that I shall know reality from you to the extent I behave in an indiscreet and indifferent manner. I shall gain knowledge, I shall learn about right conduct, I shall learn right faith, I shall understand the reality about Jiva (soul) in that fashion. So with this aim in my mind I intentionally behaved with you in an entirely undesirable and opposite manner (than the desired one).

विवेचन—केशीकुमार श्रमण ने राजा प्रदेशी के समक्ष चार प्रकार की परिषद् का वर्णन करके उसे मुनि द्वारा कहे गये कठोर वचनो पर नाराज नही होने का सकेत किया है। टीका मे व अन्य ग्रन्थो मे चार प्रकार की परिषद् का अधिक वर्णन नही मिलता और न ही यह विश्लेषण कि इससे केशीकुमार श्रमण किस दडनीति की ओर सकेत करना चाहते है। फिर भी हम यह अनुमान कर सकते है कि राजा स्वय क्षत्रिय परिषद् से सम्बन्धित है और केशीकुमार श्रमण ऋषि परिषद् है। क्षत्रिय परिषद् का सदस्य यदि कोई अपराध करता है तो उसका दंड बहुत कठोर होता है। जबकि ऋषि परिषद् के अपराधी को सामान्य वचनो से ही उपालभ दिया जाता है। क्षत्रिय राजा ने ऋषि का अपमान किया है। तो दडनीति के अनुसार तो उसका बहुत ही कठोर दड होना चाहिए। जबकि ऋषि यदि किसी का अपमान भी कर देता है तो उसे सामान्य शिष्ट वचन ही कहे जाते है। यहाँ राजा ने मुनि को जड, मूढ, अज्ञानी, अपण्डित आदि अत्यन्त तिरस्कारपूर्ण शब्द कहे है, तथा बिना अभिवादन किये ही उनकी धर्मसभा मे आकर प्रश्न पूछे है। मुनि ने तो उसे 'कर-चोर वणिक्' और 'अल्पज्ञ मूर्ख कठियारे' की उपमा दी है। इस दृष्टि से राजा का अपराध अधिक भारी है, उसकी तुलना मे मुनि ने कुछ भी कठोर या अप्रिय वचन नही कहे। इस नीति को समझकर मुनि के अप्रिय शब्दो से राजा को नाराज नही होना चाहिए। लगता है इस उदाहरण द्वारा केशीकुमार श्रमण यही कहना चाहते है।

Elaboration—Keshi Kumar Shraman by referring to four types of assemblies has pointed out to king Pradeshi that he should not be angry at the harsh words of a saint. In the commentary and in other religious

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

books, the description of four types of assemblies is not available nor any clarification as to which code of punishment was referred to by Keshi Kumar Shraman Still it can be understood that king Pradeshi belongs to assembly of Kshatriyas (warriors) and Keshi Kumar Shraman belongs to the assembly of saints In case a member of assembly of Kshatriyas commits any crime, the punishment is very severe. But when a member of assembly of saints commits any crime he is insulted in just ordinary language Kshatriya king (king Pradeshi) has insulted the saints. So according to the code of punishment, be deserves a very severe punishment On the other hand, a saint even if he insults any one, ordinary proper language has to be used for him Here the king called the saint a fool, a dunce, illiterate, uneducated and used other extremely insulting words Further he started asking question in the religious assembly without proper gratitude. The saint compared him with a trader avoiding taxes, a person having little knowledge and a foolish wood-cutter. Thus the guilt of the king is very great as compared to that of the saint who did not use any harsh or impalatable words- Knowing the respective code of punishment, the king should not have been angry at the non-affectionate words of the saint. It appears that by this example Keshi Kumar Shraman wanted to bring home to the king this reality.

चार प्रकार के व्यवहारी

२६३. (क) तए णं केसी कुमारसमणे पएसी रायं एवं वयासी–

जाणासि णं तुमं पएसी ! कइ ववहारगा पण्णत्ता ?

हंता जाणामि। चतारि ववहारगा पण्णत्ता–१. देइ नामेगे णो सण्णवेइ। २. सन्नवेइ नामेगे नो देइ। ३. एगे देइ वि सन्नवेइ वि। ४. एगे णो देइ णो सण्णवेइ।

२६३. (क) प्रदेशी राजा की भावना सुनकर केशीकुमार श्रमण ने कहा–

"प्रदेशी ! जानते हो तुम कि व्यवहारकर्त्ता कितने प्रकार के होते हैं ?"

प्रदेशी–"हॉ, भदन्त ! जानता हूँ कि व्यवहार करने वालों के चार प्रकार हैं–(१) कोई किसी को दान देता है, किन्तु उसके साथ प्रीतिजनक वाणी नहीं बोलता। (२) कोई संतोषप्रद बातें तो करता है, किन्तु देता नहीं है। (३) कोई देता भी है और लेने वाले के साथ सन्तोषप्रद मधुर वार्त्तालाप भी करता है। (४) कोई देता भी कुछ नहीं और न संतोषप्रद बात ही करता है।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

FOUR TYPES OF DEALERS

263. (a) After listening to the feelings expressed by king Pradeshi, Keshi Kumar Shraman said—

"Do you know how many types are of the dealers ? O Pradeshi !"

Pradeshi replied—"Yes Sir ! I know that the dealers are of four types—(1) Firstly the one who gives in charity but does not speak sweet words with it. (2) Secondly the one who satisfies others with his words but does not give anything. (3) Thirdly the one who gives in charity and also speaks palatable words. (4) Fourthly one who neither gives any thing nor speaks palatable words."

(ख) जाणासि णं तुमं पएसी ! एएसिं चउण्हं पुरिसाणं के ववहारी के अव्ववहारी ?

हंता जाणामि।

(१) तत्थ णं जे से पुरिसे देइ णो सण्णवेइ, से णं पुरिसे ववहारी।

(२) तत्थ णं जे से पुरिसे णो देइ सण्णवेइ, से णं पुरिसे ववहारी।

(३) तत्थ णं जे से पुरिसे देइ वि सन्नवेइ वि से पुरिसे ववहारी।

(४) तत्थ णं जे से पुरिसे णो देइ णो सन्नवेइ से णं अव्ववहारी।

एवामेव तुमं पि ववहारी, णो चेव णं तुमं पएसी अव्ववहारी।

(ख) केशीकुमार श्रमण–"प्रदेशी ! तुम जानते हो कि इन चार प्रकार के व्यक्तियो मे से कौन व्यवहारकुशल है और कौन व्यवहारशून्य है ?"

प्रदेशी–"हॉ, भदन्त ! जानता हूँ।

(१) इनमें से जो पुरुष देता है, किन्तु प्रीतिजनक मधुर संभाषण नहीं करता, वह व्यवहारी है।

(२) जो पुरुष देता नही किन्तु सम्यक् संभाषण बातचीत से सतोष उत्पन्न करता है, धीरज बॅधाता है, वह व्यवहारी है।

(३) जो पुरुष देता भी है और शिष्ट, मधुर वचन भी कहता है, वह व्यवहारी है।

(४) किन्तु जो न देता है और न मधुर वाणी बोलता है, वह अव्यवहारी–व्यवहारशून्य है।"

केशीकुमार श्रमण–"उसी प्रकार हे प्रदेशी ! (मैं मानता हूँ) तुम भी व्यवहारी हो, अव्यवहारी नहीं हो। अर्थात् तुमने मेरे साथ यद्यपि शिष्ट जनोचित मधुर वाग्–व्यवहार नहीं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-१६

Illustration No. 16

चार प्रकार के व्यवहारी

केशीकुमार श्रमण कहते है--"राजन् ! ससार मे चार प्रकार के व्यवहारी होते है-

(१) जो देता है, किन्तु लेने वालो के साथ प्रीतिजनक मधुर व्यवहार नही करता।

(२) जो देता कुछ नही, परन्तु मधुर प्रीतिजनक बोली से सबको प्रसन्न कर देता है।

(३) जो देता भी है और मीठा बोलकर सबको प्रसन्न रखता है।

(४) जो देता भी नही और व्यवहार मे भी बहुत रूखा रहता है।

राजन् ! इनमे से तुम किस प्रकार के व्यवहारी हो ?"

-सूत्र २६३, पृष्ठ ३६९ ३७०

FOUR KINDS OF ASSOCIATES

Keshi Kumar Shraman states—"O King ! There are four kinds of acquaintances or associates in this world—

(1) One who gives but does not behave affectionately and sweetly with the recipient

(2) One who does not give anything but makes people happy with his sweet and affectionate words

(3) One who gives as well as makes people happy with his sweet and affectionate words

(4) One who does not give and at the same time behaves rudely as well

O King ! Which of these kinds you conform to ?"

—Sutra 263, pp 369-370

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किया, फिर भी मेरे उपदेशों के प्रति भक्ति और सम्मान प्रदर्शित करने के कारण तुम व्यवहारी हो।''

(b) Keshi Kumar Shraman said—"O Pradeshi ! Do you know not of the said four types who are considered expert in their dealing and who is totally ignorant of the code of a dealer."

Pradeshi replied—"Yes Sir, I know.

(1) The person who gives but does not speak language, worthy of satisfaction to others is a (tolerable) dealer.

(2) The person who does not give anything but satisfies others with his word (talk) is also a (tolerable) deader.

(3) The person who gives and also speaks sweet words is a (good) dealer.

(4) But the person who neither gives nor speaks sweet words is not a good dealer—he is devoid of the code of a dealer."

Keshi Kumar Shraman said—"O Pradeshi ! On the same principles you are also a (tolerable) dealer and not a person devoid of the conduct or code of a dealer. In other words although you did not have a proper and sweet behaviour with me, yet you showed devotion and respect for my words. So you are a (tolerable) dealer."

२६४. (क) तए णं पएसी राया केसिकुमारसमणं एवं वयासी–

तुज्झे णं भंते ! इय छेया दक्खा जाव उवएसलद्धा, समत्था णं भंते ! ममं करयलंसि वा आमलयं जीवं सरीराओ अभिनिवट्टित्ताणं उवदंसित्तए ?

तेणं कालेणं तेणं समएणं पएसिस्स रण्णो अदूरसामंते वाउयाए संवुत्ते, तणवणस्सइकाए एयइ वेयइ चलइ फंदइ घट्टइ उदीरइ, तं तं भावं परिणमइ।

तए णं केसी कुमारसमणे पएसिरायं एवं वयासी–

पाससि णं तुमं पएसी राया ! एयं तणवणस्सइं एयंतं जाव तं तं भावं परिणमंतं ?

हंता पासामि।

जाणासि णं तुमं पएसी ! एयं तणवणस्सइकायं किं देवो चालेइ, असुरो वा चालेइ, णागो वा, किन्नरो वा चालेइ, किंपुरिसो वा चालेइ, महोरगो वा चालेइ, गंधव्वो वा चालेइ ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हंता जाणामि–णो देवो चालेइ जाव णो गंधव्वो चालेइ, वाउयाए चालेइ।

पाससि णं तुमं पएसी ! एतस्स वाउकायस्स सरूविस्स सकामस्स सरागस्स समोहस्स सवेयस्स सलेसस्स ससरीरस्स रूवं ?

णो तिणट्ठे (समट्ठे)।

२६४. **(क)** इसके पश्चात् प्रदेशी राजा ने कहा–

"हे भदन्त ! आप अवसर को जानने में निपुण हैं, कार्यकुशल हैं। आपने गुरु से शिक्षा प्राप्त की है। तो क्या आप मुझे हथेली में स्थित ऑवले की तरह शरीर से बाहर जीव को निकालकर दिखा सकते हैं ?"

प्रदेशी राजा ने जब यह कहा ही था कि उसी समय तेज हवा चलने से प्रदेशी राजा के निकट ही तृण-घास, वृक्ष आदि वनस्पतियाँ हिलने-डुलने लगीं, काँपने लगीं, फरकने लगीं, परस्पर टकराने लगीं, अनेक विभिन्न रूपों में परिणत होने लगीं।

यह देखकर केशीकुमार श्रमण ने प्रदेशी से पूछा–

"हे प्रदेशी ! तुम इन तृणादि वनस्पतियों को हिलते-डुलते, काँपते-टकराते देख रहे हो ?"

प्रदेशी–"हाँ, भदन्त ! देख रहा हूँ।"

केशीकुमार श्रमण–"तो प्रदेशी ! क्या तुम यह भी जानते हो कि इन तृण-वनस्पतियों को कोई देव हिला रहा है अथवा असुर हिला रहा है अथवा कोई नाग, किन्नर, किंपुरुष, महोरग अथवा गंधर्व हिला रहा है ?"

प्रदेशी–"हाँ, भदन्त ! जानता हूँ। इनको न तो कोई देव हिला-डुला रहा है, यावत् न गंधर्व हिला रहा है। ये वायु से हिल-डुल रही हैं।"

केशीकुमार श्रमण–"हे प्रदेशी ! क्या तुम उस मूर्त्त (रूपवान), काम, राग, मोह, वेद, लेश्या और शरीरधारी वायु के रूप को देख सकते हो ?"

प्रदेशी–"भदन्त ! मैं उसे नहीं देख पाता हूँ।"

264. (a) Thereafter, king Pradeshi said—

"Sir ! You are expert in judging the occasion, you are intelligent in performing your duties. You have received good education from your master. Can you show me soul (taking it out from the body) like an amla-fruit placed on the palm on the hand ?"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

When king Pradeshi had asked this question, just then sharp wind started blowing and as a result of it, the grass, the trees and the growing vegetation started moving, shivering, fluttering, striking against each other and turning into different shapes.

Seeing this Keshi Kumar Shraman asked—

"O Pradeshi ! Do you see the grass, vegetarian and suchlike moving, shivering and striking against each other."

Pradeshi replied—"Yes Sir ! I see so."

Keshi Kumar Shraman asked—"Then O Pradeshi ! Do you also know whether a god, a naag, a kinnar, a kimpurush, a mahorag or a gandharv god is moving them ?"

Pradeshi replied—"Sir ! I know. Neither any god, a naag, a kinnar, a kimpurush, a mahorag nor any gandharv is moving them. They are moving because of the wind."

Keshi Kumar Shraman asked—"O Pradeshi ! The wind has shape. It has attachment, it has likes, it has feelings, it has physical body. Can you see its shape ?"

King Pradeshi replied—"I cannot see it."

(ख) जइ णं तुमं पएसी राया ! एयस्स वाउकायस्स सरूविस्स जाव ससरीरस्स रूवं न पाससि तं कहं णं पएसी ! तव करयलंसि वा आमलगं जीवं उवदंसिस्सामि ?

एवं खलु पएसी ! दसट्ठाणाइं छउमत्थे मणुस्से सव्वभावेणं न जाणइ न पासइ, तं जहा–१. धम्मत्थिकायं, २. अधम्मत्थिकायं, ३. आगासत्थिकायं, ४. जीवं असरीरबद्धं, ५. परमाणुपोग्गलं, ६. सद्दं, ७. गंधं, ८. वायं, ९. अयं जिणे भविस्सइ वा णो भविस्सइ, १०. अयं सव्वदुक्खाणं अंतं करेस्सइ वा नो वा।

एताणि चेव उप्पन्ननाणदंसणधरे अरहा जिणे केवली सव्वभावेणं जाणइ पासइ तं जहा–धम्मत्थिकायं जाव नो वा करिस्सइ, तं सद्दहाहि णं तुमं पएसी ! जहा–अन्नो जीवो तं चेव।

(ख) केशीकुमार श्रमण ने कहा–"राजन् ! जब तुम इस रूपधारी (मूर्त्त) यावत् सशरीरी वायु के रूप को भी नहीं देख सकते तो हे प्रदेशी ! इन्द्रियातीत ऐसे अमूर्त्त जीव को हाथ में रखे ऑवले की तरह कैसे देख सकते हो ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्योकि छद्मस्थ (अल्पज्ञ) मनुष्य इन दस वस्तुओ को उनके सर्व भावो-पर्यायों सहित जानते-देखते नही हैं। यथा (उनके नाम इस प्रकार हैं)-(१) धर्मास्तिकाय, (२) अधर्मास्तिकाय, (३) आकाशास्तिकाय, (४) अशरीरी (शरीररहित) जीव, (५) परमाणु पुद्गल, (६) शब्द, (७) गध, (८) वायु, (९) यह जीव भविष्य में जिन होगा अथवा नही होगा, और (१०) यह समस्त दुःखों का अन्त करेगा या नहीं करेगा।

किन्तु ज्ञान-दर्शन के धारक (केवलज्ञानी, केवलदर्शी, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी), अर्हन्त, जिन, केवली इन दस बातों को उनकी समस्त पर्यायों सहित जानते-देखते हैं, यथा-धर्मास्तिकाय यावत् सर्वदुःखो का अन्त करेगा या नहीं करेगा। इसलिए प्रदेशी ! तुम यह श्रद्धा करो कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है। जीव और शरीर एक नहीं हैं। किन्तु छद्मस्थ उसे नहीं देख पाता।''

(b) Keshi Kumar Shraman said—"O King ! The wind has shape upto a physical body and still you cannot see it, then how can you like an amla-fruit place on the palm hand, the soul which is beyond senses and non-physical.

It is because a person who does not have perfect knowledge cannot see ten substances completely and all of their modes (forms). They are as under—(1) Dharmastikaya—The substance that passively assists in motion, (2) Adharmastikaya—The substance that passively assists in taking rest, (3) Akashastikaya—The space, (4) Ashareeri Jiva—Soul without the gross body, (5) Parmanu pudgal—The atom that cannot be further divided, (6) Shabd—The sound molecules, (7) Gandh—The molecules of fragrance, (8) Vaayu—The wind, the air, (9) Whether this Jiva (soul) shall become Jin—possessor of perfect knowledge in future or not, and (10) Whether this soul (Jiva) will completely finish all the karmas or not.

The omniscient Arhant, who possesses perfect knowledge and perfect perception know all these things and all their modes. So king Pradeshi ! You should believe that soul is different from the body and that they are not the same entity. But one who is not having perfect perception cannot see it."

विवेचन-इस सूत्र मे वायुकायिक जीवो के उल्लेख द्वारा ससारी जीवो का स्वरूप बताया है कि सभी ससारी जीव सूक्ष्म और बादर (स्थूल) इन दो प्रकारो मे से किसी न किसी एक प्रकार वाले होते हैं। सूक्ष्म

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नामकर्म के उदय से प्राप्त शरीर इन्द्रियो से दिखाई नही देता, वह ज्ञान द्वारा ही जाना जाता है, तथा बादर नामकर्म के उदय से शरीर मे ऐसा स्थूल परिणाम उत्पन्न होता है कि जिससे वे इन्द्रियग्राह्य हो सकते है। सूक्ष्म और बादर नामकर्म का उदय तिर्यच गति के जीवो मे होता है और वायुकायिक जीव एकेन्द्रिय तिर्यच गति वाले होते है। उनके एक स्पर्शनेन्द्रिय, कृष्ण, नील, कापोत, लेश्या, नपुसकवेद और औदारिक, वैक्रिय, तैजस्, कार्मण शरीर होते है।

दस सूक्ष्म अज्ञेय वस्तुओ मे शब्द, गध और वायु भी है। आज का विज्ञान अत्यन्त सूक्ष्म उपकरणो व यत्रो के सहारे शब्द, गध व वायु की तरगो व प्रकम्पनो का विश्लेषण तो करता है, परन्तु अपनी भौतिक ऑखो से देखने का उदाहरण अब तक सुना नही है।

Elaboration—In this aphorism, by the illustration air-bodied Jiva (soul), the structure of mundane souls has been described. All the worldly (mundane) souls are of two types—gross and subtle. A Jiva which had collected subtle name-karma (is born as subtle Jiva and as such) cannot be seen by the senses. That Jiva can be known only through Jnan (perfect knowledge). A Jiva that had collected gross name-karma is born with such a body that can be seen by senses. Gross and subtle name-karma fruitify only in Tiryanch (sub-human) state of Jiva (souls). The air-bodied souls are, one-sensed Jiva having Tiryanch (sub-human) state of existence They have only one sense—the sense of touch. They have Krishan (black), Neel (blue) or Kapot (grey) thought colours (Leshya), they have Napunsakved (sex inclination for both male and female). They have gross, fluid, taijas (electric) and karmic body.

The ten subtle substances that can be known (with sense-organs) include sound, smell and air. With the help of extremely subtle (fine) instruments, modern science analyses the awareness of sound, smell (fragrance) and air and fire movements in them. But so far, no example has come to our notice that it could be seen with naked eyes

क्या हाथी और कुंथु का जीव समान है ?

२६५. (क) तए णं से पएसी राया केसिं कुमारसमणं एवं वयासी–

से नूणं भंते ! हत्थिस्स कुंथुस्स य समे चेव जीवे ?

हंता पएसी ! हत्थिस्स य कुंथुस्स य समे चेव जीवे।

से णूणं भंते ! हत्थीउ कुंथू अप्पकम्मतराए चेव अप्पकिरियतराए चेव अप्पासवतराए चेव एवं आहार–नीहार–उस्सास–नीसास–इड्ढीए महज्जुइ अप्पतराए चेव, एवं च कुंथुओ हत्ती महाकम्मतराए चेव महाकिरिय. जाव ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हंता पएसी ! हत्तीओ कुंथू अप्पकम्मतराए चेव कुंथुओ वा हत्थी महाकम्मतराए चेव तं चेव।

कम्हा णं भंते ! हत्थिस्स य कुंथुस्स य समे चेव जीवे ?

२६५. **(क)** इसके पश्चात् प्रदेशी राजा ने प्रश्न किया–

"भते ! क्या हाथी और कुथु का जीव एक समान है ?"

केशीकुमार श्रमण–"हॉ, प्रदेशी ! हाथी और कुंथु का जीव एक समान है, दोनो के आत्म-प्रदेश समान परिमाण वाले है, न्यूनाधिक प्रदेश परिमाण वाले नहीं हैं।"

प्रदेशी–"भदन्त ! क्या हाथी से कुथु अल्प कर्म (आयुष्य) वाला है, अल्प क्रिया और अल्प आस्रव वाला है ? और इसी प्रकार कुंथु का आहार, निहार, श्वासोच्छ्वास, शारीरिक बल, द्युति आदि भी अल्प है और कुंथु से हाथी अधिक कर्म वाला, अधिक क्रिया वाला यावत् अधिक द्युति-सम्पन्न है ?"

केशीकुमार श्रमण–"हॉ प्रदेशी ! ऐसा ही है–हाथी से कुथु अल्प आयुष्य कर्म वाला, अल्प क्रिया वाला और कुंथु से हाथी महाकर्म वाला है।"

प्रदेशी–"तो फिर भदन्त ! हाथी और कुथु का जीव समान परिमाण वाला कैसे हो सकता है ?"

ARE THE SOULS OF ELEPHANT AND KUNTHU (THREE-SENSED BEING) SIMILAR ?

265. (a) Thereafter king Pradeshi asked—

"Are the souls of elephant and Kunthu—three-sensed animals similar to each other."

Keshi Kumar Shraman replied—"Yes, Pradeshi ! The souls of elephant and Kunthu are similar, the souls-atoms (pradesh) of both the souls are equal—neither more nor less."

Pradeshi asked—"Sir ! Are the karmas of Kunthu less than elephant ? Are the activities and inflow of karmic matter in case of Kunthu are less than that of an elephant ? Is the first intake, the waste, the breathing, physical strength and brightness are also less of Kunthu than elephant ?"

Keshi Kumar Shraman said—"Yes, Pradeshi ! It is so. Kunthu has less age-forming karma and it has less activity as compared to

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

elephant ? An elephant has more age-forming karma and more activity than the Kunthu (three-sensed living-being)."

King Pradeshi asked—"Sir ! How then Kunthu (ant) and elephant have souls similar to each other."

दीपक का दृष्टान्त

(ख) पएसी ! जहा णामए कूडागारसाला सिया जाव गंभीरा, अह णं केइ पुरिसे जोइं व दीवं व गहाय तं कूडागारसालं अंतो अणुपविसइ तीसे कूडागारसालाए सव्वओ समंता घणनिचियनिरंतराणि णिच्छिड्डाइं दुवारवयणाइं पिहेति, तीसे कूडागारसालाए बहुमज्झदेसभाए तं पईवं पलीवेज्जा, तए णं से पईवे तं कूडागारसालं अंतो ओभासइ उज्जोवेइ तवति पभासेइ, णो चेव णं बाहिं।

अह णं पुरिसे तं पईवं इड्डरएणं पिहेज्जा, तए णं से पईवे तं इड्डरयं अंतो ओभासेइ, णो चेव णं इड्डरगस्स बाहिं, णो चेव णं कूडागारसालाए बाहिं, एवं गोकिलिंजेणं, पच्छिपिंडएणं, गंडमाणियाए, आढतेणं, अद्धाढतेणं, पत्थएणं, अद्धपत्थएणं, कुलवेणं, अद्धकुलवेणं, चाउब्भाइयाए, अट्ठभाइयाए, सोलसियाए, बत्तीसियाए, चउसट्ठियाए, दीवचंपएणं तए णं से पदीवे दीवचंपगस्स अंतो ओभासति, नो चेव णं दीवचंपगस्स बाहिं, नो चेव णं चउसट्ठियाए बाहिं, णो चेव णं कूडागारसालं, णो चेव णं कूडागारसालाए बाहिं।

एवामेव पएसी ! जीवे वि जं जारिसयं पुव्वकम्मनिबद्धं बोंदिं णिव्वत्तेइ तं असंखेज्जेहिं जीवपदेसेहि सचित्तं करेइ खुड्डियं वा महालियं वा, तं सद्दहाहि णं तुम पएसी ! जहा– अण्णो जीवो तं चेव णं।

(ख) केशीकुमार श्रमण–"हे प्रदेशी ! हाथी और कुथु के जीव को समान परिमाण वाला ऐसे समझा जा सकता है–जैसे कोई एक विशाल कूटाकारशाला हो और कोई एक पुरुष अग्नि और दीपक साथ लेकर उस कूटाकारशाला में प्रवेश करे तथा उसके ठीक मध्य भाग मे खडा हो जाए। तत्पश्चात् उस कूटाकारशाला के सभी द्वारों के किवाडों को इस प्रकार सटाकर अच्छी तरह बंद कर दे कि उनमें किंचिन्मात्र भी सॉध-छिद्र नहीं रहे। फिर उस कूटाकारशाला के बीचोबीच उस दीपक को जलाये तो जलाने पर वह दीपक उस कूटाकारशाला के भीतर वाले भाग को ही प्रकाशित, उद्योतित, तापित और प्रभासित करता है, किन्तु बाहरी भाग को प्रकाशित नहीं करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(कल्पना करो) अब यदि वही पुरुष उस दीपक को धातु के एक विशाल पिटारे से ढक दे तो वह दीपक कूटाकारशाला की तरह उस पिटारे के भीतरी भाग को ही प्रकाशित करेगा किन्तु पिटारे के बाहरी भाग को प्रकाशित नहीं करेगा। इसी तरह गोकिलिंज (गाय को घास रखने का पात्र-डलिया), पच्छिकापिटक (पिटारी), गडमाणिका (अनाज मापने का बर्तन), आढक (चार सेर धान्य मापने का पात्र), अर्धाढक, प्रस्थक, अर्धप्रस्थक, कुलव, अर्धकुलव, चतुर्भागिका, अष्टभागिका, षोडशिका, द्वात्रिंशतिका, चतुष्षष्टिका (इन सबके अर्थ अनुयोगद्वारसूत्र में देखें) अथवा दीपचम्पक (दीपक का ढाकना) से ढकें तो वह दीपक उस ढक्कन के भीतरी भाग को ही प्रकाशित करेगा, ढक्कन के बाहरी भाग को नहीं। न चतुष्षष्टिका के बाहरी भाग को, न कूटाकारशाला को, न कूटाकारशाला के बाहरी भाग को प्रकाशित करेगा।

हे प्रदेशी ! इसी प्रकार पूर्वभव में उपार्जित कर्म के निमित्त से जीव को **क्षुद्र**-छोटे अथवा **महत्**-बडे शरीर की प्राप्ति होती है, उसी शरीर के अनुसार आत्म-प्रदेशों को संकुचित और विस्तृत करने का स्वभाव आत्मा का है। इस कारण वह उस शरीर को अपने असंख्यात आत्म-प्रदेशों से व्याप्त करता है। अतएव प्रदेशी ! तुम यह श्रद्धा करो-इस बात पर विश्वास करो कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है, जीव शरीर नहीं और शरीर जीव नहीं है।''

EXAMPLE OF LAMP

(b) Keshi Kumar Shraman said—"O Pradeshi ! The soul of elephant and that of ant can be understood of same size as under—Imagine a large temple (house) at the summit of a hill. A person enters it with a lamp and fire to ignite it. He then stands exactly at the centre of that house. Thereafter he closes all the doors of that house in such a way that there is no gap (hole) in between. He then lights the lamp. Then the light of the lamp brightens, shines and lights up only the inner part of the house and the outer part does not get lighted.

Imagine that the same person now covers the lighted lamp with a big basket. Then like the house, the lamp sheds light and brightens only the space inside the basket and not the space outside. Similarly if he covers the lamp with basket used for feeding the cows, a bamboo box, a vessel used for measuring corn, a pot used to measure four seers of food grains, two seers of food grains, one seer of food grains, half seer of food grains, a pot equal to

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-१७

Illustration No. 17

हाथी और चींटी में आत्मा समान है

राजा प्रदेशी ने शका की-"आप कहते है, सबमे आत्मा समान है, किन्तु हाथी और चीटी मे आत्मा समान कैसे सम्भव है ?"

केशीकुमार श्रमण ने उदाहरण दिया-

"(१) जैसे किसी कूटाकारशाला के मध्य मे दीपक जलाने पर उस दीपक का प्रकाश शाला के पूरे भाग को प्रकाशित कर देता है।

(२) उस दीपक को यदि धातु के पिटारे से ढॅक दे तो वह दीपक केवल पिटारे के भीतरी भाग को ही प्रकाशित करेगा न ? अर्थात् दीपक का प्रकाश सीमित हो जाता है।

(३) उसी प्रकार शरीर के आकार के कारण आत्म-प्रदेशो का सकोच और विस्तार होता है-यह आत्मा का स्वभाव है।"

-सूत्र २६५, पृष्ठ ३७५-३७९

SOULS OF ELEPHANT AND ANT ARE SAME

King Pradeshi expressed his doubt—"You say that soul is similar in all beings but how is it possible that souls of an elephant and an ant are similar ?"

Keshi Kumar Shraman explained with an example—

"(1) Imagine a lamp is lit in a secret room Its glow spreads all around the room

(2) Now cover that lamp with a metal basket Isn't the glow of the lamp now limited only to the inner part of the basket ? In other words the light of the lamp gets confined

(3) In the same way the space-points of soul shrink and expand according to the shape and size of the body, this is the basic nature of soul "

—Sutra 265, pp 375-379

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

measure of grains contained in two hands flatly joined, half of that, one-fourth of that, one-eighth, one-sixteenth, one-thirty twoeth, one sixty fourth of that (chausasthiye) [for meaning of words see Anuyogdvar Sutra] as cover of the lamp. Then that lamp shall lighten only the inner space of the cover and not the outer space. It shall not light up the outside space other than one-sixty fourth, nor the outer space of the house.

O Pradeshi ! Thus due to the karmas accumulated in the present life-span, the Jiva (soul) gets small **(kshudra)** or large **(mehat)** body. It is the nature of the soul to spread or contract the soul-atoms according to the size of the body. So it spreads unlimited soul-atoms. So Pradeshi ! You should trust it, you should believe that soul and body are different. Soul is not body and body is not soul."

परम्परागत मान्यता का निराकरण

२६६. तए णं पएसी राया केसिं कुमारसमणं एवं वयासी–

एवं खलु भंते ! मम अज्जगस्स एस सन्ना जाव समोसरणे जहा–तज्जीवो तं सरीरं, नो अन्नो जीवो अन्नं सरीरं। तयाणंतरं च णं ममं पिउणो वि एस सण्णा, तयाणंतरं मम वि एसा सण्णा जाव समोसरणं, तं नो खलु अहं बहुपुरिसपरंपरागयं कुलनिस्सियं दिट्ठिं छंडेस्सामि।

२६६. प्रदेशी राजा ने केशीकुमार श्रमण से कहा–

"भदन्त ! आपने बताया सो ठीक, किन्तु मेरे पितामह की यही धारणा–मान्यता व बुद्धि थी, सिद्धान्त था कि जो जीव है वही शरीर है, जो शरीर है वही जीव है। जीव शरीर से भिन्न नहीं और शरीर जीव से भिन्न नहीं है। पितामह के बाद मेरे पिता की भी ऐसी ही संज्ञा यावत् ऐसा ही सिद्धान्त था और उनके बाद मेरी भी यही मान्यता है। तो फिर अनेक पुरुषो (पीढियो) एवं कुल–परपरा से चली आ रही अपनी मान्यता को कैसे छोड़ दूँ?"

DISCARDING TRADITIONAL BELIEFS

266. King Pradeshi told Keshi Kumar Shraman—

"Blessed Sir ! Whatever you have stated may be correct, but my grandfather had this belief, this understanding this principle that a soul is a body and a body is a soul and that souls and bodies are not

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

different entities. Later same was the belief of my father, thereafter I have also the same faith. So how should I leave the traditional faith having been followed since many generations ?"

लोह वणिक् का दृष्टान्त

२६७. (क) तए णं केसी कुमारसमणे पएसिरायं एवं वयासी–

मा णं तुमं पएसी ! पच्छाणुतावए भवेज्जासि, जहा व से पुरिसे अयहारए।

के णं भंते ! से अयहारए ?

पएसी ! से जहाणामए केई पुरिसा अत्थत्थी, अत्थगवेसी, अत्थलुद्धगा, अत्थकंखिया, अत्थपिवासिया अत्थगवेसणयाए विउलं पणियभंडमायाए सुबहुं भत्तपाणपत्थयणं गहाय एगं महं अकामियं छिन्नावायं दीहमद्धं अडविं अणुपविट्ठा।

२६७. (क) प्रदेशी राजा की बात सुनकर केशीकुमार श्रमण ने उत्तर दिया–

"प्रदेशी ! तुम उस अयोहारक (लोहे के भार को ढोने वाले लोह वणिक्) की तरह पश्चात्ताप करने वाले मत होना। (अर्थात् जैसे वह लोह वणिक् पछताया उसी तरह तुम्हें भी अपनी कुल परम्परागत अन्ध-श्रद्धा के कारण पछताना नहीं पडे।)"

प्रदेशी ने पूछा–"भदन्त ! वह अयोहारक कौन था और उसे क्यों पछताना पडा ?"

केशीकुमार श्रमण बोले–"प्रदेशी ! कुछ धन के अभिलाषी, धन की गवेषणा करने वाले, धन के लोभी, धन की काक्षा और धन की लिप्सा वाले पुरुष धनोपार्जन करने के लिए विपुल परिमाण मे बिक्री करने योग्य पदार्थों और खाने-पीने के लिए पर्याप्त पाथेय (भाता) साथ मे लेकर एक ऐसी निर्जन, हिसक प्राणियों से व्याप्त बहुत बडी अटवी (वन) में जा पहुँचे जिस अटवी में पार होने के लिए रास्ता पाना भी कठिन था।"

EXAMPLE OF DEALER IN IRON

267. (a) After hearing king Pradeshi, Keshi Kumar Shraman replied—

"O Pradeshi ! You do not become repentant like that dealer in iron who carried the iron load. In other words just as that dealer repented, you may also not have to repent because of blind faith resulting from family tradition."

Pradeshi asked—"Sir ! Who was that dealer and what caused him to repent ?"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Keshi Kumar Shraman said—"Pradeshi ! Some persons desirous of wealth, seekers of wealth, greedy, curious and attached to wealth, in order to earn money; entered a wild forest where there were no men and it was dense with wild animals. They had with them things worthy of sale in sufficient quantity and food for their use during their journey. It was very difficult to find the way in the jungle.

(ख) तए णं ते पुरिसा तीसे अकामियाए अडवीए कंचि देसं अणुप्पत्ता समाणा एगमहं अयागरं पासंति, अएणं सव्वओ समंता आइण्णं विच्छिण्णं सच्छडं उवच्छडं फुडं गाढं पासंति हट्ठतुट्ठ जाव–हियया अन्नमन्नं सद्दावेंति एवं वयासी–एस णं देवाणुप्पिया ! अयभंडे इट्ठे कंते जाव मणामे, तं सेयं खलु देवाणुप्पिया ! अम्हं अयभारए बंधित्तए ति कट्टु अन्नमन्नस्स एयमट्ठं पडिसुणेंति अयभारं बंधंति, अहाणुपुव्वीए संपत्थिया।

(ख) जब वे लोग उस अटवी में कुछ आगे बढे तो किसी स्थान पर उन्होने इधर–उधर लोह से भरी लम्बी–चौडी और गहरी एक लोहे की खान देखी। वहॉ लोहा खूब बिखरा पडा था। उस खान को देखकर हर्षित होकर उन्होंने आपस में एक–दूसरे को कहा–"देवानुप्रियो ! यह लोहा हमारे लिए अच्छा है, लाभकारी है। अतः हमें इस लोहे की गठरी बॉध लेनी चाहिए।" इस प्रकार विचार करके उन्होने लोहे का भारा बॉध लिया और अटवी मे आगे चल दिये।

(b) When they went ahead in the forest, they found at some place in the jungle, a large and deep mine of iron ore. Iron was scattered all around. They felt happy and talked among themselves—"O the blessed ! This iron is good for us. It is beneficial to us. So we should be it up in a bundle." They then tied iron in a bundle and went ahead (carrying the iron-load).

(ग) तए णं ते पुरिसा अकामियाए जाव अडवीए किंचि देसं अणुप्पत्ता समाणा एगं महं तउआगरं पासंति, तउएणं आइण्णं तं चेव जाव सद्दावेत्ता एवं वयासी–एस णं देवाणुप्पिया ! तउयभंडे जाव मणामे, अप्पेणं चेव तउएणं सुबहुं अए लब्भति, तं सेयं खलु देवाणुप्पिया ! अयभारए छड्डेत्ता तउयभारए बंधित्तए त्ति कट्टु अन्नमन्नस्स अंतिए एयमट्ठं पडिसुणेंति, अयभारं छड्डेंति तउयभार बंधंति।

तत्थ णं एगे पुरिसे णो संचाएइ अयभारं छड्डेत्तए तउयभारं बंधित्ता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ग) अटवी में आगे चलते-चलते वे लोग एक स्थान पर पहुँचे, वहाँ उन्होंने एक विशाल त्रपु-सीसे की खान देखी, तब एक-दूसरे को बुलाकर कहा-"हे देवानुप्रियो ! हमें इस सीसे का संग्रह करना लाभदायक होगा। बहुत से लोहे को छोडकर हमे थोडा सीसा ले लेना अधिक लाभदायक है।" आपस मे एक-दूसरे ने इस विचार को स्वीकार किया और लोहे को छोड़कर सीसे के पोटले बाँध लिये।

किन्तु उनमें से एक व्यक्ति लोहे को छोडकर सीसे का भारा बाँधने के लिए तैयार नहीं हुआ।

(c) When they went ahead in the forest, they found a mine of tin. They then called each other and said—"O the blessed ! The collection of tin shall be more beneficial to us. We should discard the iron-load and collect some tin." Having decided in this manner, they discarded the iron and tied the bundles of tin."

But one of them did not agree to discard the iron-load and collect tin.

(घ) तए णं ते पुरिसा तं पुरिसं एवं वयासी-एस णं देवाणुप्पिया ! तउयभंडे जाव सुबहुं अए लब्भति, तं छड्डेहि णं देवाणुप्पिया ! अयभारगं, तउयभारगं बंधाहि।

तए णं ते पुरिसे एवं वयासी-दूराह मे देवाणुप्पिया ! अए, चिराहडे मे देवाणुप्पिया ! अए, अइगाढबंधणबद्धे मे देवाणुप्पिया ! अए, असिढिलबंधणबद्धे देवाणुप्पिया ! अए, धणियबंधणबद्धे देवाणुप्पिया ! अए, णो संचाएमि अयभारगं छड्डेत्ता तउयभारगं बंधित्तए।

(घ) तब दूसरे साथियों ने अपने उस साथी से कहा-"देवानुप्रिय ! हमें लोहे की अपेक्षा इस सीसे का सग्रह करना अधिक अच्छा है, इस थोडे से सीसे से बहुत-सा लोहा प्राप्त किया जा सकता है। अतएव देवानुप्रिय ! तुम इस लोहे को छोड़कर सीसे का भारा बाँध लो।"

तब उस व्यक्ति ने कहा-"देवानुप्रियो ! मैं इस लोहे के भारे को बहुत दूर से लादे चला आ रहा हूँ। इस लोहे को बहुत समय से लादे हुए हूँ। मैंने इस लोहे को बहुत ही कसकर बाँधा है। मैने इस लोहे को मजबूत बधन से बाँधा है। मैंने इस लोहे को अत्यधिक प्रगाढ बंधन से बाँध रखा है। इसलिए मै इस लोहे को छोडकर सीसे के भार को नहीं बाँध सकता।"

(d) Then his other companions advised him—"O the blessed ! It is more beneficial to collect tin instead of iron. From a small

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

quantity of tin, a large quantity of iron can be got in exchange. So you should discard the iron and collect tin."

Then that person replied—"O the blessed ! I am carrying this iron-load from a great distance since long. I have tied the iron tightly, with very strong knots and with great efforts. So I cannot discard it in order to collect tin in its place."

(ङ) तए णं ते पुरिसा तं पुरिसं जाहे णो संचायंति बहूहिं आघवणाहि य पन्नवणाहि य आघवित्तए वा पण्णवित्तए वा तया अहाणुपुव्वीए संपत्थिया, एवं तंबागरं रुप्पागरं सुवण्णागरं रयणागरं वइरागरं।

तए णं ते पुरिसा जेणेव सया जणवया, जेणेव साइं साइं नगराइं, तेणेव उवागच्छन्ति वयरविक्कणणं करेंति, सुबहुदासीदास गोमहिस गवेलगं गिण्हंति, अट्टतलमूसियवडंसगे कारावेंति, ण्हाया कयबलिकम्मा उप्पिं पासायवरगया फुट्टमाणेहिं मुइंगमत्थएहिं बत्तीसइबद्धएहिं नाडएहिं वरतरुणी-संपउत्तेहिं उवणच्चिज्जमाणा उवलालिज्जमाणा इट्ठे सद्द-फरिस-जाव विहरंति।

(ङ) तब दूसरे साथियों ने उस व्यक्ति को अनुकूल-प्रतिकूल सभी तरह से समझाया, लाभ-हानि बताने वाले वचनों द्वारा समझाया। लेकिन जब वे उस पुरुष को समझाने-बुझाने में समर्थ नही हुए तो अनुक्रम से आगे-आगे चलते गये। वहॉ-वहॉ पहुँचकर उन्होंने अनुक्रम मे तॉबे की, चॉदी की, सोने की, रत्नों की और हीरों की खाने देखीं। इनको जैसे-जैसे बहुमूल्य वस्तुएँ मिलती गईं, वैसे-वैसे पहले-पहले के अल्प मूल्य वाले तॉबे आदि को छोडकर अधिक-अधिक मूल्य वाली वस्तुओं को बाँधते गये। (सभी स्थानों पर उन्होने अपने उस लोहे वाले दुराग्रही साथी को समझाया किन्तु उसके दुराग्रह को छुडाने में सफल नहीं हुए।)

अटवी को पार करके वे सभी व्यक्ति जहॉ अपना जनपद-देश था, जहॉ अपने-अपने नगर थे, वहॉ आये। वहॉ आकर उन्होंने हीरों को बेचा। उससे बहुत धन-सम्पत्ति प्राप्त हुई। उससे अनेक दास, दासी, गाय, भैस और भेड़ों आदि को खरीदा। बडे-बडे आठ-आठ मंजिल के ऊँचे भवन बनवाये। अब वे वहॉ पर स्नान, बलिकर्म आदि करके उन प्रासादों के ऊपरी भागों में बैठकर सगीत आदि सुनते; तरुणियों द्वारा की जा रही नृत्य-गानयुक्त बत्तीस प्रकार की नाट्य लीलाओं को देखते, मनोज्ञ शब्द, स्पर्श, गंध मूलक मनुष्य-सम्बन्धी कामभोगों को भोगते हुए सुखपूर्वक रहने लगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(e) Then the other companions tried hard to bring him round. They explained the benefits of the proposal and loss in not agreeing to it. But when they did not succeed in their efforts, they went ahead. Thereafter on the way, they found copper mine, silver mine, gold mine, mine of gems and the mine of diamonds in that very order. Whenever they found a mine of higher value substance, than the one they were carrying, they discarded their load and carried the more beneficial one. (At all such places they tried to bring round their companion to accept their advice but he did not agree.)

After crossing the forest, they came to their country and then to their town. They sold the diamonds. They got a big amount in exchange. They bought many servants, cows, buffaloes, sheep and other. They got built eight storeyed buildings. Then after their bath and other suchlike, they used to sit at the top floors of their palatial buildings and enjoy music and thirty two types of dances coupled with music performed by the damsels. They were enjoying sensual pleasures fully satisfying their all the five senses namely pleasant words, pleasant sights, pleasant touch, pleasant smell.

(च) तए णं ते पुरिसे अयभारेण जेणेव सए नगरे तेणेव उवागच्छइ, अयभारेणं गहाय अयविक्किणणं करेति, तंसि अप्पमोल्लंसि निहियंसि झीणपरिव्वए, ते पुरिसे उप्पिं पासायवरगए जाव विहरमाणे पासति, पासित्ता एवं वयासी–अहो ! णं अहं अधन्नो अपुन्नो अकयत्थो अकयलक्खणो हिरि–सिरि–वज्जिए हीणपुण्णचाउद्दसे दुरंतपंतलक्खणे। जइ णं अहं मित्ताण वा णाईण वा नियगाण वा सुणेंतओ तो णं अहं पि एवं चेव उप्पिं पासायवरगए जाव विहरंतो।

से तेणट्ठेणं पएसी, एवं वुच्चइ–मा तुमं पएसी ! पच्छाणुतावए भविज्जासि, जहा व से पुरिसे अयभारिए।

(च) वह लोहवाहक पुरुष भी अपना लोहभार लेकर नगर में आया। वहाँ आकर उस लोहे को बेचा, किन्तु अल्प मूल्य वाला होने से उसे थोडा-सा धन मिला। किसी समय (नगर में फिरते हुए) जब उस पुरुष ने अपने साथियों को श्रेष्ठ प्रासादो के ऊपर रहते हुए यावत् भोग-विलास मे समय बिताते हुए देखा। तब इस प्रकार सोचने-विचारने लगा–'अरे ! मैं अधन्य, पुण्यहीन (भाग्यहीन), अकृतार्थ, शुभ लक्षणों से रहित, श्री-ह्री (धन और प्रभाव)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-१८

Illustration No. 18

लौह-वणिक् दुराग्रही

केशीकुमार श्रमण ने दृष्टान्त देते हुए कहा-

"(१) चार वणिक् धन-प्राप्ति के लिए निकले। मार्ग मे उन्हे लोहे की खान मिली तो चारो ने लोहे की पोटलियाँ बाँध ली।

(२) आगे चलने पर ताँबे, चाँदी, सोना आदि की खाने मिली तो तीन ने लोहा छोडकर ताँबा, ताँबा छोडकर चाँदी, चाँदी छोडकर सोने की गठरियाँ बाँध ली। किन्तु चौथा अपनी पुरानी वस्तु के मोह पर ही अडा रहा।

(३) जब हीरो की खान मिली तो तीनो ने तो सोना छोडकर हीरे की गठरियाँ बाँध ली, किन्तु चौथा अपनी जिद्द पर अडा लोहे की पोटली ही ढोता रहा।

(४) नगर मे जाकर तीनो ने अपना माल बेचा, खूब धन कमा लिया और वैभव-विलासपूर्ण जीवन जीने लगे। चौथा लौह-वणिक् तो लोहा बेचकर फेरी वाला ही बना रहा। जब उसने उन तीनो का वैभव देखा तो वह अपने अडियल स्वभाव पर पछताने लगा।"

-सूत्र २६७, पृष्ठ ३८०-३८५

ADAMANT IRON-MERCHANT

Giving an example Keshi Kumar Shraman stated—

"(1) Four merchants set out for business On the way they found an iron ore mine and they all collected iron ore in their bags

(2) On their journey ahead, one after another, they found copper, silver and gold mines Three of the merchants progressively exchanged iron ore for copper ore, copper ore for silver ore and silver ore for gold ore but the fourth one stuck to his fondness for his old possession of iron ore

(3) When the group found a diamond mine the first three exchanged their gold ore with diamonds but the fourth one was adamant on his decision of carrying his load of iron

(4) Reaching a city the first three merchants sold their merchandise, earned a lot of wealth and lived in grandeur and comfort The fourth one sold his iron and with his meager earning became a poor vendor When he saw the grandeur of his three companions he repented for his mulish nature "

—*Sutra 267, pp 380-385*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से वर्जित हूँ। हीनपुण्य चातुर्दशिक (कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को जन्मा हुआ), दुरंत-प्रान्त (अशुभ) लक्षण वाला कुलक्षणी हूँ। यदि उन मित्रों, ज्ञातिजनों और अपने हितैषियों की बात मान लेता तो आज मैं भी इसी तरह श्रेष्ठ प्रासादों में रहता हुआ सुखपूवर्क अपना समय व्यतीत करता।'

हे प्रदेशी ! इसी कारण मैंने यह कहा है कि यदि तुम अपना दुराग्रह नही छोडोगे तो उस लोहभार को ढोने वाले दुराग्रही की तरह तुम्हें भी अन्त में पछताना पडेगा।''

(f) Their companion also came to the town with the iron-load He also sold his iron and got a little amount in exchange. Once while moving in the town, he found his companions residing in palatial buildings and enjoying all the comforts of life and sensual pleasures. He thought to himself—'I am poor, I am unlucky, I am devoid of auspicious sign, I am without the blessings of prosperity and influence, I am devoid of religious merit. I appear to have been born on the fourteenth day of dark fortnight, I possess disgusting signs. In case I had agreed to the advice of my friends, my companions, my well-wishers, I also would have lived in suchlike palatial buildings enjoying the pleasure of life.'

O Pradeshi ! In their context I had mentioned that if you do not discard you such born attitude, you shall also have to repent in the end like that person who carried iron-load."

प्रदेशी द्वारा श्रावकधर्म-ग्रहण

२६८. एत्थ णं से पएसी राया संबुद्धे केसिकुमारसमणं वंदइ जाव एवं वयासी-

णो खुल भंते ! अहं पच्छाणुतावए भविस्सामि जहा व से पुरिसे अयभारिए, तं इच्छामि णं देवाणुप्पियाणं अंतिए केवलिपन्नत्तं धम्मं निसामित्तए।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह।

धम्मकहा जहा चित्तस्स। तहेव गिहिधम्मं पडिवज्जइ जेणेव सेयविया नगरी तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

२६८. इस प्रकार केशीकुमार श्रमण द्वारा समझाये जाने पर सम्यक् तत्त्व का बोध प्राप्त करके प्रदेशी राजा ने केशीकुमार श्रमण को वंदना की एव निवेदन किया-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"भदन्त ! मैं वैसा कुछ नहीं करूँगा जिससे उस लोहभारवाहक पुरुष की तरह मुझे पश्चात्ताप करना पडे। अतः मैं आप देवानुप्रिय से केवलि-प्ररूपित धर्म सुनना चाहता हूँ।"

केशीकुमार श्रमण ने कहा-"देवानुप्रिय ! जैसे तुम्हे सुख उपजे वैसा करो, परन्तु शुभ कार्य में विलम्ब मत करो।"

प्रदेशी की जिज्ञासा-वृत्ति देखकर केशीकुमार श्रमण ने जिस प्रकार चित्त सारथी को धर्मोपदेश देकर श्रावकधर्म समझाया था उसी प्रकार राजा प्रदेशी को भी धर्मकथा सुनाकर गृहस्थधर्म (श्रावकधर्म) का विस्तार से विवेचन किया। राजा गृहस्थधर्म स्वीकार करके सेयविया नगरी की ओर चलने को तत्पर हुआ।

ACCEPTANCE OF VOWS OF A HOUSEHOLDER BY PRADESHI

268. Thus at the advice of Keshi Kumar Shraman and after gaining spiritual knowledge king Pradeshi bowed to him in respect and requested—

"Sir ! I shall not do such an act that I may have to repent in the end like that carrier of iron-load. So I want to listen from you the philosophical thought as propounded by Kewali (the perfect souls)."

Keshi Kumar Shraman replied—"O the blessed ! Do what gives you pleasure, but do not delay the good deed."

Finding the inward curiosity of king Pradeshi to listen about religion, he gave him religious discourse in the same manner as he had earlier given to Chitta Saarthi. He explained in detail the vows meants for a householder. King Pradeshi then accepted the vows of the householder and got ready to return to Seyaviya town.

आचार्य के प्रति कर्त्तव्य-बोध

२६९. तए णं केसी कुमारसमणे पएसिं रायं एवं वयासी-

जाणासि तुमं पएसी ! कइ आयरिया पन्नत्ता ?

हंता जाणामि, तओ आयरिआ पण्णत्ता, तं जहा-१. कलायरिए, २. सिप्पायरिए, ३. धम्मायरिए।

जाणासि णं तुमं पएसी ! तेसिं तिण्हं आयरियाणं कस्स का विणयपडिवत्ती पउंजियव्वा ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हंता जाणामि, कलायरियस्स सिप्पायरिस्स उवलेवणं संमज्जणं वा करेज्जा, पुरओ पुप्फाणि वा आणवेज्जा, मज्जावेज्जा, मंडावेज्जा, भोयाविज्जा वा विउलं जीवितारिहं पीइदाणं दलएज्जा, पुत्ताणुपत्तियं वित्तिं कप्पेज्जा।

जत्थेव धम्मायरियं पासिज्जा तत्थेव वंदेज्जा णमंसेज्जा सक्कारेज्जा सम्माणेज्जा, कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं पज्जुवासेज्जा, फासुएसणिज्जेणं असण-पाण-खाइम-साइमेणं पडिलाभेज्जा, पाडिहारिएणं पीढ-फलग-सिज्जा-संथारएणं उवनिमंतेज्जा।

एवं च ताव तुमं पएसी ! एवं जाणासि तहावि णं तुमं ममं वामं वामेणं जाव वट्टित्ता ममं एयमट्ठं अखामित्ता जेणेव सेयविया नगरी तेणेव पहारेत्थ गमणाए ?

२६९. तब केशीकुमार श्रमण ने कहा-

"प्रदेशी ! जानते हो कितने प्रकार के आचार्य होते हैं ?"

प्रदेशी-"हॉ, भदन्त ! जानता हूँ, तीन प्रकार के आचार्य होते हैं-(१) कलाचार्य, (२) शिल्पाचार्य, और (३) धर्माचार्य।

केशीकुमार श्रमण-"प्रदेशी ! तुम जानते हो कि इन तीन आचार्यों में से किसकी कैसी विनय-प्रतिपत्ति करनी चाहिए ? (किसके साथ कैसा आदरपूर्ण व्यवहार करना चाहिए ?)"

प्रदेशी-"हॉ, भदन्त ! जानता हूँ। (शिष्य को) कलाचार्य और शिल्पाचार्य के शरीर पर चन्दनादि का लेप और तेल आदि का मर्दन करना चाहिए, उन्हें स्नान कराना चाहिए तथा उनके सामने पुष्प आदि भेंट रूप में रखना चाहिए, उनके कपडों आदि को सुरभिगन्ध से सुगन्धित करना चाहिए, आभूषणो आदि से उन्हे अलंकृत करना चाहिए, आदरपूर्वक भोजन कराना चाहिए और आजीविका के योग्य विपुल प्रीतिदान (धन आदि) देना चाहिए एवं उनके लिए ऐसी आजीविका की व्यवस्था करनी चाहिए कि उनके पुत्र-पौत्रादि परम्परा भी जिसका लाभ ले सकें।

धर्माचार्य के जहॉ भी दर्शन हों, वहीं उनको वन्दना-नमस्कार करना चाहिए, उनका सत्कार-सम्मान करना चाहिए और उन्हें कल्याणरूप, मंगलरूप, देवरूप एव ज्ञानरूप मानकर उनकी पर्युपासना करनी चाहिए। अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य भोजन-पान से उन्हें प्रतिलाभित करना चाहिए। पडिहारी पीठ, फलक, शय्या, संस्तारक आदि ग्रहण करने के लिए उनसे प्रार्थना करनी चाहिए।"

केशीकुमार श्रमण-"प्रदेशी ! (आश्चर्य है) इस प्रकार की विनय-प्रतिपत्ति (शिष्टाचार) जानते हुए भी तुम अभी तक मेरे प्रति जो प्रतिकूल व्यवहार एवं प्रवृत्ति करते आये हो, उसके लिए क्षमा मॉगे बिना ही सेयविया नगरी की ओर चलने के लिए उद्यत हो रहे हो ?"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

269. Then Keshi Kumar Shraman asked—

"O Pradeshi ! Do you know how many classifications are of Acharyas ?"

Pradeshi replied—"Reverend Sir ! I know that Acharyas are of three types—(1) Acharya of Art, (2) Acharya of Sculpture, and (3) Acharya of Religion."

Keshi Kumar Shraman then asked—"Do you know how the respect, the benediction is to be expressed toward the said three types ?"

Pradeshi replied—"Yes Sir ! I know. The body of Acharya of art and Acharya of sculpture should be pasted with sandalwood paste and massaged with oil. He should be given a bath and then flowers and suchlike should be offered to them. Their dress should be made fragrant with incense. They should be offered food respectfully. They should be given sufficient material (wealth, money) for their livelihood. Such an arrangement should be made for their livelihood, that their sons, grandsons and further generation may also reap its benefits.

Whenever one sees Acharya of religion, he should bow to him in respect, he should honour him. Accepting him as a symbol of welfare, auspicious and godlike and epitome of knowledge, he should serve him. He should offer him food, liquids, sweets and fragrant material. He should also request him to accept seat, board, bed, straw bedding."

Keshi Kumar Shraman then said—"O Pradeshi ! (It is strange that) fully knowing the honour to be shown toward Acharya of religion, you have been dealing with me, so far in a different rude and insolent manner. You are getting ready to go back to Seyaviya town without seeking pardon for such an insolent behaviour ?"

२७०. तए णं से पएसी राया केसिं कुमारसमणं एवं वयासी–

एवं खलु भंते ! मम एयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था–एवं खलु अहं देवाणुप्पियाणं वामं वामेणं जाव वट्टिए, तं सेयं खलु मे कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

फुल्लुप्पलकमलकोमलुम्मिलियम्मि अहापंडुरे पभाए रत्तासोग-किंसुयसुयमुह-गुंजद्धरागसरिसे कमलागरनलिणिसंडबोहए उट्ठियम्मि सूरे सहस्सरस्सिम्मि दिणयरे तेयसा जलंते अंतेउरपरियालसद्धिं संपरिवुडस्स देवाणुप्पिए वंदित्तए नमंसित्तए एतमट्ठं भुज्जो भुज्जो सम्मं विणएणं खामित्तए-त्ति कट्टु जामेव दिसिं पाउब्भूए तामेव दिसिं पडिगए।

तए णं से पएसी राया कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए जाव तेयसा जलंते हट्ठतुट्ठ जाव हियए जहेव कूणिए तहेव निग्गच्छइ अंतेउरपरियालसद्धिं संपरिवुडे पंचविहेणं अभिगमेणं वंदइ नमंसइ एयमट्ठं भुज्जो भुज्जो सम्मं विणएणं खामेइ।

२७०. केशीकुमार श्रमण के इस संकेत को सुनकर, समझकर प्रदेशी राजा ने निवेदन किया-

"हे भदन्त ! आपका कथन योग्य है, किन्तु मेरा इस प्रकार का आन्तरिक विचार-संकल्प और भावना है कि अभी तक आप देवानुप्रिय के प्रति मैंने जो प्रतिकूल, अप्रिय और विपरीत व्यवहार किया है, उसके लिए आने वाले कल, रात बीत जाने पर, जब उत्पल और कमल आदि विकसित हो जायेंगे, प्रभातकालीन श्वेत-लाल प्रभा बिखरेगी। रक्त अशोक, पलाशपुष्प, तोते की चोच और गुंजाफल के आधे भाग जैसे लाल (अरुण आभा लिए) सरोवर में स्थित कमलिनी को विकसित करने वाला तेजयुक्त जाज्वल्यमान सहस्र-रश्मि दिनकर (सूर्य) का प्रकाश होगा तब मै अपने अन्तःपुर-परिवार सहित आप देवानुप्रिय की वन्दना-नमस्कार करने और अवमानना रूप अपने अपराध की बारम्बार विनयपूर्वक क्षमापना के लिए सेवा में उपस्थित होऊँगा।" ऐसा निवेदन कर वह प्रदेशी राजा जिस ओर से आया था उसी ओर लौट गया। अपनी नगरी को चला गया।

दूसरे दिन रात्रि बीतने पर, प्रभात हो जाने पर जाज्वल्यमान तेज सहित दिनकर के उदित होने पर प्रदेशी राजा हृष्ट-तुष्ट विकसित हृदय होता हुआ कोणिक राजा की तरह (समारोहपूर्वक) दर्शन करने निकला। उसने अन्तःपुर-परिवार आदि के साथ पाँच प्रकार के अभिगमपूर्वक वन्दन-नमस्कार किया और यथाविधि विनयपूर्वक अपने प्रतिकूल आचरण के लिए बारम्बार क्षमा-याचना की।

270. Listening to this direction of Keshi Kumar Shraman and properly understanding it, king Pradeshi requested—

"Reverend Sir ! Whatever you have said is true, but my inner feeling and thought is that whatever opposite, undesirable,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

condemnible behaviour I had adopted towards you so far, for that I should on the following day early in the morning when utpal and lotus bloom, when sunshine of the rising sun appears, when there shall be brightness of the sun spreading thousands of its rays causing blooming of lotus flowers in the lake (making it red with aura) that appear red like crimson Ashok, Palash flowers beak of a parrot and the middle portion of gunja flowers, I should come to you with my entire family in order to bow to you, honour you and to humbly seek pardon from you for my great sin of insulting you." Saying so, king Pradeshi went in the direction from which he had come. He went to his town.

After the night passed on the following day, when the sun brightened, in a very joyous mood king Pradeshi came out like king Kaunik to have the darshan (of Keshi Kumar Shraman). He and the members of his family, observing five types of restrains, bowed to Keshi Kumar Shraman, honoured him and humbly sought pardon for his rude and undesirable behaviour again and again in the prescribed manner.

विवेचन–इस सूत्र मे प्रदेशी राजा के केशीकुमार श्रमण की धर्मदेशना सुनने के लिए परिवार व सेना सहित जाने का उल्लेख है। इसका विस्तृत वर्णन जानने के लिए कोणिक राजा के भगवान महावीर की धर्मसभा मे जानने का वर्णन पढने की सूचना है। औपपातिकसूत्र मे कोणिक राजा की दर्शन-यात्रा का बहुत ही विस्तृत रोचक वर्णन है। इसका सार यह है–

चम्पानगरी मे भगवान महावीर के आगमन का सवाद सुनकर कोणिक राजा अत्यन्त हर्षित होता है। चम्पानगरी को दुल्हन की तरह सजाने-सँवारने का आदेश देता है और सेनानायक को दर्शन-यात्रा मे जाने के लिए सेना, हाथी आदि तैयार करने की आज्ञा देता है। स्वय स्नान आदि करके परिवार सहित तैयार होकर पट्टहस्ती पर आरूढ होता है, रानियाँ आदि परिवार सुसज्जित रथो मे बैठता है।

इस यात्रा मे सबसे आगे अष्ट मगल स्थापित करके रखे जाते है। इनके पीछे मगल-कलश, झारियाँ, छत्र, चँवर, ध्वजा चलती है। सुसज्जित एक सौ आठ घोडो पर सुशिक्षित घुडसवार, उनके पीछे एक सौ आठ विशालकाय हाथी, फिर छत्रयुक्त एक सौ आठ रथ, हाथो मे अनेक प्रकार के शस्त्र धारण किये हजारो पैदल सैनिक। इस प्रकार चतुरगिनी सेना के साथ उनके पीछे अभिषेक हस्ती पर कोणिक राजा आरूढ होता है। कोणिक के हाथी के आगे घुडसवार, दोनों बाजुओ मे हाथियों पर सुसज्जित सैनिक और पीछे अनेक सैकडो रथ चल रहे है। उनके पीछे मत्री, नगर-रक्षक, राज्य-अधिकारी, श्रेष्ठी, सार्थवाह तथा नगरजन चलते है। पटह-मृदग, भेरी आदि वाद्य बजाते हुए वादक। इस प्रकार हजारो लोगो के साथ अत्यन्त उल्लास-उत्साहपूर्वक कोणिक राजा चम्पानगरी के मध्य मे होकर भगवान महावीर की वन्दना करने पूर्णभद्र चैत्य की ओर जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यद्यपि कोणिक का वैभव बहुत विशाल था। परन्तु प्रदेशी राजा भी अपने विशाल वैभव व सेना, परिवार के साथ उसी प्रकार हजारो नागरिको को साथ लेकर केशीकुमार श्रमण की वन्दना करने मृगवन उद्यान मे आता है।

पॉच अभिगमो के नाम पहले बताये जा चुके है, वे इस प्रकार है–

(१) सचित्त द्रव्यो (पुष्प, पान आदि) का त्याग।

(२) अचित्त द्रव्यो (वस्त्र, आभूषण आदि) पास में रखना/व्यवस्थित करना।

(३) एक शाटिका (दुपट्टा) का उत्तरासग करना।

(४) गुरु पर दृष्टि पडते ही दोनो हाथ जोडना।

(५) मन को गुरु पर एकाग्र करना।

Elaboration—In this aphorism, there is a mention of the departure of king Pradeshi with his family and the army to listen the spiritual discourse of Keshi Kumar Shraman. For detailed study, it is mentioned that one should see the detailed description of king Kaunik going to Bhagavan Mahavir to listen the spiritual discourse. In Aup-patik Sutra, there is a detailed interesting account of the journey of king Kaunik to have darshan of Bhagavan Mahavir. In brief it is as under—

King Kaunik felt very happy to learn about the arrival of Bhagavan Mahavir in Champa city. He ordered that Champa should be decorated like a bride. He asked the army chief to prepare army, elephants and others for going to Mahavir in a convoy. He took his bath and got ready with members of his family. He sat on the royal elephant and the queens and family members sat in chariots.

In this journey, the eight auspicious symbols are kept ahead of all. Thereafter there are auspicious pitchers, the water pots, the umbrella, the chawari, the flags in respective order. Well trained horsemen are on 108 properly decorated horses, followed by 108 elephants, 108 chariots with umbrellas and thousands soldiers on foot fully armed. Thus with four army wings going ahead, king Kaunik was on the elephant of coronation. Horsemen were ahead of king Kaunik, armed soldiers riding the elephants were on his two sides and behind him were moving hundreds of chariots. Thereafter were the ministers, city guards, government officials, noblemen, traders and citizens. Musicians were beating the drum, playing the flute and other musical instruments. Thus thousands of people in a procession and in a fit of extreme joy were passing through Champa city to Purnabhadra temple for paying their respects to Bhagavan Mahavir along with king Kaunik.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Although prosperity of king Kaunik was very great, king Pradeshi also goes with his wealth, army, family and thousands of residents (of Seyaviya) to Mrigavan garden to bow to Keshi Kumar Shraman and to honour him

The names of five abhigam (restraints, rules) have already been mentioned. They are as under—

(1) To discard living substance (flower, betel leaf).

(2) To keep non-living things with them properly (clothes, ornaments and suchlike).

(3) To cover upper part of the body with a cloth (Uttarasan).

(4) To fold the hands immediately on seeing the Master.

(5) To concentrate the mind on the Master.

२७१. तए णं केसी कुमारसमणे पएसिस्स रण्णो सूरियकंतप्पमुहाणं देवीणं तीसे य महति महालियाए महच्चपरिसाए जाव धम्मं परिकहेइ।

तए णं से पएसी राया धम्मं सोच्चा निसम्म उट्ठाए उट्ठेति, केसिकुमारसमणं वंदइ नमंसइ जेणेव सेयविया नगरी तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

२७१. धर्मसभा में अपने-अपने स्थान पर बैठ जाने के पश्चात् केशीकुमार श्रमण ने प्रदेशी राजा, सूर्यकान्ता आदि रानियों और उस अति विशाल परिषद् को धर्मकथा सुनाई।

धर्मदेशना सुनकर प्रदेशी राजा अपने आसन से उठा एवं केशीकुमार श्रमण को वंदन-नमस्कार किया। वंदन-नमस्कार करके सेयविया नगरी की ओर चलने के लिए उद्यत हुआ।

271. Keshi Kumar Shraman gave a religious discourse to king Pradeshi, queen Suryakanta, other queens and the large gathering after they had properly taken their seats in the religious assembly.

After listening the religious discourse king Pradeshi got up from his seat, and bowed and honoured Keshi Kumar Shraman. Thereafter, he got ready to go back to Seyaviya town.

केशीकुमार श्रमण का उद्‌बोधन

२७२. (क) तए णं केसी कुमारसमणे पएसिरायं एवं वयासी—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मा णं तुमं पएसी ! पुव्विं रमणिज्जे भवित्ता पच्छा अरमणिज्जे भवज्जासि, जहा से वणसंडे इ वा, णट्टसाला इ वा इक्खुवाडए इ वा, खलवाडए इ वा।

कहं णं भंते !

२७२. **(क)** प्रदेशी राजा को सेयविया नगरी की ओर चलने के लिए उद्यत देखकर केशीकुमार श्रमण ने प्रदेशी राजा को सबोधित कर कहा–

"राजन् ! जिस प्रकार वनखण्ड, नाट्यशाला, इक्षुवाड (गन्ने का खेत) अथवा खलवाड (खलिहान) पूर्व में रमणीय होकर पश्चात् अरमणीय (अशोभनीय) हो जाते हैं, उस प्रकार तुम पहले रमणीय (लोकप्रिय) होकर बाद मे अरमणीय मत हो जाना।"

प्रदेशी ने पूछा–"भदन्त ! वनखंड आदि पूर्व मे रमणीय (मनोरम, सुन्दर) होकर बाद में अरमणीय कैसे हो जाते है ? आपका क्या अभिप्राय है ?

WARNING OF KESHI KUMAR SHRAMAN

272. (a) Finding that king Pradeshi is getting ready to go back to Seyaviya town, Keshi Kumar Shraman told him—

"O King ! A forest-region, a theatre, a sugarcane field or a thrashing place looks bright initially but later on to gives a despiring (lonely) look. You are loveable (liked by the people popular) now. Be cautious that you may not become unpopular later."

Pradeshi asked—"Reverend Sir ! Forest-region and others are beautiful and pleasant in the beginning but later on how do they become ugly ? What is your message with this example ?"

(ख) वणसंडे पत्तिए पुप्फिए फलिए हरियगरेरिज्जमाणे सिरीए अतीव अतीव उवसोभेमाणे चिट्ठइ, तया णं वणसंडे रमणिज्जे भवति। जया णं वणसंडे नो पत्तिए, नो पुप्फिए, नो फलिए, नो हरियगरेरिज्जमाणे, नो सिरीए अईव उवसोभेमाणे चिट्ठइ तया णं जुन्ने झडे परिसडिय पंडुपत्ते सुक्करुक्खे इव मिलायमाणे चिट्ठइ तया णं वणे नो रमणिज्जे भवति।

(ख) केशीकुमार श्रमण ने कहा–"प्रदेशी ! वनखड (उद्यान) जब तक हरे–भरे पत्तों, पुष्पो, फलो से सम्पन्न और सुहावनी सघन छाया एव हरियाली से युक्त होता है तब तक अपनी शोभा से सुशोभित होता हुआ रमणीय लगता है। उसे देखकर सबका मन प्रसन्न होता है। लेकिन वही वनखड जब पत्तो, फूलों, फलों और हरियाली से रहित हो जाता है तब हरा–भरा, देदीप्यमान न होकर कुरूप, भयावना दिखने लगता है। सूखे वृक्षो की छाल–पत्ते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदि के जीर्ण-शीर्ण हो जाने, झर जाने, सड़ जाने, पीले और म्लान हो जाने से उसकी शोभा समाप्त हो जाती है और वह रमणीय नहीं रहता है।

(b) Keshi Kumar Shraman said—"Pradeshi ! The forest-region, the garden looks grand and pleasant when it is full of green leaves, blooming flowers, fruit and thick shade, when it is full of greenery. But when it is without leaves, flowers, fruit and green vegetation then it is not longer green or shining. It looks ugly and dreadful. Its grandeur comes to an end when the bark of the dry trees and their leaves become yellow, rotten, ugly and fall down. It no longer looks pleasant and worth enjoying.

(ग) जया णं णट्टसाला वि गिज्जइ वाइज्जइ नच्चिज्जइ हसिज्जइ रमिज्जइ तया णं णट्टसाला रमणिज्जा भवइ, जया णं नट्टसाला णो गिज्जइ जाव णो रमिज्जइ तया णं णट्टसाला अरमणिज्जा भवति।

(ग) इसी प्रकार नाट्यशाला में भी जब तक गीत गाये जा रहे हैं, बाजे बजते रहते हैं, नृत्य होते रहते हैं, लोगों के हास्य की ध्वनियाँ व्याप्त रहती हैं और विविध प्रकार की क्रीड़ायें होती रहती हैं तब तक नृत्यशाला रमणीय-सुहावनी लगती है। किन्तु जब उसी नृत्यशाला में गीत नहीं गाये जा रहे हों, क्रीडायें नहीं हो रही हों, जनशून्य हो गई हो, तब वही नृत्यशाला असुहावनी और डरावनी लगती है।

(c) Similarly when the songs are being sung, the music is being played, dances are being performed, the bubbles of laughter are spreading all over and various types of games and sports are in progress, that dramatic hall looks pleasant and worthy of enjoyment. But when there is no longer any music, there are no sports and it is without spectators, then the theatre (the dancing hall) presents an ugly look. It appears dreadful.

(घ) जया णं इक्खुवाडे छिज्जइ भिज्जइ सिज्जइ पिज्जइ दिज्जइ तया णं इक्खुवाडे रमणिज्जे भवइ, जया णं इक्खुवाडे णो छिज्जइ जाव तया इक्खुवाडे अरमणिज्जे भवइ।

(घ) जब तक इक्षुवाड-(ईख के खेत) में ईख कटती हों, टूटती हों, पेरी जाती हों, आते-जाते लोग उसका रस पीते हों, कोई इक्षु लेते-देते हों, तब तक वह इक्षुवाड बहुत सुहावना और रमणीय लगता है। किन्तु जब उसी इक्षुवाड में ईख न कटती हों, लोगों का आवागमन नहीं होता हो, तब वही मन को अरमणीय-अप्रिय, अनिष्टकर लगने लगता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-१९

Illustration No. 19

रमणीय-अरमणीय

दृश्य १–उद्यान का उदाहरण

प्रश्नोत्तर करके प्रदेशी राजा सेयविया नगरी की तरफ जाने लगा तो केशीकुमार श्रमण ने कहा–"राजन् ! जिस प्रकार हरा–भरा फल–फूल छायायुक्त उद्यान देखकर पक्षी आदि का मन प्रसन्न होता है, किन्तु सूख जाने पर वही उद्यान भयावना, सुनसान, अरमणीय दीखने लगता है।"

दृश्य २–नृत्यशाला का उदाहरण

"जिस प्रकार नृत्यशाला मे सगीत, नृत्य, हास्य के वातावरण से वहाँ का दृश्य सुहावना, मनोहारी लगता है, किन्तु वही नृत्यशाला जनशून्य हो जाने पर असुहावनी, डरावनी लगती है।"

दृश्य ३–इक्षु खेत का उदाहरण

"जिस प्रकार खेत मे ईख कटती हो, पेरी जाती हो, आते–जाते लोग रस पीते हो, इक्षु खाते हो तब वहाँ का दृश्य रमणीय लगता है, किन्तु खेत कट जाने के बाद तो वहाँ केवल पशु चरते दिखाई देते है, तब वह बडा अप्रिय लगता है।"

दृश्य ४–खलिहान का उदाहरण

"खेत मे फसल कटने के समय जगह–जगह धान की ढेरियाँ लगी रहती है' लोगो का आवागमन बना रहता है, वह खेत बहुत ही रमणीय प्रतीत होता है, किन्तु जब धान उठा लिया जाता है तब वही खेत खाली, सुनसान से दीखते है।

उसी प्रकार तुम अपनी वर्तमान रमणीयता खोकर अरमणीय मत हो जाना।" *–सूत्र २७२, पृष्ठ ३९२–३९५*

ATTRACTION AND REPULSION

SCENE1—EXAMPLE OF A GARDEN

After the dialogue, when king Pradeshi was leaving for Seyaviya city, Keshi Kumar Shraman said—"O King ! Birds and other things are happy to look at a lush green garden loaded with fruits and flowers and having plenty of shade But when the same garden becomes dry and barren it looks oppressive, forlorn and repulsive "

SCENE 2—EXAMPLE OF AN AUDITORIUM

"An auditorium looks pleasant and attractive with an atmosphere enriched by music and dance But when abandoned by people the same dance hall appears to be fearsome and unpleasant "

SCENE 3—EXAMPLE OF A SUGAR-CANE FARM

"A sugar-cane farm lush with its crop looks attractive during the activities of harvesting, extracting juice and visitors chewing sugar-cane and drinking juice However, it looks repulsive after the harvesting is complete and only cattle graze there "

SCENE 4—EXAMPLE OF A BARN

"During the harvesting season there are heaps of grain all around a barn People continue to frequent the barn and the farm appears very attractive However, once the stock of grains is moved the farm and barn look empty and desolate

Keeping this in view ensure that you do not loose your present attraction and turn repulsive "

—Sutra 272, pp 392 395

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(d) When the sugarcane crop is being harvested, it is being crushed, the passers by enjoy its juice, the people are exchanging sugarcane, the sugarcane field looks very beautiful and pleasant. But when the crop is not being harvested, the people are not passing by that side, then it is no longer pleasant, enjoyable and auspicious.

(ङ) जया णं खलवाडे उच्छुब्भइ उड्डइज्जइ मलइज्जइ मुणिज्जइ खज्जइ पिज्जइ दिज्जइ तया णं खलवाडे रमणिज्जे भवति जया णं खलवाडे नो उच्छुब्भइ जाव अरमणिज्जे भवति।

से तेणट्ठेणं पएसी ! एवं वुच्चइ मा णं तुमे पएसी ! पुव्विं रमणिज्जे भवित्ता पच्छा अरमणिज्जे भविज्जासि जहा वणसंडे इ वा।

(ङ) जब तक खेत के खलवाड–(खलिहान) में धान्य के ढेर लगे रहते हैं, धान की उडावनी होती रहती है, धान्य का मर्दन (दॉय) होता रहता है, तिल आदि पेरे जाते हैं, लोग एक साथ मिलकर खाते–पीते, एक–दूसरे को देते–लेते हैं, तब तक वह रमणीय प्रतीत होता है। लेकिन जब धान्य के ढेर आदि नहीं रहते, किसी का आवागमन नहीं रहता, सूना खेत–खलिहान अरमणीय दिखने लगता है।

इसीलिए मैंने यह कहा है कि हे प्रदेशी ! इन वनखंड, नाट्यशाला आदि की भाँति तुम भी पहले रमणीय होकर बाद में अरमणीय मत हो जाना।''

(e) When there are heaps of harvested crop in the field, the crop is being threshed, the til crop is being crushed, the people eat jointly and give similarly to others also, it looks very charming. But when there are no longer heaps of corn, nobody comes to that side. The barren field on threshing ground looks unpleasant.

O Pradeshi, due to these facts, I had cautioned you that like the already mentioned forest-region, the dancing hall and others you, who look grand and loveable now may not become unpleasant later."

विवेचन–प्रस्तुत सूत्र मे आया यह वाक्य–**'मा णं तुमं पएसी ! पुव्विं रमणिज्जे भवित्ता पच्छा अरमणिज्जे भवज्जासि'** बहुत ही अर्थपूर्ण है। टीकाकार आचार्य ने इसका आशय स्पष्ट करते हुए लिखा है–केशीकुमार श्रमण प्रदेशी राजा से यह कहना चाहते है कि राजन् ! जब तुम धर्मानुगामी नही थे, तब दूसरे लोगो को दान देते थे, बहुत लोगो का भरण–पोषण करते थे, तो दान देने की और लोक–सग्रह की यह प्रथा अब भी चालू रखना, बन्द मत कर देना। अर्थात् पूर्व मे जैसे रमणीय–दानी थे उसी तरह अब भी रमणीय–दानी बने रहना किन्तु अरमणीय न होना। यदि अरमणीय हो जाओगे–संकुचित दृष्टि वाले हो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जाओगे तो इससे निर्ग्रन्थ प्रवचन की अपकीर्ति फैलेगी, धर्म का अपवाद होगा और हमे अन्तराय कर्म का बध होगा।

क्योकि मनुष्य का यह स्वभाव जैसा बन गया है कि उसे जब कुछ नही करना होता है, तो अपनी कजूसी, आलसीपन और अक्षमता को छिपाने के लिए धर्म का व धर्मगुरुओ के उपदेश का बहाना लेने लगता है। जब किसी की सहायता करने का मन नही होता है तब कहता है–सब अपने–अपने कर्मो का फल भोगेंगे। मै क्या कर सकता हूँ। अथवा अपनी अज्ञता व अकर्मण्यता को छिपाने के लिए कहता है– **"आखिर तो जो होनहार है वही होगा। कोई किसी को बचा नहीं सकता, आदि।"**

लगता है केशीकुमार श्रमण भी इसी प्रकार की आशंका को दूर करने के लिए राजा प्रदेशी से कहते है–"तुम अब व्रतधारी श्रावक बन गये हो, तो सर्व सामान्य जनता की भलाई, दान, सेवा आदि लोकोपकार के कामो से विरक्त मत हो जाना। आत्मध्यान के बहाने पुण्य कार्यो की उपेक्षा मत करना।" यह एक बहुत गम्भीर और उद्देश्यपूर्ण सकेत है। प्रदेशी जैसा चतुर, नीतिज्ञ राजा इस सकेत को समझ जाता है।

Elaboration—In the present aphorism, the sentence, **'Maa nam tumam Payesi ! Puvvim ramanijje bhavitta pachha aramanijje bhavajjaasi'** is very important. The commentator Acharya, clarifying the underlying idea has mentioned—Keshi Kumar Shraman wants to convey to king Pradeshi—"O king ! When you were not religious, you were giving in charity. You were looking after many people. You maintain that practice of giving in charity and looking after the needy people. Please do not stop this practice. Just as you were earlier famous for charity and looking after public needs (Lok Sangrah), you continue it. Don't by shy in these matters. In case you become unpopular in these matters, you hesitate in such affairs, it will bring bad name to the word of the detached (Nirgranth Pravachan) The religion shall be defamed and I shall collect obstructive karma.

It has become the habit of the man that when he does not want to do, he, in order to cover up his miserly nature, his lethargy and his poor capacity, he makes the pretext of religion and religious teachers. When he does not want to help anyone, he says that everyone reaps the fruit of his Karma and therefore what he can do. In other words in order to conceal his lack of true knowledge and nature of not doing (not helping) says—"Whatever is in fate, it is going to happen accordingly and that nobody can save anyone from it."

It appear that Keshi Kumar Shraman also in order to remove such doubt (fear) tells king Pradeshi—"You have now become a Shravak observing the vows of a householder. You do not withdraw yourself from

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

the project of welfare of the common man, the charity, the service and assistance to the public Do not ignore works of goodwill on the pretext of self-meditation." It is a very important and mind-searching direction. King Pradeshi is intelligent and knows moral and ethical values. He understands this direction.

राजा प्रदेशी का आश्वासन

२७३. तए णं पएसी केसिं कुमारसमणं एवं वयासी–

णो खलु भंते ! अहं पुव्विं रमणिज्जे भवित्ता पच्छा अरमणिज्जे भविस्सामि, जहा वणसंडे इ वा जाव खलवाडे इ वा।

अहं णं सेयवियानगरीपमुक्खाइं सतगामसहस्साइं चत्तारि भागे करिस्सामि, एगं भागं बलवाहणस्स दलइस्सामि, एगं भागं कुट्ठागारे छुभिस्सामि, एगं भागं अंतेउरस्स दलइस्सामि, एगेणं भागेणं महतिमहलयं कूडागारसालं करिस्सामि, तत्थ णं बहूहिं पुरिसेहिं दिन्नभइभत्तवेयणेहिं विउलं असणं–पाणं–खाइमं–साइमं उवक्खडावेत्ता बहूणं समण–माहण–भिक्खुयाणं–पंथियपहियाणं परिभाएमाणे बहूहिं सीलव्वय–गुणवय–वेरमण–पच्चक्खाणपोसहोववासस्स जाव विहरिस्सामि त्ति कट्टु जामेव दिसिं पाउब्भूए तामेव तिसिं पडिगए।

२७३. तब प्रदेशी राजा ने केशीकुमार श्रमण से इस प्रकार निवेदन किया–

"भदन्त ! आप द्वारा दिये गये वनखंड आदि के उदाहरणों से मै समझ गया हूँ कि पहले रमणीय होकर बाद में अरमणीय नहीं बनूँगा।

मैंने यह विचार किया है कि अपनी सेयविया नगरी आदि सात हजार ग्रामो के चार विभाग करूँगा। उनमें से एक भाग राज्य की सुव्यवस्था और संरक्षण के लिए बल (सेना) और वाहन के लिए दूँगा, एक भाग प्रजा के पालन हेतु भण्डार में अन्न आदि के संग्रहण हेतु रखूँगा, एक भाग अंतःपुर (परिवार) के निर्वाह और रक्षा के लिए दूँगा और शेष एक भाग से एक विशाल कूटाकारशाला (सुरक्षित भण्डार-घर) बनवाऊँगा और फिर बहुत से पुरुषों को भोजन, वेतन और दैनिक मजदूरी पर नियुक्त कर प्रतिदिन विपुल मात्रा में अशन, पान, खादिम, स्वादिम रूप चारों प्रकार का आहार बनवाकर अनेक श्रमणों, माहनों, भिक्षुओं, यात्रियों और पथिकों को देते हुए एव शीलव्रत, गुणव्रत, विरमण, प्रत्याख्यान, पौषधोपवास आदि यावत् (तप द्वारा आत्मा को भावित करते हुए) अपना जीवन-यापन करूँगा।" ऐसा कहकर वह प्रदेशी राजा अपने नगर की तरफ चला गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

273. Then king Pradeshi requested—

"Sir ! I have understood from the examples of forest-region and others mentioned by you that I should not become unpopular later, after being popular and loveable earlier.

I have decided that I shall make four divisions of (income from) seven thousand villages of my kingdom. I shall give the responsibility of one part to the army and the transport, one part shall be for collection and storage of food grains for the people, one part shall be for the family and internal security, and with the remaining one part I shall get constructed a huge well-secured store. I shall appoint many persons on food packets, on monthly salary and on daily wages. I shall get prepared foods, liquid, sweets and fragrant substance in large quantity and shall spend my life offering the said four types of Aahar (articles of consumption) to Shramans, Maahans, mendicants, travellers and passess-by and following my vows—substantive vows (Sheel Vrat) and qualitative vows (Guna Vrat), restraints, austerities and Paushadhopavas (remaining for 24 hours at one place observing religious practices without taking any food or water)." After saying so, king Pradeshi left for his town.

राजा प्रदेशी द्वारा कृत राज्य-व्यवस्था

२७४. तए णं से पएसी राया कल्लं जाव तेयसा जलंते सेयवियापामोक्खाइं सत्त गामसहस्साइं चत्तारि भाए करेइ। एगं भागं बलवाहणस्स दलइ जाव कूडागारसालं करेइ, तत्थ णं बहूहिं पुरिसेहिं जाव उवक्खडावेत्ता बहूणं समण जाव परिभाएमाणे विहरइ।

२७४. तत्पश्चात् प्रदेशी राजा ने अगले दिन प्रातःकाल तेजयुक्त सूर्य के प्रकाशित होने पर सेयविया नगरी आदि सात हजार ग्रामों के चार भाग किये अर्थात् उन ग्रामों से होने वाली आय के चार विभाग कर दिये। उनमें से एक भाग बल-वाहनों को दिया यावत् उपरोक्त कथन के अनुसार कूटाकारशाला का निर्माण कराया। वहाँ बहुत से वैतनिक पुरुषों को नियुक्त कर भोजन बनवाकर बहुत से आने-जाने वाले श्रमणों, ब्राह्मणों, पथिकों को दान देते हुए अपना समय धर्मध्यान में बिताने लगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

NEW ADMINISTRATION ANNOUNCED BY KING PRADESHI

274. Thereafter, king Pradeshi, on the following day in the morning, after sunrise made four divisions of the income of seven thousand villages of his state including that of his capital Seyaviya. He handed over (earmarked) one part to the army and transport and as above said got a big store constructed. He appointed many person there on salary (in cash or in kind). He got prepared food in large quantity and started distributing it to Shramans, brahmins and travellers in charity. He started spending his remaining time in religious study and meditation.

२७५. तए णं से पएसी राया समणोवासए जाए अभिगयजीवाजीवे. विहरइ।

जप्पभिइं च णं पएसी राया समणोवासए जाए तप्पभिइं च णं रज्जं च, रट्ठं च, बलं च, वाहणं च, कोट्ठागारं च, पुरं च, अंतेउरं च, जणवयं च, अणआढायमाणे यावि विहरइ।

२७५. प्रदेशी राजा अब श्रमणोपासक हो गया और जीव-अजीव आदि तत्त्वो का ज्ञाता होकर धार्मिक आचार-विचारपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगा।

जब से वह प्रदेशी राजा श्रमणोपासक हुआ तब से राज्य, राष्ट्र, बल, वाहन, कोठार, पुर, अन्तःपुर और जनपद के प्रति अनुराग व आसक्ति से रहित होकर उदासीनभावपूर्वक रहने लगा।

275. Now king Pradeshi became a Shramanopasak. He gained knowledge of soul and matter, the distinction between the two. He started spending his life according to religious code of conduct.

Since the time king Pradeshi became a Shramanopasak, he became non-attached and observed a state of equanimity towards administrative matters, the state, the army, the transport, the treasure, the palace (the home affairs) and the people.

सूर्यकान्ता रानी का षड्यंत्र

२७६. (क) तए णं तीसे सूरियकंताए देवीए इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था-जप्पभिइं च णं पएसी राया समणोवासए जाए तप्पभिइं च णं रज्जं च रट्ठं च जाव अंतेउरं च ममं जणवयं च अणाढायमाणे विहरइ। तं सेयं खलु मे पएसिं रायं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

केणवि सत्थप्पओएण वा अग्गिप्पओएण वा मंतप्पओगेण वा विसप्पओगेण वा उद्दवेत्ता सूरियकंतं कुमारं रज्जे ठवित्ता सयमेव रज्जसिरिं कारेमाणीए पालेमाणीए विहरित्तए त्ति कट्टु।

एवं संपेहेइ, संपेहित्ता सूरियकंतं कुमारं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी–

२७६. **(क)** [राजा प्रदेशी को राज्य, परिवार और अपनी रानी आदि के प्रति उदासीन अनुरागरहित देखकर] सूर्यकान्ता रानी के मन में यह विचार उत्पन्न हुआ कि 'जब से राजा प्रदेशी श्रमणोपासक हुआ है, उसी दिन से राज्य, राष्ट्र यावत् अन्त:पुर (रानी, पुत्र, परिवार आदि) जनपद और मुझसे विमुख हो गया है, विरक्त रहने लगा है। अतः मुझे यही उचित है कि अब किसी शस्त्र-प्रयोग, अग्नि-प्रयोग, मंत्र-प्रयोग अथवा विष-प्रयोग द्वारा प्रदेशी राजा को मारकर सूर्यकान्तकुमार को राज्य पर आसीन करके अर्थात् राजा बनाकर स्वयं राज्यलक्ष्मी का भोग करती हुई, प्रजा का पालन करती हुई आनन्दपूर्वक रहूँ।' ऐसा उसने विचार किया।

विचार करके सूर्यकान्तकुमार को बुलाया और बुलाकर अपनी मनोभावना बताई–

CONSPIRACY OF QUEEN SURYAKANTA

276. (a) [Finding that king Pradeshi is non-attached towards administrative matters, the family, the queen and others] Queen Suryakana thought of a plan. She thought—'Since the time king Pradeshi has become a Shramanopasak, he has started ignoring the state, the administration and the family—the queen, the son, the people and me (queen Suryakanta). It is therefore, proper for me to kill him with a weapon, with fire, with some ominous mantra or with poison and to declare her son Suryakant as the king. Then she shall be able to enjoy regal pleasures and lead an ecstatic happy life properly looking after the people.'

After thinking in this manner, she called her son Suryakant and disclosed her plan to him—

(ख) जप्पभिइं च णं पएसी राया समणोवासए जाये तप्पभिइं च णं रज्जं च जाव अंतेउरं च णं जणवयं च माणुस्सए य कामभोगे अणाढायमाणए विहरइ, तं सेयं खलु तव पुत्ता ! पएसिं रायं केणइ सत्थप्पओगेण वा जाव उद्दवित्ता सयमेव रज्जसिरिं कारेमाणे पालेमाणे विहरित्तए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तए णं सूरियकंते कुमारे सूरियकंताए देवीए एवं वुत्ते समाणे सूरियकंताए देवीए एयमट्ठं णो आढाइ नो परियाणाइ, तुसिणीए संचिट्ठइ।

(ख) "हे पुत्र ! जब से प्रदेशी राजा ने श्रमणोपासकधर्म स्वीकार कर लिया है, तभी से राज्य यावत् अन्तःपुर, जनपद और मनुष्य-जीवन सम्बन्धी कामभोगों की ओर से उदासीन और विरक्त रहने लगे हैं। इसलिए पुत्र ! तुम्हें यही श्रेयस्कर है कि शस्त्र-प्रयोग आदि किसी न किसी उपाय से प्रदेशी राजा को मारकर स्वय राज्यलक्ष्मी का भोग करो एवं प्रजा का पालन करते हुए अपना जीवन बिताओ।"

सूर्यकान्ता देवी के इस विचार को सुनकर सूर्यकान्तकुमार ने उसका बिलकुल आदर नहीं किया, उस पर ध्यान नहीं दिया किन्तु शान्त और मौन ही रहा।

(b) She said—"O Son ! Since the time king Pradeshi has become a Shramanopasak and accepted vows (of householder), he is indifferent and non-attached towards the affairs of the state upto family and the people. He is ignoring even sensual pleasures and enjoyments. So, O Son ! It is in your benefit that you kill king Pradeshi with some weapon or any other thing and enjoy kingship yourself looking after the people."

Hearing these thoughts from his mother Suryakanta, he did not pay any attention to it. He did not support it and remained silent.

(ग) तए णं तीसे सूरिकंताए देवीए इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था—मा णं सूरियकंते कुमारे पएसिस्स रन्नो इमं रहस्सभेयं करिस्सइ त्ति कट्टु पएसिस्स रण्णो छिद्दाणि य मम्माणि य रहस्साणि य विवराणि य अंतराणि य पडिजागरमाणी पडिजागरमाणी विहरइ।

(ग) तब सूर्यकान्ता रानी के हृदय में इस प्रकार का और विकल्प (आशंका) उत्पन्न हुआ कि 'कहीं ऐसा न हो कि सूर्यकान्तकुमार प्रदेशी राजा के सामने मेरे इस गुप्त रहस्य को प्रकट कर दे।' ऐसा सोचकर सूर्यकान्ता रानी प्रदेशी राजा को मारने के लिए उसके दोष (असावधानी) रूप छिद्रो को, आन्तरिक मर्मो को, रहस्यो (व्यक्तिगत आचार-विचार) को, एकान्त निर्जन स्थानों को और घात करने के लिए अनुकूल अवसर रूप अन्तरों को जानने की ताक में रहने लगी।

(c) Then queen Suryakanta thought to herself as a doubt arose in her mind that 'Suryakant may not disclose her secret plan to

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

king Pradeshi.' With these intentions, queen Suryakanta started noticing carefully the mistakes of king Pradeshi, his careless activity any of his secrets, his solitary places (of stay) and the opportunity in order to kill him.

२७७. तए णं सूरियकंता देवी अन्नया कयाइ पएसिस्स रण्णो अंतरं जाणइ, असणं जाव खाइमं सव्वं वत्थ–गंध–मल्लालंकारं विसप्पजोगं पउंजइ।

पएसिस्स रण्णो ण्हायस्स जाव पायच्छित्तस्स सुहासणवरगयस्स तं विससंजुत्तं असणं वत्थं जाव अलंकारं निसिरेइ, घातइ।

तए णं तस्स पएसिस्स रण्णो तं विससंजुत्तं असणं आहारेमाणस्स सरीरगंमि वेयणा पाउब्भूया उज्जला विपुला पगाढा कक्कसा कडुया फरुसा निट्ठुरा चंडा तिव्वा दुक्खा दुग्गा दुरहियासा पित्तजरपरिगयसरीरे दाहवक्कंतिया वि विहरइ।

२७७. किसी एक दिन योजना के अनुकूल अवसर मिलने पर सूर्यकान्ता रानी ने प्रदेशी राजा को मारने के लिए अशन, पान आदि भोजन में तथा शरीर पर धारण करने योग्य सभी वस्त्रों में, सूँघने योग्य सुगंधित वस्तुओं मे, पुष्पमालाओं और आभूषणों में विष डालकर उन्हें जहरीला कर दिया।

जब वह प्रदेशी राजा स्नान यावत् मंगल प्रायश्चित्त करके भोजन करने के लिए श्रेष्ठ आसन पर बैठा तब वह विष मिश्रित घातक अशन आदि रूप आहार परोसा तथा विषमय वस्त्र पहनने को दिये तथा विषमय अलंकार पहनने को दिये जिनसे उसने अपने को अलकृत कर लिया।

वह विष मिश्रित आहार खाने से प्रदेशी राजा के शरीर में तत्काल उत्कट, भयंकर, प्रचुर, प्रगाढ (गहरी भीतर तक), कर्कश (सहने में कठिन), कटुक, परुष–निष्ठुर, रौद्र, दुःखद, विकट और दुस्सह वेदना उत्पन्न हुई। विषम पित्तज्वर से सारे शरीर मे जलन और तीव्र दाह उत्पन्न हो गई।

277. One day, according to her plans, finding suitable occasion, queen Suryakanta added poison in food and liquids in order to kill king Pradeshi. She further poisoned all the clothes, the articles meant for his fragrance, the flower garlands and the ornaments meant for his use.

When king Pradeshi, after taking his bath and wearing auspicious symbols took his royal seat, she served him the poisoned

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-२०

Illustration No. 20

विषाक्त भोजन

दुष्ट वृत्ति धारण किये रानी सूर्यकान्ता ने सोचा–'मेरे षड्यन्त्र का भडा फूटे इससे पहले ही विषयुक्त भोजन देकर राजा को खत्म कर देना चाहिए।' यह सोचकर उसने पारणे हेतु राजा के लिए बने भोजन मे तीव्र जहर मिला दिया। राजा के वस्त्र, आभूषण, मुकुट एव फूल माला मे भी तीव्र जहरीला पदार्थ मिला दिया। अनजान राजा ने जैसे ही भोजन ग्रहण किया उसके शरीर मे तीव्र वेदना और दाह उत्पन्न हो गया। उसने समझ लिया–मुझे भोजन मे जहर दिया गया है, किन्तु फिर भी किसी पर द्वेष नही किया, शरीर की ममता से मुक्त रहकर समभावो मे रमण करते हुए परम शान्तिपूर्वक शरीर त्यागकर वह सौधर्म देवलोक की पुष्प–शय्या मे उत्पन्न हुआ। वहाँ सूर्याभदेव बना। देव–देवियो ने नवोत्पन्न देव का अभिनन्दन किया।

–सूत्र २७७–२७८, पृष्ठ ४०२–४०५

POISONOUS FOOD

With evil intent queen Suryakanta thought—'Lest my conspiracy gets exposed, I should kill the king by feeding him poisonous food, With these thoughts she mixed a deadly poison in the food cooked for the king's breakfast As soon as the ignorant king ate the food he suffered acute pain and burning sensation He understood that he has been poisoned In spite of this he had no feeling of aversion for anyone He abandoned all attachment for his body and dwelt in equanimous thoughts He abandoned his earthly body in extreme peace and reincarnated as Suryabh Dev in the flower bed in the Saudharm heaven The gods and goddesses greeted the newborn god

—Sutras 277-278, pp 402-405

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

food and gave him the poisoned clothes to wear and poisoned ornaments to put on. King Pradeshi wore those clothes and ornaments.

Due to poisoned food, at once there appeared deep, unbearable, extreme, frightening, harsh, ferocious, cruel, increasing pain. Due to severe bilious fever, he felt burning and heat-producing sensation throughout in his body.

राजा प्रदेशी का संलेखनामरण

२७८. तए णं से पएसी राया सूरियकंताए देवीए अत्ताणं संपलद्धं जाणित्ता सूरियकंताए देवीए मणसावि अप्पदुस्समाणे जेणेव पोसहसाला तेणेव उवागच्छइ, पोसहसालं पमज्जइ, उच्चारपासवणभूमिं पडिलेहेइ, दब्भसंथारगं संथरेइ, दब्भसंथारगं दुरूहइ, पुरत्थाभिमुहे संपलियंकनिसन्ने करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं अंजलिं मत्थए त्ति कट्टु एवं वयासी–

नमोऽत्थु णं अरहंताणं जाव संपत्ताणं। नमोऽत्थु णं केसिस्स कुमारसमणस्स मम धम्मोवदेसगस्स धम्मायरियस्स, वंदामि णं भगवंतं तत्थ गयं इह गए, पासउ मे भगवं तत्थ गए इह गयं ति कट्टु वंदइ नमंसइ।

पुव्विं पि णं मए केसिस्स कुमारसमणस्स अंतिए थूलपाणाइवाए पच्चक्खाए जाव परिग्गहे, तं इयाणिं पि णं तस्सेव भगवतो अंतिए सव्वं पाणाइवायं पच्चक्खामि जाव परिग्गहं, सव्वं कोहं जाव मिच्छादंसणसल्लं, अकरणिज्जं जोयं पच्चक्खामि, सव्वं असणं चउव्विहं पि आहारं जावज्जीवाए पच्चक्खामि।

जं पि य मे सरीरं इट्ठं जाव फुसंतु त्ति एयं पि य णं चरिमेहिं ऊसासनिस्सासेहिं वोसिरामि।

त्ति कट्टु आलोइयपडिक्कंते समाहिपत्ते कालमासे कालं किच्चा सोहम्मे कप्पे सूरियाभे विमाणे उववायसभाए जाव वण्णओ।

२७८. प्रदेशी राजा ने सूर्यकान्ता देवी के इस उत्पात–(षड्यंत्र, धोखे) को तुरन्त जान लिया। किन्तु फिर भी रानी के प्रति मन में लेशमात्र भी द्वेष–रोष नहीं आया। (अपनी मृत्यु निकट जानकर) अत्यन्त शान्तभाव से जहाँ पौषधशाला थी, वहाँ आया। आकर पौषधशाला की प्रमार्जना की। उच्चार–प्रस्रवण भूमि का प्रतिलेखन किया। फिर दर्भ का संथारा बिछाया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और उस पर आसीन हुआ। आसीन होकर पूर्व दिशा की ओर मुख करके पर्यंकासन (पद्मासन) से बैठा, फिर दोनो हाथ जोड आवर्त्तपूर्वक मस्तक पर अंजलि करके इस प्रकार बोला–

"अरिहतों यावत् सिद्धगति को प्राप्त भगवन्तों को नमस्कार हो। मेरे धर्माचार्य और धर्मोपदेशक केशीकुमार श्रमण को नमस्कार हो। यहॉ रहा हुआ मै वहाँ विराजमान भगवान की वन्दना करता हूँ। वहॉ पर विराजमान वे भगवान यहॉ रहकर वन्दना करते हुए मुझे देखें।

पहले भी मैने केशीकुमार श्रमण के समक्ष स्थूल प्राणातिपात यावत् स्थूल परिग्रह का प्रत्याख्यान किया है। अब इस समय भी मैं उन्हीं भगवन्तों की साक्षी से (यावज्जीवन के लिए) सम्पूर्ण प्राणातिपात यावत् समस्त परिग्रह, क्रोध यावत् मिथ्यादर्शनशल्य रूप अठारह पापस्थानो का प्रत्याख्यान करता हूँ। समस्त अकरणीय पाप कार्यों एवं (अशुभ) मन–वचन–काय योग का प्रत्याख्यान करता हूँ और जीवन–पर्यंत के लिए सभी अशन, पान आदि चारों प्रकार के आहार का भी त्याग करता हूँ।

यद्यपि आज तक मुझे यह शरीर प्रिय रहा है, मैंने यह ध्यान रखा है कि इसमे कोई रोग आदि उत्पन्न न हों परन्तु अब अन्तिम श्वासोच्छ्वास (मृत्यु) तक के लिए इस शरीर का भी परित्याग करता हूँ।"

इस प्रकार के निश्चय के साथ पुनः आलोचना और प्रतिक्रमण करके समाधिपूर्वक स्थित हुआ। कुछ समय पश्चात् मरण प्राप्त होने पर काल करके सौधर्मकल्प के सूर्याभ विमान की उपपात सभा मे सूर्याभदेव के रूप में उत्पन्न हुआ। इत्यादि पूर्व में किया गया समस्त वर्णन यहॉ जानना चाहिए। सूर्याभदेव का यह पूर्वभव भगवान महावीर ने गौतम स्वामी को बताया।

SAMLEKHANA AND DEATH OF KING PRADESHI

278. King Pradeshi soon understood the foul play of queen Suryakanta. But even then he did not have in his mind even the slightest anger towards her. (Knowing that his death is very near) he came to the Paushadhshala (place for observing Paushadh and fasting) in an extremely quiet manner. He cleaned it carefully. He also properly inspected the place for call of nature. He then spread the straw bedding and sat on it facing east with legs crossed. He then folded his hands, placed them near the forehead and then moved them in a circle and said—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"I bow to Arihantas upto all those who have reached (the Siddha state) the liberated state. I bow to Keshi Kumar Shraman my master and guide in dharma staying here, I bow to the perfect souls existing in zone of liberated souls. Let the Bhagavan from there see me bowing to him from here.

Earlier also I have taken the vow of discarding gross violence upto gross attachment from Keshi Kumar Shraman. Now again, remembering and feeling presence of him, I take vow of restraining from all violence (hurting the life-force of any person) upto all attachment, the eighteen sins namely anger upto wrong belief throughout my life. I restrain myself from all worthless acts in the category of sin and evil mind, word and deed for my entire life-period. I also discard all the four types of food from now onwards till my death.

Although I have loved my body uptil today, I have taken proper care to ensure that it does not get any disease, but from today I discard attachment of my body till my last breath."

After deciding in this manner, he again made full and voluntary confession (Aalochana) and self-analysis and repentance for faults (Pratikraman) and then adopted a state of equanimity. After some time he died and then he was re-born as Suryabh Dev in Upapat Sabha (chamber of birth) of Suryabh Viman in Saudharma kalp (the name of first heaven). The entire description earlier mentioned (of Suryabh Viman) may be considered here. The earlier life of Suryabh Dev was thus narrated by Bhagavan Mahavir to Gautam Swami.



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) दृढ़प्रतिज्ञकुमार
(3) DRIDH PRATIJNA KUMAR

सूर्याभदेव का भावी जन्म

२७९. (क) तए णं से सूरियाभे देवे अहुणोववन्नए चेव समाणे पंचविहाए पज्जत्तीए पज्जत्तिभावं गच्छति, तं.–१. आहारपज्जत्तीए, २. सरीरपज्जत्तीए, ३. इंदियपज्जत्तीए, ४. आण–पाणपज्जत्तीए, ५. भास–मणपज्जत्तीए।

तं एवं खलु भो ! सूरियाभेणं देवेणं दिव्वा देविड्ढी दिव्वा देवजुती दिव्वे देवाणुभावे लद्धे पत्ते अभिसमन्नागए।

सूरियाभस्स णं भंते ! देवस्स केवतियं कालं ठिती पण्णत्ता ?

गोयमा ! चत्तारि पलिओवमाइं ठिइ पण्णत्ता।

२७९. **(क)** (सूर्याभ विमान की उपपात सभा में) तत्काल उत्पन्न हुआ वह सूर्याभदेव पॉच पर्याप्तियों से पूर्ण हुआ। वे पर्याप्तियॉ इस प्रकार हैं–(१) आहारपर्याप्ति, (२) शरीरपर्याप्ति, (३) इन्द्रियपर्याप्ति, (४) श्वासोच्छ्वासपर्याप्ति, (५) भाषा–मनःपर्याप्ति। (पर्याप्ति के विषय में विशेष वर्णन सूत्र १८६ के विवेचन में देखें।)

"हे गौतम ! इस प्रकार उस सूर्याभदेव ने यह दिव्य देवऋद्धि, दिव्य देवद्युति और दिव्य देवानुभाव–देवप्रभाव उपार्जित किया है, प्राप्त किया है और अधिगत–स्वाधीन किया है।"

गौतम ने पूछा–"भदन्त ! उस सूर्याभदेव की आयुष्य स्थिति कितने काल की है ?"

भगवान ने उत्तर दिया–"गौतम ! उसकी आयुष्य स्थिति चार पल्योपम की है।"

THE NEXT LIFE OF SURYABH DEV

279. (a) The newly born Suryabh Dev completed five Paryapties (completion of energies). They are as under—(1) Aahar Paryapti (completion of initial stage), (2) Shareer Paryapti (completion of body), (3) Indriya Paryapti (development of sense-organs), (4) Shvasochhvas Paryapti (development of inhaling and exhaling of breath), (5) Bhasha-Manah Paryapti (development of skill of speaking and of mind). (For detailed description see aphorism 186.)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"O Gautam ! Thus Suryabh Dev got unique celestial wealth, unique godly brightness and unique heavenly influence."

Gautam asked—"Bhagavan ! What is the total life-span of Suryabh Dev ?"

Bhagavan Mahavir replied—"Gautam ! His life-span is four palyopam."

(ख) से णं सूरियाभे देवे ताओ लोगाओ आउक्खएणं भवक्खएणं ठिइक्खएणं अणंतरं चयं चइत्ता कहिं गमिहिति कहिं उववज्जिहिति ?

गोयमा ! महाविदेहे वासे जाणि इमाणि कुलाणि भवंति, तं.—अड्ढाइं दित्ताइं विउलाइं विच्छिण्णविपुलभवण—सयणासण—जाण—वाहणाइं बहुधण बहुजातरूव—रययाइं आओग—पओगसंपउत्ताइं विच्छड्डियपइरभत्तपाणाइं बहुदासी—दास—गो—महिस—गवेलगप्पभूयाइं बहुजणस्स अपरिभूयाइं, तत्थ अन्नयरेसु कुलेसु पुत्तत्ताए पच्चाइस्सइ।

(ख) गौतम—"भगवन् ! आयुष्य और भवस्थिति पूर्ण होने एवं स्थिति क्षय होने के पश्चात् वह सूर्याभदेव उस देवलोक से च्यवन करके कहाँ जायेगा, कहाँ उत्पन्न होगा ?"

भगवान—"गौतम ! महाविदेह क्षेत्र में जो कुल आढ्य—धन-धान्य से समृद्ध हैं, दीप्त—प्रभावशाली हैं, विपुल—बडे कुटुम्ब वाले भरे-पूरे परिवार वाले हैं, बहुत से भवनों, शय्याओं, आसनों और यानवाहनों के स्वामी हैं, बहुत से धन, सोने-चाँदी के अधिपति हैं, अर्थोपार्जन के व्यापार-व्यवसाय में लगे हुए हैं एवं जिनके यहाँ से दीन-अनाथ जनों को प्रचुर मात्रा में भोजन-पान प्राप्त है, जिनके पास सेवा करने के लिए बहुत से दास-दासी रहते हैं, गाय, भैंस, भेड़ आदि अनेक प्रकार का विपुल पशुधन है और जिनका बहुत से लोगों द्वारा भी पराभव-तिरस्कार नहीं किया जा सकता ऐसे समर्थ हैं। उन प्रसिद्ध सम्पन्न कुलों में से किसी एक कुल में वह पुत्ररूप में उत्पन्न होगा।"

(b) Gautam asked—"Reverend Sir ! After completing his life-span and godly state, where shall that Suryabh Dev be re-born ?"

Bhagavan replied—"Gautam ! In Mahavidheh area there are many families which are prosperous **(Aadhya),** influential **(Deepta),** large—having many members, many buildings, many beds, many seats and many vehicles. They own great wealth, gold and silver. They are engaged in trade and business. They have many servants both male and female. The poor and orphans get

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

foods and liquids in sufficient quantity from them (for consumption). They have many types of milch cattle including cows, buffaloes, sheep and others. Many people even collectively are not in a position to ignore them. In one of such famous and prosperous families, the soul of Suryabh Dev shall be re-born as a son."

माता-पिता द्वारा जन्मादि संस्कार

२८०. (क) तए णं तंसि दारगंसि गब्भगयंसि चेव समाणंसि अम्मापिऊणं धम्मे दढा पइण्णा भविस्सइ।

तए णं तस्स दारयस्स नवण्हं मासाणं बहुपडिपुन्नाणं अद्धट्ठमाणं राइंदियाणं वितिक्कंताणं सुकुमालपाणिपायं अहीण-पडिपुण्ण-पंचिंदियसरीरं लक्खणवंजणगुणोववेयं माणुम्माण-पमाणपडिपुन्नसुजायसव्वंगसुदरंगं ससिसोमाकारं कंतं पियदंसणं सुरूवं दारयं पयाहिसि।

२८०. (क) वहाँ पर उस दारक (बालक) के गर्भ मे आने पर माता-पिता की धर्म में दृढ प्रतिज्ञा-(श्रद्धा) होगी।

गर्भ के नौ मास और साढे सात रात-दिन पूर्ण होने पर दारक की माता सुकुमार हाथ-पैर वाले, शुभ लक्षणो एव परिपूर्ण पाँच इन्द्रियो और शरीर वाले, सामुद्रिक शास्त्र में बताये गये शारीरिक शुभ लक्षणों (कमल, मत्स्य, स्वस्तिक आदि के चिन्ह) तिल, मेष आदि व्यंजनों; उदारता, धीरता आदि गुणों से युक्त, माप, तोल (वजन) और नाप (ऊँचाई) में बराबर, सुजात, सर्वांग सुन्दर, चन्द्रमा के समान सौम्य आकार वाले, कमनीय, प्रियदर्शन एव सुरूपवान् पुत्र को जन्म देगी।

CEREMONY AT THE BIRTH BY PARENTS

280. (a) When that child shall enter the womb of his mother, the parents will develop strong faith in the religion.

After completion of nine months seven and a half days, the mother shall give birth to a son. He shall be having soft hand and feet, auspicious signs, complete five sense-organs, proper structure, good signs as mentioned in astrology, auspicious marks on his body like those of til, lotus, fish, swastik and others. He shall be broad-minded, courageous and suchlike good qualities. He shall have proper structure, weight and height. All the parts of his body shall

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

be in proper proportion and beautiful. His face shall be like the moon. He shall be good-looking loveable and handsome.

(ख) तए णं तस्स दारयस्स अम्मापियरो पढमे दिवसे ठितिवडियं करेहिंति. ततियदिवसे चंदसूर-दंसणिगं करिस्संति, छट्ठे दिवसे जागरियं जागरिस्संति, एक्कारसमे दिवसे वीइक्कंते संपत्ते बारसाहे दिवसे णिव्वित्ते असुइजायकम्मकरणे चोक्खे संमज्जिओवलित्ते विउलं असण-पाण-खाइम-साइमं उवक्खडावेस्संति, मित्त-णाइ-णियग-सयण-संबंधिपरिजणं आमंतेत्ता तओ पच्छा ण्हाया कायबलिकम्मा जाव अलंकिया भोयणमंडवंसि सुहासणवरगया ते मित्तणाइ-जाव परिजणेण सद्धिं विउलं असणं आसाएमाणा विसाएमाणा परिभुंजेमाणा परिभाएमाणा एवं चेव णं विहरिस्संति। जिमियभुत्तुत्तरागया वि य णं समाणा आयंता चोक्खा परमसुइभूया तं मित्तणाइ-जाव परिजणं विउलेणं वत्थगंध-मल्लालंकारेणं सक्कारेस्संति सम्माणिस्संति तस्सेव मित्त-जाव-परिजणस्स पुरतो एवं वइस्संति-

(ख) तब उस दारक के माता-पिता प्रथम दिवस स्थितिपतिता-(कुल-परपरागत विधि क्रियाओ से पुत्र का जन्मोत्सव) करेगे। तीसरे दिन चन्द्र और सूर्य-दर्शन करेंगे। छठे दिन रात्रि-जागरण करेंगे। ग्यारह दिन बीतने के बाद बारहवे दिन जातकर्म सम्बन्धी अशुचि की निवृत्ति के लिए घर झाड-बुहार और लीप-पोतकर शुद्ध करेगे। घर की शुद्धि करने के बाद अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य रूप विपुल भोजन-सामग्री बनवायेंगे और मित्रजनों, ज्ञातिजनों, निजजनो, स्वजन-सम्बन्धियो एवं दास-दासी आदि परिजनो, परिचितों को आमत्रित करेगे। इसके बाद स्नान, बलिकर्म, कपाल पर कुकु, तिलक, काली बिंदी आदि रूप कौतुक-मगल-प्रायश्चित्त करके आभूषणों से शरीर को अलकृत करेंगे। भोजनमडप मे श्रेष्ठ आसनों पर सुखपूर्वक बैठकर मित्रों यावत् परिजनों के साथ विपुल अशनादि रूप भोजन का आस्वादन करेंगे, उसका परिभोग करेंगे, एक-दूसरे को मनुहार करके परोसेगे और भोजन करने के पश्चात् आचमन-कुल्ला आदि करके स्वच्छ, परम शुचिभूत होकर उन मित्रों, ज्ञातिजनों यावत् परिजनों का वस्त्र, गंध (सुगंधित द्रव्य), माला, अलंकारो आदि से सत्कार-सम्मान करेगे और फिर उन्ही मित्रो यावत् परिजनो के समक्ष इस प्रकार कहेगे-

(b) On the first day, his parents shall celebrate his birth according to the customary method prevailing in their families. On the third day, they will show him the sun and the moon. On the sixth day, they will remain awake throughout the night (in celebration). After the eleventh day, they will make the house clean

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

with broom and plaster it with cow-dung so as to remove impurity caused by child-birth. Thereafter they shall get prepared food, liquids, sweets, fragrant material in large quantity. They shall then invite friends, relatives, members of their brotherhood, distant relations, servants, employees and acquaintances. Thereafter they shall take bath, decorate themselves with auspicious symbols, forehead mark and ornaments. They shall then take their meals in the dining hall in the company of friends, relations including all the invitees. They shall offer items of consumption to each other. After taking the food and cleaning the mouth and becoming spotless, they shall give clothes, fragrant, substances, garlands, decorations to the friends, relatives and the invitees as a taken of respect. Thereafter, they shall address them as under—

(ग) जम्हा णं देवाणुप्पिया ! इमंसि दारगंसि गब्भगयंसि चेव समाणंसि धम्मे दढा पइण्णा जाया, तं होउ णं अम्हं एयस्स दारयस्स दढपइण्णे णामेणं। तए णं तस्स दढपइण्णस्स दारगस्स अम्मापियरो नामधेज्जं करिस्संति–दढपइण्णो य दढपइण्णो य।

तए णं तस्स अम्मापियरो आणुपुव्वेणं ठितिवडियं च चंदसूरियदरिसणं च धम्मजागरियं च नामधिज्जकरणं च पजेमणगं च पडिवद्धावणगं च पचंकमणगं च कन्नवेहणं च संवच्छरपडिलेहणगं च चूलोवणयं च अन्नाणि य बहूणि गब्भाहाण–जम्मणाइयाइं महया इड्ढीसक्कारसमुदएणं करिस्संति।

(ग) देवानुप्रियो ! जब से यह दारक माता की कुक्षि में गर्भरूप से आया था तभी से हमारी धर्म में दृढ श्रद्धा, प्रतिज्ञा हुई है, धर्म के प्रति प्रीति और रुचि बढी है, इसलिए हमारे इस बालक का नाम 'दृढप्रतिज्ञ' हो। इस तरह उस दारक के माता-पिता **'दृढ़प्रतिज्ञ'** नामकरण करेंगे।

इस प्रकार से उसके माता-पिता अनुक्रम से (१) स्थितिपतिता, (२) चन्द्र-सूर्यदर्शन, (३) धर्म-जागरण, (४) नामकरण, (५) अन्नप्राशन (अन्न चटाना), (६) प्रतिवर्धापन (आशीर्वाद समारोह), (७) प्रचंक्रमण (पैरों चलना-डग भरना और शब्दोच्चारण करना), (८) कर्णवेधन (कान छेदना), (९) संवत्सर प्रतिलेख (प्रथम वर्ष का जन्मोत्सव-पहला जन्म-दिन), और (१०) चूलोपनयन (मुंडनोत्सव-झडूला उतारना) आदि। अन्य दूसरे भी बहुत से गर्भाधान, जन्म आदि से सम्बन्धित उत्सव अति भव्य समारोह के साथ करेंगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(c) O, the blessed ! Since the time this Jiva came in the womb of his mother, we have developed strong faith in religion. Our interest in it has increased, our love for it has developed. So we wish to call him as 'Dridh Pratijna'. Thus he shall be baptised as 'Dridh Pratijna'.

Thus his parents in the respective order shall hold the following celebration—(1) Sthiti-patita—The very child-birth, (2) Showing of moon and the sun, (3) Keeping awake throughout singing in devotion, (4) Baptising ceremony (Naamkaran), (5) Tasting of food (by the child), (6) Blessing ceremony, (7) Crowing of the child—taking steps and uttering words, (8) Piercing the ear, (9) First birthday (when he is of one year), (10) Shaving of head. Many other celebrations connected with child-birth shall also be performed.

दृढ़प्रतिज्ञ का लालन-पालन

२८१. तए णं दढपइण्णे दारगे पंचधाईपरिक्खित्ते—१. खीरधाईए, २. मंडणधाईए, ३. मज्जणधाईए, ४. अंकधाईए, ५. कीलावणधाईए अन्नाहि बहूहिं खुज्जाहिं, चिलाइयाहिं, वामणियाहिं, वडभियाहिं, बब्बराहिं बउसियाहिं, जोण्हियाहिं, पण्णवियाहिं, ईसिणियाहिं, वारुणियाहिं, लासियाहिं, लाउसियाहिं, दमिलीहिं, सिंहलीहिं, पुलिंदीहिं, आरबीहिं, पक्कणीहिं, बहलीहिं, मुरंडीहिं, सबरीहिं, पारसीहिं, णाणादेसी-विदेस-परिमंडियाहिं इंगिय-चिंतिय-पत्थिय-वियाणाहिं सदेसणेवत्थ-गहियवेसाहिं निउणकुसलाहिं विणीयाहिं चेडिया-चक्कवाल-तरुणिवंदपरियालपरिवुडे वरिसधरकंचुइ-महयरवंदपरिक्खित्ते हत्थाओ हत्थं साहरिज्जमाणे उवनचिज्जमाणे अंकाओ अंकं परिभुज्जमाणे उवगिज्जेमाणे उवलालिज्जमाणे उवगूहिज्जमाणे अवतासिज्जमाणे परियंदिज्जमाणे परिचुंबिज्जमाणे रम्मेसु मणिकोट्टिमतलेसु परंगमाणे गिरिकंदर-मल्लीणे विव चंपगवरपायवे णिव्वाघायंसि सुहंसुहेण परिवड्ढिस्सइ।

२८१. उसके बाद वह 'दृढप्रतिज्ञ' बालक पाँच धायों के संरक्षण में बढने लगेगा। जैसे-(१) **क्षीरधात्री**-दूध पिलाने वाली धाय, (२) **मंजनधात्री**-वस्त्राभूषण पहनाने वाली धाय, (३) **मज्जनधात्री**-स्नान कराने वाली धाय, (४) **अंकधात्री**-गोद में लेने वाली धाय, और (५) **क्रीड़ापनधात्री**-खेल खिलाने वाली धाय-इन पाँच धायमाताओ के अतिरिक्त अन्य अनेक दासियाँ उसका पालन-पोषण करने के लिए होंगी। जैसे-**इंगित**-(मुख आदि की चेष्टा को

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समझने में चतुर), चिंतित–(मानसिक विचार को पहचानने में), प्रार्थित (अभिलषित) को जानने मे कुशल और दक्ष होगी। वे अपने-अपने देश के वेश को पहनने वाली, निपुण, कुशल-प्रवीण एव प्रशिक्षित होगी। उनमें कोई कुब्जा (कुबड़ी) होगी, कोई चिलातिका (चिलात-किरात नामक देश मे उत्पन्न), वामनी (चीन), वडभी (बडे पेट वाली), बर्बरी (बर्बर देश की), बकुश देश की, योनक (यवन) देश की, पल्हविका (पल्हव देश की), ईसिनिका, वारुणिका (वरुण देश की), लासिका (तिब्बत देश की), लाकुसिका (लकुस देश की), द्रावडी (द्रविड देश की), सिहली (सिंहल देश, लंका की), पुलिंदी (पुलिद देश की), आरबी (अरब देश की), पक्कणी (पक्कण देश की), बहली (बहल देश की), मुरण्डी (मुरंड देश की), शबरी (शबर देश की), पारसी (पारस देश की)। इस प्रकार अनेक देश-विदेशों की तरुण दासियॉ उसकी देखभाल करने के लिए रहेंगी तथा अनेक वर्षधरों (नपुसक बनाये हुए पुरुषों), कंचुकियों और महत्तरकों (अन्तःपुर के कार्य की चिन्ता रखने वालों) के समुदाय से वह दारक हर समय घिरा रहेगा। सेवा परिचर्या करने वाले उसे हाथों ही हाथों मे लेते दुलराते रहेंगे। एक गोद से दूसरी गोद में लेते हुए, गा-गाकर बहलाते हुए, क्रीडा आदि के द्वारा लालन-पालन मनोरंजन करते हुए लाड़ किया करेंगे। लोरियॉ सुनाते रहेगे। स्नेह से चुम्बन लेते और रमणीय मणिजटित प्रांगण में चलाते रहेंगे। इस प्रकार वह दारग व्याघातरहित गिरि-गुफा में स्थित श्रेष्ठ चम्पक वृक्ष के समान सुरक्षित सुखपूर्वक दिनोदिन परिवर्धित होगा-बढेगा।

BRINGING UP OF DRIDH PRATIJNA

281. Thereafter child Dridh Pratijna, shall start growing in the charge of five nurses, namely—(1) nurse for providing milk **(Ksheer Dhatri)**, (2) nurse for dressing him up **(Majjan Dhatri)**, (3) nurse for giving him bath **(Snan Dhatri)**, (4) nurse for nursing him in her lap **(Ank Dhatri)**, and (5) nurse for playing with him **(Kreera Dhatri)**. In addition to the above five nurses, many maid-servants shall look after him. For instance, those trained in understanding facial expression of the child **(Ingit)**, those expert in knowing his mental attitude **(Chintit)** and those dext in knowing the inner desire **(Abhilashit)** of the child. They shall dress themselves in the usual dress of their country to which they belonged. They shall be intelligent and well trained. Some of them shall be of Kubja, some of Kirat, some dwarf of China, some with swollen belly (Vadabhi), some of Barbar, some of Bakush, some of Yonak, some of Palhavika, some of Eesinika, some of Varunika, some of Lasika, some of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Lakush, some of Dravidian area, some of Ceylon, some of Pulind, some of Arabian countries, some of Pakkan, some of Behal, some of Murand, some of Shabar, some of Persia. Thus young maids of many countries shall look after him. Further that child shall remain surrounded by many eunuchs and those looking after the domestic affairs of the palace. The servants male and female shall be handling him with care while passing from one attendant to the other in their hands, while shifting him from one lap to the other They shall sing nursery songs, play childlike games, keeping him happy and enjoying such things. They shall narrate music that could help him in coming to sleep They shall kiss him with affection and move him in beautiful gem-studded courtyard. Thus that baby state shall develop in a well-guarded enjoyable environment with the passage of time like a grand Champak tree in the cave of hill away from the ferocity of dreadful winds

दृढ़प्रतिज्ञ का कला–शिक्षण

२८२. (क) तए णं तं दढपइण्णं दारगं अम्मापियरो सातिरेगअट्ठवासजायगं जाणित्ता सोभणंसि तिहि–करण–णक्खत्त–मुहुत्तंसि ण्हायं कयबलिकम्मं कयकोउय–मंगलपायच्छित्तं सव्वालंकारविभूसियं करेत्ता महया इड्ढीसक्कारसमुदएणं कलायरियस्स उवणेहिंति।

तए णं से कलायरिए तं दढपइण्णं दारगं लेहाइयाओ गणियप्पहाणाओ सउणरुयपज्जवसाणाओ बावत्तरिं कलाओ सुत्तओ अत्थओ य गंथओ य करणओ य सेहावेहि य पसिक्खावेहि य।

